93. पाइप A और C किसी खाली टैंक को क्रमश: 32 और 48 घंटों में भर सकते हैं, जबकि पाइप B भरे हुए टैंक को 24 घंटे में खाली कर सकती है। यदि तीनों पाइपों को इकट्ठा खोल दिया जाए तो टैंक को $\frac{2}{3}$ भरने में कितने घंटे लगेंगे?

RRB ALP & Tec. (14-08-18 Shift-II)

(A) 96 **(B)** 64
(C) 72 **(D)** 48

94. पाइप A, B और C एक खाली टंकी से जुड़े हुए हैं। पहले दो पाइप क्रमश: 4 और 10 घंटे में टंकी को भर सकते हैं। जबकि भरी हुयी टंकी को तीसरे पाइप द्वारा 6 घंटे में खाली कर दिया जाता है। यदि सभी तीन पाइप टंकी का

3/5 भाग भरा होने पर एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी को भरने के लिए कितने घंटे लगेंगे?

RRB ALP & Tec. (10-08-18 Shift-II)

(A) $\frac{36}{11}$ **(B)** $\frac{48}{11}$
(C) $\frac{60}{11}$ **(D)** $\frac{24}{11}$

95. पाइप A किसी खाली टंकी को अकेले 4 घण्टे में भर देता है जबकि पाइप B के साथ मिलकर यह उसे 3 घंटे में भर देता है। पाइप A को एक घंटे चलाने के पश्चात् पाइप B को भी खोल दिया जाता है तो टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-II)

(A) 3 hr **(B)** 3 hr 15 min
(C) 3 hr 25 min **(D)** 3 hr 20 min

96. दो पाइप A और B एक खाली टंकी को क्रमश: 32 और 48 घंटों में भर सकते हैं। जब कोई और पाइप कार्य नहीं कर रहा है तो पाइप C पूरी टंकी को 64 घंटों में खाली कर सकता है। शुरूआत में, जब टंकी खाली थी तो पाइप A और पाइप C को चालू किया गया था। कुछ घंटों के बाद, पाइप A को बंद कर दिया गया था और उसी समय पाइप B को चालू कर दिया गया था। ऐसा करते हुए टंकी को भरने के लिए 112 घंटे लगे थे। पाइप B को कितने घंटों तक चालू रखा गया था?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-II)

(A) 72 **(B)** 70
(C) 77 **(D)** 84

97. पाइप A एक खाली टंकी को 18 घंटे में भर सकता है, जबकि पाइप B भरी हुई टंकी को 30 घंटे में खाली कर सकता है। जब टंकी खाली है, तो पाइप A को एक घंटे के लिए चालू किया गया और फिर बंद कर दिया गया। अब पाइप B को एक घंटे के लिए टंकी से पानी निकालने के लिए चलाया गया और फिर बंद कर दिया गया। पाइपों को एक के बाद एक करके प्रत्येक समय एक घंटे के लिए तब तक चालू रखा गया जब तक कि टंकी भर नहीं गई। टंकी को भरने के लिए कितना समय लगा?

RRB ALP & Tec. (30-08-18 Shift-III)

(A) 45 hr **(B)** 90 hr
(C) 86 hr 40 min **(D)** 86 hr 48 min

98. दो पाइप, बारी बारी से काम करते हुए क्रमश: 2 और 3 घंटे में किसी टंकी को भर देते हैं, जबकि एक तीसरा पाइप टंकी को 6 घंटे में खाली कर देती है। जब टंकी $\frac{1}{6}$ भरी हुई थी तो तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया गया। टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा?

RRB ALP & Tec. (17-08-18 Shift-III)

(A) 1 hr 15 min **(B)** 1 hr 30 min
(C) 1 hr 20 min **(D)** 1 hr

99. पाइप A किसी भरे हुए टैंक को 28 घंटे में खाली कर सकती है। जबकि पाइप B उसी खाली टैंक को 35 घंटे में भर सकती है। यदि चालू करने के बाद, वैकल्पिक रूप से टैंक भरा होने पर अगर पाइप A और B को एक के बाद एक, एक घंटे के लिए लगातार खोल दिया जाता है, तो टैंक खाली करने में कितना समय लगेगा?

RRB ALP & Tec. (13-08-18 Shift-I)

(A) 279 hr **(B)** 271 hr
(C) 275 hr **(D)** 280 hr

100. दो पाइपों A और B एक टैंक को क्रमश: 25 मिनट और आधे घंटे में भर सकते हैं और पाइप C तीन गैलन प्रति मिनट खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ संचालित किया जाता है, तो टैंक 15 मिनट में भर जाता है। टैंक की धारिता ज्ञात कीजिए।

RRB ALP & Tec. (30-08-18 Shift-I)

(A) 450 gallon **(B)** 300 gallon
(C) 240 gallon **(D)** 600 gallon

101. पाइप P, Q और R में क्रमश: विलयनों A, B और C का निर्वहन होता है। यदि P, Q और R अकेले-अकेले संचालित होने पर खाली टैंक को क्रमश: 30 मिनट, 20 मिनट और 10 मिनट में भर सकते हैं। जब टैंक खाली होता है और सभी तीनों पाइप खोल दिये जाते हैं, तो 3 मिनट बाद टैंक में विलयन C का अनुपात क्या होगा?

RRB ALP & Tec. (21-08-18 Shift-I)

(A) 6 **(B)** $\frac{5}{11}$
(C) 5 **(D)** $\frac{6}{11}$

102. दो प्रवेश पाइपों में से एक की दक्षता, दूसरे की तुलना में दोगुनी है। दोनों एक निकास नली के साथ काम करते हुए, जो अकेले 8 घंटे में टैंक को खाली कर सकती है, 8 घंटे में खाली टैंक को भर सकते हैं। कम दक्ष इनलेट पाइप द्वारा खाली टैंक को स्वयं भरने के लिए कितने घंटे का समय लिया जाएगा?

RRB ALP & Tec. (17-08-18 Shift-II)

(A) 12 **(B)** 6
(C) 10 **(D)** 8

103. पूरी गति से काम कर रही एक पाइप, किसी खाली टंकी को 1 घंटे में भर सकती है। हालाकि, ऐसा माना जाता है कि पहले घंटे के दौरान, यह अपनी सामान्य क्षमता का 1/12, दूसरे घंटे के दौरान, यह अपनी सामान्य क्षमता का 1/9, और तीसरे घंटे के दौरान, यह अपनी सामान्य क्षमता का 1/6 प्रयोग करती है, चौथे घंटे के दौरान, यह अपनी सामान्य क्षमता का 1/4 प्रयोग करती है और पांचवें घंटे के दौरान, यह अपनी सामान्य क्षमता का 1/3 प्रयोग करती है। एक अन्य पाइप भी इसी प्रकार का प्रदर्शन दर्शाती है, लेकिन यदि वह पूरी गति से काम करती तो वह खाली टंकी को 2 घंटे में भर देगी। पानी

को बाहर निकालने वाली पाइप के साथ, जो एक स्थिर दर से टंकी से बाहर पानी निकालती है, तीनों पाइपों के एक साथ काम करते हुए खाली टंकी को 5 घंटे में भरा जा सकता है। यदि कोई अन्य पाइप काम नहीं कर रही हो तो ऐसे समय पर निकासी पाइप द्वारा टंकी को खाली करने में कितने घंटे का समय लगेगा?

RRB ALP & Tec. (14-08-18 Shift-I)

(A) 16 **(B)** 12
(C) 10 **(D)** 15

104. सीता की बाल्टी की धारिता रामू की बाल्टी से तीन गुना है। सीता एक खाली ड्रम को भरने के लिए 60 बार बाल्टी पलटती है। यदि सीता और रामू दोनों मिलकर ड्रम भरने लगते हैं, तो उन दोनों को कुल कितनी बार बाल्टी भरकर डूम में पलटनी होगी।

RRB ALP & Tec. (10-08-18 Shift-II)

(A) 45 **(B)** 40
(C) 50 **(D)** 30

105. एक जल टैंक में दो छिद्र है। अकेले छिद्र-1 टैंक को 9 मिनट में खाली करता है और अकेले छिद्र-2 टैंक को 6 मिनट में खाली करता है। यदि जल रिसाव नियत दर पर हो तो दोनों के साथ-साथ चलने पर कितने मिनट में टैंक खाली होता है।

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-1

(A) $3\frac{3}{5}$ **(B)** $\frac{3}{5}$
(C) $3\frac{1}{5}$ **(D)** $3\frac{2}{5}$

106. एक कंटेनर में दो छिद्र है। प्रथम छिद्र कंटेनर को 15 मिनट में तथा दूसरा छिद्र कंटेनर को अकेले 10 मिनट में खाली कर देता है। यदि कंटेनर से जल का रिसाव एक स्थिर दर से हो रहा हो, तो दोनों छिद्रो को एक साथ खोल देने पर कंटेनर कितने मिनट में खाली हो जाएगी?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-3

(A) 6 **(B)** $\frac{1}{6}$
(C) $\frac{1}{7}$ **(D)** 7

107. एक ट्यूब में दो छिद्र है। अकेला छिद्र ट्यूब को 29 मिनट में खाली करता है। अकेला दूसरा छिद्र ट्यूब को 6 मिनट में खाली करता है। यदि रिसाव एक निश्चित दर से हो रहा है, तो दोनों छिद्रों के द्वारा मिलकर ट्यूब कितनी देर में खाली हो जायेगी?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) $\frac{34}{35}$ **(B)** $3\frac{34}{35}$
(C) $4\frac{33}{35}$ **(D)** $4\frac{34}{35}$

108. एक टैंक में दो छिद्र (hole) हैं। पहला छिद्र टैंक को अकेला 21 मिनट में खाली करता है। दूसरा टैंक को अकेला 7 मिनट में खाली करता है। यदि रिसाव एक निश्चित दर से हो रहा है, तो दोनों छिद्रों के द्वारा टैंक कितनी देर में खाली हो जाएगा?

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 1

(A) $\frac{1}{4}$ **(B)** $4\frac{1}{4}$
(C) $5\frac{2}{4}$ **(D)** $5\frac{1}{4}$

109. जल से भरे एक ग्लास में दो छिद्र है। पहले छिद्र को अकेले खोलने पर यह गिलास 9 मिनटो में तथा सिर्फ दूसरे छिद्र को खोलने पर गिलास 3 मिनटो में खाली हो जाता है। यदि इस गिलास से जल का नियमित रूप से रिसाव हो रहा हो, तो दोनो छिद्रो को खोलने पर गिलास कितने मिनट में खाली हो जाएगा?

RRB NTPC 19.01.2017 Shift: 1

(A) $\frac{1}{4}$ **(B)** $2\frac{2}{4}$
(C) $3\frac{1}{4}$ **(D)** $2\frac{1}{4}$

110. एक टैंक में दो छिद्र (Hole) हैं। पहला छिद्र टैंक को 3 मिनट में खाली करता है। दूसरा छिद्र टैंक को 5 मिनट में खाली करता हैं। यदि रिसाव एक निश्चित दर से हो रहा है, तो दोनों छिद्रों के द्वारा टैंक कितनी देर में खाली हो जाएगा?

RRB NTPC 26.04.2016 Shift: 2

(A) $\frac{7}{8}$ **(B)** $2\frac{7}{8}$
(C) $1\frac{5}{8}$ **(D)** $1\frac{7}{8}$

111. एक कटोरे में दो छिद्र है। पहला छिद्र कटोरे को अकेले 4 मिनट में खाली करता है। दूसरा छिद्र कटोरे को अकेले 12 मिनट में खाली करता है। यदि रिसाव एक निश्चित दर से हो रहा है, तो दोनों छिद्रों द्वारा कटोरा कितनी देर में खाली हो जाएगा?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 3

(A) 1.33 **(B)** 3.5
(C) 4 **(D)** 3

112. एक टैंक को 30 मिनट में भरा जा सकता है। टैंक में एक रिसाव है जो टैंक को 90 मिनट में खाली कर सकता है। अत: टैंक कितनी देर में भरा जाएगा?

RRB NTPC 31.03.2016: 2

(A) 60 min **(B)** 45 min
(C) 55 min **(D)** 50 min

113. एक बर्तन को जूस से पूरी तरह भरने में 12.5 मिनट लगते है। इसी बर्तन से बच्चे एक निश्चित दर से जूस पीते हैं जिससे बर्तन 25 मिनट में खाली हो जाता है। वर्तमान दर से बर्तन को भरने में कितना समय लगेगा?

RRB NTPC 18.01.2017 Shift: 3

(A) 20 min **(B)** 12.5 min
(C) 25 min **(D)** 30 min

114. एक नल 20 मिनट में एक टैंक को भर सकता है यदि एक रिसाव 60 मिनट में टैंक खाली करने में सक्षम है, तो टैंक कितनी देर में भरा जाएगा?

RRB NTPC 06.04.2016 Shift: 1

(A) 1 hr **(B)** 45 min
(C) 30 min **(D)** 50 min

115. एक हौंडा मोटर एक सिंटेक्स टैंक को 4 घंटे में भर सकती है। टैंक में रिसाव था, जिससे टैंक को भरने में 6 घंटे लग गए । मान लिया जाये कि टैंक भरा हुआ है, कितने समय में रिसाव टैंक को खाली कर देगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 12 hr **(B)** 15 hr
(C) 11 hr **(D)** 10 hr

116. एक तेल के टैंक को भरने में 15 मिनट लगते हैं। हालांकि तेल टैंक एक निकास पाईप के माध्यम से खाली किया जा रहा है, जो इसे 30 मिनट में खाली कर सकता है। यदि यह निकास पाईप खुला रहता है, तो इस टैंक को पूरी तरह से भरने में कितना समय लगेगा?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 3

(A) 20 min **(B)** 25 min
(C) 30 min **(D)** 40 min

117. दो पाइप A और B एक टैंक को क्रमश: 12 तथा 16 मिनट में भर सकते है। दोनों पाइप एक साथ खोल दी जाती है परन्तु भरने से 4 मिनट पहले पाइप A बंद कर दी जाती है। कितने मिनट में टैंक पूरा भर जाता है?

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 2

(A) 9 min, 8 sec **(B)** 10 min, 9 sec
(C) 11 min, 9 sec **(D)** 11 min, 29 sec

118. पानी का एक कंटेनर 3/5 भरा था, जब उसमें से 38 लीटर पानी निकाल लिया जाता है, तो यह सिर्फ 1/8 भाग भरा रह जाता है। कंटेनर की कुल क्षमता कितनी है?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 3

(A) 60 liter **(B)** 65 liter
(C) 75 liter **(D)** 80 liter

119. खाली टंकी को भरने के लिए दो पाइप: पाइप X और पाइप Y हैं। पाइप X अकेले 10 घंटे में खाली टंकी का $\frac{2}{3}$ भाग भर सकता है। पाइप Y अकेले 5 घंटे में खाली टंकी का $\frac{1}{6}$ भाग भर सकता है। दोनों पाइप अपने संबंधित स्थिर दर से प्रवाह का वहन करते हुए खाली टंकी को कितने घंटों में पूरा भर देंगे?

RRB Paramedical - 20/07/2018 (Shift-III)

(A) 30 hr **(B)** 10 hr
(C) 24 hr **(D)** 15 hr

120. दो इनलेट पाइप, जिनमें से पहली इनलेट पाइप, दूसरे इनलेट पाइप से दोगुना सक्षम है, एक अन्य आउटलेट पाइप के साथ जो कि, 12.5 घंटे मे भरे हुए हौज को खाली कर सकता है, एक साथ काम करते हुए, खाली हौज को 2.5 घंटे में भर सकते हैं। कम क्षमता वाला इनलेट पाइप, खाली हौज को कितने घंटे में भर देगा?

RRB Paramedical - 21/07/2018 (Shift-III)

(A) 7.5 **(B)** 6.25
(C) 5 **(D)** 8.75

121. दो पाइप एक टंकी को क्रमशः 20 घंटे और 30 घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइप खोल दिए जाते हैं, तो टंकी कितने समय में भर जाएगी?

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 10 hr **(B)** 12 hr
(C) 18 hr **(D)** 15 hr

122. एक पाइप एक टंकी को 20 मिनट में भर सकता है, लेकिन एक निकासी पाइप इसे 28 मिनट में खाली कर सकता है। जब दोनों पाइप खोले जाते है, तो टंकी कितने समय में भर जाएगी?

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 72 min **(B)** 56 min
(C) 96 min **(D)** 70 min

123. दो पाइप 'P' और 'Q' मिलकर एक टंकी को 4 घंटे में भर सकते है। जब दोनों पाइप अलग अलग खोले जातें है, तो Q को इसे पूरा भरने में P की तुलना में 6 घंटे अधिक समय। P अकेले टंकी को कितने समय में भर सकता है?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)

(A) 5 hr **(B)** 6 hr
(C) 8 hr **(D)** 7 hr

124. एक टंकी को 9 घंटे में भरा जा सकता है। लेकिन एक रिसाव के कारण, इसमें एक घंटा अधिक समय लगता है। यदि टंकी पूरा भरा हुआ है, तो रिसाव की वजह से यह कितने समय में खाली हो जाएगा?

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-III)

(A) 60 hr **(B)** 75 hr
(C) 30 hr **(D)** 90 hr

125. एक टंकी में तीन इनलेट लगे हुए हैं। जब पहले दो एक साथ खोले जाते हैं तो टंकी को भरने में उतना ही समय लगता है, जितना अकेले तीसरे इनलेट द्वारा टंकी को भरने में लगता है। दूसरे इनलेट को टंकी को भरने में पहले की तुलना में 5 घंटे अधिक और तीसरे की तुलना में 4 घंटे कम लगते हैं। पहला इनलेट अकेले टंकी को कितने घंटे में भर सकता है?

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 15 hr **(B)** 6 hr
(C) 12 hr **(D)** 10 hr

126. एक नल एक टैक को 6 घंटे में भर सकता है। आधा टैंक भर जाने के बाद, तीन और समान नल खोले जाते है। टैंक को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(A) 2 hr 20 min **(B)** 4 hr 30 min
(C) 3 hr 25 min **(D)** 3 hr 45 min

127. पाइप P और Q एक टैंक को क्रमश: 6 और 4 घंटे में भर सकते है। पाइप P को 7 बजे खोला जाता है, और P और Q को बारी बारी से एक घंटे के लिए खोला जाता है। टैंक कितने समय में भर जाएगा?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

(A) 6 hr **(B)** 3 hr
(C) 4 hr 30 min **(D)** 5 hr

128. दो नल P और Q अकेले अकेले एक टंकी को भरने में 60 मिनट और 40 मिनट का समय लेते हैं। यदि नल Q, पहले आधे घंटे के लिए खोला जाता है और शेष बचे समय के लिए केवल नल P को खोला जाता है, तो इसे टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-I)

(A) 45 min **(B)** 32 min
(C) 36 min **(D)** 48 min

129. दो पाइप P और Q एक टैंक को 32 मिनट और 48 मिनट में भर सकते हैं। दोनों पाइप खोल दिए जाते हैं और कुछ समय बाद पाइप Q को बंद कर दिया जाता है। टैंक 24 मिनट में भर जाता है। पाइप Q को कब बंद किया गया था?

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-III)

(A) 12 min **(B)** 15 min
(C) 10 min **(D)** 16 min

130. एक बाल्टी को दो नल P और Q द्वारा अलग- अलग 12 मिनट और 15 मिनट में भरा जा सकता है। दोनों नल खोले जाते हैं, लेकिन 3 मिनट के बाद, नल P को बंद कर दिया जाता है। नल Q को बाल्टी भरने में कितना अतिरिक्त समय लगेगा?

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 6 min 15 sec **(B)** 8 min 15 sec
(C) 6 min 30 sec **(D)** 9 min

131. एक पाइप P 20 घंटे में एक टैंक से पूरा पानी निकाल सकता है। एक अन्य पाइप Q प्रति घंटे 20 लीटर पानी निकाल सकता है। यदि दोनों पाइपों को खोल दिया जाता है, तो टैंक 12 घंटों में खाली हो जाता है। टैंक की क्षमता ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(A) 400 liter **(B)** 800 liter
(C) 650 liter **(D)** 600 liter

132. एक टैंक में एक छिद्र (रिसाव) है, जो इसे 8 घंटे में खाली कर सकता है। टैंक के लिए एक और पाइप लगाया गया है, जो प्रति घंटे 6 लीटर पानी भर सकता है। पाइप को खोल दिया जाता है, लेकिन छिद्र (रिसाव) के कारण, टैंक 12 घंटों में खाली हो जाता है। टैंक की क्षमता क्या है?

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(A) 80 liter **(B)** 120 liter
(C) 144 liter **(D)** 78 liter

133. यदि एक बाल्टी 80% भरी होती है, तो उसमें 2 लीटर ज्यादा पानी होता है बजाय जब वह $66\frac{2}{3}\%$ भरी होती है। बाल्टी की क्षमता ज्ञात करें।

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 20 liter **(B)** 10 liter
(C) 15 liter **(D)** 12 liter

134. एक टंकी को दो पाइपों से भरा जा सकता है जिसमें से एक पाइप दूसरे की तुलना में तीन गुना तेजी से भर सकता है। यदि दोनों पाइप एक साथ टंकी को 36 मिनट में भर देते हैं, तो धीमा पाइप अकेले टंकी को कितने समय में भर देगा?

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

(A) 81 min **(B)** 144 min
(C) 120 min **(D)** 108 min

135. P पाइप, पाइप Q से दो गुना तेज काम करता है और Q पाइप R पाइप से दोगुना तेज काम करता है। तीनों पाइप एक साथ किसी टंकी को 8 घंटे में भर देते हैं। Q को अकेले उसी टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 56 hr **(B)** 14 hr
(C) 25 hr **(D)** 28 hr

136. तीन नल P, Q और R द्वारा अलग-अलग एक टंकी को भरने में लिए गए समय का अनुपात 2 : 1 : 6 है। इनमें से कौन सा नल सबसे तेज है?

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(A) CND **(B)** P
(C) Q **(D)** R

137. तीन पाइप P, Q और R एक टैंक को 30 मिनट, 20 मिनट और 10 मिनट में भर सकते है। जब टैंक खाली होता है, तो तीनों पाइपों को खोल दिया जाता है, जबकि वे क्रमश: तीन रासायनिक विलयनों S,T और U का निर्वहन करते है। 3 मिनट बाद टैंक में मौजूद सामग्री में विलयन U का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 28/06/2019 (Shift-III)

(A) 7 / 11 **(B)** 4 / 11
(C) 6 / 11 **(D)** 5 / 11

Solution

1. Ans: (B)

माना B जलाशय को भरता x + 5 घंटे में तथा A जलाशय को भरता = x घंटे में

प्रश्नानुसार

$\frac{1}{x}+\frac{1}{x+5}=\frac{1}{6}$

$\frac{x+5+x}{x^2+5x}=\frac{1}{6}$

$12x+30=x^2+5x$

$x^2-7x-30=0$

$x^2-10x+3x-30=0$

$(x-10)(x+3)=0$

$\boxed{x=10}$

अत: तेज बाढ़ गेट A द्वारा जलाशय 10 घंटे में भर जायेगा।

2. Ans (D):

पाइप A की 1 घण्टा की क्षमता $=\frac{1}{30}$

पाइप B द्वारा 1 घण्टा की क्षमता $=\frac{1}{45}$

पाइप C द्वारा 1 घण्टा की क्षमता $=\frac{1}{60}$

तीनों पाइप द्वारा भरने में लगा समय $=\frac{1}{30}+\frac{1}{45}-\frac{1}{60}$

$=\frac{6+4-3}{180}$

$=\frac{7}{180}=\frac{180}{7}=\left(25+\frac{5}{7}\right)\min$

3. Ans: (A)

A को हौद भरने में लगा समय = 14 घंटे A के द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{14}$ भाग

A तथा B द्वारा मिलकर हौद भरने में लगा समय =12 घंटे

A तथा B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{12}$ भाग

माना B अकेले हौद को n घंटे में भर सकता है तो B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{\mathrm{n}}$ भाग

प्रश्न से,

अत: $\frac{1}{14}+\frac{1}{\mathrm{n}}=\frac{1}{12}$

$\frac{1}{\mathrm{n}}=\frac{1}{12}-\frac{1}{14}$

$\frac{1}{\mathrm{n}}=\frac{7-6}{84}\Rightarrow\frac{1}{\mathrm{n}}=\frac{1}{84}\Rightarrow\boxed{\mathrm{n}=84}$

अत: B द्वारा अकेले होद को भरने में लगा समय = 84 घंट

4. Ans: (B)

पाइप A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग

$=\frac{1}{12}$ भाग

पाइप B द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग = $\frac{1}{15}$ भाग माना टंकी के आधे भाग को दोनों पाइप मिलकर t घंटे में भरेगें।

प्रश्नानुसार-

$\Rightarrow\frac{t}{12}+\frac{t}{15}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow\frac{5t+4t}{60}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow 9t=30$

$\Rightarrow t=\frac{10}{3}$

$\Rightarrow t=3\frac{1}{3}$

अतः टंकी का आधा भाग $3\frac{1}{3}$ घंटे में भर जायेगा।

5. Ans (D):

पाइप J द्वारा 1 मिनट का भराव कार्य $=\frac{1}{15}$ भाग

K द्वारा 1 मिनट का भराव कार्य $=\frac{1}{20}$ भाग

पाइप J तथा K द्वारा 1 मिनट में भरा गया भाग $=\frac{1}{15}+\frac{1}{20}$

$=\frac{4+3}{60}=\frac{7}{60}$ भाग

पूरी टैंक को भरने में लगा समय $=\frac{60}{7}=8\frac{4}{7}$ मिनट

6. Ans: (B)

पाइप A द्वारा 1 घण्टे में टैंक का भरा गया भाग = $\frac{1}{10}$ भाग

पाइप B द्वारा 1 घण्टे में टैंक का भरा गया भाग 15 भाग

पाइप A तथा B द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग = $\frac{1}{10}+\frac{1}{15}$

$=\frac{5}{30}=\frac{1}{6}$ भाग

अत: एक साथ भरने में लगा समय = 6 घण्टे

7. Ans. (B)

प्रश्नानुसार,

$\frac{m_1d_1}{w_1}=\frac{m_2d_2}{w_2}$

$\frac{44\times21}{1}=\frac{55\times x}{5}$

$\frac{44\times21}{1}=11\mathrm{x}$

$\mathrm{x}=4\times21$

$\mathrm{x}=84$ घण्टा

8. Ans: (A)

प्रश्नानुसार,

पाइप A खाली टंकी को 1 घंटे में भरता है $=\frac{1}{14}$ भाग

अन्य पाइप B के साथ मिलकर अर्थात् (A + B) द्वारा इस खाली टंकी को 1 घंटे में भरता है $\frac{1}{10}$ भाग

तो पाइप B को अकेले भरने में लगा समय $=\frac{1}{10}-\frac{1}{14}$

$=\frac{14-10}{140}$

$=\frac{4}{140}=\frac{1}{35}$ भाग

अत: पाइप B को पूरी टंकी भरने में 35 घंटे लगेंगे।

9. Ans: (C)

पाइप A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{4}$ भाग

पाइप B द्वारा "1" घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{16}$ भाग

अत: पाइप A तथा B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{4} + \frac{1}{16} = \frac{4+1}{16} = \frac{5}{16}$ भाग

अत: टैंक को पूरा भरने में लगा समय = $\frac{1}{5/16} = \frac{16}{5}$ घंटे

10. Ans: (B)

पाइप 'A' द्वारा टैंक को भरने में लिया गया समय = X मिनट,

पाइप 'B' द्वारा टैंक को भरने में लिया गया समय = 6 मिनट

टैंक को भरने में लगा कुल समय = 1.5 मिनट

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{X} + \frac{1}{6} = \frac{1}{1.5}$

$\Rightarrow \frac{6+X}{6X} = \frac{1}{1.5}$

$\Rightarrow 1.5(6 + X) = 6X$

$\Rightarrow 9 + 1.5X = 6X$

$\Rightarrow 6x - 1.5X = 9$

$\Rightarrow 4.5X = 9$

$\Rightarrow X = \frac{9}{4.5}$

$X = 2$ मिनट

11. Ans (D):

पहले पाइप द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{7.8}$

दूसरे पाइप द्वारा एक घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{19.5}$

दोनों पाइपों द्वारा एक साथ एक घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{7.8} - \frac{1}{19.5}$

$= \frac{19.5-7.8}{19.5\times7.8} = \frac{11.7}{152.1}$

$\frac{11.7}{152.1}$ भाग भरने में लगा समय = एक घंटा

अत: पूरा भाग भरने में लगा समय $== \frac{152.1}{11.7}$ घंटा

अब कुण्ड का शेष आधा भाग भरने में लगा समय

$= \frac{152.1}{11.7} \times \frac{1}{2}$

$= \frac{152.1}{23.4} = 6.5$ घंटा

12. Ans: (B)

माना टैंक को भरने में t घंटे का समय लगेगा।

प्रश्नानुसार-

$\frac{t}{7} - \frac{t}{21} = \frac{2}{3}$

$\frac{4t}{7} - \frac{8t}{21} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{12t-8t}{21} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{4t}{21} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow t = \frac{2\times21}{3\times4}$

$\Rightarrow t = \frac{7}{2}\text{h}$

$\Rightarrow t = 3\frac{1}{2}$

$\Rightarrow t = 3{:}\frac{1}{2} \times 60$

$\Rightarrow t = 3h{:}30\text{min}$

अत: टैंक को भरने में 3 घंटे 30 मिनट का समय लगेगा।

13. Ans: (B)

माना भरने वाला टैंक = A

खाली करने वाला टैंक = B

नल A द्वारा 1 मिनट में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{25}$

नल B द्वारा 1 मिनट में टैंक का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{50}$

अत: दोनों नल द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{25} - \frac{1}{50} = \frac{2-1}{50} = \frac{1}{50}$

अत: पूरा टेक भरने में लगा समय = 50 मिनट

14. Ans: (A)

X द्वारा टैंक को भरने में 8 घंटे का समय लगता है जबकि Y द्वारा टैंक को खाली करने में 10 घंटे का समय लगता है।

∴ टैंक का एक घन्टे में भरने वाला भाग

$= \frac{1}{X} - \frac{1}{Y} = \frac{1}{8} - \frac{1}{10} = \frac{1}{40}$

∴ टैंक को भरने में लगा कुल समय = 40 घंटे

15. Ans: (C)

पहले नल द्वारा टंकी का एक घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{4}$ भाग

दोनों नल द्वारा टंकी का एक घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{12}$ भाग

∴ दूसरे नल द्वारा टंकी का 1 घंटे में भरा गया भाग $\frac{1}{4} - \frac{1}{12}$ भाग

$= \frac{3-1}{12}$

$= \frac{2}{12} = \frac{1}{6}$

अत: दूसरा नल भरी टंकी को 6 घंटे में खाली कर देगा।

16. Ans: (A)

नल A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{35}$

नल B द्वारा 1 घंटे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{70}$

माना आधी खाली टंकी को पूरी तरह भरने में लगा समय = t समय

प्रश्नानुसार-

$\frac{t}{35} - \frac{t}{70} = \frac{1}{2}$

$\frac{2t-t}{70} = \frac{1}{2}$

$\frac{t}{70} = \frac{1}{2}$

$t = 35$ घंटा

अत: आधी खाली टंकी को पूरी तरह भरने में 35 घंटे का समय लगेगा।

17. Ans: (B)

1 घंटा 30 मिनट =90 मिनट

2 घंटा 15 मिनट =135 मिनट

प्रश्नानुसार,

रिसाव होने के कारण 1 मिनट में टंकी का खाली किया गया भाग

$= \frac{1}{90} - \frac{1}{135} = \frac{3-2}{270} = \frac{1}{270}$

अत: टंकी को खाली करने में लगा समय = 270 मिनट = 4 घंटा 30 मिनट

18. Ans (D):

एक नल 1 मिनट में भरता है = $= \frac{1}{25}$ भाग

दूसरा नल 1 मिनट में खाली करता है $= \frac{1}{50}$ भाग

$= \frac{1}{25} - \frac{1}{50} = \frac{2-1}{50} = \frac{1}{50}$

टैंक को भरने में कुल लगा समय = 50 मिनट

19. Ans: (A)

पाइप M तथा N द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{45} - \frac{1}{90} = \frac{2-1}{90} = \frac{1}{90}$

M तथा N द्वारा टंकी का पूरा भाग भरने में लगा समय = 90 घण्टे

∴ टंकी का आधा भाग भरने में लगा समय

$= \frac{90}{2} = 45$ घण्टे

20. Ans: (B)

टैंक को पूरा भरने में लगा समय = 8 घंटे

एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{8}$ भाग रिसाव के कारण टैंक भरने में लगा समय = 8 + 2 = 10 घण्टा

एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{10}$ रिसाव द्वारा 1 घण्टे में टैंक का खाली किया गया भाग

$= \frac{1}{8} - \frac{1}{10} = \frac{5-4}{40} = \frac{1}{40}$ भाग

अत: रिसाव के कारण टैंक 40 घण्टे में खाली हो जाएगा।

21. Ans: (B)

टंकी को नल द्वारा भरने में लगा समय = 15 घण्टे

नल का 1 घण्टे का भराव कार्य $= \frac{1}{15}$ भाग रिसाव के कारण टंकी को भरने में लगा समय = 20 घण्टे

अत: टंकी का 1 घण्टे का भराव कार्य $= \frac{1}{20}$ भाग माना रिसाव द्वारा टंकी x घण्टे में खाली हो जाएगी।

अत: $\frac{1}{x} = \frac{1}{15} - \frac{1}{20}$

$\frac{1}{x} = \frac{4-3}{60} = \frac{1}{60}$

$x = 60$ घंटा

22. Ans (D):

तीनों पाइप द्वारा 1 घंटे में भरा गया टैंक का भाग

$= \frac{1}{6.3} + \frac{1}{8.4} - \frac{1}{4.8}$

$= \frac{10}{63} + \frac{10}{84} - \frac{10}{48}$

$= \frac{10(16+12-21)}{1008}$

$= \frac{10\times7}{1008} = \frac{5}{72}$

अत: टैंक को भरने में लगा समय $= \frac{72}{5} = 14\frac{2}{5}$ घंटे घंटे =14 घंटे 24 मिनट

23. Ans: (A)

A + B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{6}$

B + C द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{10}$

C + A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{2}{15}$

अत: तीनों द्वारा

A + B + B + C + C + A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{6} + \frac{1}{10} + \frac{2}{15}$

2(A+B+C) द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{12}{30}$

(A+B+C) द्वारा 1 घंटे भरा गया भाग $= \frac{12}{60} = \frac{1}{5}$

A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{5} - \frac{1}{10}$

A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{2-1}{10} = \frac{1}{10}$

अत: A द्वारा टंकी को 10 घंटे में भरा जाता है।

24. Ans: (A)

तीनों पाइपों को एक साथ खोलने पर टैंक को भरने में लगा समय = 27 मिनट माना तीसरा पाइप टैंक को x मिनट में खाली करता है तो

$\frac{1}{30} + \frac{1}{45} - \frac{1}{x} = \frac{1}{27}$

$\frac{1}{x} = \frac{1}{30} + \frac{1}{45} - \frac{1}{27}$

$= \frac{9+6-10}{270}$

$= \frac{15-10}{270}$

$= \frac{5}{270}$

$\frac{1}{x} = \frac{1}{54}$

$\boxed{x = 54}$

अत: तीसरा पाइप टैंक को 54 मिनट में खाली कर देगा।

25. Ans: (A)

नल A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{2}$

नल B द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{8}$

नल C द्वारा 1 घंटे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{4}$

प्रश्नानुसार,

∴ $(A + B + C)$ टैंक को एक घंटे में भरेगें $= \frac{1}{2} + \frac{1}{8} - \frac{1}{4} = \frac{3}{8}$ भाग

∴ तीनों नलों द्वारा टंकी को भरने में लगा कुल समय $= \frac{8}{3}$ घंटे

26. Ans: (A)

A+B+C द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{6} + \frac{1}{8} - \frac{1}{10} = \frac{23}{120}$

∴ टंकी को पूरा भरने में लगा समय $= \frac{120}{23} = 5\frac{5}{23}$ घंटा

27. Ans: (C)

A द्वारा टैंक का 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{5}$

B द्वारा टैंक का 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{7}$

C द्वारा टैंक का 1 घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{14}$

तीनों नलों द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{5} + \frac{1}{7} - \frac{1}{14}$

$= \frac{14+10-5}{70} = \frac{19}{70}$

अत: तीनों नलों द्वारा $3\frac{13}{19}$ घंटे में टैंक को भरा जा सकता है।

28. Ans: (B)

तीनों पाइपों द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{10.8} + \frac{1}{21.6} - \frac{1}{18} = \frac{10}{108} + \frac{10}{216} - \frac{1}{18}$

$= \frac{20+10-12}{216} = \frac{18}{216} = \frac{1}{12}$ भाग

तीनों पाइपों द्वारा टैंक को भरने में लगा समय = 12 घंटा

29. Ans (D):

टंकी का शेष भाग $= 1 - \frac{1}{12} = \frac{11}{12}$ भाग

प्रश्नानुसार-

$\frac{t}{3.9} + \frac{t}{5.2} - \frac{t}{10.4} = \frac{11}{12}$

$\frac{10t}{39} + \frac{10t}{52} - \frac{5t}{52} = \frac{11}{12}$

$\frac{40t+30t-15t}{156} = \frac{11}{12}$

$\frac{55t}{156} = \frac{11}{12}$

$t = \frac{13}{5} = 2$ घण्टा 36 मिनट

30. Ans (D):

पाइप A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{8}$ भाग

पाइप B द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{\mathrm{P}}$ भाग

पाइप C द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{24}$ भाग

तीनों मिलकर टंकी को 2.4 घंटे में भरते है।

प्रश्न से-

पाइप $(\mathrm{A} + \mathrm{B} + \mathrm{C}) = \frac{1}{8} + \frac{1}{\mathrm{P}} + \frac{1}{24} = \frac{1}{2.4}$

$\frac{1}{\mathrm{P}} = \frac{10}{24} - \frac{1}{8} - \frac{1}{24}$

$\frac{1}{\mathrm{P}} = \frac{10-3-1}{24}$

$\frac{1}{\mathrm{P}} = \frac{6}{24}$

$\boxed{\mathrm{P} = 4 \text{ घंटे}}$

31. Ans (D):

माना खाली टैंक को भरने में लिया गया समय T है।

A द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{12}$

B द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{16}$

तीसरे टैप द्वारा 1 घंटे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{8}$

प्रश्नानुसार-

$\therefore \frac{1}{T} = \frac{1}{12} + \frac{1}{16} - \frac{1}{8}$

$\Rightarrow \frac{1}{T} = \frac{4+3-6}{48}$

$\Rightarrow \frac{1}{T} = \frac{1}{48}$

$\Rightarrow T = 48$ घंटे

32. Ans (D):

नल A भरता है 5 घंटे में, नल B भरता है 20 घंटे में नल C टंकी को खाली करता है 10 घण्टे में तीनों नलों द्वारा 1 घण्टे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{5} + \frac{1}{20} - \frac{1}{10}$

$= \frac{4+1-2}{20}$

$= \frac{3}{20}$

$\because$ टैंक को भरने में लगा कुल समय $= \frac{20}{3}$ घण्टे

33. Ans: (A)

माना टंकी x घंटा में भर जाती है। प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{2} + \frac{x}{4} + \frac{x}{4} + \frac{x}{4} + \frac{x}{4} = 1$

$\frac{4x}{4} = \frac{1}{2} \Rightarrow x = \frac{1}{2}$ घंटा

टंकी भरने में लगा कुल समय $= 2 + \frac{1}{2} =$ घंटा 30 मिनट

34. Ans: (B)

पाइप A द्वारा टंकी का 1 घंटे में भरा गया भाग

$= \frac{1}{60}$ भाग

पाइप C द्वारा टंकी का 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{48}$ भाग

पाइप B द्वारा टंकी का 1 घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{24}$ भाग

अत: तीनों टंकी द्वारा 1 घंटे में खाली किया गया भाग

$= \frac{1}{24} - \left(\frac{1}{60} + \frac{1}{48}\right)$

$= \frac{10-(4+5)}{240} = \frac{1}{240}$ भाग

अत: टंकी का 2/3 भाग खाली करने में लगा समय

$= \frac{2/3}{1/240} = 160$ घंटे

अत: टंकी का 2/3 भाग खाली करने अर्थात 1/3 भाग भरने के लिए 160 घंटे लगेंगे।

35. Ans (D):

A और B के 1 घंटे का काम $\left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{B}}\right) = \frac{1}{6}$ भाग ……

B और C के 1 घंटे का काम $\left(\frac{1}{\mathrm{B}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) = \frac{1}{10}$ भाग ……

A और C के 1 घंटे का काम $\left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) = \frac{1}{\frac{15}{2}} = \frac{2}{15}$ भाग …

समीकरण (1), (2), (3) को जोड़ने पर

$\left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{B}}\right) + \left(\frac{1}{\mathrm{B}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) + \left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) = \frac{1}{6} + \frac{1}{10} + \frac{2}{15}$

$2\left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{B}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) = \frac{5+3+4}{30}$

$2\left(\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{B}} + \frac{1}{\mathrm{C}}\right) = \frac{12}{30}$

$\frac{1}{\mathrm{A}} + \frac{1}{\mathrm{B}} + \frac{1}{\mathrm{C}} = \frac{12}{30\times2} = \frac{1}{5}$

A, B और C के 1 दिन का काम =
$(\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C})=\frac{1}{5}$ भाग
समीकरण (4) से समी. (1) को घटाने पर
$\frac{1}{A}+\frac{1}{B}+\frac{1}{C}-\left(\frac{1}{A}+\frac{1}{B}\right)=\frac{1}{5}-\frac{1}{6}$
$\frac{1}{C}=\frac{6-5}{30}=\frac{1}{30}$
$\frac{1}{C}=\frac{1}{30}$
C द्वारा हौद भरने में लगा समय = 30 घंटे

36. Ans: (C)
टंकी का खाली भाग= $1-\frac{1}{10}=\frac{9}{10}$ भाग
तीनो पाइपो द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग
$\frac{1}{5}+\frac{1}{3}-\frac{1}{7.5}$
$=\frac{1}{5}+\frac{1}{3}-\frac{10}{75}$
$=\frac{15+25-10}{75}=\frac{30}{75}=\frac{2}{5}$ भाग
∵ तीनो पाइपो द्वारा 1 घंटे में भरा भाग $=\frac{2}{5}$
$\frac{2}{5}$ भाग भरने में लगा समय $=1$ घंटा
$\frac{9}{10}=$ भाग भरने में लगा समय $=\frac{5}{2}\times\frac{9}{10}=2$ घंटा 15 मिनट

37. Ans (D):
माना पहली पाइप को x घंटे बाद बन्द कर दिया गया।
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow\frac{x}{24}+\frac{16}{32}=1$
$\Rightarrow\frac{x}{24}+\frac{1}{2}=1$
$\Rightarrow\frac{x}{24}=\frac{1}{2}$
$x=12$ घंटे
अत: पहली पाइप को 12 घण्टे बाद बन्द कर देना चाहिए।

38. Ans: (B)
ट्यूब $A\rightarrow 12$ मिनट
ट्यूब $B\rightarrow 15$ मिनट [12 और 1 5= का ल.स. 60 यूनिट]
ट्यूब $C\rightarrow(-6)$ मिनट में खाली करता है।
ट्यूब $A\rightarrow 12$ मिनट $\rightarrow 60$ यूनिट
$A\rightarrow 1$ मिनट $\rightarrow 5$ यूनिट
ट्यूब $B\rightarrow 15$मिनट $\rightarrow 60$यूनिट
$B\rightarrow 1$मिनट $\rightarrow 4$यूनिट
$(A+B)$ दोनों ट्यूब साथ में 9 यूनिट /मिनट
$(A+B)$ दोनों ट्यूब को पहले 5 मिनट के लिए खोला गया $=5\times 9=45$यूनिट
C खाली करेगा $=\frac{60}{6}=10$यूनिट /मिनट
जब C ट्यूब को खोला जाता है।
(A + B –C) ट्यूब का साथ में काम =5 + 4- 10
= - 1 यूनिट/मिनट
अत: 1 यूनिट/मिनट खाली करेगा। इसलिए 45 यूनिट खाली करने में 45 मिनट लगेंगे।

39. Ans: (B)
माना दोनों पाइपों द्वारा टंकी को भरने में लगा समय x घंटे है।
प्रश्न से-
$\frac{x-3}{22}+\frac{x}{33}=1$
$\frac{3x-9+2x}{66}=1$
$5x-9=66$
$5x=75$
$x=15$
अत: दोनों पाइपों द्वारा टंकी को भरने में 15 घंटे लगते है।

40. Ans (D):
पाइप A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{1.8}$
पाइप B द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $=\frac{1}{2.7}$
पाइप C द्वारा 1 घंटे में खाली किया गया भाग $=\frac{1}{4.5}$
माना पाइप A को x घंटे तक चलाया गया। तो पाइप B को (5.5-x) घंटे तक चलाया गया। तथा पाइप C हमेशा (5.5 घंटे तक) खुला रहा।
तो
$\frac{x}{1.8}+\frac{(5.5-x)}{2.7}-\frac{5.5}{4.5}=1$
$=\frac{15x+55-10x-33}{27}=1$
$5x=27+33-55$
$5x=5$
$x=1$
अत: पाइप A, 1 घंटे तक चलता रहा।
तो पाइप B ने काम किया =(5.5-1) = 4.5 घंटे तक

41. Ans: (C)
A, B, C तीनों द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $\frac{1}{6}$ भाग
∴ तीनों द्वारा 2 घण्टे में भरा गया भाग $\frac{1}{6}\times 2=\frac{1}{3}$ भाग
∴ शेष भाग $=1-\frac{1}{3}=\frac{2}{3}$ भाग
A और B द्वारा 7 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{2}{3}$
A और B द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{2}{21}$ भाग
C द्वारा 1 घण्टा में भरा गया भाग $=\frac{1}{6}-\frac{2}{21}$
$=\frac{7-4}{42}=\frac{3}{42}=\frac{1}{14}$
C द्वारा जलाशय को भरने में लगा समय = 14 घण्टे

42. Ans: (C)
माना टंकी के शेष भाग को भरने में लगा समय = t घंटा
दोनों प्रवेश पाइप द्वारा 1 घंटे में भरा गया टैंक $\frac{1}{4}+\frac{1}{6}=\frac{5}{12}$ भाग शेष भाग $1-\frac{5}{12}=\frac{7}{12}$ भाग
प्रश्नानुसार-
$\frac{t}{4}+\frac{t}{6}-\frac{t}{8}=\frac{7}{12}$
$\frac{6t+4t-3t}{24}=\frac{7}{12}$
$\frac{7t}{24}=\frac{7}{12}$
$t=\frac{7\times 24}{7\times 12}$
$t=2$ घंटा

अत: टैंक का शेष भाग 2 घंटे में भर जायेगा।

43. Ans: (B)

(A+B+C) द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{4}$

(A+B) द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{9}$

C द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{4} - \frac{1}{9} = \frac{5}{36}$

C द्वारा पूरी टंकी को भरने में लगा समय $= \frac{36}{5}$ घण्टा

माना C शेष कार्य को t समय में पूरा करता है।

प्रश्नानुसार,

$3\left(\frac{1}{A} + \frac{1}{B} + \frac{1}{C}\right) + \frac{t}{C} = 1$

$\frac{t}{C} = 1 - \frac{3}{4}$

$t = \frac{36}{5} \times \frac{1}{4} = \frac{9}{5}$

$t = 1.8$

C द्वारा शेष भाग को भरने में लगा समय 1.8 घंटा

44. Ans (D):

P और Q द्वारा ट्रेक को भरने में लगा समय $= \frac{7\times6}{7-6} =$ 42 घंटे

P द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{7}$ भाग

P द्वारा 3 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{3}{7}$ भाग

$= \frac{3}{7}$ भाग को टंकी Q द्वारा खाली करने में लगा समय $= \frac{3}{7} \times 42$

$= 18$ घंटे

45. Ans (D):

माना सिलेण्डर t समय में पूरा भर जायेगा

प्रश्नानुसार-

$\frac{4}{15} + \frac{t}{40} = 1, \frac{32+3t}{120} = 1$

$3t = 120 - 32$

$t = \frac{88}{3}$

t = 29min 20sec

46. Ans: (A)

पाइप A द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{6.8}$

पाइप B द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{10.2}$

पाइप B द्वारा 1.7 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1.7}{10.2} = \frac{1}{6}$

शेष भाग $= 1 - \frac{1}{6} = \frac{5}{6}$ भाग

(A + B) द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग

$= \left(\frac{1}{6.8} + \frac{1}{10.2}\right) = \frac{25}{102}$ भाग

(A+B) द्वारा $\frac{5}{6}$ भाग भरने में लगा समय $= \frac{5}{6} \times \frac{102}{25}$ भाग

$= \frac{17}{5} = 3.4$ घण्टा

B का समय (A+B) का समय = कुल लगा समय कुल लाग समय =1.7 + 3.4 = 5.1 घण्टा

या 5 घण्टा 6 मिनट

47. Ans: (A)

पाइप C द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{4}$

पाइप C द्वारा तीन घंटे में भरा गया भाग $= 3 \times \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$

शेष भाग $= 1 - \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$ भाग

पाइप D को एक भाग भरने में लगा समय = 5 घंटा

अत: पाइप D को शेष $\frac{1}{4}$ भाग भरने में लगा समय

$= 5 \times \frac{1}{4} = \frac{5}{4} = 1.25$ घंटा

48. Ans. (D)

पाइप A द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{10}$

पाइप B द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{12}$

माना रिसाव के कारण टंकी x घण्टे में खाली हो जायेगी।

∴ रिसाव के कारण 1 घण्टे में टंकी का खाली हुआ भाग $= \frac{1}{x}$

(A+B) द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \left(\frac{1}{10} + \frac{1}{12}\right) = \frac{11}{60}$

अत: पाइप A तथा B मिलकर टंकी को $\frac{60}{11}$ घण्टे में भर सकते है। रिसाव के कारण टंकी को भरने में लगा कुल समय $= \frac{60}{11} + \frac{60}{231} = \frac{1320}{231}$ घण्टा

प्रश्न से,

$\frac{1}{A} + \frac{1}{B} - \frac{1}{x} = \frac{231}{1320}$

$\frac{1}{10} + \frac{1}{12} - \frac{1}{x} = \frac{231}{1320}$

$\frac{1}{x} = \frac{11}{60} - \frac{231}{1320}$

$\frac{1}{x} = \frac{242-231}{1320} = \frac{11}{1320}$

$x = \frac{1320}{11} = 120$ घण्टा

अत: रिसाव द्वारा भरी हुई टंकी 120 घण्टे में पूरी तरह खाली हो जाएगी।

49. Ans: (A)

माना पाइप B को x घंटे के लिए चलाया गया।

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{A} + \frac{1}{B} - \frac{1}{C} = 1$

$\frac{3.5}{2.5} + \frac{x}{15} - \frac{3.5}{7.5} = 1$

$\frac{7}{5} + \frac{x}{15} - \frac{7}{15} = 1$

$\frac{x}{15} = 1 - \frac{7}{5} + \frac{7}{15}$

$= \frac{15-21+7}{15}$

$\frac{x}{15} = \frac{1}{15} \Rightarrow x = 1$ घंटा

50. Ans: (B)

पहले पम्प द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{15}$ भाग

दूसरे पम्प द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{20}$ भाग

तीसरे पम्प द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{30}$ भाग

टंकी का पहले से भरा हुआ भाग $= \frac{1}{5}$ (दिया है)

शेष भाग $= 1 - \frac{1}{5} = \frac{4}{5}$

माना टंकी को भरने में x घंटे का समय लगेगा

प्रश्नानुसार,

$\frac{4}{15} + \frac{x}{20} + \frac{6}{30} = \frac{4}{5}$

$\frac{16+3x+12}{60} = \frac{4}{5}$

$28 + 3x = 48$

$3x = 20$

x $= \frac{20}{3}$ या 6 घंटा 40 मिनट

अत: अभीष्ट समय = 8am + 6 घंटा 40 मिनट

= 2:40 pm

51. Ans: (A)

माना पाइप A को x घंटे तक चालू किया गया।

प्रश्नानुसार,

$\frac{x}{15} + \frac{19-x}{25} = 1$

$\frac{5x+57-3x}{75} = 1$

$2x + 57 = 75$

$2x = 75 - 57$

$2x = 18$

$x = 9$

अत: पाइप A, 9 घण्टे के लिये चलाया गया।

52. Ans: (C)

माना शेष टंकी को भरने में n घंटे लगेंगे।

प्रश्नानुसार,

$\frac{n+1}{8} + \frac{n+1}{6} - \frac{n}{10} = 1$

$\Rightarrow \frac{6n+6+8n+8}{48} - \frac{n}{10} = 1$

$\Rightarrow \frac{7n+7}{24} - \frac{n}{10} = 1$

$\Rightarrow \frac{70n+70-24n}{240} = 1$

$\Rightarrow \frac{35n+35-12n}{120} = 1$

$\Rightarrow 23n + 35 = 120$

$23n = 85$

$\boxed{n = \frac{85}{23} \text{ घंटे}}$

53. Ans: (A)

माना पाइप B, x घण्टे में टंकी को भरेगा। A द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{4.5}$ A और B द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{2.25}$

$\frac{1}{4.5} \times \frac{1}{2} + \frac{x}{2.25} = 1$

$\frac{10}{90} + \frac{100x}{225} = 1$

$\frac{1}{9} + \frac{4x}{9} = 1$


$1 + 4x = 9$

$\boxed{x = 2}$ घण्टे

अत: टंकी को भरने में लगा कुल समय = 2 घंटे +30 मिनट =2 घंटे 30 मिनट

अत: 2 घण्टा 30 मिनट का समय लगेगा।

54. Ans (D):



यूनिट -7

(A+B) द्वारा 2 घंटे में किया गया कार्य $= \frac{+5.6}{(-1.4)}$

(A+B) द्वारा 46 घंटे में किया गया कार्य $= -1.4 \times 23$

बचा कार्य = $39.2 - 32.2$

= 7 यूनिट

अब 47 घंटे में A7 यूनिट पानी बाहर निकाल देगा। तो कुल घंटे $= 46 + 1 = 47$ घंटे

55. Ans (D):

2 घंटे में टंकी का भरा हुआ भाग $= \frac{1}{15} - \frac{1}{21}$

$= \frac{1}{15} - \frac{1}{21} = \frac{7-5}{105} = \frac{2}{105}$

49 से गुणा करने पर 98 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{2}{105} \times 49 = \frac{14}{15}$

$\therefore$ शेष भाग $= 1 - \frac{14}{15} = \frac{1}{15}$

अत: अब A अगले 1 घंटे में $\frac{1}{15}$ भाग भरेगा। अत: कुल 99 घंटे लगेंगे।

56. Ans (D):

पाइप A द्वारा खाली टंकी का 1 घंटें में भरा गया भाग = $\frac{1}{1.5}$ भाग

पाइप B द्वारा भरी टंकी का 1 घन्टे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{2.4}$ भाग

अत: पाइप A और पाइप B को बारी बारी से एक घन्टे खोला और बन्द करने पर यानी 2 घन्टे में परिणामी टंकी का भरा गया भाग

$= \frac{1}{1.5} - \frac{1}{2.4} = \frac{2.4-1.5}{3.60} = \frac{.9}{3.6} = \frac{9}{36} = \frac{1}{4}$ भाग

इस तरह दोनो पाइप A और B को खोलने बन्द करने पर टंकी का $\frac{1}{4}$ भाग भरता है 2 घन्टे में, इसलिए पूरा भाग भरने में लगा समय $= \frac{4 \times 2}{1} = 8$ घन्टे

57. Ans. (D)

इनलेट पाइप द्वारा 1 घंटे में भरा गया जल $= \frac{1}{11.25}$ भाग

आउटलेट पाइप द्वारा 1 घंटे में निकाला गया जल $= \frac{1}{22.5}$ भाग दोनों पाइपों द्वारा बारी-बारी से 2 घंटे में भरा गया जल $= \frac{1}{11.25} - \frac{1}{22.5} = \frac{2-1}{22.5}$

$= \frac{1}{22.5}$

2 घंटे में पाइपों द्वारा भरा गया जल $= \frac{1}{22.5}$ भाग 2×21 घंटे में भरा गया जल $= \frac{1}{22.5} \times 21$

42 घंटे में भरा गया जल $= \frac{42}{45}$ भाग

खाली बचा टंकी का भाग $= 1 - \frac{42}{45} = \frac{3}{45}$

इनलेट पाइप द्वारा $\frac{3}{45}$ भाग को भरने में लगा समय

$= \frac{3}{45} \times 11.25$


$= \frac{3}{4}$ घंटा

$= \frac{3}{4} \times 60 = 45$ मिनट

कुल समय = 42 घंटा 45 मिनट

58. Ans (D):

माना कुल क्षमता



2 घंटे में खाली किया गया =1 ली. (2×135) घंटे में खाली किया गया = 135 ली. अन्तिम 3 ली. पाइप B द्वारा 1 घंटे में खाली हो जायेगा

अत: कुल लगा समय = 271 घंटे

= 11 दिन 7 घंटे

59. Ans (D):

प्रवेशिका पाइप A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{10.5}$

निर्गम पाइप B द्वारा 1 घंटे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{35}$

दोनों (A - B) द्वारा कुल 2 घंटे में भरा गया भाग,

$= \frac{1}{10.5} - \frac{1}{35}$

$= \frac{2}{21} - \frac{1}{35}$

$= \frac{70-21}{21\times35} = \frac{49}{35\times21} = \frac{7}{105} = \frac{1}{15}$

$\frac{1}{15}$ भाग भरने में लगा समय = 2 घंटे

एवं 2×14 घंटे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{14}{15}$ शेष भाग $= 1 - \frac{14}{15} = \frac{1}{15}$

अब प्रवेशिका पाइप द्वारा $\frac{1}{15}$ भाग भरने में लगा समय

$= \frac{1}{15} \times 10.5 = 0.7$ घंटा

$= 60 \times 0.7 = 42$ मिनट

अत: टंकी को भरने में लगा कुल समय = 28 घंटा 42 मिनट

60. Ans: (C)

पाइप A द्वारा 1 घण्टे में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{57}$

पाइप B द्वारा 1 घण्टे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{38}$

2 घंटे में दोनों पाइप द्वारा टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{38} - \frac{1}{57}$

$= \frac{57-38}{57\times38}$

$= \frac{19}{57\times38}$

$= \frac{1}{114}$ भाग

$= \frac{1}{114}$ भाग खाली करने में लगा समय 2 घण्टे

∴ पूरी टंकी खाली करने में लगा समय $2 \times 114 =$ 228 घण्टे = 9 दिन 12 घण्टे

61. Ans (D):

टंकी को भरने मे लगा समय = 40 घंटे टंकी को खाली करने में लगा समय = 32 घंटे दोनों टंकी एकान्तर क्रम में चालू हो तो 2 घंटे में टंकी का खाली होने वाला भाग $= \frac{1}{32} - \frac{1}{40} = \frac{5-4}{160} = \frac{1}{160}$

टंकी का $\frac{1}{160} \times 155$ भाग भरने में लगा समय $= 2 \times 155$

अंत में केवल खाली करने वाला पाइप कार्य करेगा जिसे $\frac{5}{160}$ भाग $= \frac{1}{32}$ भाग

$\frac{1}{32}$ भाग खाली करने में लगा समय = 1

अत: पूरी टंकी को खाली करने में लगा समय = 310 + 1

= 311 घंटा

62. Ans: (A)

बर्तन में मौजूद तेल का भाग $= \frac{3}{5}$ भाग इसी बर्तन से 20 लीटर तेल निकालने के बाद बचे तेल का भाग $= \frac{7}{12}$ भाग

अत: वह भाग जो 20 लीटर तेल से भरा था $= \frac{3}{5} - \frac{7}{12}$

$= \frac{36-35}{60} = \frac{1}{60}$ भाग

∵ $\frac{1}{60}$ भाग में उपस्थित तेल की मात्रा = 20 लीटर

∴ एक भाग में उपस्थित तेल की मात्रा $= \frac{20\times60}{1} =$ 1200 लीटर

अत: बर्तन की क्षमता 1200 लीटर है।

63. Ans (D):

माना पाइप के द्वारा टैंक भरने में लगा समय = t घण्टे

प्रश्नानुसार-

$\frac{1}{t} + \frac{2}{t} + \frac{6}{t} = \frac{1}{5}$

$\frac{9}{t} = \frac{1}{5} \Rightarrow \boxed{t = 45 \text{ घण्टे}}$

अत: पाइप X टैंक को 45 घंटे में भरेगा।

64. Ans: (B)

X, Y और Z द्वारा लिया गया समय क्रमश: 6T, 3T तथा 2T है।

X: Y: Z

x: 2x: 6x → क्षमता

6: 3: 1 → समय

प्रश्नानुसार-

$\frac{1}{6T} + \frac{1}{3T} + \frac{1}{T} = \frac{1}{6}$

$\Rightarrow \frac{1+2+6}{6T} = \frac{1}{6}$

$\Rightarrow T = 9$

अत: X द्वारा टैंक भरने में लगा समय = 6T

6 × 9 = 54 घंटे

65. Ans: (C)

यदि पाइप A किसी टंकी को x घंटे में भरता है तब पाइप B उसे $\frac{x}{4.5}$ घंटे में भरेगा क्योंकि B की कार्य क्षमता A से 4.5 गुणा अधिक है।

प्रश्नानुसार,

$(\frac{1}{x}+\frac{4.5}{x})-\frac{1}{9}=\frac{1}{7.5}$

$\frac{5.5}{x}-\frac{1}{9}=\frac{2}{15}$

$\frac{49.5-x}{9x}=\frac{2}{15}$

$\Rightarrow 5(49.5-x)=6x$

$\Rightarrow 247.5-5x=6x$

$\Rightarrow 11x=247.5$

$\Rightarrow x=\frac{2475}{110}$

$\Rightarrow x=22.5$ घंटे

66. Ans: (A)

माना टंकी A के कार्य करने की क्षमता = 1

तब, दूसरी टंकी B के कार्य करने की क्षमता =1.5

A : B = 1 : 1.5

= 10 : 15

= 2 : 3

A तथा B के समयों का अनुपात उनकी क्षमता का व्युत्क्रमानुपाती होगा। अत: समयों का अनुपात

= 3: 2

अत: A का समय 3x तथा B का समय 2x है।

प्रश्नानुसार-

$\Rightarrow \frac{1}{2x}+\frac{1}{3x}-\frac{1}{12}=\frac{1}{28}$

$\Rightarrow \frac{5}{6x}=\frac{1}{28}+\frac{1}{12}$

$\Rightarrow \frac{5}{6x}=\frac{12+28}{28\times12}$

$\Rightarrow \frac{5}{x}=\frac{40}{56}$ $\boxed{x=7}$

कम कुशल पाइप द्वारा टंकी भरने में लगा समय = 3x

=3 × 7 = 21 घंटे

67. Ans: (B)

माना खाली करने वाली पाइप टंकी को x घंटे में खाली करती है।

प्रश्न से-

$\frac{1}{2}\left[\frac{1}{12}+\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right]+\frac{1}{4}\left[\frac{1}{12}+\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right]-\frac{5}{x}=\frac{1}{2}$

$\frac{1}{2}\times\frac{34}{36}+\frac{1}{4}\times\frac{34}{36}-\frac{5}{x}=\frac{1}{2}$

$\frac{17}{36}+\frac{17}{72}-\frac{5}{x}=\frac{1}{2}$

$\frac{34+17}{72}-\frac{1}{2}=\frac{5}{x}$

$\frac{51}{72}-\frac{1}{2}=\frac{5}{x}$

$\frac{51-36}{72}=\frac{5}{x}$

$\frac{15}{72}=\frac{5}{x}$

$x=\frac{5\times72}{15}$

$x=24$

अत: खाली करने वाली पाइप 24 घंटे में टंकी को खाली कर देगी।

68. Ans: (A)

माना खाली करने वाली पाइप टंकी को कुल x घंटा में खाली करती है।

प्रश्नानुसार-

$\Rightarrow \frac{1}{2}\left[2\left\{\frac{1}{12}+\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}+\right\}\right]+\frac{1}{4}\left[2\left\{\frac{1}{12}+\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right\}\right]-\frac{10}{x}=1$

$\Rightarrow 2\left[\frac{3}{4}\left(\frac{1}{12}+\frac{1}{9}+\frac{1}{6}+\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right)\right]-\frac{10}{x}=1$

$\Rightarrow \frac{3}{4}\times\frac{34}{36}-\frac{5}{x}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow \frac{17}{24}-\frac{5}{x}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow \frac{5}{x}=\frac{17}{24}-\frac{12}{24}$

$\Rightarrow \frac{5}{x}=\frac{5}{24}$

$x=24$ घंटा

69. Ans: (B)

माना दूसरी पाइप टंकी को x घण्टे में भरती है। तब पहली पाइप $\left(\frac{x}{2}\right)$ घण्टा समय लेगी (क्योंकि दोगुनी कुशलता से काम करती है।) एक तीसरी पाइप 12 घण्टे में टैंक को खाली करती है। तब प्रश्नानुसार,

$\frac{\bar{x}}{2}+\frac{1}{x}-\frac{1}{12}=\frac{1}{12}$ या $\frac{2}{x}+\frac{1}{x}-\frac{1}{12}=\frac{1}{12}$

$\Rightarrow \frac{3}{x}=\frac{1}{12}+\frac{1}{12}$

$\Rightarrow \frac{3}{x}=\frac{2}{12}$

$\Rightarrow x=18$ घण्टे

70. Ans: (B)

माना A द्वारा टंकी को भरने में लगा समय x घंटा है B द्वारा टंकी को भरने में लगा समय 2x घंटा होगा C द्वारा टंकी को खाली करने में लगा समय 3x घंटा होगा

प्रश्नानसुार,

$\frac{1}{x}+\frac{1}{2x}+\frac{1}{3x}=\frac{1}{6}$

$=\frac{6+3-2}{6x}=\frac{1}{6}$

X = 7 घंटा

A = 7 घंटा, B = 14 घंटा, C = 21 घंटा

A और C द्वारा एक साथ एक घंटे में टंकी का भरा गया भाग = $\frac{1}{7}-\frac{1}{21}=\frac{2}{21}$

अत: A और C द्वारा मिलकर जलाशय को भरने में लिया गया समय = $\frac{21}{2}=10.5$ घंटा

71. Ans (D):

प्रश्नानुसार, पाइपों द्वारा 3 घंटे 15 मिनट में भरा गया टंकी का कुल भाग

$=\frac{3}{4}+\frac{1}{16}+\frac{1}{16}+\frac{1}{16}=\frac{15}{16}$

माना टंकी के शेष 1/16 भाग को भरने में लगा समय x घंटा है।

$\therefore \frac{x}{4}+\frac{x}{4}+\frac{x}{4}-\frac{x}{2}=\frac{1}{16}$

$\frac{3x}{4}-\frac{2x}{4}=\frac{1}{16}$

$\frac{x}{4}=\frac{1}{16} \Rightarrow x = 15$ मिनट

टंकी को पूरा भरने में लगा समय

$= 3h.\ 15m + 15min = 3$ घंटा 30 मिनट

72. Ans: (A)

माना,

A द्वारा लिया गया समय = 2n

B द्वारा लिया गया समय n

प्रश्न से-

$\frac{1}{2n}+\frac{1}{n}-\frac{1}{10}=\frac{10}{25}$

$\frac{1}{2n}+\frac{1}{n}=\frac{2}{5}+\frac{1}{10}$

$\frac{1+2}{2n}=\frac{4+1}{10}$

$\frac{3}{2n}=\frac{5}{10}$

$\boxed{n=3}$

कम क्षमता वाले पाइप द्वारा लिया गया समय $= 2n =$ 2×3 घंटे

= 6 घंटे

73. Ans (D):

दिया है-

$A: B = 1: 4$

$A: C = 1: 3$

$A: B: C = 1: 4: 3$

माना A, B, C क्रमश: टंकी को x, 4x तथा 3x घंटे में भरते है।

प्रश्नानुसार-

कार्य क्षमता का अनुपात $A: B: C = 1: \frac{1}{4}: \frac{1}{3} = 12: 3: 4$

कुल समय = 19×24

$= 456$

(A+B) द्वारा लिया गया कुल समय = $\frac{456}{15}$

= 30.4 घंटे

74. Ans (D):

दोनो छिद्रों द्वारा जग को खाली करने में लिया गया समय

$=\frac{1}{15}+\frac{1}{20}=\frac{4+3}{60}=\frac{7}{60}$

अभीष्ट समय $=\frac{60}{7}=8\frac{4}{7}$ मिनट

75. Ans: (C)

माना बड़े पाइप द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = t

छोटे पाइप द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = t + 12

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{t}+\frac{1}{t+12}=\frac{1}{\frac{45}{4}}$

$\frac{t+12+t}{t(t+12)}=\frac{4}{45}$

$90t + 540 = 4t^2 + 48t$

$4t^2 - 42t - 540 = 0$

$2t^2 - 21t - 270 = 0$

$2t(t - 18) + 15(t - 18) = 0$

$(t - 18)(2t + 15) = 0$

$t - 18 = 0$

$t = 18$ मिनट

76. Ans: (B)

टैंक A द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{45}$

टैंक B द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{36}$

अत: (A+B) द्वारा एक घंटे में भरा गया भाग

$=\frac{1}{45}+\frac{1}{36}=\frac{4+5}{180}=\frac{9}{180}=\frac{1}{20}$

अत: दोनों पाइपों द्वारा 20 घंटे में पूरा टैंक भर जायेगा।

77. Ans: (A)

पाइप P एवं Q के 1 मिनट का कार्य $= \frac{1}{10}-\frac{1}{6}$

$=\frac{3-5}{30}=\frac{-2}{30}=\frac{-1}{15}$

Q द्वारा टैंक खाली करने में लगा समय $=\frac{\frac{2}{5}}{\frac{1}{15}}=\frac{2}{5}\times\frac{15}{1}$

= 6 मिनट

78. Ans. (C)

पाइप A द्वारा टैंक का 1 मिनट में भरा गया भाग $= \frac{1}{12}$

पाइप B द्वारा टैंक का 1 मिनट में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{6}$

माना टैंक को पूरी तरह से भरने या खाली करने में लगा समय = t मिनट

प्रश्नानुसार,

दोनों पाइप द्वारा टंकी को खाली करने या भरने में लगा समय

$=\frac{t}{12}-\frac{t}{6}=\frac{2}{5}$

$\Rightarrow \frac{t-2t}{12}=\frac{2}{5}$

$\Rightarrow \frac{-t}{12}=\frac{2}{5}$

$\Rightarrow t = -4.8$ मिनट

जहाँ (-) टंकी के खाली होने को दर्शाता है।

79. Ans: (A)

माना तीनों पाइप x घंटे में टंकी के 2/3 भाग को भर देंगे।

$\Rightarrow \frac{x}{7}+\frac{x}{10.5}-\frac{x}{5.25}=\frac{2}{3}$ (क्योंकि टंकी का 2/3 भाग ही भरना है)

$\Rightarrow \frac{x}{7}+\frac{10x}{105}-\frac{100x}{525}=\frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{75x+50x-100x}{525}=\frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{125x-100x}{525}=\frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{25x}{525}=\frac{2}{3}$

$\Rightarrow \frac{x}{21}=\frac{2}{3}$

$\Rightarrow x=\frac{21\times2}{3}=14$

$\Rightarrow x = 14$ घण्टे

80. Ans: (A)

माना 'Z' द्वारा लिया गया समय x मिनट है।

X द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{60}$

'Y' द्वारा 1 मिनट में टंकी का भरा गया भाग $= \frac{1}{75}$

'Z' द्वारा 1 मिनट में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{x}$

प्रश्नानुसार

$\frac{1}{60} + \frac{1}{75} - \frac{1}{x} = \frac{1}{50}$

$\Rightarrow -\frac{1}{x} = \frac{1}{50} - \left(\frac{1}{60} + \frac{1}{75}\right)$

$\Rightarrow -\frac{1}{x} = \frac{1}{50} - \left(\frac{5+4}{300}\right)$

$\Rightarrow -\frac{1}{x} = \frac{1}{50} - \frac{9}{300}$

$\Rightarrow -\frac{1}{x} = \frac{6-9}{300} = -\frac{3}{300}$

$\Rightarrow -\frac{1}{x} = -\frac{1}{100}$

$\Rightarrow x = 100$ मिनट

अत: 'Z' द्वारा लिया गया समय = 100 मिनट

81. Ans (D):

पाइप A द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{7}$

पाइप B द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{10}$

पाइप C द्वारा 1 घंटे में टैंक का भरा गया भाग $= \frac{1}{14}$

प्रश्न से

तीनों पाइपों को एक साथ खोलने पर टैंक को भरने में लगा समय

$= \frac{1}{7} + \frac{1}{10} - \frac{1}{14}$

$= \frac{10+7-5}{70} = \frac{12}{70} = 5\frac{5}{6}$

अत: तीनों पाइप मिलकर टैंक को $5\frac{5}{6}$ घंटे में भर देगें।

82. Ans: (B)

नल द्वारा 1 घंटे का भराव कार्य $= \frac{1}{10}$ भाग

रिसाव के कारण टंकी को भरने का एक घंटे का कार्य $= \frac{1}{11}$ भाग माना टंकी को खाली होने में x घंटे लगते हैं

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{10} - \frac{1}{x} = \frac{1}{11}$

$\Rightarrow \frac{1}{x} = \frac{1}{10} - \frac{1}{11}$

$= \frac{11-10}{110}$

$\Rightarrow \frac{1}{x} = \frac{1}{110}$

$x = 110$घंटे

अत: टंकी को खाली होने में लगा समय = 110 घंटे

83. Ans (D):

माना टँक को भरने में Q द्वारा लगा अतिरिक्त समय = t मिनट

प्रश्न से,

$\frac{4}{15} + \frac{t+4}{20} = 1$

$\frac{16+3t+12}{60} = 1$

$3t + 28 = 60$

$3t = 32$

t =10 मिनट 40 सेकंड

कुल लगा समय = 10 मिनट 40 सेकंड +4 मिनट

=14 मिनट 40 सेकंड

84. Ans: (A)

माना A अकेले टैंक को भरने में t घंटे का समय लेगा।

प्रश्नानुसार-

$\frac{8}{24} + \frac{20}{t} = 1$

$\frac{20}{t} = 1 - \frac{1}{3}$

$\frac{20}{t} = \frac{2}{3}$

$t = 30$ घेटे

अत: A को अकेले टैंक भरने में 30 घंटे का समय लगेगा।

85. Ans: (A)

P की क्षमता = 10 मिनट

∴ P की एक मिनट की क्षमता $= \frac{1}{10}$ का

P की क्षमता 20% क्षमता $= \frac{1}{10} \times \frac{20}{100} = \frac{1}{50}$

5 पाइपों द्वारा टैंको के भरने का समय

$= \frac{1}{50} + \frac{1}{50} + \frac{1}{50} + \frac{1}{50} + \frac{1}{50}$

$= \frac{5}{50}$

$= \frac{1}{10}$

अत: कुल समय =10 मिनट

$100\% = \frac{2\times3}{40} \times 100 = 15$लीटर

86. Ans (D):

पाइप A, B और C द्वारा एक साथ टंकी को भरने में लगा समय = 4 घंटे

माना पाइप A द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = x घंटे

∴ पाइप B द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = 2x

∴ पाइप C द्वारा टंकी को भरने में लगा समय $= \frac{x}{2}$

∴ पाइप A, B और C के द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा गया भाग

$\Rightarrow \frac{1}{x} + \frac{1}{2x} + \frac{1}{\frac{x}{2}} = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow \frac{1}{x} + \frac{1}{2x} + \frac{2}{x} = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow \frac{1}{x}\left[1 + \frac{1}{2} + 2\right] = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow \frac{1}{x}\left[\frac{2+1+4}{2}\right] = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow \frac{1}{x} \times \frac{7}{2} = \frac{1}{4}$

$\Rightarrow x = \frac{7\times4}{2}$

$x = 7 \times 2 = 14$ घंटे

$\boxed{x = 14 \text{ घंटे}}$

अत: पाइप A को अकेले टंकी को भरने में लगा समय = 14 घंटे

87. Ans: (C)

पाइप X तथा Y का 1 मिनट का भराव कार्य
$= \frac{1}{48} + \frac{1}{72} = \frac{72+48}{48\times72} = \frac{120}{3456}$ भाग
पाइप X तथा Y द्वारा टैंक को भरने में लगा समय
$= \frac{3456}{120} = 28.8$ मिनट

88. Ans: (A)

माना भरे हुए टैंक को खाली करने में रिसाव को t समय लगेगा तब-
$\frac{1}{4} - \frac{1}{t} = \frac{1}{5}$
$\frac{1}{t} = \frac{1}{4} - \frac{1}{5}$
$\frac{1}{t} = \frac{5-4}{20}$
$\frac{1}{t} = \frac{1}{20}$
t = 20 घंटे में टैंक खाली हो जायेगा।

89. Ans (D):

प्रश्नानुसार
पहलें पाईप द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{4}$, दूसरें पाईप द्वारा 1 घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{10}$
(पहलें+दूसरें) पहले तथा दूसरे पाइप द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग
$= \left(\frac{1}{4} - \frac{1}{10}\right) = \frac{5-2}{20}$
$= \frac{3}{20}$ भाग
टंकी का आधा $\left(\frac{1}{2}\right)$ भाग भरा हुआ है।
अत: टंकी का शेष भाग $= 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$
$\because \frac{3}{20}$ भाग भरने में लगा समय =1 घंटा
$\therefore \frac{1}{2}$ भाग भरने में लगा समय $= \frac{20}{3} \times \frac{1}{2} = \frac{10}{3}$ घंटा
= 3 घंटा 20 मिनट

90. Ans: (A)

प्रश्नानुसार
$= \frac{1}{4} + \frac{1}{10} - \frac{1}{6}$
$= \frac{15+6-10}{60} = \frac{11}{60}$ भाग
टंकी को पूरा भरे में लगा समय $= \frac{60}{11}$ घंटा
जब टंकी आधी भरी है तो आधी भरी टंकी को लगा समय $= \frac{60}{2\times11} = \frac{30}{11}$ घंटा

91. Ans: (A)

पाइप A द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा भाग $= \frac{1}{9}$
पाइप B द्वारा 1 घंटे में टंकी का भरा भाग $= \frac{1}{18}$
तथा पाइप C द्वारा 1 घंटे में टंकी का खाली किया गया भाग $= \frac{1}{15}$
$\therefore (A + B - C)$ द्वारा 1 घंटे में टंकी को भरा गया भाग
$= \frac{1}{9} + \frac{1}{18} - \frac{1}{15}$
$= \frac{10+5-6}{90}$
$= \frac{9}{90} \Rightarrow \frac{1}{10}$
अत: पूरे टंकी को भरने में लगा समय =10 घंटे

92. Ans (D):

$\because$ रघु का टैंकर जलाशय का आधा भाग 2 घंटे में भरता है।
$\therefore$ इसी तरह के तीन और टैंकर = कुल 4 टैंकर मिलकर शेष $\frac{1}{2}$
टंकी को भरेंगे $= \frac{2}{4}$ घंटा $= \frac{1}{2} = 30$ मिनट
अत: जलाशय को पूरा भरने में लगा समय = 2 घंटा 30 मिनट

93. Ans: (B)

पाइप A द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{32}$
पाइप 'C' द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{48}$
पाइप 'B' द्वारा 1 घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{24}$
तीनों पाइपों द्वारा 1 घंटे में भरा गया भाग $= \frac{1}{32} + \frac{1}{48} - \frac{1}{24}$
$= \frac{3+2-4}{96}$
$= \frac{1}{96}$
$\because \frac{1}{96}$ भाग भरने में 1 घंटे लगते है।
$\therefore \frac{2}{3}$ भाग भरने में लगा समय $= 96 \times \frac{2}{3} = 64$ घंटे

94. Ans (D):

टंकी को A, B और C एक साथ एक घंटे में भरेंगे
$= \frac{1}{4} + \frac{1}{10} - \frac{1}{6} = \frac{15+6-10}{60} = \frac{11}{60}$ भाग
$\therefore$ टंकी को तीनों पूरा भरेंगे $= \frac{60}{11}$ घण्टा
टंकी का शेष खाली भाग $= 1 - \frac{3}{5} = \frac{2}{5}$ भाग
$\therefore$ तीनों को टंकी का शेष खाली भाग भरने में लगा समय $= \frac{60}{11} \times \frac{2}{5} = \frac{24}{11}$ घण्टा

95. Ans: (C)

पाईप A द्वारा 1 घण्टे में भरी टंकी $= \frac{1}{4}$ भाग
तथा A व B मिलकर 1 घण्टे में भरी टंकी $= \frac{1}{3}$ भाग टंकी का खाली भाग $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$ भाग
A तथा B मिलकर भरे तब $= \frac{3}{4} \times 3 = \frac{9}{4} = 2.25$ घण्टा
अर्थात टंकी को पूरा भरने में लगा समय $= 1 + 2.25 =$ 3.25घण्टा
अत: 3 घण्टा, 25 मिनट लगेगा|

96. Ans: (A)

माना x घंटे बाद नल A को बन्द कर दिया गया तथा नल B को खोल दिया गया अत: यह माना जा सकता है कि नल A, x घंटे चला, नल B,(112 - x) घंटे चला तथा C, 112 घंटे चला।

तब $\boxed{x \cdot A + B(112 - x) - C \times 112 = 1}$

$\Rightarrow \frac{x}{32} + \frac{112-x}{48} - \frac{112}{64} = 1$

$\Rightarrow \frac{6x+(112-x)4-112\times3}{192} = 1$

$\Rightarrow 6x + 448 - 4x - 336 = 192$

$\Rightarrow 2x + 112 = 192$


$2x = 192 - 112$

$2x = 80$

$x = 40$ घंटे

∵ पाइप B को 112 – x घंटे चालू रखा गया अत: अभीष्ट समय = 112- x = 112- 40=72 घंटे

97. Ans (D):



-बारी से 2 घंटे में किया गया कार्य $= +5 - 3 = 2$ यूनिट

∴ 1 चक्र (2 घंटा) → 2 यूनिट

↓× 43 ↓× 43

86 घंटा 86 यूनिट

अत: शेष 4 यूनिट कार्य पाईप A द्वारा करने पर

$\frac{4}{5} \times 60 = 48$ मिनट

अत: टंकी भरने में लगा कुल समय = 86 घंटे 48 मिनट

98. Ans: (A)

तीनों टंकियाँ एक घंटे में भरेगी $= \frac{1}{2} + \frac{1}{3} - \frac{1}{6}$

$= \frac{3+2-1}{6} = \frac{4}{6} = \frac{2}{3}$ भाग


∴ टंकी का शेष भाग $= 1 - \frac{1}{6} = \frac{5}{6}$

∴ शेष टंकी को भरने में लगा समय $= \frac{\frac{5}{6}}{\frac{2}{3}}$

$= \frac{5}{6} \times \frac{3}{2} = \frac{5}{4} = 1\frac{1}{4}$ घंटा

अर्थात 1 घण्टा 15 मिनट

99. Ans: (B)



A द्वारा 1 घंटा में खाली किया गया टैंक

$= 1 \times 5 = 5$ इकाई

B द्वारा 1 घंटा में भरा गया टैंक $= 1 \times 4 = 4$ इकाई

∴ 2 घंटा में खाली किया गया टैंक $= -5 + 4 = -1$ इकाई

∵ 1 इकाई टैंक खाली होता है 2 घंटा में,

∴ 135 इकाई टैंक (A+B) द्वारा खाली किया जाएगा


$= 135 \times 2 = 270$ घंटे में

तथा शेष 5 इकाई खाली किया जाएगा = 1 घंटे में (A द्वारा)

∴ कुल समय $= 270 + 1 = 271$ घंटे।

100. Ans: (A)

प्रश्नानुसार,



25, 30, 15 का ल.स. = 150

या, A + B – C = 10

6 + 5 – C = 10

या C = 1

अत: C को टैंक खाली करने में लगा समय $\frac{150}{1}$ मिनट = 150 मिनट

इस प्रकार टैंक की क्षमता =150 × 3 गैलन पानी ⇒ $\boxed{450 \text{ गैलन}}$

101. Ans (D):

P, Q तथा R के द्वारा 3 मिनट में किये गये कार्य का अनुपात निम्न है।

$= \frac{3}{30} : \frac{3}{20} : \frac{3}{10} = \frac{1}{3} : \frac{1}{2} : \frac{1}{1}$

$= 2 : 3 : 6$

अर्थात P, Q तथा R का अनुपात =2: 3: 6 तब विलयन C का अनुपात $= \frac{6}{2+3+6} = \frac{6}{11}$

102. Ans: (A)

माना अधिक दक्षता वाली पाईप टंकी को x घण्टे में भरती है।

कम दक्षता वाली पाईप, टंकी को 2x घण्टे में भरती है।

तथा तीसरी उस टंकी को 8 घण्टे में खाली करती है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{x} + \frac{1}{2x} - \frac{1}{8} = \frac{1}{8}$

$\frac{3}{2x} = \frac{2}{8}$

अत: कम दक्षता वाली पाईप को अकेले भरने का समय = 2x

= 12 घण्टा

103. Ans: (B)

माना निकासी पाइप x घण्टे में टंकी को खाली कर देगा।

पहली पाइप की कार्यक्षमता 1 है जबकि दूसरी पाइप की कार्यक्षमता $\frac{1}{2}$ है

पहली पाइप द्वारा 5 घण्टे में टंकी का भरा हुआ भाग

$= \frac{1}{12} + \frac{1}{9} + \frac{1}{6} + \frac{1}{4} + \frac{1}{3}$

$= \frac{3+4+6+9+12}{36} = \frac{34}{36}$

तब दूसरी पाइप द्वारा 5 घण्टे में टंकी का भरा हुआ भाग

$= \frac{1}{2} \times \frac{34}{36} = \frac{17}{36}$

जब तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाता है-

$\frac{34}{36} + \frac{17}{36} - \frac{5}{x} = 1$

$\frac{51}{36} - 1 = \frac{5}{x}, \frac{15}{36} = \quad \frac{5}{x}, x = 12$ घणटे

104. **Ans: (A)**

माना रामू की बाल्टी की धारिता = x

तब सीता की बाल्टी की धारिता = 3x

ड्रम की धारिता 60 × 3x

= 180x

माना दोनों N बार बाल्टी भरकर ड्रम में पलटते हैं।

$\therefore N(3x + x) = 180x$

$N = \frac{180x}{4x} = 45$

105. **Ans: (A)**

छिद्र-1 द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग = $\frac{1}{9}$

छिद्र-2 द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग = $\frac{1}{6}$

अत: छिद्र-1 तथा छिद्र-2 द्वारा टैंक का 1 मिनट में खाली किया गया भाग

$= \frac{1}{9} + \frac{1}{6} = \frac{9+6}{9\times6} = \frac{15}{54}$

एक साथ दोनों छिद्रों द्वारा टैंक खाली करने में लगा समय $= \frac{54}{15} = \frac{18}{5} = 3\frac{3}{5}$ मिनट

106. **Ans: (A)**

छिद्र-1 द्वारा 1 मिनट का रिसाव कार्य = $\frac{1}{15}$ भाग

तथा छिद्र-2 द्वारा 1 मिनट का रिसाव कार्य $\frac{1}{10}$ भाग

दोनों छिद्रों द्वारा 1 मिनट का रिसाव कार्य =

$\frac{1}{15} + \frac{1}{10} = \frac{25}{150}$ भाग

अत: छिद्र-1 तथा छिद्र-2 द्वारा कंटेनर को खाली करने में लगा समय $\frac{150}{25} = 6$ मिनट

अत: छिद्र-1 तथा 2 मिलकर कंटेनर को 6 मिनट में खाली कर देगें।

107. **Ans (D):**

छिद्र-1 द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग = $\frac{1}{29}$

छिद्र-2 द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग = $\frac{1}{6}$

$= \frac{1}{29} + \frac{1}{6} = \frac{6+29}{174} = \frac{35}{174}$

अत: छिद्र-1 तथा छिद्र-2 द्वारा टैंक को पूरा खाली करने में लगा समय =

$= \frac{174}{35} = 4\frac{34}{35}$ मिनट

108. **Ans (D):**

दोनों छिद्रों द्वारा खाली करने में लगा समय

$= \frac{1}{21} + \frac{1}{7} = \frac{1+3}{21} = \frac{4}{21}$

अभीष्ट समय $= \frac{21}{4} = 5\frac{1}{4}$ मिनट

109. **Ans (D):**

जब दो छिद्रो को एकसाथ खोलते है तो ग्लास को खाली होने में लगा समय $= \frac{1}{9} + \frac{1}{3} = \frac{3+9}{9\times3}$

$= \frac{9\times3}{12} = \frac{27}{12} = \frac{9}{4} = 2\frac{1}{4}$

110. **Ans (D):**

पहले छिद्र द्वारा 1 मिनट में टैंक का खाली किया गया भाग = $\frac{1}{3}$

दूसरे छिद्र द्वारा 1 मिनट में टैंक का खाली किया गया भाग = $\frac{1}{5}$

: 1 मिनट में दोनों छिद्र द्वारा खाली किया गया भाग

$= \frac{1}{3} + \frac{1}{5} = \frac{5+3}{15} = \frac{8}{15}$

अत: पूरा टैंक $\frac{15}{8} = 1\frac{7}{8}$ मिनट में खाली हो जाएगा।

111. **Ans (D):**

पहले होल द्वारा लिया गया समय = 4 मिनट दूसरे होल द्वारा लिया गया समय = 12 मिनट

दोनों होलों द्वारा एक साथ लिया गया समय $= \frac{1}{4} + \frac{1}{12}$

$= \frac{3+1}{12} = \frac{4}{12}$

$= \frac{1}{3}$

अत: अभीष्ट समय = 3 मिनट

112. **Ans: (B)**

1 मिनट में टैंक का भरा हुआ भाग $= \frac{1}{30} - \frac{1}{90}$

$= \frac{3-1}{90} = \frac{1}{45}$

$\therefore$ टैंक 45 मिनट में भर जाएगा।

113. **Ans: (C)**

बर्तन को भरने में लगा समय

$= \frac{1}{12.5} - \frac{1}{25} = \frac{10}{125} - \frac{1}{25} = \frac{10-5}{125}$

$= \frac{5}{125} = \frac{1}{25}$

अत: बर्तन 25 मिनट में भर जायेगा।

114. **Ans: (C)**

भरने वाले नल द्वारा 1 मिनट में भरा गया भाग = $\frac{1}{20}$

तथा खाली करने वाले नल द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग = $\frac{1}{60}$

इसलिए दोनों नलों द्वारा 1 मिनट में भरा गया भाग = $\frac{1}{20} - \frac{1}{60}$

$= \frac{40}{20\times60} = \frac{1}{30}$

अत: दोनों के द्वारा टैंक को पूरा भरने में लगा समय = 30 मिनट

115. **Ans: (A)**

अभीष्ट समय $= \frac{1}{4} - \frac{1}{6}$

$= \frac{3-2}{12} = \frac{1}{12}$

अत: 12 घंटे में रिसाव टैंक को खाली कर देगा।

116. **Ans: (C)**

दोनों पाइप द्वारा एक मिनट का भराव कार्य

$= \frac{1}{15} - \frac{1}{30} = \frac{30-15}{15\times30}$

टैंक भरने में लगा समय $= \frac{30\times15}{30-15} = \frac{30\times15}{15} = 30$ मिनट

117. **Ans: (A)**

माना टैंक को भरने में T मिनट का समय लगता है।

प्रश्नानुसार,

$\frac{T-4}{12} + \frac{T}{16} = 1$

$\Rightarrow \frac{4(T-4)+3T}{48} = 1$

$\Rightarrow 4T - 16 + 3T = 48$

$\Rightarrow 7T - 16 = 48$

$\Rightarrow 7T = 48 + 16$

$\Rightarrow 7T = 64$

$\Rightarrow \mathrm{T} = \frac{64}{7} = 9\frac{1}{7}$ मिनट $= 9$ मिनट $\frac{1}{7} \times 60$ से0

$= 9$ मिनट 8.5 सेकेण्ड ≈ 9 मिनट 8 सेकण्ड

118. **Ans (D):**

माना कंटेनर की कुल क्षमता x ली. है। प्रश्नानुसार,

$\frac{3}{5}x - 38 = \frac{1}{8}x$

$\frac{3}{5}x - \frac{x}{8} = 38$

$\frac{24x-5x}{40} = 38$

$19x = 38 \times 40$

$x = 2 \times 40 \quad x = 80$ ली.

अत: कंटेनर की कुल क्षमता 80 ली. है।

119. **Ans: (B)**

पाइप X को $\frac{2}{3}$ भाग भरने में लगा समय = 10 घंटे

$\therefore$ पूरा भाग भरने में लगा समय $= 10 \times \frac{3}{2} = 15$ घंटा

पाइप Y को $\frac{1}{6}$ भाग भरने में लगा समय = 5 घंटे

$\therefore$ पूरा भाग भरने में लगा समय $= 5 \times 6 = 30$ घंटा

दोनों पाइप X और Y द्वारा एक साथ 1 घंटे में टंकी का भरा भाग

$= \frac{1}{30} + \frac{1}{15} = \frac{1+2}{30} = \frac{3}{30} = \frac{1}{10}$

$\therefore$ पूरा भाग भरने में लगा समय = 10 घंटा

120. **Ans: (B)**

माना तीन पाईप A, B एवं C है|

$A = 2 \times B$

$\mathrm{C} = \frac{1}{12.5}\mathrm{h}$ (खाली करता है।)

$\mathrm{A} + \mathrm{B} - \mathrm{C} = \frac{1}{2.5}$

$\mathrm{A} + \mathrm{B} = \frac{1}{2.5} + \frac{1}{12.5} = \frac{10}{25} + \frac{10}{125}$

$\mathrm{A} + \mathrm{B} = \frac{50+10}{125} = \frac{60}{125}$

$\because A = 2B$

$3\mathrm{B} = \frac{60}{125} \Rightarrow \mathrm{B} = \frac{20}{125} = \frac{4}{25}$

अत: कम क्षमता वाले पाईप को होज भरने में लगा समय $= \frac{25}{4} = 6.25$ घंटा

121. **Ans: (B)**

पहले पाइप द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{20}$

तथा दूसरी पाइप द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $= \frac{1}{30}$

इसलिए दोनों पाइपों का 1 घंटे का शुद्ध भराव कार्य

$= \left(\frac{1}{20} + \frac{1}{30}\right) = \left(\frac{3+2}{60}\right) = \left(\frac{5}{60}\right) = \frac{1}{12}$ भाग

अत: टंकी 12 घंटे में भर जायेगी।

122. **Ans (D):**

पहली पाइप द्वारा 1 मिनट में भरा गया भाग $= \frac{1}{20}$

निकासी पाइप द्वारा 1 मिनट में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{28}$

दोनों पाइप द्वारा 1 मिनट में भरा गया भाग $= \frac{1}{20} - \frac{1}{28}$

$= \frac{28-20}{20\times28} = \frac{8}{20\times28} = \frac{1}{70}$ भाग

अत: टंकी को भरने में लगा समय = 70 मिनट

123. **Ans: (B)**

माना पाइप P को टंकी भरने में x घंटे लगते हैं

तब Q को टंकी भरने में समय लगेगा x + 6

(P + Q) का एक घंटे का भराव कार्य $\frac{1}{4}$

P का एक घंटे का कार्य $\frac{1}{x}$

Q का एक घंटे का कार्य $\frac{1}{x+6}$

प्रश्नानुसार,

$\frac{1}{x} + \frac{1}{x+6} = \frac{1}{4}$

$\frac{(x+6)+(x)}{x(x+6)} = \frac{1}{4}$

$(2x+6) \times 4 = x^2 + 6x$

$8x + 24 = x^2 + 6x$

$x^2 - 2x - 24 = 0$

$x^2 - (6-4)x - 24 = 0$

$(x^2 - 6x) + (4x - 24) = 0$

$x(x-6) + 4(x-6) = 0$

$(x+4)(x-6) =$

$x - 6 = 0, x = 6$

अत: P अकेले टंकी को 6 घंटे में भर सकता है

124. **Ans (D):**

भरने वाले पाइप का 1 घंटे का कार्य $= \frac{1}{9}$ भाग

रिसाव और भरने वाले पाइप का 1 घंटे का कार्य $= \frac{1}{10}$ भाग

रिसाव द्वारा टंकी का 1 घंटे में खाली किया गया भाग $= \frac{1}{9} - \frac{1}{10}$

$= \frac{10-9}{90} = \frac{1}{90}$

अत: रिसाव द्वारा टंकी 90 घंटे में खाली हो जायेगी।

125. **Ans: (A)**

माना पहले इनलेट द्वारा टंकी को भरने में लगा समय x घंटा है।

दूसरे इनलेट द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = (x + 5) घंटा

तीसरे इनलेट द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = (x + 9) घंटा

प्रश्नानुसार-

$\frac{1}{x}+\frac{1}{x+5}=\frac{1}{x+9}$

$\frac{2x+5}{x^2+5x}=\frac{1}{x+9}$

$2x^2+5x+18x+45=x^2+5x$

$x^2+18x+45=0$

$x^2+15x+3x+45=0$

$x(x+15)+3(x+15)=0$

$(x+15)+(x+3)=0$

$x+15=0$ या $x+3=0$

$x=-15$ (∵ समय ऋणात्मक नहीं होता है)

∴ x = 15 घंटा

अत: पहले इनलेट द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = 15 घंटा

126. Ans. (D)

एक नल द्वारा 1 घण्टे में टैंक का भरा गया भाग $=\frac{1}{6}$

एक समान 4 नलों द्वारा 1 घण्टे में भरा गया भाग $=\frac{4}{6}=\frac{2}{3}$

अत: चार नल मिलकर 3/2 घण्टे या 90 मिनट में पूरा टैंक भर सकते हैं।

आधा टैंक भरने में लगा समय $=\frac{90}{2}=45$ मिनट पहले नल द्वारा आधा टैंक भरने में लगा समय = 3 घण्टा

इस प्रकार टैंक को भरने में लगा कुल समय = 3 घण्टा 45 मिनट

127. Ans (D):

6 और 4 का ल.स. =12 यूनिट कार्य

P 1 घण्टे का कार्य =2 यूनिट

Q के 1 घण्टे का कार्य = 3 यूनिट

(P + Q) के 2 घण्टे का कार्य = 5 यूनिट


अत: 2 × 2 घण्टे का कार्य =5 × 2=10 यूनिट

शेष कार्य = 2 यूनिट

∴ 2 यूनिट कार्य समाप्त करने में P को लगा समय =1 घंटा

∴ टंकी को भरने में लगा समय = 2 × 2 + 1 = 5 घंटा

128. Ans: (A)



माना टंकी की कुल क्षमता 120 ली. की है [60,40 का ल.स. =120]

∵ 1 मिनट में 3 ली. पानी भरता है।

∴ 30 मिनट में भरेगा $=3\times30=90$

टंकी का शेष बची हुई मात्रा $=120-90=30$ ली.

बचे हुए मात्रा को P भरता है $\Rightarrow\frac{30}{2}=15$ मिनट नल P व Q को भरने में लगा समय $=30+15=45$ मिनट

129. Ans. (A)

पाइप P का 1 मिनट का भराव कार्य $=\frac{1}{32}$ भाग

पाइप Q का 1 मिनट का भराव कार्य $=\frac{1}{48}$ भाग

पाइप P शुरू से अन्त तक काम करेगा P का 24 मिनट का भराव कार्य $=\frac{24}{32}=\frac{3}{4}$ भाग

शेष भराव कार्य $=1-\frac{3}{4}=\frac{1}{4}$ भाग

शेष भराव कार्य Q द्वारा करने में लगा समय $=\frac{1}{4}\times48=12$ मिनट

अत: पाइप Q को 12 मिनट बाद बंद किया गया था।

130. Ans: (B)

माना नल Q को बाल्टी भरने में लगा अतिरिक्त समय = t मिनट

प्रश्नानुसार,

$\frac{3}{12}+\frac{3+t}{15}=1$

$\frac{3+t}{15}=1-\frac{1}{4}$

$\frac{3+t}{15}=\frac{3}{4}$

$12+4t=45$

$4t=33$

$t=\frac{33}{4}$

$t=8\frac{1}{4}=8$ मि. 15 सेकंड

131. Ans (D):

$\frac{1}{12}-\frac{1}{20}=\frac{20-12}{240}=\frac{8}{240}$

$=30\times20=600$ लीटर

132. Ans: (C)

दूसरे नल का 1 घण्टे का शुद्ध भराव कार्य

$=\left(\frac{1}{8}-\frac{1}{12}\right)=\frac{1}{24}$

अगर दूसरा नल छेद न होता तो टंकी 24 घंटे में भर देता

∴ टंकी धारिता $=6\times24=144$ लीटर

133. Ans: (C)

$80\%-66\frac{2}{3}\%=2$लीटर

$\frac{240-200}{3}\%=2$लीटर

$\frac{40}{3}\%=2$लीटर

अत: बाल्टी की क्षमता = 15 लीटर

134. Ans: (B)

माना धीमी गति वाला पाईप टंकी को x मिनट में भरता है

तब तेज गति वाला पाइप इसे $\frac{x}{3}$ मिनट में भरेगा।

∴ $\frac{1}{x}+\frac{3}{x}=\frac{1}{36}$

$\frac{4}{x}=\frac{1}{36}$

$=144$

अत: धीमी गति वाला पाईप टंकी को 144 मिनट में भरेगा।

135. **Ans (D):**

माना दक्षता के अनुसार P, Q, R पाइपों द्वारा टंकी के भरने में लगा समय क्रमश: 4 x, 2 x तथा x घंटा है।

प्रश्नानुसार-

$\frac{1}{4x}+\frac{1}{2x}+\frac{1}{x}=\frac{1}{8}$

$\frac{1+2+4}{4x}=\frac{1}{8}$

$\frac{7}{4x}=\frac{1}{8}$

$x = 14$ घंटे

अत: Q द्वारा टंकी को भरने में लगा समय = 2x

= 2 × 14 = 28 घंटे

136. **Ans: (C)**

	P		Q		R
समय	2	:	1	:	6
क्षमता	$\frac{1}{2}$	:	$\frac{1}{1}$	:	$\frac{1}{6}$

2, 6 का LCM = 6

$\frac{1}{2}\times 6$: $\frac{1}{1}\times 6$: $\frac{1}{6}\times 6$

3 : 6 : 1

अत: Q नल की क्षमता ज्यादा है तो यही नल सबसे तेज होगा।

137. **Ans: (C)**

P, Q एवं R द्वारा 1 मिनट में भरा भाग

$=\frac{1}{30}+\frac{1}{20}+\frac{1}{10}$

$\frac{2+3+6}{60}=\frac{11}{60}$

R द्वारा 3 मिनट में भरा गया विलयन $=\frac{1}{10}\times 3=\frac{3}{10}$

विलयन U का R से अनुपात $=\frac{\frac{3}{10}}{\frac{11}{20}}=\frac{3\times 20}{11\times 10}=\frac{6}{11}$

14. (Simple Interest)

1. 6% वार्षिक ब्याज की दर से 2500 रु. पर 2 साल 3 महीने में मिलने वाला ब्याज कितना होगा?

RRB Group-D - 05/10/2018 (Shift-I)

(A) 423.50 rs. **(B)** 445 rs.
(C) 337.50 rs. **(D)** 375 rs.

2. 1600 रु. की राशि पर 10 वर्षों में कितना ब्याज प्राप्त होगा? यदि ब्याज की दर 7.25% वार्षिक हो।

RRB Group-D - 20/09/2022 (Shift-I)

(A) 1240 rs. **(B)** 1160 rs.
(C) 1220 rs. **(D)** 1180 rs.

3. सारथी ने एक बैंक में 3,125 रु. जमा किए, जिस पर बैंक द्वारा 8% साधारण ब्याज वार्षिक देय था। यदि सारथी ने धन 5 साल के लिए बैंक में रखा, तो वह कितना ब्याज अर्जित करेगा?

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-II)

(A) 1,290 rs. **(B)** 1,250 rs.
(C) 1,240 rs. **(D)** 1,280 rs.

4. 4.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4,600 रु. पर 5 वर्षों में कितना ब्याज मिलेगा?

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-III)

(A) 1,020 rs. **(B)** 1,025 rs.
(C) 1,035 rs. **(D)** 1,045 rs.

5. 5.25% साधारण ब्याज प्रति वर्ष पर 3,250 रु. की राशि पर 8 वर्षों में____ब्याज अर्जित होगा।

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-III)

(A) 1,425 rs. **(B)** 1,395 rs.
(C) 1,365 rs. **(D)** 1,465 rs.

6. अक्षय 2 वर्षों के लिए 6% साधारण वार्षिक ब्याज की दर पर 3000 रु. उधार लेता है और समान राशि को 2 साल के लिए 9% वार्षिक साधारण ब्याज पर अपने दोस्त को उधार दे देता है। अक्षय को एक साल में कितना लाभ होगा?

RRB Group-D - 25/11/2022 (Shift-II)

(A) 90 rs. **(B)** 180 rs.
(C) 120 rs. **(D)** 150 rs.

7. 1,640 रु. पर 7.5% की साधारण वार्षिक ब्याज की दर से 6 वर्षों में प्राप्त राशि कितनी होगी?

RRB Group-D - 25/11/2022 (Shift-I)

(A) 750 rs. **(B)** 748 rs.
(C) 742 rs. **(D)** 738 rs.

8. एक राशि समान साधारण ब्याज दर पर 5 वर्षों में 457 रु. और 10 वर्षों में 574 रु. हो जाती है। राशि का मान (रुपयों में) ज्ञात करें।

RRB Group D - 06/12/2018 (Shift-II)

(A) 500 rs. **(B)** 280 rs.
(C) 340 rs. **(D)** 420 rs.

9. एक मिश्रित धनराशि पर, 12% की वार्षिक दर से $\frac{5}{2}$ वर्ष में प्राप्त होने वाला साधारण ब्याज उसी धनराशि पर 10% की वार्षिक दर से $\frac{7}{2}$ वर्ष में प्राप्त होने वाले साधारण ब्याज से 50 रु. कम है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 18/11/2022 (Shift-II)

(A) 1,500 rs. **(B)** 1,000 rs.
(C) 2,5000 rs. **(D)** 1,200 rs.

10. 8% साधारण ब्याज की दर पर, एक राशि $6\frac{3}{4}$ वर्षों में 924 रु. हो जाती है। आरंभ में कितनी राशि जमा की गई थी:

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-III)

(A) 626 rs. **(B)** 650 rs.
(C) 600 rs. **(D)** 675 rs.

11. किसी धनराशि पर 12% प्रतिवर्ष साधारण ब्याज की दर से 4 वर्षों के ब्याज और इसी धनराशि पर 9% प्रतिवर्ष साधारण ब्याज की दर से 5 वर्षों के ब्याज का अंतर 412.50 रु. है। धनराशि क्या है?

RRB Group-D - 03/12/2018 (Shift-II)

(A) 13,900 rs. **(B)** 14,630 rs.
(C) 14,080 rs. **(D)** 13,750 rs.

12. एक व्यक्ति के पास 2000 रु. हैं। वह राशि का एक भाग 5% साधारण ब्याज दर पर और शेष राशि को 4% साधारण ब्याज दर पर देता है। 1 वर्ष बाद वह 96 रु. कमाता है। 4% ब्याज दर पर उसने कितनी राशि दी थी?

RRB Group-D - 26/10/2018 (Shift-II)

(A) 500 rs. **(B)** 480 rs.
(C) 400 rs. **(D)** 420 rs.

13. 600 रु. दो व्यक्तियों को दिए गए, जिसमें से पहले व्यक्ति को 5% वार्षिक ब्याज दर पर और दूसरे व्यक्ति को 10% वार्षिक ब्याज दर पर दिए गए। एक वर्ष बाद, दोनों के ब्याज का योग 40 रु. है। पहले व्यक्ति को दी गई राशि ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 27/11/2018 (Shift-I)

(A) 400 rs. **(B)** 420 rs.
(C) 380 rs. **(D)** 200 rs.

14. 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 2 वर्ष 9 महीनो के लिए निवेश की गई एक धनराशि इस अवधि के अंत में 915 रु. हो जाती है। आरंभ मे कितनी राशि निवेश की गई थी?

RRB Group-D - 05/11/2018 (Shift-II)

(A) 725 rs. **(B)** 700 rs.
(C) 675 rs. **(D)** 750 rs.

15. प्रति वर्ष 16% साधारण ब्याज दर पर निवेशित राशि पर 3.5 वर्षो में प्राप्त ब्याज एक दूसरी राशि को 5 वर्षो के लिए प्रति 12.6% साधारण ब्याज दर पर निवेश करने पर प्राप्त ब्याज के बराबर है। दोनों निवेशित राशियों का अनुपात क्या है?

RRB Group-D - 11/12/2018 (Shift-I)

(A) 14:9 **(B)** 8: 7
(C) 9: 8 **(D)** 6: 5

16. जब एक राशि का निवेश 5 वर्षों के लिए किया गया, तो इससे 5,250 रु. की राशि प्राप्त हुई। यदि प्रति वर्ष साधारण ब्याज 2% अधिक होता, तो प्राप्त हुई राशि 5,600 रु. होनी थी। निवेश की राशि कितनी थी।

RRB Group-D - 04/10/2018 (Shift-I)

(A) 4,000 rs. **(B)** 3,750 rs.
(C) 3,250 rs. **(D)** 3,500 rs.

17. जब किसी राशि को 5 साल के लिए निवेश किया जाता है, तो राशि 3,640 रु. हो जाती है। यदि साधारण ब्याज की दर पहले से 2% प्रति वर्ष अधिक की जाती है तो यह राशि 3,920 रु. हो जाती है। निवेश की गई मूल राशि है।

RRB Group-D - 25/11/2022 (Shift-III)

(A) 2,560 rs. **(B)** 2,690 rs.
(C) 2,750 rs. **(D)** 2,800 rs.

18. एक निश्चित राशि 28.75% की वार्षिक ब्याज दर से कितने वर्षों में दो गुनी हो जाएगी?

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-III)

(A) 6.00 **(B)** 3.47
(C) 3.00 **(D)** 3.90

19. किस दर प्रतिशत पर एक राशि 15 वर्षों में दो-गुनी हो जाएगी?

RRB Group-D - 16/11/2018 (Shift-III)

(A) 50% **(B)** 25%
(C) $\frac{20}{3}$% **(D)** 33.33%

20. 6 वर्ष के लिए 775 का निवेश करने पर ब्याज के रूप में 372 रु. प्राप्त होते हैं। साधारण ब्याज की वार्षिक दर क्या है?

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-III)

(A) 7% **(B)** 8%
(C) 9% **(D)** 7.5%

21. मणि एक बैंक में 12,500 रु. जमा करता है और यह साधारण ब्याज की दर से 6 वर्ष में 15,500 रु. हो जाता है। ब्याज की दर क्या है?

RRB Group-D - 11/10/2018 (Shift-II)

(A) 4% **(B)** 5%
(C) 3% **(D)** 6%

22. 1,125 रु. को तीन महीने के लिए निवेश करने पर 27 रु. का ब्याज प्राप्त होता है। साधारण ब्याज की वार्षिक दर कितनी होगी?

RRB Group-D - 22/11/2022 (Shift-I)

(A) 7.2% **(B)** 12%
(C) 9.6% **(D)** 2.4%

23. 6 वर्षों के लिए निवेश की गई धनराशि 1775 रु. पर 852 रु. ब्याज मिलता है। प्रति वर्ष साधारण ब्याज दर क्या है?

RRB Group-D - 03/12/2018 (Shift-III)

(A) 8% **(B)** 9%
(C) 7% **(D)** 7.5%

24. यदि 2 वर्ष में 600 रु. मूल्य के बिल की कीमत 660 रु. हो जाती है तो प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर क्या है?

RRB Group-D - 12/11/2018 (Shift-I)

(A) 10% **(B)** 4%
(C) 6% **(D)** 5%

25. नेहा की रु.8000 की राशि एक निश्चित साधारण ब्याज दर पर 3 वर्षों के बाद रु.9200 हो जाती है। यदि ब्याज दर 2% बढ़ जाती, तो उसे कितनी राशि प्राप्त होती?

RRB Group-D - 22/10/2018 (Shift-III)

(A) rs.8900 **(B)** rs. 9800
(C) rs.2000 **(D)** rs. 9680

26. रु.800 की राशि साधारण ब्याज की एक निश्चित दरपर 3 वर्षो में रु.956 हो जाती है। यदि ब्याज की दर 4 % बढ़ जाती है, तो रु.800 की राशि 3 वर्षों में कितनी हो जाएगी?

RRB RPF SI - 10/01/2019 (Shift-I)

(A) rs.1025 **(B)** rs. 1020.80
(C) rs.1052 **(D)** rs.1054

27. किसी निश्चित राशि पर साधारण ब्याज मूलधन का 1/36 है। यदि ब्याज की दर और वर्षों की संख्या बराबर हो, तो ब्याज की दर कितनी है?

RRB Group-D -12/11/2018 (Shift-III)

(A) $\frac{6}{19}\%$ **(B)** $\frac{5}{3}\%$

(C) $\frac{10}{3}\%$ **(B)** $\frac{10}{12}\%$

28. 3 माह के लिए 1,080 रु. का निवेश करने पर 27 रु. ब्याज प्राप्त हुआ। सालाना साधारण ब्याज की दर थी:

RRB Group-D - 11/10/2018 (Shift-I)

(A) 7.5% **(B)** 5%

(C) 2.5% **(D)** 10%

29. 3 महीनों के लिए निवेश किए गए 875 रु. पर 21 रु. ब्याज मिलता है। साधारण ब्याज की प्रति वर्ष दर कितनी थी?

RRB Group-D - 01/10/2018 (Shift-I)

(A) 12% **(B)** 2.4%

(C) 7.2% **(D)** 9.6%

30. रघु ने 1000 रु. का निवेश किया है और x वर्ष के बाद 1300 प्रति वर्ष 6% की सामान्य ब्याज दर पर प्राप्त किया। x का मान ज्ञात करें?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-I)

(A) 2 year **(B)** 5 year

(C) 3 year **(D)** 4 year

31. कितने समय में 1,800 रु. प्रति वर्ष 5% की दर से 390 रु. का साधारण ब्याज निकलेगा?

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-II)

(A) 5 year 2 month **(B)** 5 year 4 month

(C) 4 year 4 month **(D)** 4 year 2 month

32. एक निश्चित राशि पर साधारण ब्याज मूल राशि का 9/4 है। यदि वर्षों की संख्या और ब्याज दर समान हो, तो राशि कितनी अवधि के लिए जमा करवाई गई थी?

RRB Group-D - 26/10/2018 (Shift-III)

(A) 12 year **(B)** 5.5 year

(C) 15 year **(D)** 7.5 year

33. रु. 5000 पर दो वर्षों के लिए बैंकों द्वारा दिए गए साधारण ब्याज में अंतर रु. 25 है। दोनों बैंकों की ब्याज दर के बीच अंतर बताएं:

RRB Group-D - 23/10/2018 (Shift-III)

(A) 0.25% **(B)** 0.60%

(C) 1% **(D)** 0.10%

34. विमल ने 5000 रु. का ऋण कमल को 2 साल के लिए और सुमल को 3,000 रु. का ऋण 4 साल के लिए साधारण ब्याज पर एक ही ब्याज दर पर उधार दिया है और दोनों से ब्याज के रूप में 2,200 रु. प्राप्त किया है। प्रतिवर्ष ब्याज दर की गणना करें-

RRB Group-D - 10/10/2018 (Shift-III)

(A) 13% **(B)** 15%

(C) 23% **(D)** 10%

35. अनुज ने सालाना 12% की सामान्य ब्याज दर पर 3 साल के लिए एक योजना में कुछ पैसे निवेश किए। इसके अलावा, उसने 2 साल के लिए दूसरी योजना में तिगुना निवेश किया। यदि उसने दोनों योजनाओं से समान साधारण ब्याज अर्जित किया है, तो दूसरी योजना की सामान्य ब्याज दर क्या है?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-III)

(A) 12% per year **(B)** 18% per year

(C) 6% per year **(D)** 9% per year

36. 6.25% वार्षिक ब्याज की दर से 5000 रु. की राशि का 5 फरवरी 2017 से 19 अप्रैल 2017 तक का साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

RRB RPF SI - 10/01/2019 (Shift-I)

(A) 62.50 rs. **(B)** 48.50 rs.

(C) 64 rs. **(D)** 80 rs.

37. 3680 रु. पर 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर 2.5 साल में कितना ब्याज प्राप्त होगा?

RRB RPF Constable - 17/01/2019 (Shift-III)

(A) 368 rs. **(B)** 92 rs.

(C) 184 rs. **(D)** 274 rs.

38. एक मिश्रित धनराशि का 5 वर्ष के लिए एक मिश्रित दर से साधारण ब्याज पर निवेश किया गया। यदि यह 10% अधिक दर पर निवेश किया गया होता तो 2000 रूपये अधिक प्राप्त हुये होते। निवेश किया गया मूलधन क्या था?

RRB RPF Constable - 22/01/2019 (Shift-II)

(A) 3500 rs. **(B)** 4000 rs.

(C) 4500 rs. **(D)** 5000 rs.

39. 6% साधारण ब्याज प्रति वर्ष पर $3\frac{3}{4}$ वर्षो के अंत पर एक राशि से कुल राशि 2,940 रु. प्राप्त होती है। निवेश की गई राशि कितनी थी?

RRB RPF SI - 11/01/2019 (Shift-III)

(A) 2,350 rs. **(B)** 2,400 rs.

(C) 2,550 rs. **(D)** 2,600 rs.

40. 9.5% प्रति वर्ष साधारण ब्याज दर पर छह साल के लिए निवेश किए गए धन पर अर्जित ब्याज 456 रु. था। निवेश की गई राशि क्या थी?

RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-II)

(A) 750 rs. **(B)** 775 rs.

(C) 800 rs. **(D)** 850 rs.

41. किस दर पर कोई धनराशि बारह वर्ष में स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

RRB RPF SI - 12/01/2019 (Shift-II)

(A) 8% **(B)** $8\frac{1}{2}\%$

(C) $8\frac{1}{3}\%$ **(D)** $8\frac{1}{4}\%$

42. 4 वर्ष के लिए 5000 रु. तथा 5 वर्ष के लिए 4000 की जमा राशियों पर साधारण ब्याज की एक समान वार्षिक दर होने पर कुल 2,400 रु. की ब्याज राशि प्राप्त होती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)

(A) 4% **(B)** 7%
(C) 6% **(D)** 9%

43. यदि कोई राशि 4 वर्षों में 20720 रु. और 6 वर्षों में 24080 रु. हो जाती है, तो वह राशि और साधारण ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

RRB RPF SI - 05/01/2019 (Shift-III)

(A) $16000\ rs.,8\%$ **(B)** $14000\ rs.,10\%$
(C) $14000\ rs.,12\%$ **(D)** $16000\ rs.,12\%$

44. कितने समय में एक धनराशि दोगुनी हो जायेगी, यदि 12.5% की साधारण वार्षिक दर से निवेश किया जाए?

RRB RPF SI - 16/01/2019 (Shift-I)

(A) 6 year **(B)** 7 year
(C) 9 year **(D)** 8 year

45. 2 वर्षों के लिए प्रति वर्ष 4% साधारण ब्याज की दर से, मूलधन 3,675 रु. पर अर्जित ब्याज कितना होगा?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-II)

(A) 289.50 rs. **(B)** 292 rs.
(C) 294 rs. **(D)** 288.50 rs.

46. 8.5% साधारण वार्षिक ब्याज के दर पर 6 वर्षों के लिए निवेशित 2,000 रु. की राशि पर कितना ब्याज प्राप्त होगा?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-III)

(A) 935 rs. **(B)** 1,020 rs.
(C) 510 rs. **(D)** 1,275 rs.

47. 5 साल के लिए प्रतिवर्ष 9% सरल ब्याज पर निवेश किया गया x रु. उतनी ही ब्याज पैदा करता है, जितना y रु. के निवेश पर 4 साल के लिए प्रतिवर्ष 7.5% सरल ब्याज मिलता है। x : y खोंजें।

RRB ALP & Tec. (30-08-18 Shift-III)

(A) 45:30 **(B)** 2:3
(C) 16:15 **(D)** 8:9

48. साथी ने एक बैंक में 825 रु. जमा किए जिसने 8% वार्षिक साधारण ब्याज का वादा किया था। यदि साथी बैंक में 5 साल तक पैसा रखती है तो वह इस पर कितना ब्याज अर्जित करेगी:

RRB ALP & Tec. (20-08-18 Shift-I)

(A) 280 rs. **(B)** 330 rs.
(C) 290 rs. **(D)** 480 rs.

49. 5 वर्षों के लिए प्रति वर्ष साधारण ब्याज 9% की दर से x रु. को निवेश करने पर उतना ही ब्याज मिलता है जितना कि 8 वर्षों के लिए प्रति वर्ष साधारण ब्याज 6.25% के दर से y रु. को निवेश करने पर मिलता है। x : y ज्ञात करें?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-III)

(A) 16: 15 **(B)** 10: 9
(C) 45: 50 **(D)** 5: 8

50. एक धनराशि 5% वार्षिक साधारण ब्याज पर $3\frac{1}{4}$ वर्ष के अंत में कुल 2,790 रु. हो जाती है। निवेश की गई राशि कितनी थी?

RRB ALP & Tec. (17-08-18 Shift-II)

(A) 2,350 rs. **(B)** 2,400 rs.
(C) 2,600 rs. **(D)** 2,550 rs.

51. राही ने किसी बैंक में 600 रु. की धनराशि को जमा कराया जिस पर उसे 8% प्रति वर्ष का साधारण ब्याज प्राप्त होना है। यदि राही ने 5 वर्षों तक बैंक में धनराशि को रखा तो उसे ब्याज के रूप में कितनी राशि प्राप्त होगी?

RRB ALP & Tec. (14-08-18 Shift-II)

(A) 240 rs. **(B)** 200 rs.
(C) 280 rs. **(D)** 480 rs.

52. 6% प्रतिवर्ष साधारण ब्याज के दर पर एक धनराशि $6\frac{1}{2}$ वर्षो में 834 रु. हो जाती है। प्रारंभ में निवेशित की गई राशि क्या थी?

RRB ALP & Tec. (13-08-18 Shift-I)

(A) 600 rs. **(B)** 626 rs.
(C) 675 rs. **(D)** 650 rs.

53. किसी धनराशि को 4 वर्ष के लिए 7.5% वार्षिक दर पर साधारण ब्याज पर निवेश किया गया था। यदि निवेश 5 वर्ष के लिए होता तो अर्जित ब्याज 375 रु. अधिक होता। आरंभ में निवेश की गई राशि कितनी थी?

RRB ALP & Tec. (09-08-18 Shift-II)

(A) 4,500 rs. **(B)** 5,000 rs.
(C) 3,750 rs. **(D)** 4,750 rs.

54. 8% प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर पर निवेशित x रु. पर 5 वर्ष का ब्याज उतना ही है जितना कि 7.5% साधारण वार्षिक ब्याज दर पर 6 वर्षो के लिए निवेशित राशि y रु. पर x : y ज्ञात करें -

RRB ALP & Tec. (21-08-18 Shift-I)

(A) 9: 8 **(B)** 5: 6
(C) 16: 15 **(D)** 40: 45

55. 750 रु. की निवेशित राशि पर 3 महीने का ब्याज 18 रु. है। प्रति वर्ष साधारण ब्याज का दर क्या है?

RRB ALP & Tec. (09-08-18 Shift-II)

(A) 2.4% **(B)** 9.6%
(C) 7.2% **(D)** 12%

56. एक उधार ली गयी राशि पर x वर्ष में 6% की वार्षिक दर से बनने वाला ब्याज इसके मूलधन का 1/3 है। x ज्ञात करें।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 2

(A) $5\frac{5}{9}$ **(B)** $4\frac{2}{29}$
(C) $6\frac{3}{7}$ **(D)** $5\frac{3}{4}$

57. एक निश्चित धनराशि पर 12% की दर से 6 वर्ष तथा 12 वर्ष में अर्जित साधारण ब्याज का अनुपात कितना है?

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 1

(A) 1: 2 **(B)** 2: 3
(C) 3: 4 **(D)** 4: 5

58. 50 रूपये का 6 महीनों में प्रत्येक महीने के लिए 10 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

(A) 35 rs. **(B)** 40 rs.
(C) 25 rs. **(D)** 30 rs.

59. साधारण ब्याज की एक मिश्रित दर पर 800 रुपये 3 वर्ष में 956 रुपये हो जाता है। यदि इसी अवधि में यह मूलधन 1052 रुपये हो जाता है तो ब्याज की दर में वृद्धि का प्रतिशत क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift : 2

(A) 7% **(B)** 4%
(C) 5% **(D)** 9.5%

60. 500 रु. का 7% की वाषिक दर से और 700 रु. का 10% की वार्षिक दर से और 1000 रु. का 4% की वार्षिक दर से 3 वर्ष का कुल साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 3

(A) 435 **(B)** 500
(C) 700 **(D)** 1000

61. 2000 रूपये का 8.25% की वार्षिक दर से 9 मार्च 2010 से 21 मई, 2010 के बीच का सन्निकट साधारण ब्याज ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 3

(A) 43 rs. **(B)** 37 rs.
(C) 33 rs. **(D)** 40 rs.

62. रीता ने 4 वर्ष के लिए 2.5% की दर पर एक राशि का निवेश किया। सीता ने 6 वर्ष के लिए उसी दर पर समान राशि का निवेश किया। सीता द्वारा अर्जित साधारण ब्याज पर रीता द्वारा अर्जित साधारण ब्याज से अनुपात क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift : 2

(A) 3: 2 **(B)** 2: 3
(C) 1: 3 **(D)** 1: 4

63. सुष्मिता 900 रु., 6% प्रतिशत साधारण ब्याज की वार्षिक दर पर लेती हैं, 4 वर्ष बाद उसे कितनी धनराशि वापस करनी होगी?

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 2

(A) 261 rs. **(B)** 1161 rs.
(C) 1116 rs. **(D)** 216 rs.

64. उस मूलधन का पता लगाये जो साधारण ब्याज का 8% वार्षिक दर से 9 महीने में 1000 रूपये हो जाता है?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 3

(A) 781.40 rs. **(B)** 981.40 rs.
(C) 943.40 rs. **(D)** 843.40 rs.

65. एक मूलधन का y% की दर से 'y' वर्षो के लिए साधारण ब्याज y रूपये हैं। मूलधन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 09/05/2022 Shift : 1

(A) $100 \div y$ **(B)** $100 \times y$
(C) $100y^2$ **(D)** $100 \div y^2$

66. 10 वर्षो में एक निश्चित धनराशि, किस साधारण ब्याज दर से स्वयं का दोगुनी हो जाएगी?

RRB NTPC 10/08/2022Shift : 2

(A) 7% **(B)** 8%
(C) 9% **(D)** 10%

67. एक धनराशि (P) 10 वर्षो में 2 गुनी हो जाती है। साधारण ब्याज की उसी दर पर यह धनराशि 20 वर्षो में कितनी हो जायेगी?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift : 3

(A) P **(B)** 2P
(C) 3P **(D)** 4P

68. एक धनराशि 5 वर्षो में स्वयं का 3 गुना हो जार्ती है। समान ब्याज दर पर यह धनराशि स्वयं का 5 गुना कितने वर्षो में हो जायेगी?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 5 year **(B)** 10 year
(C) 9 year **(D)** 8 year

69. वह साधारण ब्याज दर ज्ञात करें, जिस पर एक धनराशि साधारण ब्याज की दर से 10 वर्ष में पांच गुनी हो जाती है।

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 2

(A) 40% **(B)** 35%
(C) 25% **(D)** 50%

70. Z ने 4 वर्ष बाद 10% वार्षिक साधारण ब्याज सहित रु.10,920 चुकाए। उसने कितने रूपये उधार लिये थे?

RRB NTPC 10/08/2022Shift-1

(A) rs. 7,600 **(B)** rs. 7,800
(C) rs.8,200 **(D)** rs. 7,400

71. एक निश्चित धनराशि P का R% प्रति वार्षिक दर पर साधारण ब्याज P का $\left(\frac{9}{16}\right)$ वाँ भाग है। यदि R, वर्षो की संख्या (N) के बराबर हो तो N का मान ज्ञात करो-

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-2

(A) 8.5 **(B)** 7
(C) 7.5 **(D)** 6

72. एक निश्चित धनराशि के समान साधारण ब्याज की दर से 3 वर्ष और 5 वर्ष बाद परिपक्वता मूल्य क्रमश: 8255 रु. और 9,425 रु. है। ब्याज का वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 12/08/2022Shift : I

(A) 9% **(B)** 8%
(C) 7% **(D)** 6%

73. प्राची 550 रूपये 5% की दर से साधारण वार्षिक ब्याज पर लेती है। 4 वर्ष बाद उसे कितनी धनराशि अदा करनी होगी?

RRB NTPC 11/08/2022Shift : 3

(A) 101 **(B)** 606
(C) 660 **(D)** 110

74. 1500 रुपये की राशि का साधारण ब्याज पर मिश्रधन 2 वर्ष में 1800 रूपये हो जाता है। यदि ब्याज की दर में 5% की वृद्धि की जाए, तो मिश्रधन कितना हो जायेगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 1

(A) rs.1500 **(B)** rs.1900
(C) rs. 1950 **(D)** rs.2000

75. 12% की दर से साधारण ब्याज प्रत्येक छ: महीने के अंत में मूलधन में जोड़ी जाती है, तो ब्याज की वार्षिक प्रभावी दर कितनी होगी?

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 2

(A) 12.34% **(B)** 12.26%
(C) 12.38% **(D)** 12.36%

76. राम ने शिव को 3 वर्षों के लिए 6000 रु. तथा कृष्ण को 5 वर्षो के लिए 8000 रु. एक समान साधारण ब्याज की वार्षिक दर से उधार दिए, उसे दोनों से कुल 5220 रु. ब्याज राशि मिली। ब्याज की वार्षिक दर का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022Shift : III

(A) 6% **(B)** 7%
(C) 8% **(D)** 9%

77. जमा की गयी 8,500 रु. की राशि का 3 वर्ष में साधारण ब्याज 2,040 रु. है। ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 1

(A) 8% **(B)** 8.5%
(C) 9% **(D)** 7.5%

78. 7800 रु. का 2 वर्ष 8 महीने का साधारण ब्याज 1976 रु. है। ब्याज की वार्षिक दर ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 8.5% **(B)** 9%
(C) 9.5% **(D)** 10%

79. दी गई ब्याज की दर के प्रतिशत और समय का संख्यात्मक मान बराबर है तथा एक राशि पर साधारण ब्याज मूलधन का 9/16 है। साधारण ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 3

(A) 9/2% **(B)** 11%
(C) 15/2% **(D)** 12%

80. यदि 8 वर्ष की अवधि में अर्जित ब्याज मूलधन के बराबर है, तो लागू की गयी साधारण ब्याज की दर क्या है?

RRB NTPC 12/08/2022Shift : 1

(A) 8 **(B)** 10.5
(C) 12 **(D)** 12.5

81. एक निश्चित धनराशि पर 2 वर्षों में 10% वार्षिक ब्याज की दर से रु.2000 साधारण ब्याज मिलता है। यदि इसी धनराशि पर ब्याज वार्षिक संयोजित होता है तो दोनों प्रकार के ब्याज का अंतर कितना होगा?

RRB NTPC 11/08/2022Shift : 3

(A) rs.200 **(B)** rs. 220
(C) rs. 100 **(D)** rs. 120

82. कितने समय में 4000 रु. (मूलधन) का 6% प्रतिवर्ष की ब्याज दर पर साधारण ब्याज 400 रु. हो जाएगा?

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

(A) 20 month **(B)** 22 month
(C) 14 month **(D)** 18 month

83. कितने समय में एक धनराशि 25% साधारण ब्याज की दर से स्वयं की 7/6 हो जाएगी?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

(A) 6 month **(B)** 8 month
(C) 9 month **(D)** 10 month

84. कितने समय में 8,750 रु. का साधारण ब्याज 8 प्रतिशत की वार्षिक दर से मूलधन का 6/25वाँ हो जायेगा?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 2

(A) 3 year **(B)** 4 year
(C) 2 year **(D)** 5 year

85. M ने कुछ धनराशि 1 वर्ष के लिए एक निश्चित साधारण ब्याज की दर से उधार ली। लेकिन ब्याज की दर में 2 % की वृद्धि कर दी जाती है तब साधारण ब्याज का अन्तर रु.120 हैं। मूलधन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 12/08/2022Shift : 2

(A) rs.4,000 **(B)** rs. 5,000
(C) rs. 6,000 **(D)** rs.7,000

86. $12\frac{1}{2}\%$ प्रति वर्ष साधारण ब्याज की दर पर निवेश की गई राशि कितने समय में तिगुनी हो जाएगी?

RRB Paramedical - 20/07/2018 (Shift-II)

(A) 12 year **(B)** 8 year
(C) 16 year **(D)** 4 year

87. एक व्यक्ति साधारण ब्याज की 4% प्रतिवर्ष की दर से 2 वर्ष के लिए 5000 रु. उधार लेता है वह इसे 2 वर्ष के लिए 6.25% की वार्षिक दर पर अन्य व्यक्ति को दे देता है। प्रतिवर्ष उसके द्वारा प्राप्त लाभ ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)

(A) 150 rs. **(B)** 112.50 rs.
(C) 167.50 rs. **(D)** 125 rs.

88. किसी धनराशि पर 10 वर्ष बाद साधारण ब्याज 600 रु. होगा। यदि 5 वर्ष बाद मूलधन को तीन गुना बढ़ा दिया जाता है, तो 10 वर्ष बाद कुल ब्याज कितना होगा?

RRB JE - 25/05/2019 (Shift-I)

(A) 300 rs. **(B)** 900 rs.
(C) 1200 rs. **(D)** 600 rs.

89. 4.5% प्रति वर्ष की दर से 4 वर्ष 6 महीने में 2400 रु. पर प्राप्त होने वाला साधारण ब्याज क्या है?

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-I)

(A) 486 rs. **(B)** 816 rs.
(C) 796 rs. **(D)** 926 rs.

90. एक मिश्रित दर पर किसी विशेष राशि के लिए, 4 वर्ष और 8 वर्ष के साधारण ब्याजों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

(A) 1: 2 **(B)** 2: 1
(C) 2: 3 **(D)** 1: 4

91. दो अलग अलग योजनाओं में क्रमश: 6 वर्ष और 10 वर्ष के लिए समान दर पर निवेश की गई समान राशि से प्राप्त साधारण ब्याज का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

(A) 4: 3 **(B)** 3: 5
(C) 4: 5 **(D)** 3: 4

92. एक मिश्रित साधारण ब्याज की दर पर 800 रु. की राशि 3 वर्षो में 956 रु. हो जाती है। यदि दर को 4% बढ़ा दिया जाए, तो निवेश में कितनी वृद्धि होगी ?

RRB JE - 28/06/2019 (Shift-III)

(A) 108 rs. **(B)** 96 rs.
(C) 1052 rs. **(D)** 72 rs.

93. यदि 750 रु. की राशि साधारण ब्याज पर 5 वर्षों में 1000 रु. हो जाती है, तो साधारण ब्याज पर 10 वर्षों में यह राशि कितनी हो जाएगी?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(A) 1750 rs. **(B)** 2000 rs.
(C) 1250 rs. **(D)** 1500 rs.

94. एक धनराशि साधारण ब्याज की एक मिश्रित दर पर 10 वर्षों के लिए निवेशित की गई। यदि इसे 5% अधिक दर पर निवेश किया गया होता, तो ब्याज 1200 रु. अधिक होता। राशि ज्ञात करें।

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 2500 rs. **(B)** 2000 rs.
(C) 3000 rs. **(D)** 2400 rs.

95. किसी राशि पर 2 वर्ष का साधारण ब्याज 400 रु. है। यदि 'r' 4 % अधिक होता, तो साधारण ब्याज 400 रु. अधिक होता। वह मूल राशि कितनी है?

RRB JE - 22/05/2019 (Shift-I)

(A) 4000 rs. **(B)** 12000 rs.
(C) 5000 rs. **(D)** 10000 rs.

96. 1 वर्ष के लिए 8% साधारण ब्याज पर 16000 रु. का निवेश और समान अवधि के लिए 18% साधारण ब्याज पर दूसरा निवेश करने पर, कुल निवेश पर 10% का लाभ प्राप्त होता है। निवेश की गई कुल राशि ज्ञात करें।

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-III)

(A) 22000 rs. **(B)** 20000 rs.
(C) 20500 rs. **(D)** 18000 rs.

97. यदि किसी राशि पर 7.5% प्रति वार्षिक दर पर 15 महीने का साधारण ब्याज उतनी ही राशि पर 12.5% वार्षिक दर पर 8 महीने के साधारण ब्याज से 32.50 रु. अधिक है, वह राशि ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

(A) 3000 rs. **(B)** 3060 rs.
(C) 3120 rs. **(D)** 2900 rs.

98. 7% वार्षिक ब्याज की दर पर उधार ली गई कोई धनराशि पर 2 वर्ष में लगने वाला साधारण ब्याज, 1750 रु. की राशि पर 5% वार्षिक दर पर 4 वर्ष में लगने वाले ब्याज के समान है। वह राशि ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-I)

(A) 1800 rs. **(B)** 1600 rs.
(C) 2500 rs. **(D)** 2400 rs.

99. P_1, P_2, P_3 को क्रमश: $4\%, 6\%, 8\%$ पर इस प्रकार निवेश किया जाता है, कि वर्ष के अंत में तीनों राशियों से प्राप्त साधारण ब्याज बराबर हो। यदि तीनों निवेशित राशियों का योग 2600 रु. है, तो क्रमश: P_1, P_2 और P_3 का मान ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)

(A) 1100 rs., 800 rs., 700 rs.
(B) 1200 rs., 600 rs., 800 rs.
(C) 1000 rs., 900 rs., 700 rs.
(D) 1200 rs., 800 rs., 600 rs.

100. यदि एक राशि मिश्रित दर पर 4 वर्ष में दुगुनी हो जाती है, तो यह राशि साधारण ब्याज की समान दर पर कितने वर्ष में 16 गुनी हो जाएगी?

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-III)

(A) 25 year **(B)** 16 year
(C) 12 year **(D)** 60 year

101. कितने प्रतिशत ब्याज की दर पर कोई राशि 30 वर्षो मे स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)

(A) $3\frac{1}{3}\%$ **(B)** 3%
(C) $3\frac{1}{2}\%$ **(D)** $3\frac{1}{4}\%$

102. 25000 रु. की एक राशि 4 वर्ष में 32000 रु. हो जाती है। ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 25/05/2019 (Shift-III)

(A) 6.5% **(B)** 8%
(C) 7% **(D)** 6%

103. यदि कोई राशि 20 वर्षो में 4 गुनी हो तो साधारण ब्याज की दर ज्ञात कीजिए?

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-III)

(A) $13\frac{1}{3}\%$ **(B)** 10%
(C) 20% **(D)** 15%

104. यदि रु.64 की राशि 2 वर्षों में बढ़कर रु. 83.20 हो जाती है, तो साधारण ब्याज की उसी प्रतिशत दर पर रु.86 की राशि 4 वर्षों में कितनी हो जायेगी ?

RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)

(A) rs. 114.8 **(B)** rs. 124.70
(C) rs.127.40 **(D)** rs. 137.60

105. 2400 रु. का ऋण, त्रृण अवधि की समाप्ति पर 3264 रु. की राशि देकर चुकाया जाता है, वर्षो की अवधि और ब्याज दर आंकिक रूप से बराबर है। साधारण ब्याज की दर क्या है?

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-III)

(A) 6% **(B)** 18%
(C) 5% **(D)** 10%

106. साधारण ब्याज की समान दर पर एक राशि 5 वर्ष में 9800 रु. और 8 साल में 12005 रु. हो जाती है। ब्याज की दर क्या है?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-I)

(A) 12% **(B)** 15%
(C) 8% **(D)** 5%

107. 800 रु. की राशि साधारण ब्याज की एक मिश्रित दर पर 3 वर्ष में 956 रु. हो जाती है, दर ज्ञात करें?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(A) 8.2% **(B)** 8%
(C) 7.5% **(D)** 6.5%

108. यदि एक राशि 7 वर्षों में 4 गुनी हो जाती है, कितने समय में यह राशि साधारण ब्याज की समान दर पर 16 गुनी हो जाएगी?

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 25 year **(B)** 28 year
(C) 20 year **(D)** 35 year

109. यदि (n) वर्षों का साधारण ब्याज मूलधन से 12.5% अधिक है। (n) तथा दर (r) संख्यात्मक रूप से 2:1 के अनुपात में है, तो n, r के मान ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-I)

(A) $n = 12, r = 6\%$ **(B)** $n = 15, r = 7\frac{1}{2}\%$
(C) $n = 20, r = 10\%$ **(D)** $n = 14, r = 7\%$

110. यदि एक ऋण साधारण ब्याज पर 6 वर्षों में बढ़कर 3 गुना होता है, तो 8 गुना होने में उसे कितना समय लगेगा?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

(A) 15 year **(B)** 22 year
(C) 20 year **(D)** 21 year

111. किसी मूलधन पर 8% की दर से 8 महीने और 6% की दर से 14 महीनों के साधारण ब्याज के बीच का अंतर रु.200 है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-I)

(A) rs.12000 **(B)** rs.12800
(C) rs.24000 **(D)** rs.14400

Solution

1. **Ans. (C)**
2 साल 3 महीना & $= 2 + \frac{3}{12}$
$= \frac{9}{4}$ वर्ष
अत: सा. ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
प्राप्त होने वाला ब्याज $= \frac{2500 \times 6 \times \frac{9}{4}}{100}$
$= \frac{675}{2} = 337.50$ रु.

2. **Ans. (B)**:
मूलधन = 1600 रु.

समय =10 वर्ष
दर = 7.25%
साधारण ब्याज & $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$= \frac{1600 \times 7.25 \times 10}{100}$
$= 16 \times 10 \times 7.25 = 1160$ रु.

3. **Ans. (B)** :
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
प्रश्नानुसार-
साधारण ब्याज $= \frac{3125 \times 8 \times 5}{100} = 1250$ रु.

4. **Ans : (C)**
मूलधन = 4,600 रु.
दर = 4.5% वार्षिक
समय = 5 वर्ष, ब्याज = ?
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$= \frac{4600 \times 4.5 \times 5}{100}$
$= 46 \times 4.5 \times 5$
$= 1035$ रु.

5. **Ans : (C)**
ब्याज दर = 5.25%
मूलधन राशि = 3250 रु.
समय = 8 वर्ष
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$= \frac{3250 \times 5.25 \times 8}{100}$
$= 1365$ रु.

6. **Ans : (A)**
अक्षय द्वारा लिए गए धन पर
साधारण ब्याज $= \frac{3000 \times 6 \times 2}{100}$
$= 360$ रु.
दोस्त को दिए गये धन पर साधारण ब्याज $= \frac{3000 \times 9 \times 2}{100}$
$= 540$ रु.
2 साल में अक्षय को लाभ $= 540 - 360$
$= 180$ रु.
1 साल में लाभ $= \frac{180}{2} = 90$ रु.

7. **Ans : (D)**
मूलधन =1640 रु.
दर = 7.5 % वार्षिक
समय = 6 वर्ष
∵ साधारण ब्याज= $\frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$= \frac{1640 \times 7.5 \times 6}{100}$
साधारण ब्याज = 738 रु.

8. **Ans. (C)** :
माना मूलधन = P रु.
एवं दर = r% प्रतिवर्ष
$P + \frac{P \times 5 \times r}{100} = 457 \ldots\ldots (i)$
$P + \frac{P \times 10 \times r}{100} = 574 \ldots\ldots (ii)$
समी. (ii) से समी. (i) को घटाने पर-
$\therefore 117 = \frac{P \times r \times 5}{100}$
$\therefore 117 = \frac{P \times r}{20} \ldots\ldots\ldots (iii)$
∴ समीकरण (i) से
$457 = P + 117$
$\therefore P = 457 - 117$
$P = 340$ रु.

9. **Ans. (B)** :
माना धनराशि = P रु.
∴ प्रश्नानुसार
$\frac{P \times 10 \times 7}{100 \times 2} - \frac{P \times 12 \times 5}{100 \times 2} = 50$
$\frac{P \times 35}{100} - \frac{P \times 30}{100} = 50$
$\frac{P \times 5}{100} = 50$
$P = 1000$ रु.

10. **Ans: (C)**
दर $= 8\%$, समय $= 6\frac{3}{4}$ वर्ष $= \frac{27}{4}$ वर्ष
मिश्रधन $= 924$ रु.
मिश्रधन $=$ मूलधन $\left(1 + \frac{\text{समय} \times \text{दर}}{100}\right)$
$A = P\left(1 + \frac{RT}{100}\right)$
$924 = P\left(1 + \frac{27 \times 8}{4 \times 100}\right)$
$924 = P\left(1 + \frac{27}{50}\right)$
$924 = \frac{77P}{50} \Rightarrow P = \frac{924 \times 50}{77}$
$P = 600$ रु.

11. **Ans : (D)**
माना वह धनराशि x रु. है।
प्रश्नानुसार-
$\frac{12 \times 4 \times x}{100} - \frac{9 \times 5 \times x}{100} = 412.50$
$48x - 45x = 41250$
$3x = 41250$
$x = 13750$
अत: वह धनराशि 13,750 रु. है।

12. **Ans : (C)**
माना 4% ब्याज दर पर दी गई राशि = x रु.
∴ 5% पर दी गई राशि $= (2000 - x)$
प्रश्नानुसार,
$\frac{x \times 4 \times 1}{100} + \frac{(2000 - x) \times 5 \times 1}{100} = 96$
$\frac{4x}{100} + \frac{2000 \times 5 - 5x}{100} = 96$
$\frac{-x}{100} + \frac{10000}{100} = 96$
$\frac{x}{100} = 4$
अत: 4% ब्याज पर दिया गया धन = 400 रु.

13. **Ans. (A)** :
माना दूसरे व्यक्ति को 10% ब्याज पर दी गई राशि = x रु.

तब पहले व्यक्ति को 5% ब्याज दर पर दी गई राशि = (600 - x)
साधारण ब्याज = 40 रु.
प्रश्नानुसार,
$\Rightarrow \left(x \times \frac{10}{100} \times 1\right) + \left\{(600 - x) \times \frac{5}{100} \times 1\right\} = 40$
$\Rightarrow \frac{x}{10} + \left\{(600 - x) \times \frac{1}{20}\right\} = 40$
$\Rightarrow \frac{x}{10} + \left\{30 - \frac{x}{20}\right\} = 40$
$\frac{x}{20} = 40 - 30$
$x = 200$ रु.
पहले व्यक्ति को दी गई राशि $= 600 - 200 = 400$ रु.

14. Ans (D):
माना मूलधन x रु. है।
ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$915 - \text{x} = \frac{\text{x} \times 8 \times \frac{11}{4}}{100}$
$91500 - 100\text{x} = 22\text{x}$
$122\text{x} = 91500$
$\text{x} = 750$ रु.

15. Ans. (C)
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
माना पहली निवेशित राशि = P_1
तथा दूसरी निवेशित राशि = P_2
प्रश्नानुसार-
$\frac{\text{P}_1 \times 16 \times 3.5}{100} = \frac{\text{P}_2 \times 12.6 \times 5}{100}$
$\text{P}_1 \times 16 \times 3.5 = \text{P}_2 \times 12.6 \times 5$
$\text{P}_1 \times 11.2 = \text{P}_2 \times 12.6$
$\frac{\text{P}_1}{\text{P}_2} = \frac{12.6}{11.2}$
$\text{P}_1 : \text{P}_2 = 9 : 8$

16. Ans. (D)
माना मूलधन x रु. और ब्याज दर a% है-
प्रश्नानुसार,
$\left\{x + \frac{x \times (a+2) \times 5}{100}\right\} - \left\{x + \frac{x \times a \times 5}{100}\right\} = 5600 - 5250$
$\frac{10x}{100} = 350$
$\Rightarrow x = 3500$ रु.

17. Ans. (D) :
माना दर x% और मूल राशि y रु. है
प्रश्नानुसार,
$\frac{y \times (x+2) \times 5}{100} - \frac{y \times x \times 5}{100} = 3920 - 3640$
$\frac{y \times 2 \times 5}{100} = 280$ रु.
$y = 2800$ रु.

18. Ans : (B)
माना राशि = P रु.
दर = 28.75%
ब्याज = P रु.
ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$\text{P} = \frac{\text{P} \times 28.75 \times \text{T}}{100}$
$\text{T} = \frac{10000}{2875} = 3.47$ वर्ष

19. Ans. (C)
माना राशि $= \text{P}$ रु., ब्याज $= 2\text{P} - \text{P} = \text{P}$ रु.
समय $= 15$ वर्ष, दर $= \text{R}\%$
साधारण ब्याज $= \frac{\text{P} \times \text{R} \times 15}{100}$
$\text{P} = \frac{\text{P} \times \text{R} \times 3}{20} \Rightarrow \text{R} = \frac{20}{3}\%$

20. Ans: (B)
दिया है- मूलधन = 775 रु.
ब्याज $= 372$ रु.
समय $= 6$ वर्ष
ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$372 = \frac{775 \times \text{R} \times 6}{100}$
$\frac{6200}{775} = \text{R}$
$\text{R} = 8\%$
अत: साधारण ब्याज की वार्षिक दर 8% होगी।

21. Ans : (A)
सूत्र $\text{S. I.} = \frac{\text{PRT}}{100}$
$\text{S.I.} = 15{,}500 - 12{,}500$
$\text{S.I.} = 3000$ रु.
$3000 = \frac{12500 \times \text{R} \times 6}{100}$
$\text{R} = 4\%$

22. Ans : (C)
मूलधन = 1,125 रु.
समय = 3 माह या 3/12 वर्ष
ब्याज = 27 रु.
दर = ?
दर $= \frac{\text{ब्याज} \times 100}{\text{मूलधन} \times \text{समय}}$
$\frac{27 \times 100}{1125 \times 3/12} = 9.6\%$

23. Ans. (A)
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$852 = \frac{1775 \times R \times 6}{100}$
$R = \frac{85200}{10650} = 8\%$

24. Ans. (D)
साधारण ब्याज = 660 – 600 = 60 रु.
साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$
$60 = \frac{600 \times \text{दर} \times 2}{100}$
दर $= \frac{60 \times 100}{600 \times 2}$
दर $= 5\%$

25. Ans : (D)
मिश्रधन = मूलधन + सा0 ब्याज

$9200 = 8000 + \frac{8000 \times 3 \times r}{100}$

$1200 = 80 \times 3r$

$r = 5\%$

नया दर $= 5 + 2 = 7\%$

साधारण ब्याज $\& = \frac{8000 \times 3 \times 7}{100} = 1680$

कुल राशि $\& = 8000 + 1680 =$ रु. 9680

26. Ans : (C)

साधारण ब्याज = मिश्रधन – मूलधन

साधारण ब्याज $= \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$156 = \frac{800 \times \text{दर} \times 3}{100}$ दर $= \frac{156}{24} = 6.5\%$

जब दर को 4% बढ़ाया जाता है तब मिश्रधन-

148. पिता और पुत्र की आयु का अनुपात 3: 1 है। उनकी आयु का गुणनफल 147 है। उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-I)

(A) 28 **(B)** 32
(C) 36 **(D)** 35

149. एक माँ और पुत्री की आयु का अनुपात 12: 5 है। दस वर्ष बाद, माँ की आयु, बेटी से दोगुनी होगी। वर्तमान में उनकी आयु का योग क्या है?

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)

(A) 60 **(B)** 75
(C) 65 **(D)** 85

150. A की आयु B से दोगुनी है। उनकी वर्तमान आयु का योग 60 वर्ष है। 5 वर्ष बाद उनकी आयु का योग क्या होगा?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-I)

(A) 70 **(B)** 80
(C) 65 **(D)** 75

151. A और B की आयु का अंतर 6 है और उनका अनुपात 3: 5 है। उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(A) 24 **(B)** 40
(C) 16 **(D)** 32

152. A, B और C की आयु का अनुपात 2: 4: 5 है और उनकी आयु का योग 77 है। दस वर्ष बाद A और B की आयु का अनुपात ज्ञात करें।

RRB JE-24/05/2019 (Shift-I)

(A) 10: 17 **(B)** 12: 19
(C) 13: 18 **(D)** 11: 14

153. बेटी की आयु उसके पिता की आयु की एक-चौथाई है। पांच साल बाद, वह अपनी पिता की आयु की एक तिहाई हो जाएगी। आगे चलकर पाँच साल बाद, उसकी और उसके पिता के आयु का अनुपात क्या होगा?

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-I)

(A) 2: 5 **(B)** 3: 5
(C) 3: 4 **(D)** 5: 2

154. सात वर्ष पहले, अजीत और गणेश की आयु का अनुपात 5: 7 था। यदि उनकी वर्तमान आयु का गुणनफल 616 है, तो उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात करें।

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 15: 17 **(B)** 17: 15
(C) 12: 13 **(D)** 11: 14

155. A, B और C की आयु का अनुपात 2: 3: 4 है। उनकी आयु का योग 108 है। 12 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात क्या होगा?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)

(A) 2: 5: 6 **(B)** 1: 2: 3
(C) 1: 3: 5 **(D)** 3: 4: 5

156. पिता की आयु उसके बेटे से 3 गुना अधिक हैं। 8 साल बाद, उसकी आयु बेटे की आयु की 2.5 गुनी हो जाती है। 8 साल बाद, उसके और उसके बेटे की आयु का अनुपात क्या होगा?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-III)

(A) 5: 2 **(B)** 3: 1
(C) 2: 1 **(D)** 11: 4

157. दस वर्ष पहले, एक माँ की आयु उसके बेटे की तीन गुनी थी। 10 वर्ष बाद, उसकी आयु बेटे की आयु से दोगुनी हो जाएगी। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

(A) 7: 4 **(B)** 4: 3
(C) 7: 3 **(D)** 3: 2

158. चार वर्ष पहले, A और B की आयु का अनुपात 2:1 था। चार वर्ष बाद, यह अनुपात 3: 2 हो जाएगा। उनकी वर्तमान आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)

(A) 5:2 **(B)** 2:5
(C) 5:4 **(D)** 5:3

159. 4 वर्ष पहले पूजा की आयु और 4 वर्ष बाद दीपा की आयु बराबर है। पूजा की 4 वर्ष बाद की आयु और दीपा की 4 वर्ष पहले की आयु का अनुपात 3: 1 है। उनके वर्तमान आयु का अनुपात क्या है?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-I)

(A) 5:7 **(B)** 5:2
(C) 4:7 **(D)** 5:3

160. P और Q की वर्तमान आयु का अनुपात 6: 7 है। Q, P से 4 वर्ष बड़ा है। 4 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात क्या होगा?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-III)

(A) 7:9 **(B)** 7:8
(C) 5:8 **(D)** 8:3

161. पांच वर्ष पहले, P और Q की आयु का अनुपात 7:9 था। दस वर्ष बाद, यह अनुपात 5:6 हो जाएगा। वर्तमान में उनकी आयु का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-I)

(A) 6:7 **(B)** 5:4
(C) 2:1 **(D)** 4:5

162. 4 व्यक्तियो की औसत आयु 42 वर्ष है। यदि उनकी आयु क्रमश: 1: 3: 4: 6 के अनुपात में है, तो सबसे अधिक और सबसे कम आयु के व्यक्ति की आयु का अंतर ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 26/05/2019 (Shift-II)

(A) 61 years **(B)** 60 years
(C) 70 years **(D)** 59 years

163. आशा के जन्म के समय उसके पिता की आयु 38 वर्ष थी। जब उससे 4 वर्ष छोटे उसके भाई का जन्म हुआ, तब उसकी माँ की आयु 36 वर्ष थी। उनके माता-पिता की आयु का अंतर ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-II)

(A) 8 years **(B)** 6 years
(C) 4 years **(D)** 2 years

164. राजन की शादी 8 वर्ष पहले हुई थी। तब उसकी वर्तमान आयु की 5/6 थी। उसकी शादी के समय उसकी बहन की आयु उससे 10 वर्ष कम थी। बहन की वर्तमान आयु कितनी है?

RRB JE - 22/05/2019 (Shift-I)

(A) 38 **(B)** 32
(C) 26 **(D)** 40

165. राजा, अरुण से तीन गुना बड़ा है। तीन वर्ष पहले, वह अरुण की तुलना मे चार गुना बड़ा था। राजा अब कितने वर्ष का है ?

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)

(A) 6 **(B)** 15
(C) 27 **(D)** 12

166. एक बेटे की वर्तमान आयु, उसकी माँ की आयु की 2/5 है। 8 वर्ष बाद, उसकी आयु, उसकी माँ की आयु की आधी होगी। उसकी माँ की वर्तमान आयु कितनी है?

RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)

(A) 36 **(B)** 42
(C) 40 **(D)** 50

167. एक भाई और बहन की आयु का अनुपात 4: 3 है। 3 वर्ष बाद बहन की आयु उसकी वर्तमान आयु की दोगुनी हो जाएगी। भाई की वर्तमान आयु कितनी है?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

(A) 4 years **(B)** 12 years
(C) 6 years **(D)** 8 years

168. एक पिता और पुत्र की आयु का योग 45 वर्ष है। पांच साल पहले, उनकी आयु का गुणनफल उस समय पिता की आयु का चार गुना था। पिता की वर्तमान आयु क्या है?

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 36 **(B)** 42
(C) 28 **(D)** 60

169. एक पिता अपने बेटे से पांच गुना बड़ा है। पांच वर्ष पहले, वह अपने बेटे से छह गुना बड़ा था। उसके बेटे की आयु ज्ञात करें।

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 32 years **(B)** 35 years
(C) 25 years **(D)** 28 years

170. A की वर्तमान आयु B से 9 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद A की आयु, 10 वर्ष पूर्व B की आयु की दोगुनी हो जाएगी। A की वर्तमान आयु कितनी है?

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

(A) 48 **(B)** 39
(C) 36 **(D)** 23

171. P और Q की औसत आयु 24 वर्ष है। P, Q और R की औसत आयु 22 वर्ष है। पिछले वर्ष में उनकी आयु का योग ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-III)

(A) Data insufficient **(B)** 90
(C) 87 **(D)** 95

172. पिता और पुत्र की आयु का योग 50 है। छह वर्ष पहले पिता की आयु बेटे की आयु के तीन गुने से 6 अधिक थी। 6 वर्ष बाद पिता की आयु क्या होगी?

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 40 years **(B)** 48 years
(C) 42 years **(D)** 50 years

173. प्रिया के जन्म के समय उसके पिता की उम्र 38 वर्ष थी। उससे 4 वर्ष छोटे भाई के जन्म के समय उसकी माँ की उम्र 36 वर्ष थी। उसकी माँ उसके पिता से कितने वर्ष छोटी है?

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-II)

(A) 4 **(B)** 5
(C) 8 **(D)** 6

174. 2 वर्ष के अतंराल में पैदा होने वाले 3 बच्चे की औसत आयु 8 वर्ष है। सबसे बड़े बच्चे की आयु कितनी है?

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-II)

(A) 12 years **(B)** 7 years
(C) 10 years **(D)** 8 years

175. 4 वर्ष के अंतराल पर पैदा होने वाले 5 बच्चों की आयु का योग 80 है। सबसे बड़े बच्चे की आयु कितनी है?

RRB JE - 26/05/2019 (Shift-I)

(A) 18 **(B)** 24
(C) 16 **(D)** 28

176. दो भाइयों की आयु का अनुपात 7: 15 है। उनकी आयु का ल. स. प (LCM), 210 है। बड़े भाई की आयु कितनी है?

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

(A) 45 **(B)** 42
(C) 15 **(D)** 30

177. एक पिता की आयु उसके पुत्र की दोगुनी है। उनकी आयु का म.स. प. 22 है। पुत्र की आयु कितनी है?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)

(A) 18 years **(B)** 24 years
(C) 22 years **(D)** 20 years

178. P और Q की आयु क्रमश: 50 और 40 है। कितने समय पहले उनकी आयु का अनुपात 3:2 था?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)

(A) 20 years **(B)** 10 years
(C) 15 years **(D)** 5 years

179. दो बहनों की आयु का योग 81 है। उनकी आयु का अनुपात 4: 5 है। एक बहन, दूसरी से कितने वर्ष छोटी है।

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(A) 9 **(B)** 27
(C) 18 **(D)** 12

180. यदि किसी व्यक्ति की आयु से 4 वर्ष घटाए जाते है और 5 से विभाजित किया जाता है, तो परिणाम उसके पोते की आयु को दर्शाता है। पोते की एक बहन है, जिसकी आयु 5 वर्ष है, पोते से छह वर्ष छोटी है। दादा की आयु क्या है?

RRB JE - 31/05/2019 (Shift-III)

(A) 58 **(B)** 57
(C) 60 **(D)** 59

181. एक दादाजी और उनकी पोती की आयु का अनुपात 9:2 है। उनकी आयु का योग एक पूर्ण वर्ग संख्या है। उनकी आयु का अंतर 11 का गुणज हो, तो उनकी आयु ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(A) 90,20 **(B)** 95,25
(C) 72,16 **(D)** 99,22

182. A और B की कुल आयु, B और C की कुल आयु से 12 वर्ष अधिक है। A और C में से कौन छोटा है और कितने वर्ष छोटा है?

RRB JE - 28/06/2019 (Shift-III)

(A) A, 6 years **(B)** A, 12 years
(C) C, 12 years **(D)** C, 6 years

Solution

1. **Ans (D):**
माना पिता, माता और पुत्री की आयु क्रमश: 22x, 20x और 9 x वर्ष है।
प्रश्नानुसार-
$\frac{22x+10}{20x+10}=\frac{27}{25}$
$550x+250=540x+270$
$10x=20$
$x=2$
माता की वर्तमान उम्र = 20x
$=20\times 2$
$=40$ वर्ष

2. **Ans: (B)**
माना छ: साल पहले साइना और सागर की आयु = 6x, 5x वर्ष
साइना और सागर की वर्तमान आयु
=(6x+6) वर्ष, (5 x+6) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$\frac{6x+6+4}{5x+6+4}=\frac{11}{10}$
$60x+100=55x+110$
$5x=10$
$x=2$
वर्तमान में सागर की आयु = 5x+6=5× 2+6=16 वर्ष

3. **Ans (D):**
माना S की आयु =x वर्ष
R की आयु =(x+7) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$\frac{x}{x+7}=\frac{7}{9}$
$9x=7x+49$
$2x=49$
$x=24.5$ वर्ष
अत: S की आयु 24.5 वर्ष हैं।

4. **Ans: (C)**
माना सबसे बड़े व्यक्ति की आयु = x वर्ष
∴ सभी 6 व्यक्तियों की आयु क्रमश:
$x,(x-5),(x-10),(x-15),(x-20)$ तथा $(x-25)$ वर्ष

प्रश्नानुसार
x+x-5+x-10+x-15+x-20+x-25=105
$6x - 75 = 105$
$6x = 180$
$\boxed{x = 30}$
अत: सबसे बड़े व्यक्ति की आयु =30 वर्ष

5. **Ans (D):**
माना X और Y की वर्तमान आयु =5x और 4x वर्ष
प्रश्नानुसार,
$\frac{5x+3}{4x+3} = \frac{11}{9}$
$45x + 27 = 44x + 33$
$x = 33 - 27$
$x = 6$
अत: Y की वर्तमान आयु =4 ×6=24 वर्ष

6. **Ans: (B)**
माना S की वर्तमान आयु =5x वर्ष
A की वर्तमान आयु = 4x वर्ष
प्रश्न से-
$\frac{5x+3}{4x+3} = \frac{11}{9}$
$45x + 27 = 44x + 33$
$x = 6$
अत: S की वर्तमान आयु $= 5x = 5 \times 6 = 30$ वर्ष

7. **Ans: (A)**
प्रश्नानुसार,
विनय की आयु - अमन की आयु = अमन की आयु - अरुण की आयु
विनय की आयु + अरुण की आयु =2 × अमन की आयु 2 × अमन की आयु = 40
अमन की आयु = 20 वर्ष

8. **Ans: (A)**
माना J तथा K की वर्तमान आयु क्रमश: 11x वर्ष तथा 6 x वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
$\frac{11x+5}{6x+5} = \frac{12}{7}$
$77x + 35 = 72x + 60$
$77x - 72x = 60 - 35$
$5x = 25$
$x = 5$
अत: K की वर्तमान आयु =6 ×5=30 वर्ष

9. **Ans (D):**
माना रेखा तथा रश्मि की वर्तमान आयु क्रमश: 7x तथा 4x वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
$\frac{7x+3}{4x+3} = \frac{8}{5}$
$35x + 15 = 32x + 24$
$3x = 9$
$x = 3$
अत: रश्मि की वर्तमान आयु $= 4x = 4 \times 3 = 12$ वर्ष

10. **Ans: (C)**
माना मीना की वर्तमान आयु = 4x वर्ष
तथा सीना की वर्तमान आयु =3x वर्ष
प्रश्नानुसार-
4 x+6=26
$4x = 20$
$x = 5$
सीना की वर्तमान आयु =3x
$= 3 \times 5$
= 15 वर्ष

11. **Ans: (A)** :
माना सिंदु की आयु x वर्ष तथा बिन्दु की आयु (30-x) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x \times (30 - x) = 221$
$30x - x^2 = 221$
$x^2 - 30x + 221 = 0$
$x^2 - 17x - 13x + 221 = 0$
$x(x - 17) - 13(x - 17) = 0$
$(x - 17)(x - 13) = 0$
यदि $x - 17 = 0$
x=17 तो दूसरी की आयु 30-17=13 वर्ष
यदि x-13=0
x=13 तो दूसरी की आयु =30-13=17 वर्ष

12. **Ans: (B)**
माना राधा की वर्तमान आयु x वर्ष तथा सुधा की वर्तमान आयु 2x वर्ष है। प्रश्नानुसार,
$4(x - 6) = (2x + 4)$
$\Rightarrow 4x - 24 = 2x + 4$
$\Rightarrow 4x - 2x = 28$
$\Rightarrow 2x = 28$
$\Rightarrow x = 14$
$\therefore$ 2 वर्ष पूर्व सुधा की आयु $= 2x - 2$
$= 2 \times 14 - 2$
$= 28 - 2 = 26$ वर्ष
तथा 2 वर्ष पूर्व राधा की आयु =14-2=12 वर्ष

13. **Ans: (A)**
माना किरण की उम्र = x वर्ष
तब भाई अभि की उम्र =(x-4) वर्ष
$\because \quad x + x - 4 = 32$
$\therefore \quad 2x = 36, x = 18$
किरण की उम्र (x)=18 वर्ष
अभि की उम्र =(x-4) वर्ष =18-4=14 वर्ष

14. **Ans: (A)**
माना पिता की उम्र y वर्ष तथा बेटे की उम्र x वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
$7(x - 7) = (y - 7)$
$7x - 49 = y - 7$
$7x - y = 42 \quad \ldots..(i)$
तथा

$3(x+3) = (y+3)$
$3x + 9 = y + 3$
$3x - y = -6$ ... ... (ii)
समी. (i) से(ii) को घटाने पर
$7x - y = 42$
$3x - y = -6$
$- + +$
$4x = 48$
$x = 12$
समी.(i) से
$7x - y = 42$
$7 \times 12 - y = 42$
$84 - 42 = y$
$y = 42$
अत: पिता की उम्र = 42
वर्ष तथा पुत्र की उम्र = 12 वर्ष

15. **Ans: (C)**
माना अनु की वर्तमान आयु = x वर्ष
तब अंकिता की वर्तमान आयु =(x-2) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(x+4) = (x-2-3) \times 2$
$x + 4 = (x-5) \times 2$
$x + 4 = 2x - 10$
$x = 14$
अंकिता की वर्तमान आयु = x- 2
= 14- 2= 12वर्ष
अत: अंकिता और अनु की वर्तमान आयु क्रमश: 12 वर्ष और 14 वर्ष है।

16. **Ans: (A)**
माना नित्य की वर्तमान आयु = a वर्ष
सत्य की वर्तमान आयु = b वर्ष
प्रश्नानुसार, a+b=40 .....(i)
$ab = 351$
$(a-b)^2 = (a+b)^2 - 4ab$
$= (40)^2 - 4 \times 351$
$= 1600 - 1404$
$a - b = \sqrt{196} = 14$
$a - b = 14$ ... . (ii)
समी.(i) व (ii) से,
a = 27, b = 13
∴ उनकी वर्षों में वर्तमान आयु 27 वर्ष व 13 वर्ष होगी।

17. **Ans: (C)**
माना पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष
पिता की वर्तमान आयु = 4x वर्ष
प्रश्नानुसार,
$2(x+20) = 4x + 20$
$2x + 40 = 4x + 20$
$40 - 20 = 4x - 2x$
$2x = 20$
$x = 10$ वर्ष
अत: पुत्र की वर्तमान आयु =10 वर्ष
पिता की वर्तमान आयु =4 × 10=40 वर्ष

18. **Ans: (C)**
P : D = 3 : 4 = 15 : 20
D : A = 5 : 6 = 20 : 24
So, P : D : A = 15 : 20 : 24
माना P, D और A की वर्तमान आयु 15x, 20x और 24x है
15 साल बाद आयु-
P की आयु =(15x+15)
D की आयु =(20x+15)
प्रश्नानुसार,
$\frac{15x+15}{20x+15} = \frac{4}{5}$
$75x + 75 = 80x + 60$
$5x = 15$
$\boxed{x = 3}$
तीनों की वर्तमान आयु का योग = 15 × 3 + 20 × 3 + 24 × 3
= 45 + 60 + 72 = 177 वर्ष

19. **Ans: (C)**
माना नसीमा की वर्तमान आयु = x वर्ष
तो वकार की वर्तमान आयु =(x+8) वर्ष
30 वर्ष पहले,
नसीमा की आयु =(x-30) वर्ष
वकार की आयु =(x+8-30) वर्ष
=(x-22) वर्ष
शर्तानुसार-
$4(x-22) = 5(x-30)$
$4x - 88 = 5x - 150$
$5x - 4x = 150 - 88$
$x = 62$
∴ नसीमा की वर्तमान आयु =62 वर्ष
वकार की वर्तमान आयु =62+8
=70 वर्ष
दोनों की वर्तमान आयु का योग =62+70
= 132 वर्ष

20. **Ans: (A)**
सातों बच्चों की क्रमिक आयु = $x, (x+1), (x+2)$
$(x+3), (x+4), (x+5), (x+6)$ वर्ष
सबसे बड़े तीन बच्चों की आयु का योग = 93
$(x+4) + (x+5) + (x+6) = 93$
$3x + 15 = 93$
$3x = 93 - 15$
$3x = 78$
$\boxed{x = 26}$
तो,
सबसे छोटे तीनों बच्चों की आयु का योग
$= x + (x+1) + (x+2)$
$= 3x + 3$
x का मान रखने पर,

$= 3 \times 26 + 3$
$= 78 + 3$
$= 81$ वर्ष

21. **Ans: (C)** :
माना सात बच्चों की क्रमिक आयु $= x, (x + 1), (x + 2), (x + 3), (x + 4), (x + 5), (x + 6)$ वर्ष
तीन बड़े बच्चों की आयु का योग $= (x + 4) + (x + 5) + (x + 6)$
$63 = 3x + 15$
$3x = 48$
$x = 16$
तीनों छोटे बच्चों की आयु का योग
$= x + (x + 1) + (x + 2)$
$= 3x + 3$
x का मान रखने पर,
$= 16 \times 3 + 3$
$= 51$ वर्ष

22. **Ans: (C)**
X और Y की वर्तमान आयु का अनुपात 3: 8 व Y और Z की वर्तमान आयु का अनुपात 4: 5 है।
X: Y: Z की वर्तमान आयु का अनुपात होगा-
$= 12 : 32 : 40$
माना x और y की वर्तमान आयु 12x और 32x है।
$\frac{12x - 2}{32x - 2} = \frac{1}{3}$
$36x - 6 = 32x - 2$
$4x = 4$
$x = 1$
X, Y और Z की वर्तमान आयु का योग =12+32+40
$= 84$ वर्ष

23. **Ans: (B)**
माना A की वर्तमान आयु x माह तथा B की वर्तमान आयु y माह है।
प्रश्नानुसार-
$x - 28 = 3.5(y - 28)$
$x - 3.5y = 28 - 98$
$x - 3.5y = -70 \ldots . . (i)$
4 माह बाद-
$x + 4 = 2.5(y + 4)$
$x - 2.5y = 10 - 4$
$x - 2.5y = 6 \ldots \ldots (ii)$
समी.(i) से(ii) को घटाने पर-
$x - 3.5y = -70$
$x - 2.5y = 6$
$- + -$
$-y = -76$
$y = 76$
समी.(ii) से,
$x - 2.5 \times 76 = 6$
$x - 190 = 6 \Rightarrow x = 196$
A और B की वर्तमान आयु का योग
$= x + y = 76 + 196 = 272$ माह $= 22$ वर्ष 8 माह

24. **Ans (D):**
तीर्था : प्रदीप $= 2: 3$
प्रदीप : उमर $= 4: 5$
तीर्था : प्रदीप : उमर
2 : 3 :3
4 : 4 :5
8 : 12 : 15
माना तीर्था, प्रदीप और उमर की वर्तमान आयु 8x, 12x और 15x वर्ष है।
चार वर्ष पहले,
तीर्थ की आयु =(8x-4) वर्ष
प्रदीप की आयु =(12x-4) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$\frac{8x - 4}{12x - 4} = \frac{5}{8}$
$64x - 32 = 60x - 20$
$4x = 12$
$x = 3$
वर्तमान में तीनो की आयु का योग $= 8 \times 3 +$
$12 \times 3 + 15 \times 3$=24+36+45=105 वर्ष

25. **Ans (D):**
माना सुनील की वर्तमान आयु = x वर्ष
$\therefore$ चवन की वर्तमान आयु $= \frac{3}{5}x$ वर्ष
तो पवन की वर्तमान आयु $= \frac{(x-2)}{3}$ वर्ष
प्रश्नानुसार-
$\frac{3}{5}x - 15 = 4\left(\frac{(x - 2)}{3} - 15\right)$
$\frac{3x - 75}{5} = 4\left(\frac{x - 2 - 45}{3}\right)$
$3(3x - 75) = 20(x - 47)$
$9x - 225 = 20x - 940$
$20x - 9x = 940 - 225$
$11x = 715$
$x = \frac{715}{11}$
$x = 65$
तीनों की वर्तमान आयु का योग $= x + \frac{3}{5}x + \frac{(x-2)}{3}$
$= \frac{15x + 9x + 5x - 10}{15}$
$= \frac{29x - 10}{15}$
$= \frac{29 \times 65 - 10}{15} = \frac{1885 - 10}{15} = \frac{1875}{15} = 125$ वर्ष

26. **Ans: (C)**
माना 9 माह पूर्व -
यवन की आयु = x माह
$\therefore$ ऋषभ की आयु =(x+4) माह
त्रिशा की आयु $= (x + 4) \times 3 = (3x + 12)$ माह
वर्तमान में,
यवन को आयु =(x+9) माह
सृषभ की आयु =(x+13) माह
त्रिशा की आयु (3x+21) माह

प्रश्नानुसार,
25 माह बाद-
$(3x + 46) \times 9 = (x + 34) \times 20$
$27x + 414 = 20x + 680$
$7x = 266$
$x = 38$
अत: यवन की वर्तमान आयु =x+9=47 माह
ऋषभ की वर्तमान आयु = x +13=51 माह
त्रिशा की वर्तमान आयु =3x+21=135 माह
सभी की वर्तमान आयु का योग
=233 माह या 19 वर्ष 5 माह

27. **Ans: (C)**
10 माह पूर्व,
माना श्रवण की आयु = x माह
∴ ऋषि की आयु =(x+15) माह
तियाशा की आयु
$= (x + 15) \times 2.5 = (2.5x + 37.5)$ माह
वर्तमान में,
श्रवण की आयु =(x+10) माह
ऋषि की आयु =(x+25) माह
तियाशा की आयु =(2.5x+47.5) माह
प्रश्नानुसार, 30 महीने बाद
$(x + 10 + 30) \times 16 = (2.5x + 47.5 + 30) \times 7$
$(x + 40) \times 16 = (2.5x + 77.5) \times 7$
$16x + 640 = 17.5x + 542.5$
$1.5x = 97.5$
$x = 65$
अत: श्रवण की वर्तमान आयु =(x+10)=75 माह
ऋषि की वर्तमान आयु =(x+25)=90 माह
तियाशा की वर्तमान आयु =(2.5x+47.5)=210 माह
सभी की वर्तमान आयु का योग
= 75+90+210=375 माह
375 माह =31 साल 3 माह

28. **Ans: (B)**
माना शुभम की आयु = x वर्ष
कावेरी की आयु = $\frac{x}{2}$ वर्ष
आमिर की आयु = $\left(\frac{x}{2} + 10\right)$ वर्ष
बिजु की आयु = y वर्ष
प्रश्नानुसार,
$y = 3x - 28$
$3x - y = 28 - \cdots$
$16 + \left(\frac{x}{2} + 10\right)\frac{4}{5} = x$
$16 + \frac{2x}{5} + 8 = x$
$24 = x - \frac{2x}{5}$
$24 = \frac{5x - 2x}{5}$
$24 = \frac{3x}{5}$
$x = 40$ वर्ष
x का मान समीकरण (i) में रखने पर-
$3x - y = 28$
$3 \times 40 - y = 28$
$y = 92$ वर्ष
शुभम की आयु =x वर्ष
=40 वर्ष
कावेरी की आयु = $\frac{x}{2} = \frac{40}{2} = 20$ वर्ष
आमिर की आयु = $\frac{x}{2} + 10 = \frac{40}{2} + 10 = 30$ वर्ष
बिजु की आयु = y वर्ष = 92 वर्ष
सभी की आयु का योग =40+20+30+92 = 182 वर्ष

29. **Ans: (C)**
माना, मौमा की वर्तमान आयु = a वर्ष
सौमी की वर्तमान आयु =b वर्ष
y वर्ष पहले,
$a - y = (b - y)\frac{1}{5}$
$5a - 5y = b - y$
$5a - b = 4y \quad \ldots (i)$
y वर्ष बाद,
$a + y = (b + y)\frac{1}{4}$
$4a + 4y = b + y$
$4a - b = -3y \quad \ldots\ldots (ii)$
समी.(i) तथा समी.(ii) को हल करने पर
$5a - b = 4y$
$4a - b = -3y$
$\frac{- + +}{}$
$a = 7y$
अतः
$5a - b = 4y$
$5 \times 7y - b = 4y$
$b = 35y - 4y$
$b = 31y$
$a : b = 7y : 31y$
अतः $a : b = 7 : 31$

30. **Ans: (A)**
माना y वर्ष पूर्व रूबी की आयु = x वर्ष
जुथिका की आयु = $\frac{x}{4}$ वर्ष
रूबी की वर्तमान आयु =(x+y)
तथा जुथिका की वर्तमान आयु = $\left(\frac{x}{4} + y\right)$
प्रश्नानुसार,
$\left(\frac{x}{4} + y\right) + y = \frac{1}{3}[(x + y) + y]$
$\frac{x + 4y + 4y}{4} = \frac{x + 2y}{3}$
$3x + 12y + 12y = 4x + 8y$
$3x - 4x = 8y - 12y - 12y$
$x = 16y$
∴ रूबी की वर्तमान आयु = (16y + y) = 17y

तथा जुथिका की वर्तमान आयु = $\left(\frac{16y}{4}+y\right)=5y$
अत: जुथिका और रूबी की वर्तमान आयु का अनुपात-
$5y: 17y = 5: 17$

31. **Ans (D):**
माना पिता की वर्तमान आयु =2x वर्ष
पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष
प्रश्नानुसार,
$2x \times x = 200$
$2x^2 = 200$
$x^2 = 100$
$x = 10$
5 वर्ष पश्चात उनकी आयु का अनुपात-
$\frac{2x+5}{x+5}=\frac{2\times 10+5}{10+5}=\frac{25}{15}=5:3$

32. **Ans: (B)** :
पुत्री की आयु पिता की आयु
10 वर्ष पूर्व → x वर्ष (माना) 3x वर्ष
वर्तमान में → (x + 10) वर्ष (3x + 10) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$2(x + 20) = (3x + 20)$
$2x + 40 = 3x + 20$
$x = 20$
पुत्री की वर्तमान आयु =20+10=30 वर्ष
पिता की वर्तमान आयु =3×20+10=70 वर्ष
∴अभीष्ट अनुपात =70: 30=7: 3

33. **Ans: (A)**
माना पुत्र की वतमान आयु 'y' वर्ष तथा माँ की वर्तमान आयु 'x' वर्ष है, तब प्रश्नानुसार,
$(x - 10) = 3(y - 10)$
$x - 10 = 3y - 30$
$x - 3y = -30 + 10$
$x - 3y = -20 \ldots (i)$
10 वर्ष बाद उनकी आयु-
$(x + 10) = 2(y + 10)$
$x + 10 = 2y + 20$
$x - 2y = 20 - 10$
$x - 2y = 10 - - -$ (ii)
समीकरण (i) व (ii) को हल करने पर,
$x = 70$
$y = 30$
अभीष्ट अनुपात = $\frac{x}{y}=\frac{70}{30}=7:3$

34. **Ans (D):**
माना मुरली की वर्तमान आयु x वर्ष व उसके बेटे सतीश की वर्तमान आयु y वर्ष है।
प्रश्नानुसार
10 वर्ष पहले-
$(x - 10) = 3(y - 10)$
$x - 10 = 3y - 30$
$x - 3y = -20 - - - (i)$
10 वर्ष बाद, x+10=2(y+10)
$x - 2y = 10 - - - -(ii)$
दोनों समीकरण को हल करने पर-
$x = 70$ व $y = 30$
मुरली तथा सतीश के वर्तमान आयु का अनुपात
$=\frac{x}{y}=\frac{70}{30}=\frac{7}{3}=7:3$

35. **Ans (D):**
मोनिका के पिता की आयु जब मोनिका की चार वर्ष छोटी बहन का जन्म हुआ =38+4=42 वर्ष
उसी समय उसकी माँ की आयु =36 वर्ष
∴ माता-पिता की आयु में अन्तर =42-36=6 वर्ष

36. **Ans (D):**
माना, राघव की वर्तमान आयु = x वर्ष
11 वर्ष बाद राघव की आयु =(x+11) वर्ष
5 वर्ष पहले राघव की आयु =(x-5) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(x + 11) = (x - 5) \times 5$
$x + 11 = 5x - 25$
$36 = 4x$
$x = 9$
∴ राघव की वर्तमान आयु =9 वर्ष

37. **Ans: (C)**
माना रागिनी की उम्र = x वर्ष
रानी की उम्र =(x+2) वर्ष
नाग की उम्र = $\frac{x}{2}$ वर्ष
प्रश्नानुसार-
$x + x + 2 + \frac{x}{2} = 27$
$2x + 2x + 4 + x = 54$
$5x = 50$
$x = 10$ वर्ष

38. **Ans: (C)**
माना विशाल की आयु =x वर्ष
आर्या की आयु =(x+20) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(x + 20 + 12) = (x + 12)\frac{5}{4}$
$x + 32 = \frac{5x + 60}{4}$
$4x + 128 = 5x + 60$
$x = 68$
अत: आर्या की वर्तमान आयु
$= x + 20 \Rightarrow 20 + 68 = 88$ वर्ष

39. **Ans: (C)**
माना पुत्री की वर्तमान आयु = x वर्ष
तब माता की वर्तमान आयु =(50-x) वर्ष
5 वर्ष बाद माता की उम्र =(50-x+5) वर्ष
= (55-x) वर्ष
5 वर्ष बाद पुत्री की आयु =(x+5) वर्ष
अतः शर्तानुसार –

$(55 - x) = 4(x + 5)$
$55 - x = 4x + 20$
$55 - 20 = 4x + x \Rightarrow 5x = 35$
$\Rightarrow x = 7$
अत: पुत्र की वतमान आयु =7 साल

40. Ans: (A)
माना बेटे की आयु =x वर्ष
तथा अनीश की आयु =3x वर्ष
$3x + x = 48$
$x = 12$
अत: अनीश की आयु = $= 3 \times 12 = 36$ वर्ष

41. Ans: (C)
माना 5 वर्ष पूर्व माँ की आयु =x वर्ष
∴ माँ की वर्तमान आयु =(x+5) वर्ष
तथा 5 वर्ष पूर्व बेटे की आयु =x/3 वर्ष
∴ बेटे की वर्तमान आयु = $\left(\frac{x}{3} + 5\right)$ वर्ष
प्रश्नानुसार-
$x + 5 + \frac{x}{3} + 5 = 70$
$\frac{4x}{3} + 10 = 70$
$4x + 30 = 210$
$4x = 180$
$x = 45$
माँ की वर्तमान आयु =x+5 वर्ष
=45+5=50 वर्ष
अत: माँ की वर्तमान आयु 50 वर्ष है।

42. Ans: (C)
माना 18 वर्ष पहले निखिल की आयु = x वर्ष
18 वर्ष पहले साइरस की आयु =2.5 x वर्ष
वर्तमान में निखिल की आयु =(x+18) वर्ष
वर्तमान में साइरस की आयु =(2.5 x+18) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(x + 18) + (2.5x + 18) = 92$
$3.5x + 36 = 92$
$3.5x = 92 - 36$
$3.5x = 56$
$x = \frac{56}{3.5}$
$x = \frac{560}{35}$
$\boxed{x = 16}$
निखिल की वर्तमान आयु =x+18=16+18=34 वर्ष।

43. Ans: (B)
माना रॉबिन की वर्तमान आयु = x वर्ष
रॉबिन के पिता की वर्तमान आयु = 2.8x वर्ष
6 वर्ष पहले रॉबिन की आयु =(x-6) वर्ष
6 वर्ष पहले पिता की आयु =(2.8x-6) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(2.8x - 6) = 4(x - 6)$
$2.8x - 6 = 4x - 24$
$2.8x - 4x = -24 + 6$
$-1.2x = -18$
$x = \frac{180}{12}$
$x = 15$
अत: रॉबिन की आयु = 15 वर्ष

44. Ans: (B)
माना पुत्र की वर्तमान आयु =x वर्ष
∴पिता की वर्तमान आयु =5x वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(5x + 6) = (x + 6) \times 3$
$5x + 6 = 3x + 18$
$2x = 12$
$x = 6$
पिता की वर्तमान आयु $\rightarrow 5x = 5 \times 6 = 30$ वर्ष
2 वर्ष बाद पिता की आयु =30+2=32 वर्ष
2 वर्ष बाद पुत्र की आयु = 6+2 = 8 वर्ष

45. Ans (D):
माना रितिका की आयु = x वर्ष
प्रियंवद की वर्तमान आयु =(2 x+5) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$\left(1 + \frac{50}{100}\right)(x + 16) = 2x + 5 + 16$
$\frac{3}{2}(x + 16) = 2x + 21$
$\frac{3x + 48}{x = 6} = 4x + 42$
प्रियंवद की वर्तमान आयु $= 2x + 5 = 2 \times 6 + 5$
$= 17$ वर्ष

46. Ans (D):
माना मेरी वर्तमान आयु = x वर्ष
एवं चचेरे भाई की वर्तमान आयु = y वर्ष
तब प्रथम शर्त के अनुसार-
$x \times \frac{3}{7} = y \times \frac{4}{5}$
$15x = 28y \quad \ldots\ldots\ldots\ldots (i)$
∴ तीन साल पहले मेरी आयु =(x-3) वर्ष
∴ अब से 10 वर्ष बाद चचेरे भाई की आयु =(y+10) वर्ष
दूसरी शर्त के अनुसार-
$(y + 10) = (x - 3)$
$x = y + 13$
x=y+13 समी. (i) में रखने पर,
$15(y + 13) = 28y$
$15y + 195 = 28y$
$13y = 195$
या y=15 वर्ष
अब मेरी वर्तमान आयु =x=15+13=28 वर्ष

47. Ans: (C)
माना उद्दलक की वर्तमान आयु = x वर्ष
∴ शान की वर्तमान =(1.6 x-4) वर्ष
∴ 26 वर्ष पहले उद्दलक की आयु =(x-26)

∴ 26 वर्ष पहले शान की आयु =1.6 x-4-26
=(1.6 x-30)
प्रश्नानुसार-
$\frac{1.6x-30}{2}-1=x-26$
$1.6x-30-2=2x-52$
$0.4x=52-32$
$0.4x=20$
$x=\frac{20\times10}{4}$
$x=50$
∴ शान की वर्तमान आयु
$50\times1.6-4=80-4=76$ वर्ष

48. Ans (D):
माना पत्रा की वर्तमान आयु = x वर्ष
∴ यूजीन की वर्तमान आयु =(54-x) वर्ष
तीन वर्ष बाद,
पत्रा की आयु =(x+3) वर्ष
यूजीन की आयु =(54-x+3)
= (57-x) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$3(57-x)-4=x+3$
$171-3x-4=x+3$
$4x=164$
$x=41$ वर्ष
अत: पत्रा की वर्तमान आयु = 41 वर्ष

49. Ans: (B)
माना सोहम की वर्तमान आयु = x वर्ष
पार्थ की वर्तमान आयु =(x+10) वर्ष
8 वर्ष पूर्व सोहम की आयु =(x-8)
8 वर्ष पूर्व पार्थ की आयु =x+10-8=(x+2)
प्रश्नानुसार,
$3(x-8)=2(x+2)+4$
$3x-24=2x+4+4$
$x=32$ वर्ष
सोहम की वर्तमान आयु =32 वर्ष

50. Ans: (B)
माना भारती की वर्तमान आयु = x वर्ष
नीलांजन की वर्तमान आयु = (x - 11) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(x+15)=(x-11+15)1.2$
$(x+15)=(x+4)\times1.2$
$(x+15)=1.2x+4.8$
$15-4.8=0.2x$
$10.2=0.2x$
$x=51$ वर्ष
नीलांजन की वर्तमान आयु =51-11=40 वर्ष

51. Ans: (A)
माना बेटी की वर्तमान आयु = x वर्ष
श्रीनिवास की वर्तमान आयु = 4x वर्ष
प्रश्नानुसार-
$9(x-5)=4x-5$
$9x-45=4x-5$
$5x=40$
$x=8$
अत: बेटी की वर्तमान आयु = 8 वर्ष

52. Ans: (A)
माना 8 साल पहले अर्पित की आयु =x वर्ष
अध्रिन की आयु =(3 x-1) वर्ष
अर्पित की वर्तमान आयु =(x+8) वर्ष
तथा अध्विन की वर्तमान आयु =(3x+7) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(3x+7-6)=2(x+8-6)+1$
$3x+1=2x+4+1$
$x=4$
अर्पित की वर्तमान आयु x+8=4+8=12 वर्ष
7 वर्ष बाद अर्पित की आयु =12+7=19 वर्ष

53. Ans (D):
माना 7 साल पहले आनंद की आयु =x वर्ष
माना 7 साल पहले विनोद की आयु =4x वर्ष
आनन्द की वर्तमान आयु =(x+7) वर्ष
विनोद की वर्तमान आयु =(4 x+7) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$2(x+7+19)=(4x+7+19)$
$2x+52=4x+26$
$2x=26$
$x=13$
विनोद की वर्तमान आयु $=4x+7=4\times13+7=59$ वर्ष

54. Ans (D):
माना रोहित की वर्तमान आयु = x वर्ष
रोहन की वर्तमान आयु = y वर्ष
प्रथम शर्त के अनुसार-
$(x-5)=(y-5)\times\frac{2}{3}$
$3x-15=2y-10$
$3x=2y+5$
$x=\frac{2y+5}{3}$ ……(i)
द्वितीय शर्त के अनुसार-
$\frac{5}{4}\times(x+5)=(y+5)$
$5x+25=4y+20$
$5x-4y=-5$
या, $5x=4y-5$
$x=\frac{4y-5}{5}$ ……(ii)
समी (i) व(ii) से
$\frac{2y+5}{3}=\frac{4y-5}{5}$
$10y+25=12y-15$
$2y=40$
$y=20$ वर्ष

y का मान समी (i) में रखने पर,

$x = \frac{2 \times 20 + 5}{3}$

$x = \frac{45}{3} = 15$ वर्ष

अत: रोहित की वर्तमान आयु = 15 वर्ष

55. Ans: (A)

माना आकाश के पिता की वर्तमान आयु 'x' वर्ष व आकाश की आयु 'y' वर्ष है।

प्रश्नानुसार,

$(x-1) = 9(y-1)$

$x - 1 = 9y - 9$

$x - 9y = -8 \quad \ldots\ldots(i)$

पुन: तीन साल बाद

$(x+3) = 5(y+3)$

$x + 3 = 5y + 15$

$x - 5y = 12 \quad \ldots\ldots(ii)$

दोनों समीकरण (i) व (ii) को हल करने पर

$4y = 20$

$y = 5$

अत: अगले वर्ष आकाश की आयु = 5 वर्ष +1 वर्ष = 6 वर्ष

56. Ans: (A)

माना बेटे की वर्तमान आयू =x वर्ष

$\therefore$ पिता की वर्तमान आयु $= 9x$ वर्ष

प्रश्न से-

$(9x + 2) = 6(x + 2) - 1$

$9x + 2 = 6x + 12 - 1$

$9x - 6x = 12 - 1 - 2$

$3x = 9$

$\boxed{x = 3}$

पिता की आयु $= 9x = 9 \times 3 = 27$ वर्ष

बेटे की आयु $= x = 3$ वर्ष

57. Ans: (A)

माना नीतू की वर्तमान आयु = x वर्ष

तब डालिया की वर्तमान आयु =(20+x) वर्ष

प्रश्नानुसार-

$[(20 + x) + 2] = 2(x + 2)$

$22 + x = 2x + 4$

$\boxed{x = 18}$

अत: नीतू की वर्तमान उम्र =x=18 वर्ष

58. Ans (D):

माना कावेरी की वर्तमान आयु =x वर्ष

तथा सिंधु की वर्तमान आयु = y वर्ष

प्रश्नानुसार,

प्रथम स्थिति से-

$y - 5 = 3(x - 5)$

$y - 5 = 3x - 15$

$3x - y = 15 - 5$

$3x - y = 10 \quad \ldots\ldots(i)$

द्वितीय स्थिति से-

$\frac{(y+10)}{2} = (x + 10)$

$y + 10 = 2x + 20$

$2x - y = 10 - 20$

$2x - y = -10 \quad \ldots\ldots(ii)$

समी. (i) में से (ii) को घटाने पर-

$3x - y = 10$

$2x - y = -10$

$- \quad + \quad +$

$3x - 2x = 20$

$x = 20$

कावेरी की वर्तमान आयु =20वर्ष

5 वर्ष बाद, कावेरी की आयु =20+5=25 वर्ष

59. Ans (D):

माना डेनियल की वर्तमान उम्र = x वर्ष

और दिनारा की वर्तमान उम्र = y वर्ष

प्रथम शर्त के अनुसार-

$x + y = 115 \ldots\ldots\ldots(1)$

दितीय शर्त के अनुसार-

$3(x - 5) = (y - 5) \times 2$

$3x - 15 = 2y - 10$

$3x - 2y = -10 + 15$

$3x - 2y = 5 \ldots\ldots(2)$

समी (1) में 2 से गुणा करके समी. (2) में जोड़ने पर-

$2x + 2y = 230$

$\frac{3x - 2y = 5}{5x} = 235$

$x = 47$

पनः: समी. (1) से -

$y = 115 - 47$

$y = 68$

अतः दिनारा की वर्तमान उम्र = y = 68 वर्ष

60. Ans: (B)

प्रश्नानुसार,

पिता + माता =7.5 × बेटे की आयु ....(i)

माता की आयु = 35 वर्ष .....(ii)

पिता की आयु =4× बेटे की आयु .....(iii)

समी.(ii) तथा (iii) का मान समी.(i) में रखने पर-

4 ×बेटे की आयु +35=7.5 × बेटे की आयु

(7.5-4) × बेटे की आयु =35

3.5 × बेटे की आयु =35

बेटे की आयु =35/3.5=10 वर्ष

61. Ans: (C)

माना दोनों व्यक्तियों की वर्तमान आयु x और y वर्ष है,

प्रश्नानुसार,

$x + y = 7(x - y)$

$x + y = 7x - 7y$

$6x = 8y$

$\frac{x}{y} = \frac{8}{6}$

$\frac{x}{y} = \frac{4}{3} x = 4k, y = 3k$

प्रश्नानुसार,
$(x+5)+(y+5)=9[x+5-(y+5)]$
$x+y+10=9(x+5-y-5)$
$x+y+10=9(x-y)$
$9x-x-9y-y=10$
$8x-10y=10$
x और y का मान रखने पर-
$\because x=4k$
$y=3k$
$32k-30k=10$
$2k=10$
$k=5$
$x=4k$
$=4\times5$
= 20 वर्ष
$y=3k$
$=3\times5$
= 15 वर्ष
अत: बड़े व्यक्ति की आयु =x=20 वर्ष

62. **Ans: (C)** :
माना अनुषा की उम्र = x वर्ष
नीलिमा की उम्र = y वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x\times y=240 \quad \ldots..(i)$
$x+4=2y$
$y=\left(\frac{x+4}{2}\right) \quad \ldots\ldots(ii)$

y का मान समीकरण(i) में रखने पर-
$x\times\left(\frac{x+4}{2}\right)=240$
$x^2+4x=480$
$x^2+4x-480=0$
$x^2+(24-20)x-480=0$
$x^2+24x-20x-480=0$
$x(x+24)-20(x+24)=0$
$(x+24)(x-20)=0$
$x=-24,20$
अत: अनुषा की उम्र =x=20 वर्ष

63. **Ans: (A)**
माना मेरी वर्तमान आयु x वर्ष तथा चचेरे भाई की आयु y वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
$\frac{2x}{3}=\frac{3y}{4}$
$8x-9y=0 \quad \ldots\ldots(i)$
$x-3=y+1$
$x-y=4 \quad \ldots\ldots(ii)$
समी.(ii) में 9 का गुणा करके समी.(i) से घटाने पर
$8x-9y=0$
$9x-9y=36$
$-x=-36$
$x=36$ वर्ष

64. **Ans: (B)**
रघु की वर्तमान आयु =17 वर्ष
सीता की वर्तमान आयु = 41 वर्ष
5 साल पहले दोनों की आयु का अनुपात $=\frac{17-5}{41-5}=\frac{12}{36}$
=1: 3
अत: रघु की आयु सीता की आयु की एक तिहाई थी।

65. **Ans (D):**
माना x वर्ष बाद ब्रैटिन की आयु चचेरे भाई के आयु की 1.5 गुना हो जाएगी।
$(x+18)=1.5(x+7)$
$x+18=1.5x+10.5$
$0.5x=7.5$
$x=15$

66. **Ans: (A)**
∴ पुत्री की वर्तमान आयु = 12 वर्ष
तो माँ की वर्तमान आयु =3 × 12=36 वर्ष
पिता की वर्तमान आयु =36+5=41 वर्ष
अत: पुत्री के जन्म के समय पिता की आयु = 41-12
= 29 वर्ष

67. **Ans: (A)**
माना पुत्र के जन्म के समय पिता की आयु = x वर्ष तो पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष
दिया है, पिता की वर्तमान आयु = 40 वर्ष
$\Rightarrow(40-x)=x$
$40=2x$
$x=20$ वर्ष
∴ 5 वर्ष पूर्व पुत्र की आयु =20-5=15 वर्ष
अत: 5 वर्ष पूर्व पुत्र की आयु 15 वर्ष थी।

68. **Ans: (B)**
माना शादी के समय व्यक्ति की पत्नी की आयु = x वर्ष
तथा व्यक्ति की आयु =(x+6) वर्ष
∴12 वर्ष बाद व्यक्ति की आयु =x+6+12=(x+18) वर्ष
प्रश्नानुसार, $x+18=(x+12)\times1.2$
$x+18=1.2x+14.4$
$0.2x=3.6$
$x=18$
अत: व्यक्ति के पत्नी की आयु =x=18 वर्ष
तथा व्यक्ति की आयु =(x+6)=(18+6)=24 वर्ष

69. **Ans: (A)**
सीता की आयु $=\frac{\text{राम}+\text{मोहन}+\text{सीता}}{3}\times2$
दिया है मोहन =5 वर्ष
3 × सीता =(राम + 5+ सीता) × 2
3 × सीता = 2× राम +10+2 × सीता
सीता =2 × राम +10.....(1)
राम की आयु $=\frac{\text{राम}+\text{मोहन}+\text{सीता}}{3}\times\frac{1}{2}$
$6\times$ राम $=$ राम $+5+$ सीता
$5\times$ राम $=5+$ सीता
सीता $=5\times$ राम $-5 \quad \ldots..(2)$

समीकरण (2) में से (1) को घटाने पर
राम की आयु =5, सीता की आयु =20, मोहन की आयु =5

अत : औसत आयु $= \frac{\text{राम + सीता + मोहन}}{3}$

$= \frac{5+5+20}{3} = 10$ वर्ष

70. Ans: (B)

माना P तथा Q की छ: वर्ष पूर्व आयु 3x तथा 2x थी।
P तथा Q की वर्तमान आयु (3x+6) वर्ष तथा (2x+6) वर्ष
प्रश्नानुसार,

$\frac{3x+10}{2x+10} = \frac{8}{7}$

$21x + 70 = 16x + 80$

$5x = 10$

$x = 2$

P की वर्तमान आयु =(3x+6)=3× 2+6=12 वर्ष

71. Ans: (B) :

माना दीपिका तथा उसकी माँ की आयु क्रमश: 3 x तथा 11x वर्ष है।
प्रश्नानुसार,

$\frac{3x+3}{11x+3} = \frac{1}{3}$

$\Rightarrow 9x + 9 = 11x + 3$

$\Rightarrow 2x = 6$

$\Rightarrow x = 3$

अत: दीपिका की आयु = 3 × 3 = 9 वर्ष

72. Ans (D): :

माना X व Y की वर्तमान आयु क्रमश: 3x तथा 4x वर्ष है।
पाँच साल पहले की आयु का अनुपात =5: 7

$\frac{3x-5}{4x-5}\& = \frac{5}{7}$

$21x - 35\& = 20x - 25$

$21x - 20x\& = -25 + 35$

$x = 10$

तो Y की वर्तमान आयु = 4x = 4 × 10 = 40 वर्ष

73. Ans (D):

माना सूरज की वर्तमान आयु x वर्ष, तथा नीरज की वर्तमान आयु x/2 वर्ष है।
प्रश्नानुसार,

$5\left(\frac{x}{2} - 8\right) = (x + 5)$

$\Rightarrow \quad \frac{5x}{2} - 40 = x + 5$

$\Rightarrow \quad \frac{5x}{2} - x = 5 + 40$

$\Rightarrow \quad \frac{3x}{2} = 45$

$\Rightarrow \quad x = 30$ वर्ष

सूरज की दो वर्ष पूर्व आयु =30-2=28 वर्ष
नीरज की दो वर्ष पूर्व आयु =15-2=13 वर्ष

74. Ans: (A)

माना माँ एवं बेटी की वर्तमान आयु 8x वर्ष एवं 3x वर्ष है।
प्रश्नानुसार-

$\frac{8x+12}{3x+12} = \frac{2}{1}$

$8x + 12 = 6x + 24$

$2x = 12$

$x = 6$

∴(माँ + बेटी) की वर्तमान आयु $= (8x + 3x) = 11x$

$= 11 \times 6 = 66$ वर्ष

75. Ans: (A)

माना Q की आयु x वर्ष तथा P की आयु 2x वर्ष है।
तो प्रश्नानुसार-

$2x + 5 + x + 5 = 70$

$3x = 60$

$x = 20$

P तथा Q की आयु का योग =2x+x=40+20=60 वर्ष

76. Ans (D): :

P की वर्तमान आयु =15 वर्ष
माना Q की वर्तमान आयु = x वर्ष
प्रश्नानुसार-

$x + 6 = 26$

$x = 20$ वर्ष

Q की वर्तमान आयु =20 वर्ष
P तथा Q की वतमान आयु का अनुपात
=15: 20 = 3: 4

77. Ans (D):

माँ की आयु = 43 वर्ष,
पुत्र की आयु =43-21=22 वर्ष
पिता की आयु = 46 वर्ष
4 वर्ष पश्चात् पिता तथा पुत्र की आयु में अन्तर
$= 50 - 26 = 24$ वर्ष

78. Ans: (A)

माना टॉम की वर्तमान आयु = x वर्ष
तब टॉम के पिता की वर्तमान आयु = 3x वर्ष
प्रश्नानुसार-

$7(x - 10) = (3x - 10)$

$7x - 70 = 3x - 10$

$4x = 60, x = 15$ वर्ष

अत: टॉम की वर्तमान आयु (x)=15 वर्ष

79. Ans (D):

माना मेरी वर्तमान आयु x वर्ष है।
प्रश्न से-

$3(x + 3) - 3(x - 3) = x$

$3x + 9 - 3x + 9 = x$

$x = 18$ वर्ष

80. Ans (D):

माना पुत्र की आयु = x वर्ष
∴पिता की आयु =3 x वर्ष
तथा माता की आयु $= \frac{8}{3}$x वर्ष

प्रश्नानुसार-

$3x - \frac{8}{3}x = 4$

$9x - 8x = 12$

$x = 12$ वर्ष

अत: पूत्र की आयु = 12 वर्ष

81. **Ans: (A)**

पाँच वर्ष पहले –

चेतना की आयु =x वर्ष

महिम की आयु $= \frac{x}{3} - 1 = \left(\frac{x-3}{3}\right)$वर्ष

17 वर्ष बाद,

$x + 5 + 17 = \left(\frac{x-3}{3} + 5 + 17\right) \times 2$

$x + 22 = \left(\frac{x-3}{3} + 22\right) \times 2$

$x + 22 = \frac{2x-6}{3} + 44$

$x - \frac{2x-6}{3} = 22$

$3x - 2x + 6 = 66$

$x = 60$

82. **Ans: (B)**

माना पहले भाई की वर्तमान आयु = x वर्ष (बड़ा भाई)

तब दूसरे भाई की वर्तमान आयु = (54-x) वर्ष

11 वर्ष पहले दोनों की आयु क्रमश:

(x-11) वर्ष, (54-x-11) वर्ष अर्थात (43-x) वर्ष होगी।

शर्तानुसार –

$x - 11 = (43 - x) \times 3$

$x - 11 = 129 - 3x$

$4x = 140$

$x = 35$ वर्ष

अत: बड़े भाई की वर्तमान आयु 35 वर्ष होगी।

83. **Ans: (B)**

माना व्यक्ति की वर्तमान उम्र = x वर्ष

व्यक्ति के भाई की वर्तमान उम्र =(x+3) वर्ष

व्यक्ति के बहन की वर्तमान उम्र =(x+3+6)=(x+9) वर्ष

∴ प्रश्नानुसार

$x + x + 3 + x + 9 = 3 \times 14$

$3x + 12 = 3 \times 14$

$x + 4 = 14$

$x = 10$ वर्ष

∴ बहन की उम्र $= 10 + 9 = 19$ वर्ष

84. **Ans: (A)**

माना पोते की उम्र = x वर्ष

दादा की उम्र =5x वर्ष

कुल उम्र =6 x वर्ष

चूँकि 6 से विभाज्य संख्याएँ 54, 72 तथा 66 है। अत: विकल्प **(A)** कुल उम्र का समर्थन नहीं करता है।

85. **Ans: (B)**

माना समूह में छात्रों की कुल संख्या = x

8 वर्ष से कम आयु के छात्रों की संख्या =x/5

8 वर्ष से अधिक आयु के छात्रों की संख्या=

$\left(x - \frac{x}{5}\right) \times \frac{2}{5} = \frac{8}{25}x$

8 वर्ष के छात्रों की संख्या $= x - \left(\frac{x}{5} + \frac{8x}{25}\right) = x - \frac{13x}{25} = \frac{12x}{25}$

अत: ठीक 8 वर्ष के छात्रों का समूह में हिस्सा $= \frac{12}{25}$

86. **Ans: (A)**

प्रश्नानुसार,

जहाँ

$\mathrm{N} = \mathrm{M} + 10$ ….(i) $\begin{Bmatrix} \mathrm{N} \Rightarrow \text{ नीतू} \\ \mathrm{M} \Rightarrow \text{ मीतू} \\ \mathrm{G} \Rightarrow \text{ गीतू} \end{Bmatrix}$

$M = G + 7$ …… (ii)

$\mathrm{N} + \mathrm{M} + \mathrm{G} = 48$ …… (iii)

समी. (i), (ii) व (iii) से-

$\mathrm{M} + 10 + \mathrm{M} + \mathrm{M} - 7 = 48$

$3\mathrm{M} = 45$

$\mathrm{M} = 15$

मीतू की आयु 15 वर्ष है, नीतू की आयु =M+10=25 वर्ष

87. **Ans: (B)**

यदि मेरी वर्तमान उम्र = x वर्ष तथा मेरे चचेरे भाई की वर्तमान उम्र = y वर्ष है।

तब प्रथम शर्त के अनुसार –

$\frac{2\mathrm{x}}{3} = \frac{3\mathrm{y}}{4}$

$8\mathrm{x} - 9\mathrm{y} = 0$ …… (i)

एवं दितीय शर्त के अनुसार-

$x - 3 = y + 4$

$x - y = 7$

$y = x - 7$

y = x – 7 समीकरण (i) में रखने पर-

$8x - 9(x - 7) = 0$

$8x - 9x + 63 = 0$

$-x + 63 = 0$

$\boxed{x = 63 \text{ वर्ष}}$

88. **Ans: (C)**

माना B की आयु = x वर्ष

∴ A की आयु =(16+x) वर्ष

प्रश्नानुसार 6 वर्ष पहले-

$3(x - 6) = (16 + x - 6)$

$3x - 18 = x + 10$

$2x = 28$

$x = 14$

अत: कम आयु वाले व्यक्ति की आयु 14 वर्ष होगी।

89. **Ans (D):**

माना साईं एवं सतीश की वर्तमान आयु क्रमश: 5x वर्ष, 4x वर्ष है।

प्रश्नानुसार,
$\frac{5x+3}{4x+3} = \frac{11}{9}$
$\Rightarrow 9(5x+3) = 11(4x+3)$
$\Rightarrow 45x + 27 = 44x + 33$
$\Rightarrow 45x - 44x = 33 - 27$
$\Rightarrow 6x$
अत: सतीश की वर्तमान आयु =6 × 4=24 वर्ष

90. **Ans: (C)**
यदि पीटर की वर्तमान उम्र x वर्ष एवं प्रीती की y वर्ष है तो,
$x - y = 5 \ldots\ldots\ldots (i)$
प्रश्नानुसार 35 वर्ष पूर्व,
$4(x-35) = 5(y-35)$
$4x - 140 = 5y - 175$
(ii)
$4x - 5y = -35 \ldots\ldots\ldots (ii)$
समी(i) में 4 से गुणा करने पर एवं(ii) का हल करने पर
$4x - 4y = 20$
$\underline{4x - 5y = -35}$
$y = 55$ वर्ष

समी (i) में y=55 रखने पर,
$x - y = 5$
$x = 55 + 5 = 60$ वर्ष
वर्तमान में दोनों के उम्रों का योग $x + y = 60 + 55 =$ 115 वर्ष

91. **Ans: (B)**
मान लेते है कि श्रीया की उम्र = x वर्ष
इसलिए चार्ल्स की उम्र होगी = (x+6) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(x-30) \times 5 = (x+6-30) \times 4$
$5x - 150 = 4x - 96$
$x = 150 - 96$
$x = 54$ वर्ष
$\therefore$ चार्ल्स की उम्र $= x + 6 = 54 + 6 = 60$ वर्ष
दोनों की उम्र का योग = 60+54=114 वर्ष

92. **Ans: (B)**
माना भासवती की वर्तमान आयु = x वर्ष
पिनाकी की वर्तमान आयु =(x-9) वर्ष
तेरह वर्षों के बाद भासवती की आयु =(x+13) वर्ष
तेरह वर्षों के बाद पिनाकी की आयु
=(x-9+13)=(x+4) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(x+13) = 1.2(x+4)$
$x + 13 = 1.2x + 4.8$
$0.2x = 8.2$
$x = \frac{8.2}{0.2} = 41$
अत: पिनाकी की वर्तमान आयु =(x-9)=(41-9)=32 वर्ष

93. **Ans (D):**
माना सैबल की वर्तमान आयु = x वर्ष
तब, बिपुल की वर्तमान आयु =(x-16) वर्ष
12 वर्ष बाद सैबल की आयु =(x+12) वर्ष
12 वर्ष बाद बिपुल की आयु =(x-16+12)=(x-4) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$(x+12) = 1.5(x-4)$
$x + 12 = 1.5x - 6$
$0.5x = 18$
$x = \frac{18}{0.5}$
$x = 36$ वर्ष
अत: सैबल की वर्तमान आयु 36 वर्ष होगी।

94. **Ans: (B)**
माना प्रभात की वर्तमान आयु = x वर्ष
श्याम की वर्तमान आयु = y वर्ष
प्रश्नानुसार, 15 साल पहले दोनों की आयु
$2(x-15) = (y-15)$
$2x - 30 = y - 15$
$2x - y = 15 \quad \ldots\ldots (1)$
वर्तमान से 5 साल बाद दोनों की आयु,
$(x+5) = \frac{5}{8}(y+5)$
$8x + 40 = 5y + 25$
$8x - 5y = -15 \quad \ldots\ldots (2)$
समीकरण (1) में 5 का गुणा करने पर,
$(2x-y)5 = 15 \times 5$
$10x - 5y = 75 \quad \ldots\ldots (3)$
समीकरण (2) से समीकरण (3) को घटाने पर-
$8x - 5y = -15$
$10x - 5y = 75$
$-\frac{+}{-2x} = -90$
$x = 45$
x का मान समी. (1) में रखने पर-
$2 \times 45 - y = 15$
$y = 90 - 15$
$y = 75$ वर्ष
अत: श्याम की वर्तमान आयु 75 वर्ष है।

95. **Ans (D):**
माना जीना की वर्तमान आयु = x वर्ष
माँ की वर्तमान आयु =(x+24) वर्ष
8 वर्ष बाद जीना की आयु =(x+8) वर्ष
8 वर्ष बाद माँ की आयु =(x+24+8) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x + 32 = \frac{5}{3}(x+8)$
$3x + 96 = 5x + 40$
$2x = 56$
$x = 28$
अत: जीना की वर्तमान आयु = 28 वर्ष

96. **Ans: (B)**
माना रिहाना की वर्तमान आयु = x वर्ष
तब प्रियंकुर की वर्तमान आयु =(3x-7) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$(3x - 7 + 16) = (x + 16) \times \frac{150}{100}$
$(3x + 9) = (x + 16) \times \frac{3}{2}$
$6x + 18 = 3x + 48$
$6x - 3x = 48 - 18$
$3x = 30$
$x = 10$
प्रियंकुर की वर्तमान आयु = 3x-7
$= 3 \times 10 - 7$
$= 30 - 7 = 23$ वर्ष

97. **Ans: (A)**
माना जेरेमी की वर्तमान उम्र = x वर्ष
प्रश्नानुसार, पिता की वर्तमान उम्र = (x + 26) वर्ष
अत: $2(x + 8) - 2 = (x + 26 + 8)$
$2x + 16 - 2 = x + 34$
$x = 34 - 14$
$x = 20$ वर्ष

98. **Ans: (A)**
माना पुत्र की उम्र = x वर्ष
तब पिता की आयु =(60-x) वर्ष
6 वर्ष पहले की आयु
$5(x - 6) = (60 - x - 6)$
$5x - 30 = 54 - x$
$6x = 84$
$x = 14$
पुत्र की उम्र 6 वर्ष बाद = 14 + 6 = 20 वर्ष

99. **Ans: (B)**
माना साई की आयु = x वर्ष
गौतम की आयु =2x वर्ष
और सतीश की आयु =(2x+2) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x + 2x + 2x + 2 = 27$
$5x = 27 - 2$
$x = \frac{25}{5} = 5$
अत: गौतम की आयु = $2x = 2 \times 5 = 10$ वर्ष

100. **Ans: (A)**
माना जॉन की उम्र x वर्ष तथा जिल की उम्र y वर्ष है।
प्रश्नानुसार,
y-x=15 .....(i)
तथा (y-12)=(x-12) 1.5
y-12=1.5 x-18
y-1.5 x=-6 .....(ii)
समी. (i) और (ii) से-
$y - x - (y - 1.5x) = 15 - (-6)$
$y - x - y + 1.5x = 15 + 6$
$0.5x = 21$
$x = \frac{21}{0.5}$
$x = 42$
x का मान समी. (i) में रखने पर-
$y - 42 = 15$
$y = 15 + 42 = 57$
अत: जिल की वर्तमान उम्र 57 वर्ष है।

101. **Ans: (A)**
माना रोशन की वर्तमान उम्र x वर्ष तथा उषा की वर्तमान उम्र y वर्ष है।
प्रथम शर्त के अनुसार –
x=1.5 y-3.....(i)
दितीय शर्त के अनुसार –
$\frac{x-12}{2} + 3 = y - 12$....(ii)
समी.(i) से x का मान समी.(ii) में रखने पर,
$\frac{(1.5y - 3) - 12}{2} + 3 = y - 12$
$1.5y - 15 + 6 = 2y - 24$
$0.5y = 15$
$y = 30$
y=30 समी.(i) में रखने पर
$x = 1.5 \times 30 - 3$
$x = 45.0 - 3$
$x = 42$ वर्ष
अत: रोशन की वर्तमान उम्र = 42 वर्ष

102. **Ans (D):**
यदि राम की वर्तमान उम्र = x वर्ष
एवं सनी की वर्तमान उम्र = y वर्ष
13 वर्ष पूर्व राम व सनी की उम्र क्रमश: (x-13) व (y-13) वर्ष होगी
प्रश्न से,
$(x - 13) = (y - 13) \times 2$
$x - 13 = 2y - 26$
$x - 2y = -13$ ... ... (i)
तीन वर्ष बाद राम एवं सनी की उम्र क्रमश: (x+3) एवं (y+3) वर्ष होगी।
$(x + 3) \times \frac{3}{5} = y + 3 \Rightarrow 3x + 9 = 5y + 15$
या $3x - 5y = 6$ ... ... (ii)
समीकरण (i) में 3 से गुणा व (ii) से-
$3x - 6y = -39$
$3x - 5y = 6$
$y = 4$ वर्ष
y का मान समी (i) में रखने पर,
$x - 2 \times 45 = -13$
$x - 90 = -13$
$\boxed{x = 77 \text{ वर्ष}}$

103. **Ans (D):**
माना धारित्री और युनीस की वर्तमान आयु x, y वर्ष
प्रश्नानुसार-
$x + 3 = 2(y + 3) - 8$
$x + 3 = 2y + 6 - 8$
$x + 3 = 2y - 2$
$x - 2y = -5 \quad \ldots\ldots(i)$
तथा x + y = 61 .....(ii)
समी.(i) में से समी (ii) को घटाने पर,
$x - 2y = -5$
$\underline{x + y = 61}$
$-3y = -66$
$y = 22$
समी.(ii) में y=22 रखने पर
$x + 22 = 61$
$x = 39$
अत: धारित्री की वर्तमान आयु 39 वर्ष होगी।

104. **Ans (D):**
माना पाँच वर्ष पहले विराट की आयु = x वर्ष
पाँच वर्ष पहले मोहिंदर की आयु = $\left(\frac{2x}{5} - 1\right)$ वर्ष
विराट की वर्तमान आयु =(x+5) वर्ष
मोहिन्दर की वर्तमान आयु = $\left(\frac{2x}{5} + 4\right)$ वर्ष
प्रश्नानुसार-
$x + 5 + 7 = 2\left(\frac{2x}{5} + 4 + 7\right)$
$5(x + 12) = 4x + 110$
$x = 50$
विराट की वर्तमान आयु =x+5=50+5=55 वर्ष

105. **Ans: (B)**
माना x वर्ष के बाद रथिन की उम्र उसके चचेरे भाई के उम्र की 1.5 गुना हो जाएगी।
x वर्ष बाद रथिन की उम्र =(x+16) वर्ष
चचेरे भाई की उम्र =(x+7) वर्ष
$(x + 16) = (x + 7) \times 1.5$
$x + 16 = 1.5x + 10.5$
$5.5 = 0.5x$
$x = \frac{5.5}{0.5}$
$\boxed{x = 11 \text{ वर्ष}}$

106. **Ans (D):**
यदि सिंथिया की उम्र वर्तमान में x वर्ष और ब्रिटनी की y वर्ष है तो,
x + y= 94 वर्ष .....(i)
15 वर्ष पूर्व इनकी उम्र क्रमश: (x-15) वर्ष व (y-15) वर्ष है तो,
$(x - 15) = 3(y - 15)$
$x - 15 = 3y - 45$
$x - 3y = -30 \quad \ldots\ldots(ii)$
समी.(i) में 3 से गुणा करने पर एवं (ii) को जोड़ने पर-
$3x + 3y = 282$
$x - 3y = -30$
$4x = 252$
$x = 63$ वर्ष
ब्रिटनी की वर्तमान आयु $\Rightarrow 63 + y = 94$
या $\boxed{y = 94 - 63 = 31 \text{ वर्ष}}$

107. **Ans: (B)**
माना कविता, रजिता और हरिता की आयु क्रमश: - 4x, 7x, 9x वर्ष है।
प्रश्नानुसार-
$(4x - 8) + (7x - 8) + (9x - 8) = 56$
$20x - 24 = 56$
$x = 4$
अत: कविता की वर्तमान आयु =4x = 4 × 4=16 वर्ष
रजिता की वर्तमान आयु =7x=7 × 4=28 वर्ष
हरिता की वर्तमान आयु =9x = 9 × 4=36 वर्ष

108. **Ans: (A)**
माना कि सबसे बड़ी बहन की आयु x वर्ष है तब, 3 वर्ष के अन्तराल पर जन्म लेने वाली अन्य चार बहनों की आयु क्रमश: (x-3),(x-6),(x-9) एवं (x-12) वर्ष होगी
प्रश्नानुसार-
$x + x - 3 + x - 6 + x - 9 + x - 12 = 50$
$5x = 50 + 30$
$5x = 80$
$x = 16$ वर्ष

109. **Ans: (B)**
माना पूजीथा की वर्तमान आयु = x वर्ष
3 वर्ष पहले पूजीथा की आयु =(x-3) वर्ष
2 वर्ष बाद पूजीथा की आयु =(x+2) वर्ष
प्रश्नानुसार-
$\left(\frac{x-3}{3}\right) + \left(\frac{x+2}{2}\right) = 20$
$\frac{2x - 6 + 3x + 6}{6} = 20$
$\frac{5x}{6} = 20$
$x = 6 \times 4$
$x = 24$ वर्ष
पूजीथा की वर्तमान आयु = 24 वर्ष

110. **Ans (D):**
माना मेरी वर्तमान आयु = x वर्ष चचेरे भाई की आयु =y वर्ष
प्रश्नानुसार,
$\frac{3x}{5} = \frac{5y}{6}$
$18x = 25y$
$18x - 25y = 0 \quad \ldots\ldots(I)$
x-10 = y + 4
$x - y = 14 \quad \cdots (II)$
समी. (II) × 25- समी.(I) से-

$25x - 25y = 350$
$18x - 25y = 0$
$- + -$
$7x = 350$
x = 50 वर्ष
अत: मेरी वर्तमान आयु 50 वर्ष है।

111. Ans (D):
पिता की आयु=54वर्ष
∴ माँ की आयु = 54 - 2 = 52 वर्ष
छोटी बहन की आयु $= \frac{\text{माँ की आयु}}{2} = \frac{52}{2}$
$= 26$ वर्ष
बड़ी बहन की आयु-छोटी बहन की आयु=4 वर्ष
बड़ी बहन की आयु - 26=4
∴ बड़ी बहन की आयु = 4 + 26 = 30 वर्ष

112. Ans (D):
माना बड़ी बहन की आयु = x वर्ष
तब छोटी बहन की आयु =(x-2) वर्ष
पिता की आयु =52 वर्ष
माता की आयु =52-2=50 वर्ष
$\frac{\text{माता की आयु}}{2} =$ बड़ी बहन की आयु
$\frac{50}{2} = x$
बड़ी बहन की आयु x=25 वर्ष
छोटी बहन की आयु =x-2=25-2=23 वर्ष

113. Ans (D):
माना दूसरे बच्च की आयु =x वर्ष
तब तीसरे बच्चे की आयु =(x-4) वर्ष
तथा पहले बच्चे की आयु =(x+5) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x - 4 + x + x + 5 = 22$
$3x + 1 = 22$
$3x = 21$
$x = 7$
सबसे बड़े बच्चे की आयु = x + 5
$= 7 + 5$
$= 12$ वर्ष

114. Ans: (A)
माना दोनों भाइयों की आयु क्रमश: 5x व 8x वर्ष है।
प्रश्न से-
$8x - 5x = 12$
$3x = 12 \Rightarrow x = 4$
अत: दोनों भाई की आयु 20 वर्ष व 32 वर्ष है।

115. Ans: (C)
माना सुनीता की वर्तमान आयु = x वर्ष
शीला की वर्तमान आयु =(x-12) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x - 9 = 4(x - 12 - 9)$
$x - 9 = 4(x - 21)$
$x - 9 = 4x - 84$
$4x - x = 84 - 9$
$3x = 75$
$x = 25$
सुनीता की वर्तमान आयु = x=25 वर्ष
शीला की वर्तमान आयु = x - 12 = 25 - 12 = 13 वर्ष

116. Ans: (C)
माना विजय की वर्तमान आयु = x वर्ष
विनय की वर्तमान आयु =(x+20) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x + 20 - 5 = 5(x - 5)$
$x + 15 = 5x - 25$
$4x = 40$
$\therefore x = 10$
अत: उनकी वर्तमान आयु 10 और 30 वर्ष है।

117. Ans: (B)
माना जय और जोग की आयु क्रमश: 5x और 2x वर्ष है
प्रश्नानुसार,
$5x + 2x = 63$
$7x = 63$
$x = 9$
∴9 वर्ष बाद आयु का अनुपात= $(5 \times 9 + 9) : (2 \times 9 + 9)$
$= 54 : 27$
$= 2 : 1$

118. Ans: (C)
दिया है
सीमा और रीमा की वर्तमान आयु क्रमश: 2x और 3x है।
प्रश्नानुसार-
$3x - 2x = 6$
$x = 6$ वर्ष
अत: सीमा और रीमा की वर्तमान आयु $= 2 \times 6, 6 \times 3$
=12 वर्ष, 18 वर्ष
6 वर्ष बाद सीमा और रीमा की आयु का अनुपात
$= (12 + 6) : (18 + 6)$
$= 18 : 24$
$= 3 : 4$

119. Ans: (A)
माना X व Y की वर्तमान आयु क्रमश: 2x व x है
प्रश्नानुसार
$\frac{2x + 14}{x + 14} = \frac{29}{18}$
$36x + 252 = 29x + 406$
$7x = 154$
$x = 22$
∴ आयु में अन्तर $= 2x - x = x = 22$ वर्ष

120. Ans: (B)
माना पिता की वर्तमान आयु =x वर्ष
∴ बेटे की वर्तमान आयु =(x-24) वर्ष

4 वर्ष बाद पिता की आयु =(x+4) वर्ष
तथा 4 वर्ष बाद बेटे की आयु =(x-20) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$x + 4 = 2 \times (x - 20)$
$x + 4 = 2x - 40$
$2x - x = 4 + 40 \Rightarrow x = 44$
अत: पिता की वर्तमान आयु 44 वर्ष है।

121. **Ans: (B)**
माना राम के पुत्र की वर्तमान आयु = x वर्ष
राम की वर्तमान आयु = 4x वर्ष
प्रश्नानुसार,
$4x + 5 = 3(x + 5)$
$\Rightarrow 4x + 5 = 3x + 15 \Rightarrow x = 10$
अत: राम तथा उसके पुत्र की वर्तमान आयु क्रमश: 40 वर्ष तथा 10 वर्ष है।

122. **Ans: (B)**
माना 5 वर्ष पहले मयंक की आयु 2x वर्ष व पिता की आयु 5 x वर्ष है।
तब 5 वर्ष बाद
$\frac{\text{मयंक की आयु}}{\text{पिता की आयु}} = \frac{3}{5}$
$\frac{2x + 10}{5x + 10} = \frac{3}{5}$
$10x + 50 = 15x + 30$
$5x = 20$
$x = 4$
अत: मयंक की वर्तमान आयु= $2x + 5 = 2 \times 4 + 5 = 13$ वर्ष

123. **Ans (D):**
माना पिता तथा बेटे की वर्तमान आयु क्रमश: x तथा y वर्ष है।
प्रश्न से-
$x - 6 = 5(y - 6) \Rightarrow x - 5y = -24 \quad \ldots\ldots (i)$
तथा
$x + 10 = 3(y + 10) \Rightarrow x - 3y = 20 \quad \ldots\ldots (ii)$
समीकरण(i) व(ii) से-
x=86, y=22
अत: बेटे की वर्तमान आयु 22 वर्ष है।

124. **Ans (D):**
माना आदमी की आयु =x वर्ष
तथा बेटे की आयु = y वर्ष
प्रश्न से,
$(x + 2) = (y + 2) \times 4$
$x + 2 = 4y + 8$
$x = 4y + 6 \quad \ldots\ldots (i)$
पुनः
$(x + 6) = (y + 6) \times 3$
$x + 6 = 3y + 18$
$x = 3y + 12 \quad \ldots\ldots (ii)$
समी (i) व (ii) से,
$4y + 6 = 3y + 12$
$y = 6$ वर्ष
y का मान समी. (i) में रखने पर
$x = 4 \times 6 + 6$
$x = 30$ वर्ष
अब माना A वर्ष बाद पिता की आयु उसके बेटे से दोगुनी होगी।
$\therefore (30 + A) = (6 + A) \times 2$
$30 + A = 12 + 2A$
$A = 18$ साल

125. **Ans: (A)**
माना सपना की आयु =x वर्ष
अनुभा की आयु = y वर्ष
प्रश्नानुसार,
$xy = 150 \quad \ldots\ldots (i)$
$4y = x + 10 \quad \ldots\ldots (ii)$
समी.(i) से $y = \frac{150}{x}$ समी.(ii) में रखने पर,
$4 \times \frac{150}{x} = x + 10$
$600 = x^2 + 10x$
$x^2 + 10x - 600 = 0$
$x^2 + 30x - 20x - 600 = 0$
$x(x + 30) - 20(x + 30) = 0$
$(x + 30)(x - 20) = 0$
$x + 30 = 0$
$x = -30$(अमान्य)
$x - 20 = 0$
$x = 20$
अत: सपना की आयु =20 वर्ष

126. **Ans: (C)**
9-12 वर्ष के आयु के बच्चों का भाग
= (1-12) वर्ष के बच्चों का भाग - (1-8) वर्ष के बच्चों का भाग
$= \frac{2}{3} - \frac{1}{2} = \frac{4 - 3}{6} = \frac{1}{6}$

127. **Ans: (C)**
चारों बच्च x_1, x_2, x_3 तथा x_4 है।
माना सबसे छोटे बच्चे की आयु (x_1)= x वर्ष
उससे बड़े बच्चे की आयु (x_2)= (x + 4) वर्ष
उससे भी बड़े बच्चे की आयु x_3 =(x+8) वर्ष
सबसे बड़े बच्चे की आयु (x_4)=(x+12) वर्ष
$\therefore x + x + 4 + x + 8 + x + 12 = 48$ वर्ष
$4x + 24 = 48$ वर्ष
$4x = 24 \Rightarrow x = 6$ वर्ष
∴ सबसे छोटे बच्चे की आयु = 6 वर्ष

128. **Ans: (B)**
$\therefore$ परिवार की औसत आयु $= \frac{30 \times 2 + 8 \times 2}{4}$
$= \frac{60 + 16}{4} = \frac{76}{4} = 19$ वर्ष

129. **Ans: (A)**
वर्तमान से 5 वर्ष बाद जॉन की आयु
= 12+3+5=20 वर्ष
वर्तमान से 5 वर्ष बाद शंकर की आयु
= 15+3+5=23 वर्ष
अभीष्ट औसत = $\frac{20+23}{2} = \frac{43}{2} = 21.5$ वर्ष

130. **Ans: (C)**
27 विद्यार्थी की आयु का कुल योग = 27×22
= 594 वर्ष
अध्यापक सहित विद्यार्थियों की आयु का कुल योग
$= 28 \times 23 = 644$ वर्ष
∴ अध्यापक की आयु =644-594=50 वर्ष

131. **Ans: (B)**
समूह के 19 सदस्यों की कुल आयु =19 ×24
= 456 वर्ष
संकाय सहित 19 सदस्यों की कुल आयु
$= 20 \times \left(24 + \frac{4}{12}\right)$
$= 20 \times \frac{73}{3}$
∴ संकाय की आयु $= 20 \times \frac{73}{3} - 456$
$= \frac{1460 - 1368}{3} = \frac{92}{3} = 30\frac{2}{3}$ वर्ष
$= 30$ वर्ष $+ \frac{2}{3} \times 12$ माह $= 30$ वर्ष 8 माह

132. **Ans: (A)**
माना स्वाति की आयु x वर्ष तथा अपर्णा की आयु y वर्ष हैं।
प्रथम शर्त के अनुसार
xy = 120 .....(i)
दितीय शर्त के अनुसार-
3 y=x+2
$y = \left(\frac{x+2}{3}\right)$
y का मान समी. (i) में रखने पर-
$x \times \left(\frac{x+2}{3}\right) = 120$
$x^2 + 2x - 360 = 0$
$x^2 + 20x - 18x - 360 = 0$
$x(x + 20) - 18(x + 20) = 0$
$(x + 20)(x - 18) = 0$
$x + 20 = 0$ या $x - 18 = 0$
$x = -20$(अमान्य) या $x = 18$
अत: स्वाति की आयु =18 वर्ष

133. **Ans: (B)**
सभी छात्रों की औसत आयु
$= \frac{\text{सभी छातों की आयु का कुल योग}}{\text{सभी छात्रों की संख्या}}$
$= \frac{20 \times 10 + 25 \times 12}{20 + 25} = \frac{200 + 300}{45}$
$= \frac{500}{45} = 11.111$

134. **Ans: (C)**
यदि Z और A की वर्तमान आयु x एवं 2x वर्ष है।
प्रश्नानुसार, $\frac{2x+5}{x+5} = \frac{11}{6}$
$12x + 30 = 11x + 55$
$x = 25$
3 वर्ष बाद Z की आयु =x+3=28 वर्ष

135. **Ans (D):**
माना नरेश की वर्तमान आयु =7x
सुपर्णा की वर्तमान आयु = 3x
तीन साल बाद नरेश की आयु =(7 x+3)
तीन साल बाद सुपर्णा की आयु =(3x}+3)
प्रश्नानुसार,
$\frac{7x+3}{3x+3} = \frac{2}{1} \Rightarrow 7x + 3 = (6x + 6)$
$\Rightarrow x = 6 - 3$
$\Rightarrow \boxed{x = 3}$
अत: नरेश की वर्तमान आयु =7 ×3
= 21 वर्ष

136. **Ans: (C)**
माना पाँच साल पहले पिता की आयु =7 x वर्ष
पाँच साल पहले पुत्र की आयु =x वर्ष
पिता की वर्तमान आयु =(7x+5) वर्ष
पुत्र की वर्तमान आयु =(x+5) वर्ष
प्रश्नानुसार,
$7x + 5 + 5 = 3(x + 5 + 5)$
$7x + 10 = 3x + 30$
$4x = 20$
$x = 5$
पिता की वर्तमान आयु $= 7 \times 5 + 5 = 40$ वर्ष
पुत्र की वर्तमान आयु= $5 + 5 = 10$ वर्ष
अब से दो साल पहले पिता की आयु $= 40 - 2 =$ 38 वर्ष
अब से दो साल पहले पुत्र की आयु $= 10 - 2 = 8$ वर्ष

137. **Ans: (A)**
RRB Group-D - 12/11/2018 (Shift-I)

(A) 9/2 km/hr **(B)** 7/2 km/hr
(C) 5 km/hr **(D)** 5/2 km/hr

5. एक ही समय पर शुरू हुई दो कारें A और B एक दूसरे से विपरीत दिशा में चलते हुए और मिलने के बाद के क्रमश: 5 घंटे और 6 घंटे बाद अपने गंतव्य पर पहुँचती हें। यदि कार A की गति 55 किलोमीटर /घंटा हो, तो कार B की गति क्या होगी?

RRB Group-D - 05/11/2018 (Shift-I)

(A) $66\sqrt{12}km/hr$ **(B)** $110\sqrt{3}km/hr$
(C) $\frac{55}{6}\sqrt{30}km/hr$ **(D)** $\frac{110}{\sqrt{6}}km/hr$

6. परवेज टाउन A से संबंधित है और गौतम टाउन B से संबंधित हैं। वे एक ही समय में एक ही मार्ग से एक दूसरे के शहरों की ओर अपनी यात्रा शुरू करते हैं। वे रास्ते में कहीं मिलते हैं और अपनी यात्रा को जारी रखते हैं। गौतम से मिलने के बाद, परवेज को गंतव्य तक पहुँचने में 12 घंटे लगते हैं जबकि गौतम को परवेज के शहर तक पहुँचने में और 3 घंटे लगते हैं। यदि परवेज 60 किमी /घंटा की रफ्तार से यात्रा करता है, तो गौतम की गति किमी/घंटा में बताएँ।

RRB Group-D - 11/12/2018 (Shift-I)

(A) 120 **(B)** 105
(C) 90 **(D)** 125

7. दो व्यक्ति एक ही दिशा में साइकिल चला रहें है वहीं से नियत गति से यात्रा करने वाली एक ट्रेन गुजरती है। ट्रेन पहले को 8 सेकंड और दूसरे को 8.4 सेकंड में पार कर जाती है, पहला व्यक्ति 9 km/h की रफ्तार में साइकिल चला रहा था जबकि दूसरा 12 km/h की रफ्तार से साइकिल चला रहा था। ट्रेन की गति km/h में क्या है?

RRB Group-D - 11/12/2018 (Shift-II)

(A) 66 **(B)** 75
(C) 81 **(D)** 72

8. गीता, हैदराबाद से आईआईटी रुड़की जाने के लिए, स्टीमर द्वारा 120 किमी ट्रेन द्वारा 450 किमी और स्कूटर से 60 किमी की यात्रा करती है। कुल यात्रा में 13 घंटे 30 मिनट लगते हैं और ट्रेन की गति स्कूटर के पारगमन का तीन गुना और उसी स्टीमर का $1\frac{1}{2}$ गुना है। ट्रेन की गति क्या है?

RRB Group-D - 04/12/2018 (Shift-III)

(A) 60 km/hr **(B)** 70 km/hr
(C) 65 km/hr **(D)** 54 km/hr

9. सबरीना ने पैदल 8 किमी /घंटे और साइकिल पर 13 किमी /घंटे की यात्रा की। उसने 8 घंटे में 84 किमी की दूरी तय की। उसने कितने घंटे के लिए साइकिल चलाई?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-I)

(A) 4 **(B)** 3
(C) 5 **(D)** 2

10. एक आयताकार लॉन 60 मीटर लम्बा और 40 मीटर चौड़ा है। इसके विकर्ण को 3 किमी /घंटा की गति से पार करने पर व्यक्ति को लगभगग कितना समय लगेगा?

RRB Group-D - 27/11/2018 (Shift-I)

(A) 92.8 sec **(B)** 81.5 sec
(C) 84.5 sec **(D)** 86.5 sec

11. 25 हेक्टेयर के एक मैदान को एक विद्यार्थी द्वारा 10 km/hr की गति से एक चक्कर लगाने में कितना समय लगेगा?

RRB Group-D - 15/10/2018 (Shift-III)

(A) 8 min **(B)** 16 min
(C) 10 min **(D)** 12 min

12. मैं एक निश्चित दूरी तक पैदल जाता हूँ और वाहन से वापस आ जाता हूँ। इसमें कुल $\frac{13}{2}$ घंटे का समय लगता है। जबकि दोनों ओर पैदल आने जाने में कुल $\frac{31}{4}$ घंटे लगते हैं। दोनों ओर वाहन से आने जाने में कितना समय लगेगा?

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-II)

(A) 6 hr 15 min **(B)** 5 hr 55 min
(C) 4 hr 15 min **(D)** 5 hr 15 min

13. किरन को 300 km की दूरी 5 घंटे में तय करनी है। वह कुछ समय के लिए 75 km/hr की चाल से यात्रा करता है और शेष समय 55 km/hr की चाल से यात्रा करता है। अधिक गति से किरन ने कितने समय यात्रा की?

RRB Group-D - 10/10/2018 (Shift-II)

(A) 1 hr 10 min **(B)** 1 hr 25 min
(C) 1 hr 15 min **(D)** 1 hr 35 min

14. दो कारें सड़क के विपरीत सिरों से शुरू होती हैं और क्रमश: 24 km/h और 30 km/h की रफ्तार से एकदूसरे की ओर यात्रा करती है। कारों की शुरूआती स्थिति के बीच की दूरी 86.4 km है। जब दोनों कारें एक-दूसरे से मिलेंगी तो एक अनुमानित समय होगा-

RRB Group-D-10/10/2018 (Shift-I)

(A) 14.4 hr **(B)** 2.88 hr
(C) 1.6 hr **(D)** 3.6 hr

15. रहमान को एक निश्चित स्थान पर पैदल चलकर जाने और सवारी द्वारा वापस आने में 10 घंटे लगते हैं। हालांकि, यदि वह दोनों तरफ की यात्रा सवारी द्वारा करता, तो वह 5 घंटे बचा सकता था। दोनों ओर की यात्रा पैदल चलकर तय करने में उसे कितना समय लगेगा?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-III)

(A) 15 hr **(B)** 10 hr
(C) 5 hr **(D)** 20 hr

16. अंकित साइकिल से चर्च की ओर जाता है और कार से प्रारंभिक बिन्दु पर वापस आता है। वह इस यात्रा के लिए कुल 5 घंटे लगाता है। इस यात्रा में दोनों तरफ कार का प्रयोग करके उसके 3 घंटे बचेंगे। यदि वह दोनों तरफ साइकिल चलाए तो उसे कितना समय लगेगा?

RRB Group-D - 01/09/2022(Shift-III)

(A) 5 hr **(B)** 7 hr
(C) 8 hr **(D)** 9 hr

17. रेलगाड़ी A, 5 am पर स्टेशन X से निकलती है और 9 am पर स्टेशन Y पर पहुँचती है। एक अन्य ट्रेन B 6:30 am पर स्टेशन Y से निकलती है और 10 am पर स्टेशन X पहुँचती है, दोनों ट्रेनें किस समय आपस में मिलती हैं?

RRB Group-D - 01/09/2022(Shift-III)

(A) 7: 40 am **(B)** 7 am
(C) 8 am **(D)** 7: 30 am

18. पल्लव 12 km/hr की गति से साइकिल चलाता है और 3.5 km/hr की गति से पैदल चलता हैं 45 km की दूरी तय करने में पल्लव को 8 घंटे लगते हैं। उसने कितने घंटे साइकिल चलाई?

RRB Group-D - 23/10/2018 (Shift-III)

(A) 5 **(B)** 2
(C) 4 **(D)** 3

19. आप एक बिंदु A से बिंदु B तक 45 km/hr की गति से गाड़ी चला रहे हैं। आपका दोस्त बिंदु B से बिंदु A तक 55 km/hr की गति से गाड़ी चला रहा है। यदि दोनों बिन्दुओं के बीच की दूरी 1029 km है और आप दोनों एक ही समय पर आरंभ करते हैं तो एक-दूसरे को पार करने में आपको कितने घंटे का समय लगेगा?

RRB Group-D - 11/10/2018 (Shift-I)

(A) 10.5 **(B)** 9.5
(C) 10.29 **(D)** 11

20. मार्क को 4.5 घंटे में 220 km की यात्रा करनी थी। उसने 60 km/hr की गति से चलने वाली ट्रेन से या 40 km/hr की गति से चलने वाली बस से या फिर इन दोनों के संयोजन से यात्रा पूरी की। उसने बस द्वारा कितने समय तक यात्रा की?

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-II)

(A) 1 hr **(B)** 2 hr
(C) 1 hr 30 min **(D)** 2 hr 30 min

21. प्रीतीश को एक रेलगाड़ी जो 60 km/hr की गति से चलती है या एक बस जो 40 km/hr की गति से चलती है अथवा दोनों के द्वारा 420 km की यात्रा 7.5 hr में करती है। उसने बस द्वारा कितने समय के लिए यात्रा की?

RRB Group-D - 29/10/2018 (Shift-III)

(A) 1 hr 30 min **(B)** 2 hr
(C) 1 hr **(D)** 2 hr 30 min

22. महिमा को अपनी यात्रा सामान्य से 12 मिनट देरी से प्रारंभ करने के कारण गंतव्य पर समय पर पहुँचने के लिए 45 km/h के स्थान पर 54 km/h की रफ्तार से जाना पड़ता है। यात्रा के दौरान तय की गई दूरी बताएं?

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-II)

(A) 75 km **(B)** 54 km
(C) 67.5 km **(D)** 90 km

23. एक व्यक्ति 4 घंटों में 480 km की यात्रा करता है, जिसमें से कुछ यात्रा वह हवाई जहाज और कुछ रेलगाड़ी से तय करता है। यदि वह पूरी यात्रा हवाई जहाज से करता है, तो वह रेलगाड़ी की तुलना में 4/5 समय बचा लेता है और अपने गंतव्य पर 2 घंटे पहले पहुँच जाता है। रेलगाड़ी से यात्रा करके तय की गई दूरी पता करें -

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-I)

(A) 90 km **(B)** 120 km
(C) 80 km **(D)** 110 km

24. 42 km/h की गति से गाड़ी चलाते हुए एक व्यत्ति 2 मिनट पहले ऑफिस पहुँच जाता है, जबकि वह 36 km/h की गति से गाड़ी चलाते हुए 5 मिनट देरी से पहुँचता है। वह कितनी दूरी (km में) तय करता है?

RRB Group-D - 30/10/2018 (Shift-III)

(A) 30.8 **(B)** 29.6
(C) 30.4 **(D)** 29.4

25. सचिन दिल्ली से हैदराबाद तक 360 km की दूरी 4 घंटे में, कुछ हवाई जहाज से और कुछ रेलगाड़ी से यात्रा करके पूरी करता है। अगर उसने अपनी पूरी यात्रा हवाई जहाज से की होती, तब वह अपने रेलगाड़ी के समय का 4/5 बचा लेता और वह 2 घंटे पहले ही अपने गंतव्य स्थान पर पहुँच जाता। रेलगाड़ी से की गई यात्रा की दूरी ज्ञात करें?

RRB Group-D - 05/11/2018 (Shift-II)

(A) 45 km **(B)** 75 km
(C) 50 km **(D)** 90 km

26. एक महिला 40 km/h की गति से गाड़ी चलाकर 4 मिनट पहले ऑफिस पहुंच जाती है जबकि वह 5 मिनट देर से पहुंचती यदि वह 32 km /h की गति से गाड़ी चलाती। उसके द्वारा तय की जाने वाली दूरी (km में) कितनी है?

RRB Group-D - 08/10/2022 (Shift-II)

(A) 32 **(B)** 24
(C) 28 **(D)** 30

27. रघु 4 km/hr की गति से कॉलेज जाता है और 3 km/hr की गति से लौटता है। यदि वह 5.95 hrs लगाता है तो उसके घर और कॉलेज के बीच की दूरी क्या है?

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-I)

(A) 10 km **(B)** 10.5 km
(C) 20 km **(D)** 10.2 km

28. एक व्यक्ति 42 km/hr की गति से जाने पर अपने कार्यालय में 1 मिनट पहले पहुंचता है, जबकि 36 km/hr की गति से जाने पर, वह व्यक्ति 3 मिनट की देरी से कार्यालय पहुंचता है। वह व्यक्ति कितनी दूरी (km में) तय करता है?

RRB Group-D - 08/10/2018 (Shift-II)

(A) 12.9 **(B)** 16.8
(C) 15.4 **(D)** 18.2

29. चेतना अपने घर से शहर 8 km/hr की गति से गई लेकिन उसी रास्ते से 5 km/hr की गति से घर वापस आ गई। दुतरफा यात्रा करने में उसे $19\frac{1}{2}$ घंटे लगे। चेतना के घर से शहर की दूरी कितनी है?

RRB Group-D - 15/10/2018 (Shift-I)

(A) 45 km **(B)** 60 km
(C) 52.5 km **(D)** 37.5 km

30. यदि राज 10 km/hr की अधिक चाल से ड्राइव करता है, तो वह 90 मिनट पहले अपने गाँव पहुँच जाता है। यदि राज 10 km/hr की कम चाल से ड्राइव करता है, तो वह अपने गाँव 150 मिनट देरी से पहुँचता है। उसके द्वारा तय की जाने वाली कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-III)

(A) 600 km **(B)** 500 km
(C) 400 km **(D)** 300 km

31. एक आदमी अपने कार्यालय तक पहुंचने के लिए रेलगाड़ी और कार से यात्रा करता है। यदि वह कार द्वारा 10 किमी की दूरी तय करता है और शेष यात्रा रेलगाड़ी से करता है, तो वह अपने ऑफिस t घंटे में पहुंचता है। यदि वह इसके बिल्कुल विपरीत करता है, तो वह ऑफिस (t + 0.5) घंटे में पहुंचता है। यदि रेलगाड़ी और कार की गति क्रमश: 50 किमी/घंटा और 40 किमी/घंटा है, तो अपने ऑफिस तक पहुंचने के लिए वह कितनी दूरी तय करता है।

RRB Group-D - 17/11/2022 (Shift-III)

(A) 100 km **(B)** 80 km
(C) 120 km **(D)** 140 km

32. दो आदमी X और Y, P और Q के बीच 21 km की दूरी क्रमश: 3 किमी/घंटे और 4 किमी/घंटे में तय करते हैं। Q पर पहुँचते ही Y तुरंत वापस आता है और X से R पर मिलता है, P से R के बीच की दूरी कितनी है?

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-II)

(A) 16 km **(B)** 17.5 km
(C) 17 km **(D)** 18 km

33. एक बस, क्रमशः 9.6 km/hr एवं 12 km/hr की गति से बस के समान दिशा में साइकिल चला रहे दो व्यक्तियों को क्रमशः 4.5 सेकंड एवं 9 सेकंड की तेजी से पार कर जाती है। बस की लंबाई क्या है?

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-III)

(A) 6 m **(B)** 8 m
(C) 7 m **(D)** 4 m

34. दो बिंदुओं के बीच की दूरी जाते समय 60 km/h की चाल से और वापसी यात्रा के दौरान 40 km/h की चाल से तय की जाती है। यदि इसमें कुल 5 घंटे का समय लगा, तो दोनों बिंदुओं के बीच एक तरफ की दूरी कितनी है?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-III)

(A) 120 km **(B)** 135 km
(C) 150 km **(D)** 180 km

35. जतिन 7.5 km अधिक दूरी तय करता है, यदि वह प्रति घंटे 4 km की बजाय 9 km चलता है। उसके द्वारा तय की गई दूरी वास्तव में km में क्या है?

RRB Group-D - 10/10/2018 (Shift-III)

(A) 7 **(B)** 5
(C) 8 **(D)** 6

36. एक कार 8 hr में एक निश्चित दूरी तय करती है। यह 40 km/hr की रफ्तार से आधी दूरी और 60 km/hr की रफ्तार से दूसरी आधी दूरी तय करती है। यात्रा की दूरी ज्ञात करें-

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-II)

(A) 384 kms **(B)** 368 kms
(C) 344 kms **(D)** 388 kms

37. दो बिन्दुओं के बीच दूरी को जाते समय 72 km/h की गति से तय किया जाता है और लौटते समय 54 km/h की गति से तय किया जाता है। यदि कुल 7 घंटे दूरी तय करने में लगते हैं, तो दोनों बिंदुओं के बीच एक तरफ की दूरी कितनी है?

RRB Group-D -22/10/2018 (Shift-II)

(A) 324 km **(B)** 180 km
(C) 189 km **(D)** 216 km

38. 57 km/hr की गति से यात्रा कर मानव गंतव्य पर 3 मिनट पहले पहुँच गया। यदि उसने 51 km/hr की गति से यात्रा की होती तो वह 1 मिनट की देरी से पहुँचता। मानव द्वारा तय की गई दूरी क्या है?

RRB Group-D - 26/10/2018 (Shift-III)

(A) 31.5 km **(B)** 32.3 km
(C) 31.9 km **(D)** 32.8 km

39. एक महिला 45 km/hकी गति से ड्राइविंग कर 5 मिनट पहले कार्यालय पहुँचती हैं जब्कि 27 km/h की गति से ड्राइविंग कर वह 7 मिनट देरी से पहुंचती है। उन्होंने कितनी दूरी (km में) तय की?

RRB Group-D - 03/12/2018 (Shift-III)

(A) 18 **(B)** 16.5
(C) 15 **(D)** 13.5

40. राम और लक्ष्मण एक ही दूरी के लिए क्रमशः 32 km/hr और 40 km/hr की गति से यात्रा करते हैं। राम दूरी तय करने में लक्ष्मण से एक घंटा अधिक लेता है। लक्ष्मण द्वारा तय की गई यात्रा की दूरी है?

RRB Group-D - 15/11/2018 (Shift-III)

(A) 160 km **(B)** 200 km
(C) 120 km **(D)** 100 km

41. 66 km/h की गति से यात्रा करते हुए, पियाली किसी स्थान पर 5 मिनट पहले पहुँच जाती है। यदि वह 54 km/hr की गति से यात्रा करती है, तो उसे 3 मिनट की देरी हो जाती। पियाली ने कितनी दूरी तय की थी?

RRB Group-D - 15/10/2018 (Shift-II)

(A) 39.2 km **(B)** 40.2 km
(C) 39.6 km **(D)** 40.8 km

42. रहीम ने 15 मिनट की देरी से अपनी यात्रा शुरू की, जिसके कारण अपने गंतव्य पर समय से पहुंचने के लिए उसे 45 km/h के स्थान पर 54 km/h की गति से कार चलानी पड़ी। इस यात्रा के दौरान तय की गई दूरी ज्ञात करें।

RRB Group-D - 23/11/2022 (Shift-II)

(A) 75.5 km **(B)** 90 km
(C) 67.5 km **(D)** 13.5 km

43. कोई वस्तु 4s में 15m और अगले 16 मीटर 2s में चलती है। उस वस्तु की औसत चाल क्या है?

RRB Group-D - 25/11/2022 (Shift-I)

(A) $6.17ms^{-1}$ **(B)** $5.17m$
(C) $5.17s^{-1}$ **(B)** $5.17ms^{-1}$

44. कोई वस्तु पहले 4s में 18 m और अगले 2s में 16 मीटर की दूरी तय करती है। उस वस्तु की औसत गति क्या है?

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-II)

(A) $5.67m$ **(B)** $5.67s^{-1}$
(C) $5.67ms^{-1}$ **(D)** $6.67ms^{-1}$

45. एक आदमी बिन्दु A से B तक की दूरी 40 km/hr की गति से तय करता है और B से A तक 60 km/hr की गति से वापस लौटता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत गति कितनी है?

RRB Group-D - 20/09/2022 (Shift-II)

(A) 48 km/hr **(B)** 55 km/hr
(C) 50 km/hr **(D)** 45 km/hr

46. एक वस्तु 4s में पहले के 25 m और फिर 2s में अगले 15m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत चाल कितनी है?

RRB Group-D - 08/10/2022 (Shift-II)

(A) 6.67 m **(B)** $6.67s^{-1}$
(C) $6.67ms^{-1}$ **(D)** $6.67ms^{1}$

47. राम एक 72 m लंबे तालाब में तैरता है। वह एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने और वापस उसी रास्ते से आने में 144m की दूरी एक मिनट में तय करता है, उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-I)

(A) $3.67ms^{-1}$ **(B)** $2.60ms^{-1}$
(C) $2.04ms^{-1}$ **(D)** $2.4ms^{-1}$

48. राम एक 95 m लंबे तालाब में तैरता है। वह एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने और वापस उसी रास्ते से आने में 190m की दूरी एक मिनट में तय करता है, उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-I)

(A) $2.05ms^{-1}$ **(B)** $3.17ms^{-1}$
(C) $2.00ms^{-1}$ **(D)** $3.10ms^{-1}$

49. राम एक 80m लंबे ताल में तैरता है। वह एक छोर से दूसरे छोर तक तैरकर जाने और वापस उसी रास्ते से आने में 160m की दूरी एक मिनट में तय करता है उसकी औसत गति ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-II)

(A) $2.67ms^{-1}$ $2.07ms^{-1}$
(C) $3.67ms^{-1}$ $2.60ms^{-1}$

50. ऐडी 9 घंटों में, फ्रेड द्वारा 7 घंटे में तय की गई दूरी से 1 km कम दूरी तय करता है। 5 घंटों में ऐडी, फ्रेड द्वारा 4 घंटे में तय की गई दूरी से 2 km कम दूरी तय करता है। ऐडी की km/hr में औसत गति क्या है?

RRB Group-D - 30/10/2018 (Shift-I)

(A) 10 **(B)** 12
(C) 9 **(D)** 11

51. एक एथलीट 25 s में 500m की दूरी दौड़ता है। एथलीट की औसत गति____ है।

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-III)

(A) $20ms^{-2}$ **(B)** $20ms^{-1}$
(C) $20ms^{1}$ **(D)** $20ms^{2}$

52. एक वस्तु 3s में 25m और फिर 2s में 15m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत चाल क्या है?

RRB Group-D - 26/11/2022 (Shift-III)

(A) $6.67s^{-1}$ **(B)** $6.67ms^{-1}$
(C) $8.0ms^{-1}$ **(D)** $8.0m$

53. वस्तु 4s में 14m और फिर 2 s में दूसरे 16 m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत गति कितनी है?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-III)

(A) $6.17ms^{-1}$ **(B)** $5.0s^{-1}$
(C) $5.0ms^{-1}$ **(D)** $5.0m$

54. एक वस्तु 6 s में 18 m और फिर पुन: 4s में 18m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत गति क्या है?

RRB Group-D - 27/11/2022 (Shift-III)

(A) $2.1ms^{-1}$ **(B)** $2.6ms^{-1}$
(C) $3.6ms^{-1}$ **(D)** $3.1ms^{-1}$

55. एक व्यक्ति अपने घर से 2 घंटे में अपने कार्यालय तक पहुँचता है। वह 15 km/hr की रफ्तार से कुल दूरी का 1/4 साइकिलिंग से तय करता है, 30 km/hr की गति के साथ बस द्वारा कुल दूरी का 1/2 और बाकी 5 km/hr की रफ्तार से चलकर तय करता है। इस व्यक्ति की औसत गति क्या है?

RRB Group-D - 10/10/2018 (Shift-I)

(A) 15 km/hr **(B)** 12 km/hr
(C) 10 km/hr **(D)** 14 km/hr

56. एक साइकिल चालक पहले तीन किलोमीटर को 8 किमी/घंटा की औसत गति से, अन्य दो किलोमीटर को 3 किमी/घंटा से और आखरी दो किलोमीटर को 2 किमी/घंटा से तय करता है। पूरी यात्रा की लगभग औसत गति (किमी/घंटा में) क्या है?

RRB Group-D - 06/12/2018 (Shift-II)

(A) 2.4 **(B)** 3.43
(C) 3.8 **(D)** 3

57. एक वस्तु पहले 6 सेकेण्ड में 24मी0 दूरी तय करती है एवं दूसरे 4 सेकेण्ड में 16मी0 की दूरी तय करती है। वस्तु की औसत गति क्या है?

RRB Group-D - 01/09/2022 (Shift-II)

(A) $4ms^{-1}$ **(B)** $6ms^{-1}$
(C) $8ms^{-1}$ **(D)** $10ms^{-1}$

58. अदिति 800 मी. के एक वृत्ताकार पथ पर दौड़कर 50 से. में आरंभिक बिंदु पर पहुँच जाती है। औसत वेग की गणना करें।

RRB Group-D - 12/12/2018 (Shift-I)

(A) $0ms^{-1}$ **(B)** $8.5ms^{-1}$
(C) $16ms^{-1}$ **(D)** $10ms^{-1}$

59. एक वस्तु 8 सेकंड में 25 मीटर और फिर 10 सेकंड में 29 मीटर की दूरी तय करती है। वस्तु की औसत चाल है?

RRB Group-D - 11/12/2018 (Shift-III)

(A) $3ms^{-1}$ **(B)** $3ms^{1}$
(C) $4ms^{1}$ **(C)** $4ms^{-1}$

60. यात्रा की शुरूआत में कार का ओडोमीटर 3,000 km और यात्रा की समाप्ति पर 3,400 km बताता है। यदि इस यात्रा में 8 घंटे का समय लगता है, तो कार की औसत चाल (ms^{-1}में) ज्ञात करें।

RRB Group-D - 10/12/2018 (Shift-I)

(A) $13.9ms^{-1}$ **(B)** $15.9ms^{-1}$
(C) $14.9ms^{-1}$ **(D)** $12.9ms$

61. एक बस का ओडोमीटर एक यात्रा की शुरूआत में 3000 किमी और यात्रा के अंत में 3600 किमी रीडिंग प्रदर्शित करता है। यदि यात्रा में कुल 8 घंटे का समय लगा था, तो बस की औसत गति ..... है।

RRB Group-D - 26/10/2018 (Shift-II)

(A) $75kmh^{-2}$ **(B)** $75kmh^{2}$
(C) $75kmh^{-1}$ **(D)** $75kmh^{1}$

62. एक वस्तु 6 s में 20 m और फिर 4 s में 30 m दूरी तय करती हैं। वस्तु की औसत चाल क्या है?

RRB Group-D - 08/10/2018 (Shift-III)

(A) $5ms^{1}$ **(B)** $6ms^{-1}$
(C) $5ms^{-1}$ **(D)** $6ms^{1}$

63. दो स्टेशनों के बीच की कुल दूरी 390 km है। एक ट्रेन इस दूरी का 182 km, 56 km/ hr की गति से और 108 km, 72 km/ hr की गति से पूरा करती है। शेष दूरी को ट्रेन द्वारा $1\frac{1}{4}$ घंटे में पूरा किया जाता है। पूरी यात्रा के दौरान ट्रेन की औसत गति ज्ञात करें।

RRB Group-D - 18/11/2022 (Shift-III)

(A) 65 km/hr **(B)** 75 km/hr
(C) 60 km/hr **(D)** 70 km/hr

64. मैरी को एक आयताकार बगीचे का एक चक्कर लगाने में 30 मिनट लगते हैं। सिला को उसी बगीचे का एक चक्कर लगाने में 45 मिनट लगते हैं। एक दिन सुबह 9 बजे दोनों ने एक ही बिन्दु से समान दिशा में चलना आरंभ किया। किस समय वे दोनों पुन: आरंभिक बिन्दु पर मिलेंगे?

RRB Group-D - 11/10/2018 (Shift-II)

(A) 10: 45 am **(B)** 10: 00 am
(C) 11: 00 am **(D)** 10: 30 am

65. एक कार एक निश्चित दूरी को 50 किमी/घंटे की चाल से 8 घंटे में तय करती है। इसी दूरी को 5 घंटों में तय करने के लिए इसकी चाल में कितनी वृद्धि होनी चाहिए?

RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-III)

(A) 50 km/hr **(B)** 40 km/hr
(C) 30 km/hr **(D)** 80 km/hr

66. 14 मीटर प्रति सेकंड की गति ..... के समान है।

RRB RPF SI - 05/01/2019 (Shift-I)

(A) 46.6 km/hr **(B)** 50.4 km/hr
(C) 70 km/hr **(D)** 28 km/hr

67. एक घर से दो बसें 15 मिनट के अन्तराल पर 25 किमी/घंटा की गति से चलती है। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितनी ज्यादा गति (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि बसे 10 मिनट के अंतराल पर मिल जाएं?

RRB RPF SI - 06/01/2019 (Shift-III)

(A) 12 **(B)** 12.25
(C) 12.5 **(D)** 12.75

68. पृथ्वी राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली जा रही है जो छ: मिनट की देरी से चल रही है। ड्राइवर इसकी गति को 4 Km/hr बढ़ाता है। ऐसा करने से ट्रेन अगले स्टेशन जोकि 36 km दूर है, पर समय से पहुँचती है। ट्रेन की वास्तविक गति ज्ञात कीजिए?

RRB RPF Constable - 17/01/2019 (Shift-I)

(A) 20 km/hr **(B)** 26 km/hr
(C) 36 km/hr **(D)** 30 km/hr

69. मार्क को 70 km/h की गति से चलने वाली एक रेलगाड़ी या 48 km/h की गति से चलने वाली बस, अथवा परिवहन के इन दोनों माध्यमों का उपयोग कर, 4.5 घंटे में 260 km की यात्रा करनी थी। उसकी बस से तय की गई यात्रा का समय ज्ञात करें।

RRB RPF Constable - 25/01/2019 (Shift-III)

(A) 2 hr **(B)** 1 hr
(C) 1 hr 30 min **(D)** 2 hr 30 min

70. राइमा ने पैदल 7 किमी/घंटे की चाल से कुछ दूरी तय की और कुछ दूरी साइकिल पर 12 किमी/घंटे की चाल से तय की उसने 7 घंटे में 64 किमी की दूरी तय की थी। उसने साइकिल पर कितने घंटे यात्रा की थी?

RRB RPF SI - 11/01/2019 (Shift-I)

(A) 2 **(B)** 3
(C) 5 **(D)** 4

71. राही को 8 घंटे में 360 Km की यात्रा करनी पड़ी। यात्रा के दौरान, उन्होंने 60 km/hr की औसत गति से यात्रा की, लेकिन बीच में दो ब्रेक लिए, लंबे समय का ब्रेक कम समय वाले ब्रेक से दोगुना हो गया। कितने मिनट के लिए छोटा ब्रेक लिया गया था?

RRB RPF Constable - 22/01/2019 (Shift-III)

(A) 30 **(B)** 45
(C) 40 **(D)** 35

72. निधि एक स्थान से चलकर जाने और साइकिल से वापस उसी स्थान पर आने में 3 घंटे 45 मिनट का समय लेती

है। उसे चलकर आने-जाने में 4 घंटे 20 मिनट लगते हैं। तो उसे साइकिल से आने-जानें में कितना समय लगेगा?

RRB RPF SI - 12/01/2019 (Shift-III)

(A) 3 hr 10 min **(B)** 3 hr 35 min
(C) 3 hr 45 min **(D)** 3 hr 15 min

73. हेमा एक निश्चित दूरी तक पैदल जाने तथा साइकिल से वापस आने में 9 घण्टे 55 मिनट का समय लेती है। वह उसी दूरी तक पैदल जाने तथा पैदल आने में 12 घण्टे 30 मिनट का समय लेती है। दोनों तरफ से साइकिल से जाने तथा साइकिल से वापस आने में कितना समय लगाती है?

RRB RPF Constable - 24/01/2019 (Shift-III)

(A) 7 hour 20 min **(B)** 7 hour 15 min
(C) 7 hour 35 min **(D)** 7 hour 45 min

74. दो घोड़े क्रमश: 10 km/hr और 15 km/hr की गति से एक ही दूरी को तय करते हैं। यदि पहला घोड़ा दूसरे की तुलना में 12 मिनट अधिक समय लेता है तो तय की गयी दूरी थी-

RRB RPF SI - 16/01/2019 (Shift-III)

(A) 8 km **(B)** 6 km
(C) 4 km **(D)** 2 km

75. अपूर्वा, 10 किमी /घंटा, 20 किमी/घंटा तथा 6 किमी/घंटा के अलग-2 गति से बराबर दूरियाँ तय करती है तथा उसे इस यात्रा को पूर्ण करने में कुल 19 मिनट का समय लगता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी है?

RRB RPF Constable - 18/01/2019 (Shift-III)

(A) 3 **(B)** 1
(C) 2 **(D)** 4

76. अजहर एक यात्रा 10 घण्टे में पूरी कर सकता है। वह आधी यात्रा 21 किमी/घंटा की गति से तय करता है और बाकी बची हुई यात्रा 24 किमी/घंटा की गति से तय करता है। तय की गयी कुल दूरी कितने किमी है?

RRB RPF SI - 12/01/2019 (Shift-II)

(A) 234 **(B)** 225
(C) 224 **(D)** 232

77. सिंधु $20\frac{2}{3}$ की दूरी $7\frac{3}{4}$ घंटे में पैदल तय करती है। तो उसने प्रति घंटे कितने किमी की दूरी तय की?

RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)

(A) $\frac{2}{3}km$ **(B)** $3\frac{2}{3}km$
(C) $4km$ **(B)** $2\frac{2}{3}km$

78. एक निश्चित दूरी वाली सड़क पर एक कार की सामान्य औसत गति 50 km/h है। एक विशेष दिन, औसत गति सामान्य औसत गति से 1/10 कम थी, जिसके परिणामस्वरूप यात्रा समाप्त करने में 18 मिनट अधिक समय लगा। सड़क की यह दूरी, किलोमीटर में, कितनी है?

RRB RPF SI - 10/01/2019 (Shift-II)

(A) 135 **(B)** 120
(C) 125 **(D)** 140

79. एक ठेला पहले 10 किमी की दूरी 4 किमी/घंटा की चाल से तय करता है और दूसरे 10 किमी की दूरी 2 किमी/घंटा की चाल से तय करता है। उस ठेले की औसत चाल किमी /घंटा में ज्ञात करें।

RRB RPF SI - 16/01/2019 (Shift-III)

(A) 2.67 km/hr **(B)** 3.33 km/hr
(C) 2 km/hr **(D)** 5.54 km/hr

80. एक वस्तु 3s में 24m और 2s में 15m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत चाल क्या है?

RRB RPF SI - 11/01/2019 (Shift-I)

(A) $6.67ms^{-1}$ **(B)** $7.8ms^{-1}$
(C) $7.8S^{-1}$ **(D)** $8.0m$

81. एक वस्तु 3s में 23m और फिर 2s में 15m की यात्रा करता है। वस्तु की औसत चाल क्या है?

RRB RPF Constable -22/01/2019 (Shift-II)

(A) $7.6ms^{-1}$ **(B)** $7.6s^{-1}$
(C) $7.6m$ **(D)** $8.0ms^{-1}$

82. किरन 90 m लंबे पुल में तैरती है। एक छोर से दूसरे छोर तक और फिर वहाँ से वापस, उसी सीधे पथ पर तैरकर वह दो बार में 360 m की दूरी तय करती है। किरन का औसत वेग ज्ञात करें-

RRB RPF SI - 10/01/2019 (Shift-III)

(A) $0ms^{-1}$ **(B)** $3ms^{-1}$
(C) $5ms^{-1}$ **(D)** $4ms^{-1}$

83. एक वस्तु 4s में 10 m और फिर 2 s में 14 m की यात्रा करती है। वस्तु की औसत गति कितनी है?

RRB RPF Constable - 25/01/2019 (Shift-III)

(A) $4s^{-1}$ **(B)** $4m$
(C) $4.5ms^{-1}$ **(D)** $4ms^{-1}$

84. एक बस कुछ दूरी एक निश्चित गति से तय करती है। यदि एक व्यक्ति उस दूरी का एक तिहाई भाग तीन गुना समय में तय करता है, तो व्यक्ति की गति का बस की गति से अनुपात है:

RRB RPF SI - 13/01/2019 (Shift-II)

(A) 1: 3 **(B)** 3: 1
(C) 1: 9 **(D)** 9: 1

85. कृष्णा ने 90 किलोमीटर की दूरी साइकिल से किसी गति से तय की। यदि उसने इस दूरी को 3 किलोमीटर प्रति घंटे कम की गति से तय किया होता तो उसे मंजिल

तक पहुँचने में 5 घंटे ज्यादा समय लगता। कृष्णा की वास्तविक गति किलोमीटर प्रति घंटे में क्या थी?

RRB ALP & Tec. (17-08-18 Shift-III)

(A) 7.5 **(B)** 9
(C) 18 **(D)** 15

86. पीटर कस्बा A से तथा पाल कस्बा B से है। वे अपनी एक-दूसरे के कस्बे की तरफ एक ही रास्ते पर एक ही समय यात्रा शुरू करते है। वे रास्ते में एक स्थान पर मिलते है और अपनी यात्रा जारी रखते है। पॉल से मिलने के बाद पीटर 13.5 घंटे में गंतव्य स्थान पर जबकि पॉल 6 घंटे में पीटर के कस्बे में पहुँच जाता है। यदि पीटर अपनी यात्रा 30 km/hr की चाल से तय करता है, तो पॉल की चाल km/h में क्या होगा?

RRB ALP & Tec. (13-08-18 Shift-II)

(A) 42.5 **(B)** 40
(C) 45 **(D)** 47.5

87. दो स्थानों के बीच की दूरी को 62 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से $3\frac{1}{2}$ घंटों में पूरी की जा सकती है। यदि गति को 8 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ा दिया जाए, तो कितना समय बच जाएगा?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-I)

(A) 24 min **(B)** 20 min
(C) 30 min **(D)** 15 min

88. राज 51 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से एक निश्चित दूरी को $2\frac{1}{3}$ घंटों में तय करता है। 68 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उसी दूरी को तय करने में किरन को कितना समय लगेगा?

RRB ALP & Tec. (31-08-18 Shift-III)

(A) $1\frac{2}{3}$ hr **(B)** $1\frac{3}{4}$ hr
(C) 2 hr **(D)** $1\frac{1}{2}$ hr

89. एक कार 4 घंटे में 350 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। यदि इसकी चाल में $12\frac{1}{2}$ किलोमीटर प्रति घंटा की कमी की जाती है, तो 450 किलोमीटर की दूरी तय करने में कार कितना समय लेगी?

RRB ALP & Tec. (14-08-18 Shift-III)

(A) 7 hr **(B)** 4 hr
(C) 5 hr **(D)** 6 hr

90. जय 10 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से अपने घर से स्कूल की ओर जाता है तो 5 मिनट देरी से पहुंचता है। यदि वह 3 किलोमीटर प्रति घंटा से अपनी गति बढ़ा देता है, तो वह स्कूल 4 मिनट जल्दी पहुंच जाता है। उसके घर और स्कूल के बीच की दूरी कितनी है?

RRB ALP & Tec. (29-08-18 Shift-III)

(A) 2 km **(B)** 6.5 km
(C) 4.8 km **(D)** 2.5 km

91. एक मिनी वैन उसी दिशा में जा रही है जिस दिशा में 4.8 किलोमीटर प्रति घंटे और 6 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दो व्यक्ति जा रहे है। मिनी वैन क्रमश: 4.5 सेकंड और 9 सेकंड में दोनों को पार कर लेती है। मिनी वैन की लंबाई कितनी है?

RRB ALP & Tec. (20-08-18 Shift-I)

(A) 3.5 meter **(B)** 3 meter
(C) 4 meter **(D)** 2 meter

92. 150 मी. लम्बी ट्रेन 54 km/h की चाल से चलकर एक प्लेटफार्म को 42 से. में पार करती है। प्लेटफार्म की लम्बाई क्या होगी?

RRB ALP & Tec. (10-08-18 Shift-I)

(A) 540 m **(B)** 630 m
(C) 780 m **(D)** 480 m

93. एक पहिये की त्रिज्या 0.35 मीटर है, यह एक मिनट में 450 चक्कर लगाता है। इसकी गति (किमी/घंटा में) है:

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 2

(A) 59.40 **(B)** 59.04
(C) 48.05 **(D)** 56.40

94. दो कारें एक ही घर से 10 मिनट के अन्तराल पर 20 किमी /घंटा की चाल से यात्रा प्रारम्भ करती है। कितने गति के साथ एक महिला घर की ओर विपरीत दिशा में आती है यदि 8 मिनट के अन्तराल में उसे कारें मिलें।

RRB NTPC 23/07/2022 Shift – 1

(A) 5 **(B)** 6
(C) 7 **(D)** 4

95. कार A की गति 80 किमी /घंटा है। यह 6 घंटे में एक निश्चित दूरी को तय करता है और B उस समय में कार A से 60 किमी कम दूरी तय करता है। कार B की गति कितनी है?

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 1

(A) 50 km/hr **(B)** 70 km/hr
(C) 60 km/hr **(D)** 55 km/hr

96. दो बसों की गति का अनुपात 11:9 है। यदि दूसरी बस 270 किमी की दूरी 15 घंटे में तय करती है तो पहली बस की गति क्या है?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 1

(A) 23 km/hr **(B)** 11 km/hr
(C) 2 km/hr **(D)** 22 km/hr

97. एक घर से दो साइकिल 15 मिनट के अन्तराल से 24 किमी /घं की गति से चली। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितनी अधिक चाल (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 10 मिनट के अंतराल पर साइकिल मिल जाएँ?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 1

(A) 13 **(B)** 11
(C) 12 **(D)** 14

98. दो जीप 20 किमी/घंटा की गति से 10 मिनट के अंतराल पर एक घर से चलती है। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को कितनी अधिक गति (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 6 मिनट के अंतराल पर दूसरी जीप से मिल जाए?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 3

(A) 13 **(B)** $13\frac{2}{3}$
(C) $13\frac{1}{3}$ **(D)** 13.5

99. दो मिनी बसें 22 किमी /घंटा की चाल से 10 मिनट के अंतराल पर एक घर से चलती हैं। घर के विपरीत दिशा से आ रहे एक व्यक्ति को और कितनी अधिक चाल (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 6 मिनट के अंतराल पर बसे मिल जाएं?

RRB NTPC 11/08/2022Shift

(A) 14 **(B)** $14\frac{1}{3}$
(C) $14\frac{2}{3}$ **(D)** 14.5

100. दो साइकिल एक घर से 10 मिनट के अंतराल पर एक साथ प्रारंभ होती है तथा 6 km/hr की गति से चलती है। विपरीत दिशा से आने वाली एक महिला की घर की ओर गति (km/hr) कितनी होनी चहिए ताकि वह दोनों साइकिलो पर 8 मिनटो के अंतराल पर पार करें?

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 1

(A) 1.7 **(B)** 1.6
(C) 1.5 **(D)** 1.4

101. एक कार 6 घंटे में 240 किमी की दूरी तय करती है। डेढ़ गुना दूरी उतने ही समय में तय करने के लिए कार की गति में कितनी वृद्धि की जानी चाहिए ?

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 1

(A) 15 km /hr **(B)** 20 km /hr
(C) 25 km /hr **(D)** 30 km /hr

102. एक घर से दो वाहन 20 मिनट के अंतराल से 25 किमी/घंटा की गति से चले। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितनी अधिक गति (किमी/घंटा) से चलना पड़ेगा ताकि 18 मिनट के अंतराल पर वाहन मिल जाए?

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 1

(A) 2 **(B)** $2\frac{5}{9}$
(C) $2\frac{7}{9}$ **(D)** $2\frac{8}{9}$

103. एक घर से दो वैन 16 मिनट के अन्तराल पर 20 किलोमीटर/घंटा की गति से चली। घर की विपरीत दिशा से आ रही एक महिला को और कितने अधिक चाल (किलो (घंटा) से चलाना पड़ेगा ताकि 12 मिनट के अंतराल पर वैन मिल जाए।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 3

(A) 6 **(B)** $6\frac{1}{3}$
(C) $6\frac{2}{3}$ **(D)** 6.5

104. एक चोर x किमी /घण्टा की चाल से अपनी मोटरसाइकिल चलाता है। 4 घंटे बाद एक पुलिसवाला एक जीप में उसका पीछा करना शुरू करता है और उसे 4 घंटे में पकड़ लेता है। यदि पुलिसवाले की जीप की औसत चाल 40 किमी/घंटा है, तो चोर की मोटर साइकिल की चाल किमी/घंटा में ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 12/08/2022Shift : 1

(A) 30 **(B)** 36
(C) 45 **(D)** 20

105. एक चोर X किमी/घंटा की गति से अपनी मोटरसाइकिल चलाता है। एक सिपाही ने 6 घंटे बाद जीप से उसका पीछा करना शुरू किया और 4 घंटे बाद उसे पकड़ लिया। यदि सिपाही की औसत गति 90 किमी/घंटा है, तो चोर की मोटरसाइकिल की गति (किमी/घंटा) ज्ञात कीजिए?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 2

(A) 30 **(B)** 36
(C) 45 **(D)** 60

106. मिसेज विजया को अपने शुरूआती स्थान से एक निश्चित गन्तवय स्थान तक पैदल चलने तथा पुन: दौड़कर वापस अपने प्रारंभिक स्थल पर लौटने में 9 घंटे तथा 50 मिनट लगते है। उसे दोनों ओर मूल स्थान से गन्तव्य स्थान तथा पुन: गन्तव्य स्थल से मूल स्थान पर पैदल चलने में 12 घंटे तथा 20 मिनट का समय लगता है। दोनों ओर दौड़कर वह यही दूरी कितने समय में पूरी करेगी?

RRB NTPC 19.01.2017 Shift: 3

(A) 7 hr 45 min **(B)** 7 hr 20 min
(C) 7 hr 15 min **(D)** 7 hr, 20 min

107. कीर्थना एक स्थान से चल कर उसी स्थान पर राइडिग करते हुए वापस आने में 9 घटे 20 मिनट का समय लेती है। दोनो ओर चलने में उसे 11 घंटे 15 मिनट लगते तो दोनों और राइड करने में उसे कितना समय लगेगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 7 hr 25 min **(B)** 7 hr 35 min
(C) 7 hr 45 min **(D)** 7 hr 15 min

108. मुम्बई से पूना तक की ट्रिप में 60km/hr की रफ्तार से चलने पर 4 घंटे 30 मिनट का समय लगता है। 15 m/s की गति से चलने पर हमे कितना समय लगेगा?

RRB NTPC 18.01.2017 Shift: 2

(A) $3\frac{3}{4}$ hr **(B)** 5 hr
(C) $4\frac{2}{3}$ hr **(D)** 4hr

109. भानु को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पैदल जाने तथा दौड़कर वापिस प्रारम्भिक स्थान पर आने में कुल 6 घंटे 50 मिनट लगता है। वह दोनों तरफ पैदल 8 घंटे 30 मिनट में तय करता है। उसके द्वारा दोनों तरफ दौड़कर चलने में लगा समय है-

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-3
(A) 5 hours 35 min **(B)** 5 hours 15 min
(C) 5 hours 10 min **(D)** 5 hours 45 min

110. दो बिंदुओ A तथा B के बीच की दूरी 50 किमी/घंटा की गति से $5\,{}^{1}/_{2}$ घंटो में तय की गई। यदि गति 5 कि. मी./घंटा और बढ़ा दी जाए, तो कितना समय बचाया जा सकता है?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 1
(A) 5 min **(B)** 15 min
(C) 50 min **(D)** 30 min

111. शाव्या एक स्थान से चल कर उसी स्थान पर वापस आने में 8 घंटे 20 मिनट का समय लेती है। (चलकर जाने और वाहन से वापस आने)। वह दोनों तरीके से 10 घंटे 15 मिनट में तय कर सकती है। उसे दोनों तरीके से वापस आने में लगने वाला समय है-

RRB NTPC 11/08/2022Shift : 1
(A) 6 hr 25 min **(B)** 6 hr 35 min
(C) 6 hr 45 min **(D)** 6 hr 15 min

112. नम्रता एक स्थान से चल कर उसी स्थान पर वापस आने में 4 घंटे 15 मिनट का समय लेती है (चलकर जाने और वाहन से वापस आने में)। वह दोनों रास्ते 5 घंटे 30 मिनट में तय कर सकती है। उसे दोनों रास्तों से वापस आने में लगने वाला समय है:

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 3
(A) 3 hr **(B)** 3 hr 35 min
(C) 3 hr 45 min **(D)** 3 hr 15 min

113. एक बस 80 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चलती है और 10 मिनट देरी से अपने गंतव्य स्थान पर पहुँचती है। यदि यह 90 किलोमीटर प्रति घंटे की चाल से चली होती, तो यह सिर्फ 8 मिनट की देरी से पहुँचती। बस के द्वारा अपनी यात्रा पूरा करने के लिए सही समय है:

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1
(A) 8 min **(B)** 10 min
(C) 12 min **(D)** 15 min

114. नीलम और मनीषा क्रमश: 7 किलोमीटर/घंटा और 9 किलोमीटर /घंटा की चाल से एक ही जगह से दौड़ना शुरू करता है। यदि वे एक ही दिशा में चलती है, तो वे एक-दूसरे से 16 किलोमीटर दूर जाने में कितना समय लेगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1
(A) 7 hr **(B)** 8 hr
(C) 10 hr **(D)** 12 hr

115. दिव्या एक स्थान से चलकर उसी स्थान पर सवारी करते हुए वापस आने में 4 घंटे 45 मिनट का समय लेती है। वह दोनों ओर की दूरी 5 घंटे 55 मिनट में चलकर तय कर सकती है। उसे दोनों ओर सवारी करते हुए वापस आने में कितना समय लगेगा?

RRB NTPC 26.04.2016 Shift: 2
(A) 3 hr 35 min **(B)** 3 hr 55 min
(C) 3 hr 45 min **(D)** 3 hr 15 min

116. एक आदमी प्रात: 6:30am पर चलना प्रारंभ करता है और 30किमी की दूरी तय करना चाहता है। उसकी प्रारंभिक चाल 6 किमी प्रति घंटा है और 3/5 दूरी तय करने के बाद वह अपनी चाल में 2 किमी प्रति घंटा की कमी कर देता है। वह अपनी यात्रा किस समय समाप्त करेगा?

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 2
(A) 11.00 am **(B)** 12.30 pm
(C) 11.30 pm **(D)** 12.00 pm

117. विष्णु 10 किमी/घण्टा, 30 किमी/घंटा और 8 किमी/घण्टा की चाल पर समान दूरी तय करता है तथा पूरी यात्रा पर कुल 15.5 मिनट लेता है तो उसके द्वारा की गयी यात्रा की कुल दूरी (किमी में) प्राप्त कीजिए।

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-1
(A) 1 **(B)** 3
(C) 4 **(D)** 2

118. आधा भाग 30 किमी/घंटा तथा बाकि आधी यात्रा 40 किमी/घंटा की गति से तय, करता है। उसकी यात्रा की कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 3
(A) 2000 km **(B)** 2400 km
(C) 2720 km **(D)** 2160 km

119. M तथा N समान दूरी को क्रमशः 160 किमी/घंटा तथा 200 किमी/घंटा की गति से तय करते हैं। यदि M, N से 30 मिनट अधिक समय लेता है, तो प्रत्येक द्वारा तय की गई दूरी है-

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 3
(A) 120 km **(B)** 200 km
(C) 320 km **(D)** 400 km

120. अंजय और जैकोब एक ही बिंदु से विपरित दिशाओं में 7 मीटर /सेकेण्ड तथा 5 मीटर/सेकेण्ड की गति से

दौड़ना शुरू करते है। 42 मिनट बाद वे एक दूसरे से कितनी दूरी पर होगें?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 1

(A) 30.24 km **(B)** 504 km
(C) 8.4 km **(D)** 69.5 km

121. एक व्यक्ति 3 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलता है। वह आधे रास्ते में पहुँचने के बाद अपनी गति को दोगुनी कर देता है। वह 5 घंटे तक चलता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 1

(A) 18 km **(B)** 15 km
(C) 20 km **(D)** 9 km

122. यदि ललिता अपने घर से कार द्वारा 45 किमी प्रति घंटे की गति से अपने स्कूल के लिए निकले तो वह 60 किमी /घंटा की गति से कार चलाने की अपेक्षा 5 मिनट ज्यादा का समय लेती है। घर से स्कूल की दूरी कितनी है?

RRB NTPC 18.01.2017 Shift : 2

(A) 18 km **(B)** 15 km
(C) 14 km **(D)** 10 km

123. राम कुल यात्रा का 4/9वाँ भाग बस द्वारा, 5/18वाँ भाग रेल द्वारा और शेष भाग 10 किमी पैदल चलकर पूरी करता है तो कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 2

(A) 42 km **(B)** 90 km
(C) 36 km **(D)** 18 km

124. एक धावक 3 घंटे और 45 मिनट में 60 किलोमीटर की दूरी तय करता है। उसे औसतन चाल (किलोमीटर) में कितनी वृद्धि करनी चाहिए, 45 मिनट पहले इस दूरी को तय करने के लिए?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

(A) 16 km/hr **(B)** 20 km/hr
(C) 6 km/hr **(D)** 4 km/hr

125. मोहन, अपनी कार से 12 घंटे में एक समान चाल से एक निश्चित दूरी तय करता है। जब चाल में 5 किमी/घंटा वृद्धि की जाती है, तो उसी दूरी को 9 घंटे में तय किया जा सकता है। कुल दूरी क्या है?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift : 3

(A) 108 km **(B)** 90 km
(C) 190 km **(D)** 180 km

126. एक बस 90 किमी/घंटा की गति से दौड़ रही है। यह 20 सेकेण्ड में कितनी दूरी तय करेगी?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift : 1

(A) 500 meter **(B)** 450 meter
(C) 180 meter **(D)** 600 meter

127. चन्दन क्रमश: 3 किमी/घंटा 4 किमी/घंटा तथा 8 किमी/घंटा की गति से बराबर दूरी तय करता है तथा कुल 42.5 मिनट का समय लेता है। कुल दूरी किमी में ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 4 **(B)** 2
(C) 1 **(D)** 3

128. P, 35 घंटे की यात्रा करता है। वह आधी यात्रा 30 किमी/घंटा तथा बाकी की यात्रा 40 कि.मी/घंटा से तय करता है। तो कुल दूरी ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10.04.2016 Shift: 3

(A) 1000 km **(B)** 1200 km
(C) 1360 km **(D)** 1080 km

129. रुजनीश क्रमशः 6 किमी/घंटा, 4 किमी/घंटा तथा 8 किमी /घंटा की चाल से बराबर दूरी तय करता है तथा कुल 32.5 मिनट का समय लेता है। कुल दूरी किमी में ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 3

(A) 4 **(B)** 2
(C) 1 **(D)** 3

130. दो बसें X और Y एक ही स्थान से एक ही दिशा में क्रमश: 20 किमी /घंटे और 50 किमी /घंटे की चाल से चलती हैं। लेकिन Y, X के जाने के बाद 6 घंटे बाद चलती है। शुरूआती स्थान से कितनी दूरी दोनों बसे मिलेगी?

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 2

(A) 100 km **(B)** 200 km
(C) 150 km **(D)** 300 km

131. मोनाल कुमार क्रमश: 3 किलो./घंटा 5 किलो./घंटा तथा 8 किलो./घंटा की चाल से बराबर दूरी तय करता है तथा कुल 395 मिनट का समय लेता है। कुल दूरी किलोमीटर में ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 40 **(B)** 20
(C) 10 **(D)** 30

132. एक चोर एक पुलिसवाले से 400 मीटर आगे है। चोर भागना और पुलिसवाला पीछा करना एक साथ शुरू करते है। मान लिया जाए कि चोर की चाल 10 किलोमीटर/घंटा और पुलिसवाले की चाल 15 किलोमीटर/घंटा है, तो गणना करके (मीटर में) बताइए कि पुलिसवाले के पकड़ में आने से पहले चोर ने कितनी दूरी तय की?

RRB NTPC 12/08/2022Shift : 2

(A) 750 meter **(B)** 800 meter
(C) 850 meter **(D)** 900 meter

133. एक कार $2\frac{1}{2}$ घंटे के लिए 62 किमी /घंटा और $1\frac{1}{4}$ घंटे के लिए 68 किमी/घंटा की चाल से यात्रा करती है। तय की गई कुल दूरी में इसकी औसत चाल क्या होगी?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 1

(A) 65 **(B)** 64
(C) 63 **(D)** 61

134. मलाल 9 किमी/घंटा की गति से 18 किमी दौड़ता है। पूरे दौड़ सत्र में औसत गति 6 कि.मी /घंटा करने के लिए उसे अगले 3 घंटे में किस गति से दौड़ने की आवश्यकता है?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 6 km/hr **(B)** 12 km/hr
(C) 4 km/hr **(D)** 9 km/hr

135. रूपा अपने कार्यालय से जिस गति से वापस जाती है उससे आधी गति से कार्यालय आती है। पूरी यात्रा के दौरान औसत गति 24 किमी/घंटा है तो जब रूपा अपने कार्यालय जा रही थी तब उसकी गति क्या थी?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 18 km/hr **(B)** 72 km/hr
(C) 9 km/hr **(D)** 24 km/hr

136. A से B तक एक कार की चाल 60 किमी/घंटा तथा वापसी की चाल 40 किमी /घंटा है। कार की औसत चाल (किमी /घंटा में) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift :

(A) 50 **(B)** 45
(C) 48 **(D)** 52

137. P पहले एक घंटे में 50 किमी/घंटा की गति से चलता है और अगले दो घंटो में 70 किमी/घंटा की गति से चलता है। P की औसत गति कितनी है?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 1

(A) 60 km/hr **(B)** 63.33 km/hr
(C) 59.33 km/hr **(D)** 62 km/hr

138. यदि P अपनी यात्रा का पहला आधा भाग 40 किमी/घंटा से तथा शेष दूरी 50 किमी/घंटा की गति से तय करता है, तो उसकी कुल यात्रा की औसत गति क्या होगी?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 2

(A) 44.44 km/hr **(B)** 53.33 km/hr
(C) 45 km/hr **(D)** 60 km/hr

139. एक कार पहली आधी दूरी 50 किमी /घंटा की चाल से तथा बाकी आधी दूरी 60 किमी/घंटा की चाल से यात्रा पूरी करती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत गति क्या है?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 3

(A) 54.54 km/hr **(B)** 36.36 km/hr
(C) 50.5 km/hr **(D)** 45.45 km/hr

140. एक साइकिल चालक 8 किलोमीटर की दूरी 15 किलोमीटर प्रति घंटे से तथा 4 किलोमीटर की दूरी 20 किमी/घंटे की चाल से चलाता है तो उसकी औसत चाल कितनी होगी?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 2

(A) 16.8 **(B)** 16.36
(C) 15.71 **(D)** 17.50

141. एक व्यक्ति अपनी यात्रा के पहले 176 किलोमीटर की दूरी 16 किलोमीटर/घंटे की चाल से और अगले 64 किलोमीटर की दूरी 32 किलोमीटर/घंटे की चाल से तय करता है। यात्रा के पहले 240 किलोमीटर की दूरी के लिए लगभग औसत चाल क्या होगी?

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 3

(A) 13 km/hr **(B)** 27 km/hr
(C) 18.5 km/hr **(D)** 21 km/hr

142. एक कार प्रारंभ के 30 किमी 60 किमी/घंटा की गति से तय करती है अगले 20 किमी 80 किमी/घंटा की गति से तय करती हैं उसकी औसत गति ज्ञात करें।

RRB NTPC 06.04.2016 Shift: 1

(A) 65.67 km/hr **(B)** 65.33 km/hr
(C) 66.33 km/hr **(D)** 66.67 km/hr

143. कार P एक निश्चित दूरी को 66 किमी /घंटे की चाल से 11 घंटों में तय करती है। कार Q इतने ही समय में कार P की अपेक्षा 242 किमी अधिक दूरी तय करती है। कार Q की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 19.01.2017 Shift : 2

(A) 718 km/hr **(B)** 77 km/hr
(C) 88 km/hr **(D)** 83 km/hr

144. अर्जुन, पुणे से गोवा की 1000 किलोमीटर की दूरी 4 किमी/घंटा की गति से तय करता है और वापसी की यात्रा 3 किमी/घंटा की गति से तय करती है। उसकी पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत गति क्या थी?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 2

(A) 3 km/hr **(B)** 3.43 km/hr
(C) 3.5 km/hr **(D)** 5.4 km/hr

145. कार I निश्चित समय में निश्चित दूरी तय करती है। कार II इससे आधी दूरी को दोगुने समय में तय करता है। उनकी सापेक्ष गतियों का अनुपात ज्ञात करो-

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-2

(A) 1: 2 **(B)** 1: 4
(C) 2: 1 **(D)** 4: 1

146. दो बसें, दो स्टेशन मुम्बई और पुणे, जिसके बीच की दूरी 300 किमी है से एक ही समय पर एक दूसरी की विपरीत दिशा में चलती है और एक स्टेशन से 220

किमी की दूरी पर एक दूसरे को पार करती है। उनकी चाल का अनुपात क्या है?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 2

(A) 13: 9 **(B)** 10: 3
(C) 11: 4 **(D)** 14: 5

147. राहुल X रूपये 3 वर्ष के लिए y% ब्याज की दर पर निवेश किया। श्याम ने 12 वर्ष के लिए उसी दर पर समान धनराशि का निवेश किया। राहुल द्वारा अर्जित साधारण ब्याज का श्याम द्वारा अर्जित साधारण ब्याज से अनुपात ज्ञात करें -

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 3

(A) 1: 3 **(B)** 1: 4
(C) 2: 3 **(D)** 4: 1

148. यदि विनय 2 किमी/घंटा की अधिक गति से चला होता तो वह 4 किमी तय करने में 10 मिनट कम समय लेता, विनय की गति ज्ञात कीजिए?

RRB Paramedical 20/07/2018 (Shift-III)

(A) 7 km/hr **(B)** 5 km/hr
(C) 4 km/hr **(D)** 6 km/hr

149. एक कार 8 घंटे में चेन्नई से कोयम्बटूर तक की यात्रा तय करती है। यात्रा की पहली आधी दूरी 73 किलोमीटर/घंटा और दूसरी आधी दूरी किलोमीटर/घंटा की चाल से तय की गयी है। चेत्राई से कोयम्बटूर दूरी क्या है?

RRB Paramedical 21/07/2018 (Shift-III)

(A) 614.34 km **(B)** 600 km
(C) 592 km **(D)** 632.65 km

150. 72 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार से चलने वाली 110 मीटर लंबी रेलगाड़ी को 132 मीटर लंबा पुल पार करने में कितना समय लगता है?

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-II)

(A) 14.3 sec **(B)** 9.8 sec
(C) 12.1 sec **(D)** 12.42 sec

151. एक 200 मीटर की दौड़ में, P, Q को 35 मीटर या 7 सेकेंड से हरा देता है। दौड़ के दौरान P द्वारा लिया गया समय ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-I)

(A) 36 sec **(B)** 33 sec
(C) 40 sec **(D)** 47 sec

152. सामान्य की 3/4 चाल से चलकर, एक व्यक्ति अपने कार्यस्थल पर 15 मिनट देरी से पहुंचता है। सामान्यतः कार्यस्थल तक पहुंचने में उसे कितने मिनट लगते है?

RRB JE - 24/05/2019 (Shift-III)

(A) 42 min **(B)** 30 min
(C) 45 min **(D)** 60 min

153. एक 300 मीटर की दौड़ में, P, Q को 22.5 मीटर या 6 सेकंड से हरा देता है। Q द्वारा दौड़ पूरा करने में लिया गया समय ज्ञात करें।

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)

(A) 86 sec **(B)** 78 sec
(C) 76 sec **(D)** 80 sec

154. P और Q 240 मीटर लम्बे एक वृताकार ट्रैक के चारो ओर क्रमश: 15 मीटर/मिनट और 20 मीटर/मिनट की चाल से दौड़ते है। यदि वे एक साथ दौड़ना शुरु करते है, तो कितने समय के बाद वे फिर से प्रारम्भिक बिंदु पर मिलेंगे?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-I)

(A) 25 min **(B)** 36 min
(C) 30 min **(D)** 48 min

155. एक चोर पुलिस से भागते हुए 100 किमी/घंटा की चाल से बाइक चलाता है। पुलिस ने तुरंत ही 75 किमी/घंटा की चाल से पीछा करना शुरु कर दिया। एक घंटे बाद पुलिस की गाड़ी का इंजन खराब हो गया, जिसे ठीक करने में 30 मिनट का समय लगा। इसके बाद,गाड़ी की चाल बढ़कर 120 किमी/घंटा हो गई । चोर को कितने समय बाद पकड़ा जाएगा?

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-I)

(A) 2hr 45 min **(B)** 3hr 40 min
(C) 5hr 15 min **(D)** 2hr 30 min

156. दो दोस्त, एक ही समय क्रमश: शहर P से Q और शहर Q से P के बीच किसी बिंदु पर मिलने के बाद,वे क्रमश: 54 और 24 मिनट में अपने अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच जाते है। Q से P तक जाने वाले दोस्त ने अपनी यात्रा कितने समय में पूरी की?

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-III)

(A) 48 min **(B)** 36 min
(C) 72 min **(D)** 60 min

157. एक चोर 400 किमी दूर स्थित एक शहर की ओर 60 किमी/घंटा की चाल से कार चलाते हुए भागता है सिर्फ 30 मिनट के बाद, पुलिस 80 किमी /घंटा की चाल से पीछा करना शुरु करती है चोर के पकड़े जाने तक पुलिस दवारा तय की गई दूरी कितनी होगी?

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)

(A) 70 km **(B)** 85 km
(C) 90 90 km **(D)** 120 km

158. कोई पुरुष P से Q तक 5 किमी/घंटा की चाल से चलकर जाता है और Q से P तक 3 किमी /घंटा की चाल से वापस आता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल क्या है?

RRB JE - 22/05/2019 (Shift-III)

(A) 8 km/hr **(B)** 3.25 km/hr
(C) 3.75 km/hr **(D)** 3.5 km/hr

159. एक व्यक्ति 50 किमी/घंटा की चाल से 30 मिनट में P से Q तक की यात्रा करता हैं। फिर वह अपनी चाल को बढाकर 60 किमी/घंटा करता है और 20 मिनट में अपने गंतव्य R तक पहुच जाता है। पूरी यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 26/05/2019 (Shift-III)

(A) 55km /hr **(B)** 54km/hr
(C) 65km/hr **(D)** 70 km/hr

160. एक निश्चित दूरी को एक निश्रित चाल से तय किया जाता है। यदि आधी दूरी को दोगुने समय में तय किया जाता है, तो दोनों चालों का अनुपात ज्ञात करें।

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-I)

(A) 2: 1 **(B)** 1: 3
(C) 4: 1 **(D)** 3: 2

161. एक निश्चित दूरी को तय करते समय, दो व्यक्तियो के चाल का अनुपात 18: 12 है। दूरी को तय करने में उनके द्वारा लिए गए समय का अनुपात ज्ञात करे।

RRB JE - 23/05/2019 (Shift-III)

(A) 2: 1 **(B)** 2: 5
(C) 2: 3 **(D)** 3

162. एक मोटर साइकिल चालक 192 किमी की दूरी 32 किमी /घंटा की चाल से तय करता है। मोटरसाइकिल चालक के चलने के 2.5 घंटे बाद एक कार उसी जगह से चलना शुरु करती है, लेकिन 0.5 घंटे पहले उस दूरी को तय कर लेती है। कार और मोटरसाइकिल की चाल का अनुपात क्या है?

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 3: 1 **(B)** 4: 3
(C) 2: 1 **(D)** 1: 2

163. विपरीत दिशाओं में यात्रा करने वाले दो मोटर चालक बीच में किसी बिंदु पर मिलते है। इसके बाद उन्हें उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचने में क्रमश: 9 और 16 घंटे लगते है। उनकी चालों का अनुपात क्या है?

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 4: 7 **(B)** 4: 3
(C) 5: 3 **(D)** 5: 4

Solution

1. **Ans: (C)**
माना वास्तविक चाल = x km/hr
दूरी = 96 km
नयी चाल = (x – 4) km/hr
प्रश्नानुसार,
$\frac{96}{x-4}-\frac{96}{x}=2$
$\frac{48}{x-4}-\frac{48}{x}=1$
$48\left(\frac{1}{x-4}-\frac{1}{x}\right)=1$
$48\left(\frac{x-x+4}{x(x-4)}=1\right.$
$48\times 4=x(x-4)$
$x^2-4x-192=0$
$x^2-16x+12x-192=0$
$x(x-16)+12(x-16)=0$
$(x+12)(x-16)=0$
अत: $x-16=0$
$x=16x\neq -12$
वास्तविक चाल = 16 km/hr

2. **Ans: (B)**
माना तांगे की चाल = x km/hr
दूरी = 40 km
प्रश्नानुसार,
$\left(\frac{16}{x}+6\right)-\left(\frac{24}{x}+4\right)=1$
$\Rightarrow \frac{16}{x}+6-\frac{24}{x}-4=1$
$\Rightarrow \frac{16}{x}-\frac{24}{x}=1-2$
$\Rightarrow \frac{16-24}{x}=-1$
$\Rightarrow -8=-x$
$x=8\text{km/hr}$

3. **Ans: (A)**
माना B की चाल = x m/s
∴ A की चाल = (x + 1.5) m/s
प्रश्नानुसार,
$\frac{200}{x}-\frac{200}{(x+1.5)}=3$
$\frac{200x+300-200x}{x^2+1.5x}=3$
$x^2+1.5x-100=0$
$x^2+10.778x-9.278x-100=0$
$x(x+10.778)-9.278(x+10.778)=0$
$(x-9.278)(x+10.778)=0$
$x=9.278m/s$
अत: A की चाल $=(9.278+1.5)=10.778\text{m/s}$

4. **Ans: (A)**
माना ट्रेन की चाल x km/h
प्रश्नानुसार,
$\left\{\text{सापेक्ष चाल } =\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}\right\}$

$\because x - 3 = \frac{\frac{100}{1000}}{\frac{4}{60}}\{\because 100$ मी. $= \frac{100}{1000}$km तथा 4 मि. $= \frac{4}{60}$hr $\}$


$x - 3 = \frac{15}{10}$

$x = \frac{3}{2} + 3$

$x = \frac{9}{2}$km/hr

5. Ans: (C)

दिया है,



A को मिलने के बाद गंतव्य तक पहुँचने में लगा समय = 5 घंटे

B को मिलने के बाद गंतव्य तक पहुँचने में लगा समय =6 घंटे

A की चाल =55 किलो/घंटा

माना B की चाल = x km/hr

$\therefore \frac{S_B}{S_A} = \sqrt{\frac{t_A}{t_B}}$

$\frac{x}{55} = \sqrt{\frac{5}{6}}$

$x = 55 \times \sqrt{\frac{5}{6}}$

$x = 55 \times \sqrt{\frac{5\times6}{6\times6}}$

$x = \frac{55}{6} \times \sqrt{30}$

$x = \frac{55}{6}\sqrt{30}$km/hr

6. Ans: (A)

$\frac{v_1}{v_2} = \sqrt{\frac{t_2}{t_1}}$

$\frac{60}{v_2} = \sqrt{\frac{3}{12}}\{\because v_1 = 60\text{km/h}, t_1 = 12, t_2 = 3\}$

$\frac{60}{v_2} = \sqrt{\frac{1}{4}}$

$v_2 = 120$km/h

7. Ans (D)

माना ट्रेन की चाल V km/hr है।

ट्रेन दोनों व्यक्तियों के दिशा में चल रही है।

सापेक्ष चाल के नियम तथा दूरी = चाल × समय से

(पहले व्यक्ति के लिए) दूरी $= (V - 9) \times \frac{8}{3600}$

(दूसरे व्यक्ति के लिए) दूरी $= (V - 12) \times \frac{8.4}{3600}$

∴ ट्रेन द्वारा दोनों व्यक्तियों को पार करने में चली गई दूरी समान होगी।

$\therefore (V - 9) \times \frac{8}{3600} = (V - 12) \times \frac{8.4}{3600}$

$8V - 72 = 8.4V - 100.8$

$100.8 - 72 = 0.4V$

$28.8 = 0.4V$

$V = \frac{288}{4} = 72$km/h

8. Ans: (A)

प्रश्नानुसार, माना ट्रेन की गति = x km/hr

ट्रेन की गति 3 × स्कूटर की गति

x = 3 × स्कूटर की गति

स्कूटर की गति = x/3 km/h

ट्रेन की गति = 3/2 × स्टीमर की चाल

स्टीमर की चाल = 2x/3

∵ चाल = दूरी/समय से,

प्रश्न से-

$\frac{120}{\frac{2x}{3}} + \frac{450}{x} + \frac{60}{\frac{x}{3}} = 13$घंटे30मिनट

$\frac{180}{x} + \frac{450}{x} + \frac{180}{x} = \frac{27}{2}$

$\frac{810}{x} = \frac{27}{2}$

$x = 30 \times 2$

$x = 60$km/hr

अत: ट्रेन की गति = 60 किमी/घंटा

9. Ans. (A)

माना सबरीना ने t समय तक साइकिल चलाई

प्रश्नानुसार,

$8(8 - t) + 13t = 84$


$64 - 8t + 13t = 84$

$5t = 20$

$t = 4$

अत: सबरीना ने 4 घंटे तक साइकिल चलाई।

10. Ans (D):



आयताकार लॉन की लम्बाई (AB) = 60m

चौड़ाई (AD) = 40m

विकर्ण (DB) = ?

पाइथागोरस प्रमेय से,

$BD^2 = AB^2 + AD^2$

$BD^2 = (60)^2 + (40)^2$

$BD^2 = 3600 + 1600$

$BD^2 = 5200$

$BD = \sqrt{5200}$

BD=*72.11*(लगभग 72)

विकर्ण की लम्बाई = 72m

समय = ?

चाल $= 3\text{km/h} = 3 \times \frac{5}{18} = \frac{5}{6}\text{m/sec}$

समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चब}} = \frac{72}{\frac{5}{6}} = \frac{72\times6}{5} = 86.4$

(लगभग 86.5) sec

11. Ans (D)

$\because$ 1 हेक्टेयर $= 10{,}000$ वर्ग मी.

$\therefore$ 25 हेक्टेयर $= 250{,}000$ वर्ग मी.

$= (500 \times 500)$ वर्ग मी.

अत: मैदान की आकृति वर्गाकार है।

$\therefore a = 500$ मी.

मैदान का परिमाप $= 4a = 4 \times 500 = 2000$मी. मी.

1 चक्कर लगाने मे लिया गया समय $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{चाल}}$

$= \frac{2000\text{ मी.}}{10\text{ किमी/घंटा}} = \frac{2000\text{ मी.}}{10\times\frac{1000}{60}\text{ मी./मिनट}} = 12$ मिनट

12. Ans (D):

पैदल (P) तथा वाहन (w) से जाने/आने में लगा समय $= \frac{13}{2}$ घंटे

दोनों ओर पैदल (P) जाने/आने में लगा समय $= \frac{31}{4}$ घंटे

अत:

$P + w = \frac{13}{2}, P + P = \frac{31}{4}$

$2P = \frac{31}{4} \Rightarrow \boxed{P = \frac{31}{8}\text{घंटे}}$

P का मान रखने पर-

$\frac{31}{8} + w = \frac{13}{2}$

$w = \frac{13}{2} - \frac{31}{8}$

$\boxed{w = \frac{21}{8}\text{घंटे}}$

अत: वाहन से जाने में लगा समय $= \frac{21}{8}$ घंटे

तथा वाहन से ही वापस आने में लगा समय $= \frac{21}{8}$ घंटे

अत: दोनों ओर वाहन से जाने-आने में लगा समय

$\frac{21}{8} + \frac{21}{8} = \frac{42}{8}$

$\Rightarrow 5\frac{2}{8}$ घंटे

या 5 घंटे 15 मिनट

13. Ans: (C)

माना 75 km/hr की चाल से यात्रा करने में t घंटे का समय लगता हैं-

$75 \times t + 55 \times (5 - t) = 300$

$75t + 275 - 55t = 300$

$20t = 25$

$t = \frac{25}{20} = \frac{5}{4}$

t = 1 घंटा 15 मिनट

अत: अधिकतम चाल से किरन ने 1 h 15 min तक यात्रा की।

14. Ans: (C)

दिया है-

(A) $72\sqrt{3}$ cm^2 **(B)** $64\sqrt{3}$ $cm\ r^2$
(C) $108\sqrt{3}$ cm^2 **(D)** $54\sqrt{3}$ cm^2

309. समान त्रिज्या और समान ऊँचाई वाले एक शंकुः, गोलार्द्ध और बेलन के आयतन क्रमशः P, Q, R हैं। P : Q : R का मान ज्ञात कीजिए।

RRB JE – 27/05/2019 (Shift – I)

(A) 1: 3: 2 **(B)** 3: 4: 2
(C) 2: 1: 3 **(D)** 1: 2: 3

310. कागज की एक चौकोर शीट को इसकी भुजा की तरफ से मोड़कर एक बेलन के रूप में बदल दिया जाता है। वर्ग की भुजा और बेलन की आधार की त्रिज्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE – 29/05/2019 (Shift – III)

(A) 2π: 1 **(B)** 1: 4π
(C) 1: π **(D)** 1: 2π

311. एक घन के आयतन और एक ऐसे गोले के आयतन, जो घन में पूर्णतया फिट होगा, उनके बीच का अनुपात कितना होता है?

RRB JE – 30/05/2019 (Shift – III)

(A) 3: π **(B)** 6: π
(C) 3: 4 **(D)** π: 1

312. एक घन और एक गोले की ऊँचाई समान है। उनके आयतनों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE – 28/05/2019 (Shift – II)

(A) 6: π **(B)** 4: π
(C) 2: π **(D)** 3: π

313. एक आयत का क्षेत्रफल, एक वर्ग के क्षेत्रफल का 9/20 गुना है। यदि आयत की लंबाई और चौड़ाई 5: 4 के अनुपात में हो, तो आयत और वर्ग के परिमाप का अनुपात ज्ञात कीजिए।

RRB JE – 31/05/2019 (Shift – III)

(A) 25: 48 **(B)** 27: 20
(C) 27: 40 **(D)** 25: 45

314. 40 मीटर 24 मीटर माप के एक कमरे के फर्श पर बिछाने के लिए, 6 मीटर x 4 मीटर के कितने कालीनों की आवश्यकता होगी?

RRB JE – 02/06/2019 (Shift – III)

(A) 40 **(B)** 12
(C) 18 **(D)** 15

315. यदि केवल विकर्णो के माप दिए गये हों, तो इनमें से किस चतुर्भुज का निर्माण किया जा सकता है?

1) वर्ग 2) आयत
3) समचतुर्भुज

RRB JE – 01/06/2019 (Shift – I)

(A) 1 and 3 **(B)** 1 and 2
(C) only 1 **(D)** only 3

Solution

1. **Ans. (C)** :

त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा = 13 cm


अन्य भुजाएं – 5cm तथा 12cm है।

$\because (13)^2 = (12)^2 + (5)^2$

$169 = 169$

अत: यह एक समकोण त्रिभुज होगा।

तीनों भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने से बने त्रिभुज PQR का क्षे. $= \frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.}}{4}$



Δ PQR का क्षे. $= \frac{\frac{1}{2}\times 5\times 12}{4}$

$= \frac{30}{4} = 7.5 \text{ cm}^2$

2. **Ans : (C)**

सूत्र – $s = \frac{a+b+c}{2}$ (जहाँ a = 72, b = 30, c = 78)

$= \frac{72 + 30 + 78}{2} = 90\text{m}$

त्रिभुज का क्षे. $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{90(90-72)(90-30)(90-78)}$

$= \sqrt{90\times 18\times 60\times 12}$


$= \sqrt{1166400} = 1080$

20 पैसे $= \text{रु.}\frac{20}{100}$

$= \text{रु.}\frac{1}{5}$

$\therefore$ लागत मूल्य $= 1080 \times \frac{1}{5} = \text{रु.}216$

3. **Ans. (B)** :



विषमबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

जहाँ $s = \frac{a+b+c}{2}$

$s = \frac{16 + 12 + 20}{2} = 24$

$\therefore$ क्षेत्रफल $= \sqrt{24(24-16)(24-12)(24-20)}$

$= \sqrt{24\times 8\times 12\times 4}$

$= 96\text{m}^2$

$\therefore$ सबसे लम्बे भुज की लम्बाई (h) $= \frac{2\times \text{क्षेत्रफल}}{\text{आधार}}$

$= \frac{2\times 96}{20}$

$= \frac{96}{10} = 9.6\text{m}$

4. **Ans : (B)**

अर्द्र परिमाप (s) $= \frac{7.8+5+11.2}{2} = \frac{24}{2} = 12$

त्रिभुज का क्षे. $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$


$= \sqrt{12(12-7.8)(12-5)(12-11.2)}$

$= \sqrt{12\times 4.2\times 7\times .8}$

$= \sqrt{282.24}$

$= 16.8\text{cm}^2$

5. **Ans (D):**



$\Delta MNP \sim \Delta DEF$

समरूपता के नियम से

$$\frac{\Delta MNP \text{ का क्षेत्र.}}{\Delta DEF \text{ का क्षेत्र.}} = \frac{(\Delta MNP \text{ की लम्बी भुजा })^2}{(\Delta DEF \text{ की लम्बी भुजा })^2}$$

$$\Rightarrow \sqrt{\frac{1024}{144}} = \left(\frac{64}{\Delta DEF \text{ की लम्बी भुजा}}\right)$$


$$\Rightarrow \frac{32}{12} = \frac{64}{\Delta DEF \text{ की लम्बी भुजा}}$$

$$\Rightarrow \Delta DEF \text{ की लम्बी भुजा } = \frac{64 \times 12}{32}$$

$= 2 \times 12 = 24$ सेमी

6. Ans : (C)

दिया है –



त्रिभुज की ऊँचाई और आधार के बीच का अंतर = 7

$x - y = 7$ .....(i)

त्रिभुज का क्षेत्रफल = 30 सेमी^{2}.

अत: समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ आधार $\times$ ऊँचाई

$$30 = \frac{1}{2}xy \Rightarrow xy = 60 \ldots\ldots\ldots \text{(ii)}$$

$$x + y = \sqrt{(x-y)^2 + 4xy}$$

$$= \sqrt{49 + 240}$$

$$= \sqrt{289}$$

$$x + y = 17 \ldots\ldots \text{(iii)}$$

समी(i) और (iii) से

$x = 12$ सेमी

$y = 5$ सेमी

अब त्रिभुज ABC में पाइथागोरस प्रमेय से

$AC^2 = AB^2 + BC^2$

$AC^2 = (12)^2 + (5)^2$

$AC^2 = 144 + 25$

$AC^2 = 169$

$AC = 13$ सेमी

अत: त्रिभुज का परिमाप = 13 + 12 + 5 = 30 सेमी

7. Ans. (C)

माना समबाहु त्रिभुज की भुजायें a cm है।

प्रश्नानुसार,

समबाहु Δ का क्षेत्रफल = 2 $\times$ Δ का परिमाप,

$$\frac{\sqrt{3}a^2}{4} = (3a) \times 2$$

$$\frac{\sqrt{3}a}{4} = 6$$

$$a = \frac{24\sqrt{3}}{3}$$

$$a = 8\sqrt{3}\text{cm}$$


$\therefore$ समबाहु Δ का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4}a^2$

$$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 8\sqrt{3} \times 8\sqrt{3}$$

$$= 2 \times 3 \times 8\sqrt{3}$$

$$= 48\sqrt{3}\text{cm}^2$$

8. Ans: (A)



समबाहु त्रिभुज ABC का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4}a^2$ सेमी^{2}

छोटे समबाहु ΔAEF, ΔBEG और ΔCFG का क्षे.

$$= \frac{\sqrt{3}}{4}\left\{\left(\frac{2a}{5}\right)^2 + \left(\frac{2a}{5}\right)^2 + \left(\frac{2a}{5}\right)^2\right\}$$

$$= \frac{3\sqrt{3}}{4} \times \frac{4a^2}{25}$$

$= \frac{3\sqrt{3}}{25}a^2$ सेमी

$$\frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.}}{\text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}} = \frac{\frac{\sqrt{3}}{4a^2}}{\frac{3\sqrt{3}}{25a^2}}$$

$$\frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.}}{\text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}} - 1 = \frac{25}{12} - 1$$

$$\frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.} - \text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}}{\text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}} = \frac{25-12}{12}$$

$$= \frac{\text{त्रिभुज के बचे हुए भाग का क्षे.}}{\text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}} = \frac{13}{12}$$

$$= \frac{\text{तीन छोटे } \Delta \text{ का क्षे.}}{\text{त्रिभुज के बचे हुए भाग का क्षे.}} = \frac{12}{13}$$


9. Ans: (C)

दिया है –

समचतुर्भुज के विकर्ण की लम्बाई (d_1) = 24 cm, d_2 = ? है।

प्रश्नानुसार,

समचतुर्भुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2} \times d_1 \times d_2$



AO = 12cm

DO = 9cm

$216 = \frac{1}{2} \times 24 \times d_2$

d_2 = 18cm

ΔAOD में,

पाइथागोरस प्रमेय से

$AD^2 = 12^2 + 9^2$ { समचतुर्भुज के विकर्ण

$AD^2 = 144 + 81$ एक – दसर को 90^0 कोण

$AD^2 = 225$ पर प्रतिच्छद करते हैं।}

AD = 15 cm

अत: समचतुर्भुज के प्रत्येक भुजा की लम्बाई 15 cm होगी।


10. Ans : (A)

समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = (आधार×ऊँचाई)

= 20× 5.4 मी^{2}

क्षे. = 108 मी^{2}

11. Ans : (B)



विकर्ण = d_1 = 2.8m

प्रत्येक भुजा = 5m

ΔAOD में

$AO = \frac{2.8}{2} = 1.4m$

AD = 5m

समचतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को बीच में एवं 90^0 कोण पर काटते हैं।

पाइथागोरस प्रमेय से,

$OD^2 = (5)^2 - (1.4)^2$

$OD^2 = 23.04$

$OD = 4.8m$

तो विकर्ण $d_2 = 4.8 \times 2 = 9.6m$

अत: समचतुर्भुज का क्षे. = $\frac{1}{2} \times d_1 \times d_2$

$= \frac{1}{2} \times 9.6 \times 2.8$

क्षे. $= 13.44\ m^2$

12. Ans : (B)

समचतुर्भुज का क्षे. = $\frac{1}{2} d_1 d_2$

$= \frac{1}{2} d_1 d_2 = 840$

$d_1 d_2 = 1680 \ldots i)$

$d_1^2 + d_2^2 = (\text{भुजा})^2 \times 4$

$d_1^2 + d_2^2 = 37 \times 37 \times 4$

$d_1^2 + d_2^2 = 5476 - - - - (ii)$

$\therefore (d_1 + d_2)^2 = d_1^2 + d_2^2 + 2d_1 d_2$

समी (i) व (ii) से –

$\Rightarrow (d_1 + d_2)^2 = 5476 + 2 \times 1680$


$\Rightarrow (d_1 + d_2)^2 = 5476 + 3360$

$\Rightarrow (d_1 + d_2)^2 = 8836$

$\Rightarrow (d_1 + d_2)^2 = (94)^2$

$\Rightarrow d_1 + d_2 = 94cm$

13. Ans: (C)



OD = 13cm

समचतुर्भुज का परिमाप = 56 cm

4 a = 56

भुजा **(A)** = 14 cm

पाइथागोरस प्रमेय से

$(AO)^2 = (AD)^2 - (DO)^2$

$(AO)^2 = (14)^2 - (13)^2$

$(AO)^2 = 196 - 169$

$(AO)^2 = 27$


$AO = \sqrt{27}$

विकर्ण (AC) = 2 ×AO

विकर्ण (AC) = $2 \times \sqrt{27}$

(AC) = $6\sqrt{3}$cm

14. **Ans : (D)**



ΔBCD का अर्द्धपरिमाप (s)

$= \frac{12 + 25 + 17}{2} = \frac{54}{2} = 27$

ΔBCD का क्षे. $= \sqrt{s(s-a)(s-b)(s-c)}$

$= \sqrt{27(27-12)(27-25)(27-17)}$

$= \sqrt{27 \times 15 \times 2 \times 10}$


$= \sqrt{3 \times 9 \times 3 \times 5 \times 2 \times 2 \times 5}$

$= 9 \times 5 \times 2 = 90$

समान्तर चतुभुज ABCD का क्षे. $= 2 \times \Delta BCD$

$= 90 \times 2 = 180\text{m}^2$

15. **Ans: (C)**



समचतुर्भुज का क्षे. $= \frac{1}{2} \times d_1 \times d_2$

क्षे. $= \frac{1}{2} \times 12 \times 16$


क्षे. 96 cm^2

समचतुर्भुज की सभी भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने पर एक समचतुर्भुज निर्मित होता है तथा निर्मित समचतुर्भुज का क्षेत्रफल

$= \frac{\text{बड़े समचतुर्भुज का क्षेत्रफल}}{2}$

क्षे. $= \frac{96}{2} = 48\text{cm}^2$

16. **Ans. (C)** :



A C = 18 m

B D = 24 m

समचतुर्भज का क्षेत्र $= \frac{1}{2} \times \text{AC} \times \text{BD}$

$216 = \frac{1}{2} \times AC \times BD$

$\frac{1}{2} \times AC \times 24 = 216$

$AC = 18\text{cm}$

समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लम्बाई

$= \sqrt{(\text{OC})^2 + (\text{OB})^2}$

$= \sqrt{9^2 + 12^2}$

$= \sqrt{81 + 144}$

$= \sqrt{225} = 15$ Meter

17. **Ans:(A)**

असमान्तर या समलम्ब चतुर्भुज का क्षे0

$= \frac{1}{2}$ (समान्तर भुजाओं का योग) × दूरी

$= \frac{1}{2}(10 + 15) \times$ दूरी


$150 = \frac{1}{2} \times 25 \times$ दूरी

दूरी $= \frac{300}{25} = 12$ मीटर

18. **Ans :(C)**

समचतुर्भुज का क्षे. = 324cm^2

एक विकर्ण की लम्बाई d_1 = 36 cm



समचतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times d_1 \times d_2$

$324 = \frac{1}{2} \times 36 \times d_2$

d_2 = 18 सेमी

चित्रानुसार, $(\text{AB})^2 = (\text{OA})^2 + (\text{OB})^2$

$= 9^2 + 18^2$

$= 81 + 324$


$(\text{AB})^2 = 405$

$\text{AB} = 9\sqrt{5}\text{cm}$

अत: समचतुर्भुज की प्रत्येक भुजा की लम्बाई $9\sqrt{5}$cm है

19. **Ans. (C)** :

किसी समचतुर्भुज के विकर्ण परस्पर लम्ब समदिभाजित करते है।



$OB = OA = \frac{14}{2}cm = 7cm$

∴ पाइथागोरस प्रमेय से –

$DB^2 = OB^2 + OD^2$

$196 = 49 + OD^2$

$OD^2 = 147$

$OD = \sqrt{3 \times 7 \times 7}$

$= 7\sqrt{3}$

$DC = 2 \times 7\sqrt{3} = 14\sqrt{3}$

समचतुर्भुज का क्षे. $= \frac{1}{2} \times AB \times CD$


$= \frac{1}{2} \times 14 \times 14\sqrt{3} = 98\sqrt{3}cm^2$

20. **Ans. (B)** :

माना वर्ग की भुजा = a

∴ वर्ग का विकर्ण = $a\sqrt{2}$

∴ समबाहु त्रिभुज की ऊँचाई (h) = $a\sqrt{2}$



समबाहु ΔABC में,

माना Δ की भुजा = x

$AD = a\sqrt{2}$

$AD^2 = AC^2 - DC^2$

$2a^2 = x^2 - \frac{x^2}{4}$

$2a^2 = \frac{3x^2}{4}$

$x^2 = \frac{8}{3}a^2$

समबाहु Δ का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} \times x^2$

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times \frac{8}{3}a^2$

$= \frac{2}{\sqrt{3}}a^2$

वर्ग का क्षेत्रफल = a^2

समबाहु Δ का क्षे. : वर्ग का क्षे. $= \frac{2}{\sqrt{3}}a^2 : a^2$

$= 2 : \sqrt{3}$

21. **Ans. (B)** :

आयत का परिमाप = 2(लम्बाई + चौड़ाई)

= 2(12 + 8) = 40 सेमी

दिया है ,

समचतुर्भुज का परिमाप = आयत का परिमाप .....(i)


माना समचतुर्भुज की भुजा a cm है,

समी(i) से,

4a = 40

a = 10

ΔADE में



$\sin 60^\circ = \frac{h}{10}$

$\Rightarrow \frac{\sqrt{3}}{2} = \frac{h}{10}$

ऊँचाई (h) = $5\sqrt{3}$ cm

समचतुर्भुज का क्षे. = आधार × ऊँचाई

$= 10 \times 5\sqrt{3}$

$= 50\sqrt{3}cm^2$

22. **Ans: (B)**

वृत्त का क्षे. = πr^2

∴ 10 रु. प्रति वर्ग मी लागत = रु 1540

∴ वृत्त का क्षे0 = $\frac{1540}{10}$

$= 154$

$\pi r^2 = 154$

$r^2 = \frac{154 \times 7}{22}$

$r^2 = 49$

$r = 7$ मी

वृत्त का परिमाप = $2\pi r$


$= 2 \times \frac{22}{7} \times 7$

$= 44$ मी

6 रु0 प्रति मी0 की दर से फेंसिंग की लागत

$= 6 \times 44 = \text{रु.}264$

23. Ans: (A)



किसी चक्रीय चतुर्भुज में विपरीत कोण के अर्धक केन्द्र से होकर जायेगे।

अत:

XY = AC

और AC वृत्त का व्यास है।

$\boxed{XY = 2r}$

24. Ans : (B)

शर्तानुसार –

$2\pi r - 2r = 15$

$2r(\pi - 1) = 15$

$2r\left(\frac{22}{7} - 1\right) = 15$

$2r\left(\frac{15}{7}\right) = 15$

$2r = 7$

$\boxed{r = 3.5\text{m}}$

25. Ans : (C)

माना अंगूठी की आन्तरिक त्रिज्या = r_1

तथा बाह्य त्रिज्या = r_2

प्रश्नानुसार –

$2\pi r_1 = 22, 2\pi r_2 = 44$

$2 \times \frac{22}{7} \times r_1 = 22, 2 \times \frac{22}{7} r_2 = 44$

$r_1 = \frac{7}{2}\text{cm}, \quad r_2 = 7\text{cm}$

अंगूठी की मोटाई $= r_2 - r_1$

$= 7 - \frac{7}{2} = \frac{7}{2}\text{cm}$ या 3.45 सेमी

26. Ans : (B)

माना बाह्य त्रिज्या r_1

आन्तरिक त्रिज्या = r_2

दिया है,

वृत्त की परिधि $\Rightarrow 2\pi r_1 = 220 \Rightarrow r_1 = 35\text{m}$

$\Rightarrow 2\pi r_2 = 44 \Rightarrow r_2 = 7\text{m}$

रास्ते सहित बाग का क्षे. $= 2\pi r_1^2 = \frac{22}{7} \times 35 \times 35$

$= 3850\ \text{m}^2$

बाग का क्षे0 $= 2\pi r_2^2 = \frac{22}{7} \times 7 \times 7 = 154\text{m}^2$

रास्ते का क्षे0 $= 3850 - 154 = 3696\text{m}^2$


27. Ans (D):

समबाहु Δ का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4}a^2$ जहाँ a = Δकी भुजा

$\frac{\sqrt{3}}{4} \times a^2 = 9\sqrt{3}$

$a^2 = 36$

$a = 6$



नोट: – a भुजा वाले समबाहु त्रिभुज के परिवृत्त की त्रिज्या =

$\frac{a}{\sqrt{3}} = \frac{6}{\sqrt{3}} \times \frac{\sqrt{3}}{\sqrt{3}}$

$= 2\sqrt{3}$

वृत्त का क्षे. πr^2

$= \pi \times 2\sqrt{3} \times 2\sqrt{3}$

अत: वृत्त का क्षे. $= 12\pi$

28. Ans : (D)

माना मैदान की बाहरी त्रिज्या = R

मैदान की आन्तरिक त्रिज्या = r

मैदान की बाहरी परिधि = 2πR

$2\pi R = 154$

$\pi R = 77$

$R = 49/2$

मैदान की आन्तरिक परिधि 2πr

$2\pi r = 88$


$\pi r = 44$

$r = 14$

मैदान की चौड़ाई $= R - r = \frac{49}{2} - 14$

$= \frac{49 - 28}{2} = \frac{21}{2} = 10.5\text{m}$

29. Ans. (C) :



∴ अर्द्धवृत्त का व्यास = 14m

2r = 14

r = 7 m

अर्धवृत का परिमाप = $\pi r + 2r$

$= \frac{22}{7} \times 7 + 14$

$= 22 + 14 = 36$m

30. **Ans. (B)** :

पहिये का व्यास = 56 cm

d = 56cm

$\therefore r = \frac{d}{2}$

$r = \frac{56}{2} = 28$cm

माना पहिया 88 km दूरी तय करने में n बार घूमेगा

$n \times 2\pi r = 88$km [1km = 100000cm]

$n = \frac{88\times100000}{2\times\frac{22}{7}\times28}$

$n = \frac{88\times100000}{2\times88}$

$n = 50000$

31. **Ans: (A)**

दिनों की संख्या = $\frac{\text{घनाभ का आयतन}}{\text{जनसंख्या} \times \text{आवश्यकता}}$

$= \frac{15\times8\times6\times1000}{4000\times9} \left(\because 1 \text{ मी.}^3 = 1000 \text{ ली.}\right)$

= 20 दिन

32. **Ans. (A)** :

यदि घन की प्रत्येक कोर की लम्बाई = a इकाई

∴ घन के कोरों की लम्बाइयों का योग = 12a इकाई

यदि वर्ग की प्रत्येक भुजा = b, तो वर्ग का परिमाप = 4b इकाई

प्रथम शर्तानुसार,

$12a = \frac{3}{5} \times 4b$

या $a = \frac{b}{5}$

अब दूसरी शर्त के अनुसार, $a^3 = b^2$

या $\left(\frac{b}{5}\right)^3 = b^2$


या $\frac{b^3}{125} = b^2$

या $\boxed{b = 125}$ अब वर्ग का परिमाप = $4b =$

$4 \times 125 = 500$ इकाई

33. **Ans : (D)**

माना वर्गाकार टंकी की भुजा = x मी



∴ वर्गाकार टंकी का क्षेत्रफल (जो गलीचे से ढका है)

$= x^2$

ऑइल क्लॉथ का क्षेत्रफल = $10 \times 10 - x^2$

$= 100 - x^2$

$\therefore 15x^2 + 6.50(100 - x^2) = 1338.50$

$15x^2 + 650 - 6.5x^2 = 1338.50$

$8.5x^2 = 688.50$

$x^2 = \frac{688.5}{8.5}$


$x^2 = 81$

$x = 9$

∴ आइलक्लाथ के बार्डर की चौड़ाई = $\frac{10-x}{2}$

$= \frac{10-9}{2} = \frac{1}{2}$ मीटर

34. **Ans: (A)**



वर्ग का क्षेत्रफल = $28^2 = 784$ cm^2

अतः चार त्रिज्यखण्डों का क्षेत्रफल = $4 \times \frac{\theta}{360}\pi r^2$

$4 \times \frac{90}{360} \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14$

$= 616$

वर्ग के मध्य का परिमाप = वर्ग का क्षे. – त्रिज्यखण्डों का क्षे.= 784 – 616 = 168 cm

35. **Ans. (D) :**

माना वर्ग की भुजा = a m

वर्ग का क्षे. (a^2) = 31684 m^2

a = 178 m

वर्ग की परिधि = 4a


$= 4 \times 178 = 712\text{m}$

प्रश्नानुसार –

1 तार की ल. $= 712 \times \frac{105}{100} = 747.60$

चारों तारो की कुल ल. $= 747.60 \times 4 = 2990.40\text{m}$

36. Ans (D):



$\text{EF} = \text{GH} = \text{IJ} = \text{KL} = \sqrt{\left(\frac{1}{2}\right)^2 + \left(\frac{1}{2}\right)^2}$

$= \frac{1}{\sqrt{2}}$

अष्टभुज का परिमाप = LE + EF + FG + GH + HI + IJ + JK + KL

$= 2 + \frac{1}{\sqrt{2}} + 2 + \frac{1}{\sqrt{2}} + 2 + \frac{1}{\sqrt{2}} + 2 + \frac{1}{\sqrt{2}}$

$= 8 + \frac{4}{\sqrt{2}}$


$= (8 + 2\sqrt{2})\text{cm}$

अष्टभुज का क्षे. = वर्ग का क्षे. – 4× काटे गये त्रिभुजाकार भाग का क्षे0

$= (3)^2 - 4 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2}$

$= 8.5\text{cm}^2$

37. Ans. (A)



प्रश्नानुसार,

वर्ग का क्षेत्रफल = वर्ग के विकर्ण का आधा


$a^2 = a\sqrt{2} \times \frac{1}{2}$

$a = \frac{1}{\sqrt{2}}$

वर्ग का विकर्ण $= a\sqrt{2}$

$= \frac{1}{\sqrt{2}} \times \sqrt{2} = 1$

38. Ans. (C)



वर्गाकार खेत का क्षेत्रफल = 110 ×110 = 12100 m


सड़क निकालने के बाद शेष क्षेत्रफल

= 105 × 105 = 11025 m^2

अत: सड़क का क्षेत्रफल = 12100 – 11025

= 1075 m^2

39. Ans. (D)



रास्ते का क्षेत्रफल = 30 ×2 + 22 × 2 – 2 × 2 = 100 वर्ग मी

1 वर्ग मी की कुल लागत = रु.15

100 वर्ग मी की कुल लागत = 15 ×100 = रु. 1500

40. Ans : (C)

माना घन की एक भुजा की लम्बाई = a इकाई

तथा वर्ग की भुजा की लम्बाई = b इकाई

∴ घन में भुजाओं/किनारों की संख्या = 12

प्रश्नानुसार,

$12a = (4b) \times 2$

$12a = 8b$

$a = \frac{2}{3}b$ इकाई

घन का आयतन = वर्ग का क्षेत्रफल

$a^3 = b^2$

$\left(\frac{2}{3} \times b\right)^3 = b^2$

$\therefore$ b $= \frac{27}{8}$ इकाई

तो वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा = $4 \times b = 4 \times \frac{27}{8} = 13.5$ इकाई

41. **Ans. (D)** :

प्रत्येक टाइल की लम्बाई = 3 cm

तथा चौड़ाई = 5 cm

अत: टाइल एक आयत है।

एक टाइल का क्षे. $= 3 \times 5\text{cm}^2 = 15\text{cm}^2$

$15\text{cm}^2 = \frac{15}{100 \times 100}\text{m}^2$

फर्श का क्षे. $= \frac{15}{100 \times 100} \times 2800\text{m}^2$

$= 4.2\text{m}^2$

रु. 25 प्रति वर्गमीटर की दर से फर्श को पॉलिश करने की लागत = 4.2 × 25 = रु. 105

42. **Ans : (B)**

आयताकार प्लाट की भुजाओं को निकटतम पूर्णांक लेने पर

लम्बाई = 35.5 मी, चौ. = 25.5 मी

प्लाट के परिमाप का अधिकतम मान

= 2(लम्बाई + चौड़ाई)

= 2(35.5 + 25.5)

= 2 × 61

= 122 मी

43. **Ans : (A)**

दिया है

आयत का क्षे. = 12.46 m^2

लम्बाई (l) = 3.5 m

चौड़ाई = $\frac{12.46}{3.5\text{m}} = 3.56\text{m}$

$\boxed{b = 3.56\text{m}}$

44. **Ans :(D)**

आयताकार भूमि की परिधि = 2 (ल. + चौ.)

आयताकार प्लाट की ल0 तथा चौ0 क्रमश: 28 m तथा 22 m

निकटतम है।

तब परिधि = 2(28 + 22)

$= 2 \times 50 = 100\text{ m}$

अर्थात् आयताकार प्लाट की निकटतम परिधि 98 m होगी। जो 100m की पूर्ववर्ती है।

45. **Ans : (B)**

दिया हैं –

आयताकार खेत की ल. और चौं. क्रमश: 4xm तथा 3xm है।

प्रश्नानुसार – $4x \times 3x = 1452$

$\Rightarrow 12x^2 = 1452$

$\Rightarrow x^2 = 121$

$\Rightarrow x = 11\text{m}$

अत: लम्बाई = 4x

$= 4 \times 11 = 44$ मीटर

चौड़ाई = $3x = 3 \times 11 = 33$ मीटर

आयताकार खेत का परिमाप = 2(ल . + चौ)

$= 2(44 + 33)$

$= 2 \times (77)$

= 154 मीटर

अत: आयताकार खेत की सीमा की बाउंड्री बनाने की लागत = 154×12

= रु. 1848

46. **Ans. (D)**

1 हेक्टेयर = 10000 वर्ग मी

आय = खेत का क्षे.×30 क्विंटल × 620 प्रतिक्विंटल

$= \frac{250 \times 380.5 \times 30 \times 620}{10,000}$

= रु. 176932.5

47. **Ans. (C)**

चारो ओर से 20 cm चौड़ी सीमा खोदकर बढ़ाया जाता है।

तो 20 + 20 = 40 cm

कुल बढ़ा हुआ भाग = (180 + 40) cm

= 220 cm


वर्ग का क्षे. = $(\text{भुजा})^2$

$= (220)^2$

$= 48400\text{cm}^2$

$= 4.84\text{m}^2$

48. **Ans : (A)**



चित्र से स्पष्ट है कि

2x = 3y

प्रश्नानुसार


$5xy = 6000$

$\frac{5x \times 2x}{3} = 6000$

$x^2 = 1800$

$= 30\sqrt{2}$

49. **Ans: (C)**



कालीन का क्षेत्रफल = 5 m × 1.2m = $6m^2$

बॉर्डर छोड़कर शेष कालीन का क्षेत्रफल = 4.40m × 0.60 m


बॉर्डर का क्षेत्रफल = 6 – 2.64 = 3.36

बॉर्डर की छपाई का खर्च = 3.36 × 225 = रु. 756

50. **Ans. (A)** :

माना छोटी भुजा = y मी

बड़े आयत का क्षेत्रफल = पाँचों सवाँगसम आयत का क्षे.



$2x \times (x + y) = 5xy$

$2x + 2y = 5y$

$2x = 3y$

$\therefore y = \frac{2}{3}x$

परन्तु

$5xy = 7500$

$5x \times \frac{2}{3}x = 7500$

$x^2 = 2250$

$x = 15\sqrt{10}$ मी

51. **Ans. (B)** :

आयत का क्षे. = लम्बाई × चौड़ाई

$2x^2 + 3x + 1 = (2x + 1) \times$ चौ.

$= (2x^2 + 3x + 1)$

$= (2x^2 + 2x + x + 1)$

$= 2x(x + 1) + 1(x + 1)$

$(2x + 1) \times$ चौ. $= (x + 1)(2x + 1)$

चौ. $= (x + 1)$

52. **Ans. (C)**

प्रश्नानुसार, हाल की लम्बाई = 20m

हाल की चौड़ाई = 18 m

हाल का क्षेत्रफल = 20 × 18

[150cm = 1.5m]

= $360\ m^2$

कालीन की चोड़ाई = 1.5 m

खर्च = रु. 12 प्रति मी

कालीन बिछाने का खर्च = $\frac{360}{1.50} \times 12$

= रु. 2880

53. **Ans : (D)**

माना घन के कोर की ल. = a इकाई

वर्ग की भुजा की ल. = b इकाई

प्रथमशर्तानुसार,

$12a = \frac{4b}{8} \Rightarrow b = 24a$ .....(i)

दितीय शर्तानुसार – $a^3 = b^2 \Rightarrow a^3 = 24 \times 24 \times a^2$

$\boxed{a = 576 \text{ इकाई}}$

अत: घन की कोर की ल0 = 576 इकाई

54. **Ans : (C)**

माना घन की भुजा = a इकाई

घन का आयतन = a^3 घन इकाई

भुजा को दोगुना करने पर = 2a

नया आयतन = $(2a)^3 = 8a^3$ घन इकाई

अत: उसका आयतन उसके वास्तविक आयतन से 8 गुना बढ़ जायेगा।

55. **Ans : (C)**

दिया है,

$r = \frac{80}{2} = 40\text{cm}, a = 80\text{cm}$

पेन्ट न की गई सतह का क्षेत्रफल = $6a^2 - \{6 \times (\pi r^2)\}$

$= 6 \times (80)^2 - \left\{6 \times \frac{22}{7} \times (40)^2\right\}$

$= 38400 - \{6 \times 5028.57\}$

$= 38400 - 30171.42$

$= 8228.58\text{cm}^2 \approx 8228.57\text{cm}^2$

56. **Ans : (C)**

माना बने नये घनों की संख्या n है।

$$n = \frac{\text{लंबकोणिक समान्तर षटफलक धातु का आयतन}}{\text{पिघला कर घन का आयतन}}$$

$$= \frac{3.6 \times 2.5 \times 1.8}{0.3 \times 0.3 \times 0.3}$$

$$= 12 \times 50$$

$$= 600$$

57. Ans : (B)

'a' भुजा वाले घन का आयतन $= a \times a \times a = a^3$

a/2 भुजा वाले घन का आयतन $= \left(\frac{a}{2}\right)^3 = a^3 \times \frac{1}{8}$

अत: घन की भुजाओं को आधा करने पर उसका आयतन 1/8 गुना कम हो जाएगा।

58. Ans. (B)

माना घन का किनारा = a cm

प्रश्नानुसार,

$(a + 1)^3 - a^3 = 169$

$a^3 + 1 + 3a(a + 1) - a^3 = 169$

$3a^2 + 3a - 168 = 0$

$a^2 + a - 56 = 0$

$a^2 + 8a - 7a - 56 = 0$

$a(a + 8) - 7(a + 8) = 0$

$(a + 8)(a - 7) = 0$

$\therefore a = 7$ सेमी $a = -8$(अमान्य)

59. Ans. (B)

माना कमरे की ल. = 3x

चौड़ाई = 3 x

ऊँचाई = 4 x

कमरे का क्षे. = 2(ल. + चौ.) ×ऊ

$= 2(3x + 3x) \times 4x$

$= 48x^2$

जब लम्बाई को दो गुनी, चौड़ाई दो – तिहाई तथा ऊँचाई आधी की जाती है तो प्राप्त नया क्षे.

$= 2\left(3x \times 2 + 3x \times \frac{2}{3}\right) \times \frac{4x}{2}$


$= 2(6x + 2x) \times 2x$

$= 16x \times 2x = 32x^2$

कमी $= 48x^2 - 32x^2 = 16x^2$

% कमी $= \frac{16x^2}{48x^2} \times 100 = \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$

60. Ans (D):



काटे गये वर्ग की भुजा $= \sqrt{.25}\text{cm}^2$

= 0.5 cm

अतः

घनाभ की ऊँचाई = 0.5

घनाभ की लम्बाई = 6 cm

घनाभ की चौड़ाई = 6 cm

घनाभ का आयतन = ल. × चौ × ऊँ = lbh

= 0.5 ×6× 6

= 18 cm^3

61. Ans (D):

माना भुजाएं 2x सेमी 3x सेमी तथा 5x सेमी हैं तब–

घनाभ का सम्पूर्ण पृष्ठ या कुल सतह का क्षेत्रफल = 2(lb + bh + hl)

$2(lb + bh + hl) = 6200$

$2(6x^2 + 15x^2 + 10x^2) = 6200$

$31x^2 = 3100$

$x^2 = 100 \Rightarrow \boxed{x = 10\text{cm}}$

अत: घनाभ की भुजाएं या आयाम –


2x = 2 × 10 = 20 cm

3x = 3 × 10 = 30 cm

5x = 5 × 10 = 50 cm

62. Ans : (D)

घन का क्षेत्रफल = 343 cm^3 तो घन की भुजा = 7 cm



घनाभ का क्षेत्रफल = 2(1b + b h + hl)

प्रश्नानुसार –

1 = 7 + 7 = 14, b = 7, h = 7

∴ घनाभ का क्षेत्रफल

$= 2(14 \times 7 + 7 \times 7 + 7 \times 14)$

= 490 वर्ग सेमी

63. Ans : (B)

पानी की टंकी का आयतन = $= l \times b \times h$

$= 5 \times 3 \times 1 = 15\text{m}^3$

= 15 × 1000L (1 घन मी = 1000 L)

= 15000L


64. Ans:(D)

घनाभ के पहले फलक का क्षेत्रफल (lb) = ल.× चौ.

= 25 मी^2

घनाभ के दूसरे फल का क्षेत्रफल (bh)
= चौ. ×ऊँ = 32 मी^{2}
घनाभ के तीसरे फल का क्षेत्रफल (hl)
= ऊँ × ल. = 32 मी^{2}
अब
घनाभ का आयतन = $\sqrt{lb \times bh \times lh}$
$= \sqrt{25 \times 32 \times 32}$
$= \sqrt{5 \times 5 \times 16 \times 2 \times 16 \times 2}$
$= 5 \times 4 \times 4 \times 2 = 160$
अतः घनाभ का आयतन = 160 मी^{3}

65. **Ans (D):**



कटे वर्ग की भुजा = $\sqrt{.25} = .5$cm
∴ खुले शीर्ष वाले घनाभ का आयतन
$= 8 \times 8 \times 0.5 = 32\text{cm}^3$

66. **Ans: (A)**
माना घन की भुजा a cm
घन का आयतन = (भुजा)^3
$216 = a^3$
$a = \sqrt[3]{216}$
$a = 6cm$
दोनों घनों को आपस में जोड़ने पर –
$l = 12, \text{b} = 6, \text{h} = 6$
घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल = 2(l b + b h + h l)
$= 2(12 \times 6 + 6 \times 6 + 6 \times 12)$
$= 2(72 + 36 + 72)$
$= 2(180) = 360\text{cm}^2$

67. **Ans : (C)**
डिब्बे का अर्द्धव्यास (r) = 5 सेमी
डिब्बे में पानी का स्तर 10 सेमी से बढ़कर 17 सेमी हो जाता है।
तो ऊँचाई = 17 – 10 = 7 सेमी
इस प्रकार डिब्बा बेलन के रूप में होगा।
अतः: बेलन का आयतन = $\pi r^2 h$
$= \frac{22}{7} \times (5)^2 \times 7 = 22 \times 25 = 550$ सेमी

68. **Ans: (A)**
गोले का व्यास = 42 सेमी
त्रिज्या = $\frac{42}{2} = 21\text{cm} = 21 \times 10^{-2}$मी
तार (बेलन) का व्यास = 7mm
त्रिज्या (r) = $\frac{7}{2}\text{mm} = \frac{7}{2} \times 10^{-3}$
गोले का आयतन = बेलन (तार) का आयतन
$\frac{4}{3}\pi\text{R}^3 = \pi\text{r}^2\text{h}$
$\frac{4}{3} \times (21 \times 10^{-2})^3 = \left(\frac{7}{2} \times 10^{-3}\right)^2 \times \text{h}$
$\frac{4}{3} \times 21 \times 21 \times 21 \times 10^{-6} = \frac{7}{2} \times \frac{7}{2} \times 10^{-6} \times \text{h}$
$\text{h} = \frac{4}{3} \times \frac{21 \times 21 \times 21 \times 4}{7 \times 7}$
$\text{h} = 16 \times 3 \times 21$
$\text{h} = 1008$ मी
अत: तार की लम्बाई (h) = 1008 मी

69. **Ans : (A)**
ठोस आकृति का पृष्ठीय क्षेत्रफल = सिलेंडर का सम्पूर्ण पृष्ठ का क्षे. + वृत्त का क्षे. (दोनों सिरों पर)
$= 2\pi r(h + r) + 2\pi r^2$
$= 2\pi r[(h + r) + r]$
$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{7}{2}\left[\left(10 + \frac{7}{2}\right) + \frac{7}{2}\right]$
$= 22\left[\frac{27}{2} + \frac{7}{2}\right]$
$= 11 \times 34$
$= 374$ सेमी

70. **Ans : (C)**
दिया है –
∴ खोखले गोले का बाह्य तथा आन्तरिक व्यास क्रमश: 12 सेमी तथा 8 सेमी
∴ खोखले गोले की बाह्य त्रिज्या (R) = 6 सेमी
तथा आन्तरिक त्रिज्या (r_1) = 4 सेमी
बेलन का व्यास (2r) = 16 सेमी
$\text{r}_2 = \frac{16}{2} = 8$ सेमी
प्रश्नानुसार
खोखले गोले का आयतन = बेलन का आयतन
$\frac{4}{3}\pi\left(\text{R}^3 - \text{r}_1^3\right) = \pi\text{r}_2^2\text{h}$
$\frac{4}{3}\pi\left[(6)^3 - (4)^3\right] = \pi(8)^2 \times \text{h}$
$\frac{4}{3}\pi[216 - 64] = 64\pi\text{h}$
$\frac{1}{3}[152] = 16\text{h}$
$\Rightarrow 50.667 = 16\text{h} \Rightarrow \text{h} = 3.17$ सेमी

71. **Ans. (A)** :
बेलनाकार टेंक की धारिता = 20790m^3

$\pi r^2 h = 20790$

$\frac{22}{7} \times (10.5)^2 \times h = 20790$

$\frac{22}{7} \times 10.5 \times 10.5 \times h = 20790$

$\frac{22}{7} \times \frac{105}{10} \times \frac{105}{10} \times h = 20790$

$\frac{22 \times 21 \times 21}{7 \times 2 \times 2} \times h = 20790$

$\frac{11 \times 63}{2} \times h = 20790$

$h = \frac{20790 \times 2}{11 \times 63}$

$h = 60\text{m}$

अत: गहराई = 60 m

72. **Ans. (C)** :

माना बेलन की त्रिज्या = r

तब गोले की त्रिज्या (r_2) = 3r

बेलन की ऊँचाई (h) = 9 r

प्रश्नानुसार,

गोले का आयतन = बेलन का पृष्ठीय क्षेत्रफल

$\frac{4}{3}\pi(r_2)^3 = 2\pi r(h + r)$

$\Rightarrow \frac{4}{3}\pi(3r)^3 = 2\pi r(9r + r)$

$\Rightarrow \frac{4}{3}\pi 27r^3 = 20\pi r^2$

$r = \frac{5}{9}$ इकाई

$h = 9r = 9 \times \frac{5}{9}$

$h = 5$

अत: बेलन की ऊँचाई = 5 इकाई

73. **Ans : (A)**

जब आयताकार एल्युमीनियम शीट को बेलनाकार रूप में मोड़ा जाता है तो चौड़ाई, बेलन की ऊँचाई के रूप में बदल जाएगी तथा लम्बाई आधार की परिधि बन जाएगी।

∴ बेलन की ऊँचाई (h) = 10 m

तथा बेलन के आधार की परिधि = $2\pi r = 22$

$\Rightarrow 2 \times \frac{22}{7} \times r = 22$

$r = \frac{7}{2}\text{m}$

∴ बेलन का आयतन (V) = $\pi r^2 h$

$\therefore V = \frac{22}{7} \times \frac{7}{2} \times \frac{7}{2} \times 10$

$V = 11 \times 7 \times 5 = 385\text{m}^3$

74. **Ans : (D)**

प्रश्नानुसार, लम्बवृत्तीय शंकु की ऊँचाई 24 cm तथा तिरछी ऊँचाई 25 cm से,

सूत – $l^2 = h^2 + r^2$

$\begin{cases} h = 24\text{cm} \\ l = 25\text{cm} \end{cases}$

$(25)^2 = (24)^2 + r^2$

$625 = 576 + r^2$

$49 = r^2$

$\boxed{\therefore r = 7\text{cm}}$

शंकु का वक्र प्रष्ठीय क्षेत्रफल = πrl

$= \frac{22}{7} \times 7 \times 25$


$= 22 \times 25$

$= 550\text{cm}^2$

75. **Ans (D):**

दिया है – तम्बू का व्यास **(D)** = 16 मी.

चौड़ाई = 4 मी



∴ त्रिज्या (OR = OQ) = 8 मी $\left(\because r = \frac{d}{2}\right)$

शंकु की तिरछी ऊँचाई (l) = 5.6 मी

शंकु का वक्रपृष्ठ = πrl

$= \frac{22}{7} \times 8 \times 5.6 = 0.8 \times 8 \times 22 = 140.8$ मी

अत: तम्बू निर्माण के लिए आवश्यक कपड़े की मात्रा

$= \frac{\text{शंकु का वक्रपृष्ठ}}{\text{चोड़ाई}}$

$= \frac{140.8}{4} = 35.2$ मी

76. **Ans: (C)**

शंकु के वक्रपृष्ठ का क्षेत्रफल = πrl

X शंकु का वक्रपृष्ठ = Y शंकु का वक्रपृष्ठ ×5

$\pi r_1 l_1 = \pi r_2 l_2 \times 5$

$r_1 l_1 = r_2 l_2 \times 5 \ldots\ldots\ldots (1)$

5×शंकु की तिर्यक ऊंचाई = शंकु y की तिर्यक ऊँचाई

$\boxed{5l_1 = l_2}$

l_2 का मान समीकरण(1) में रखने पर,

$r_1 l_1 = r_2 \times 5l_1 \times 5$

$\frac{r_1}{r_2} = \frac{25}{1}$

शंकु X तथा शंकु Y के आधार के क्षेत्रफल का अनुपात =

$\frac{\pi r_1^2}{\pi r_2^2} = \frac{(25)^2}{(1)^2} = 625:1$

77. **Ans.** (A)

प्रश्नानुसार,

तिरछी ऊँचाई (l) = 15 cm

शंकु का व्यास = 28cm

$2r = 28cm$

$r = 14cm$

$h = \sqrt{\ell^2 - r^2}$

$h = \sqrt{(15)^2 - (14)^2}$

$h = \sqrt{225 - 196}$

$h = \sqrt{29}$

तो शंकु का आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 14 \times 14 \times \sqrt{29}$

$= \frac{22 \times 2 \times 7 \times 14 \times \sqrt{29}}{3 \times 7}$

$= \frac{44 \times 14}{3}\sqrt{29}$

$= \frac{616}{3}\sqrt{29}\text{cm}^3$

78. **Ans : (D)**

ठोस गोले का व्यास = 36 cm

ठोस गोले की त्रिज्या (R) = 18 cm

शंकु का व्यास = 12 cm

शंकु की त्रिज्या (r) = 6 cm

शंकु की ऊँचाई (h) = 12 cm

माना ठोस गोले को पिघलाकर बनाये गये शंकुओ की संख्या n है तो

$\text{n} = \frac{\text{ठोस पिघला हुआ गोले का आयतन}}{\text{शंकु का आयतन}}$


$\text{n} = \frac{\frac{4}{3}\pi \text{R}^3}{\frac{1}{3}\pi \text{r}^2 \text{h}}$

$\text{n} = \frac{4 \times 18 \times 18 \times 18}{6 \times 6 \times 12}$

n = 54 शंकु

अत: पिघले धातु के शंकुओं की संख्या = 54 शंकु

79. **Ans. (C)**



टेंट का वक्रपृष्ठ = $2\pi\text{rh} + \pi rl$

$= \pi r(2h + l)$

$= \frac{22}{7} \times 63(2 \times 24 + 80)$

$= 198(48 + 80)$

$= 198(128)$

$= 25344\text{m}^2$

कैनवस का क्षे. = (ल. × चौ.) = 25344

ल. × 8 = 25344

∴ ल. = $\frac{25344}{8}$

आवश्यक कैनवस की लं. = 3168 m

80. **Ans. (B)** :

शंकु का आयतन = $\frac{1}{3}\pi r^2 h$

त्रिज्या = 5 cm

ऊँचाई = 12 cm

आकृति का आयतन = 2 × लम्बवृत्तीय शंकु का आयतन

आकृति का आयतन = $\frac{1}{3} \times 3.14 \times 5 \times 5 \times 12 \times 2$

$= \frac{1884}{3} = 628\text{cm}^3$

81. **Ans : (A)**

सिलेंडर का आयतन = $\pi r^2 h$

$= \pi\left(\frac{1.5}{2}\right)^2 \times 1$

$= \frac{2.25\pi}{4}$ घन मीटर

सिलेंडर का आयतन = पिघले गोले का आयतन

$\frac{2.25\pi}{4} = \frac{4}{3}\pi R^3$

$R^3 = \frac{2.25 \times 3}{16}$

$= \frac{3 \times 3 \times 3 \times 0.5 \times 0.5}{2 \times 2 \times 2 \times 2}$

$= \frac{3^3}{2^3 \times 2^3}$

$R = \frac{3}{4}$ मीटर

अत: गोले का व्यास = 2R

$= 2 \times \frac{3}{4}$

$= \frac{3}{2}$ मीटर

$= 1.5$ मीटर

82. **Ans :(B)**

6 cm त्रिज्या वाले स्टील के गोले का आयतन

$= \frac{4}{3}\pi r^3 = \frac{4}{3} \times \pi \times (6)^3$

$= \frac{4}{3} \times \pi \times 216$

1cm त्रिज्या वाले स्टील के गोले का आयतन

$= \frac{4}{3} \times \pi r^3$

$= \frac{4}{3}\pi \times (1)^3$


$= \frac{4}{3}\pi \times 1$

अभीष्ट गेंदो की संख्या $= \frac{\text{बड़े गोले का आयतन}}{\text{छोटे गोले का आयतन}}$

$= \frac{\frac{4}{3}\pi \times 216}{\frac{4}{3}\pi \times 1} = 216$

= 216 (गेंदे बनायी जा सकती है)

83. **Ans: (A)**



आयत का विकर्ण $= \sqrt{(16)^2 + (12)^2} \Rightarrow \sqrt{400}$

$= 20\text{cm}$

हम शीर्ष E से पिरामिड के तल पर लम्ब डालते हैं जो बिन्दु F पर मिलता है तथा हम DF को समकोण Δa का आधार मानेंगे तथा पिरामिड की ऊँचाई h तथा कर्ण 26 cm है।

ऊँचाई (h) $= \sqrt{(26)^2 - (10)^2} = \sqrt{576}$

$= 24\text{cm}$

पिरामिड का आयतन $= \frac{1}{3} \times$ आयत का क्षे. × ऊँचाई

$= \frac{1}{3} \times 16 \times 12 \times 24$

$= 1536\text{cm}^3$

84. **Ans : (B)**

माना प्रिज्मों के आधार क्रमश: 8 x, 15 x तथा 17 x हैं

पार्श्वपृष्ठ के क्षेत्रफलों का योग = 840

पार्श्वपृष्ठ = आधार (सम त्रिभुजाकार) का परिमाप x ऊँ.

$840 = (8x + 15x + 17x) \times 21$

$840 = 40x \times 21$

$x = \frac{840}{40 \times 21} = 1$

तो सम त्रिभुजाकार भुजायें 8 cm, 15 cm, 17 cm हैं।

त्रिभुज (प्रिज्म का आधार) समकोण है

$\therefore (17)^2 = (8)^2 + (15)^2$

$289 = 289$

प्रिज्म का आयतन = आधार का क्षे. × ऊँचाई

$= \frac{1}{2} \times 8 \times 15 \times 21 = 60 \times 21 = 1260\text{cm}^3$

85. **Ans: (A)**

माना जार में पानी h स्तर की ऊँचाई तक उठेगा।

गोलाकार बेलन का अर्द्धव्यास (त्रिज्या) = 14 c.m.

गोलाकार गेंद का अर्द्रव्यास = 5.6 c.m

गोलाकार बेलन का आयतन = गोलाकार गेंद का आयतन

$\pi r_1^2 h = \frac{4}{3}\pi r_2^3$

$r_1^2 h = \frac{4}{3} r_2^3$

$14 \times 14 \times h = \frac{4}{3} \times 5.6 \times 5.6 \times 5.6$

$h = \frac{4}{3} \times \frac{5.6 \times 5.6 \times 5.6}{14 \times 14}$

$h = 1.194 \approx 1.2\text{cm}$

86. **Ans : (D)**

ईंट की संख्या $= \frac{\text{हॉल के फर्श का क्षेत्रफल}}{\text{ईंट का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{16 \times 100 \times 10 \times 100}{20 \times 10}$

$= 8000$

87. **Ans : (B)**

दिया है

वृत्त का परिमाप = वर्ग का परिमाप

$2\pi r = 4a$

$a = \frac{\pi r}{2}$

क्षेत्रफल का अनुपात $= \frac{\pi r^2}{a^2} = \frac{\pi r^2}{\frac{\pi^2 r^2}{4}} = \frac{4\times7}{22} = \frac{14}{11}$

88. **Ans : (D)**

ईंटों की संख्या

$= \frac{16.8 \times 100 \times 2.5 \times 100 \times 12}{20 \times 12 \times 8}$

$= \frac{1680 \times 250 \times 12}{20 \times 12 \times 8} = \frac{210 \times 250}{20}$

$= \frac{52500}{20} = 2625$

89. **Ans. (B)**

लोहे के घनो की संख्या

$= \frac{1.8 \times 100 \times 1.5 \times 100 \times 1.2 \times 100}{6 \times 6 \times 6}$

$= \frac{180 \times 150 \times 120}{6 \times 6 \times 6} = 15000$

90. **Ans. (B)** :

माना शंकु की त्रिज्या R तथा ऊँचाई H है।

दिया हैं –

$R = \frac{H}{3}$ .....(i)

माना अर्द्र गोले की त्रिज्या r हैं।

प्रश्नानुसार –

शंकु का आयतन = अर्द्र गोले का आयतन

$\frac{1}{3}\pi R^2 H = \frac{2}{3}r^3\pi$

समी

(i) से $R = \frac{H}{3}$


$\frac{1}{3} \times 3R^3 = \frac{2}{3}r^3$

$\frac{R^3}{r^3} = \frac{2}{3}$

$\left(\frac{R}{r}\right)^3 = \frac{2}{3}$

$\frac{R}{r} = \sqrt[3]{\frac{2}{3}}$

91. **Ans (D):**



रॉकेट का आयतन = शंकु का आयतन + बेलन का आयतन अर्द्धवृत्त का आयतन

$= \frac{1}{3}\pi r^2 h + \pi r^2 H - \frac{2}{3}\pi r^3$

$= \frac{1}{3}\pi r^2 (h + 3H - 2r)$

$= \frac{1}{3}\pi \times 3 \times 3(3 + 3 \times 10 - 2 \times 3)$

$= 3\pi(33 - 6)$

$= 3\pi \times 27 = 81\pi$ घन मीटर

92. Ans:(D)

एक ही परिधि वाले = समान परिमाप

माना सम षटभुज की भुजा x और वर्ग की भुजा y तब

इनका परिमाप 6x = 4y

$\frac{x}{y} = \frac{4}{6}$

$\frac{x}{y} = \frac{2}{3}$

वर्ग के क्षेत्रफल का अनुपात $= \frac{\frac{3\sqrt{3}}{2}\times(x)^2}{(y)^2}$

$= \frac{\frac{3\sqrt{3}}{2} \times (2)^2}{(3)^2} = \frac{6\sqrt{3}}{9} = \frac{2\sqrt{3}}{3}$

$= \frac{2\sqrt{3}}{\sqrt{3} \times \sqrt{3}} = \frac{2}{\sqrt{3}}$

अभीष्ट अनुपात = $2:\sqrt{3}$ या $\sqrt{3}:2$

93. **Ans : (B)**

माना गोले की त्रिज्या r है।

गोले का क्षे. = $4\pi r^2$ .....(i)

गोले को रखने के लिए बने डिब्बे का क्षे. = डिब्बे का वक्रपृष्ठ


$2\pi rh = 2\pi r \times 2r$

$= 4\pi r^2$ .....(ii)

समी(i) और (ii) से

$\frac{\text{गोले का क्षे.}}{\text{डिब्बे का क्षे.}} = \frac{4\pi r^2}{4\pi r^2} = 1$

94. **Ans. (B)**



तंबू का कुल क्षेत्रफल

= सिलेण्डर का पृष्ठीय क्षे. + शंकु का पृष्ठ क्षे.

$= 2\pi rh + \pi r\ell$

$= \frac{22}{7} \times 56(2 \times 12 + 60)$

$= 22 \times 8 \times 84 = 14784$ मी

माना कैनवास की लंबाई = । मी

अत: कैनवास का क्षे. = तंबू का क्षे.

$4 \times \ell = 14784$

$\ell = 3696$ मी

95. **Ans (D):**

घन की भुजा = 10 cm (गोले का व्यास)

गोले की त्रिज्या = 5 cm

प्रश्नानुसार,

डिब्बे में खाली स्थान = घन का आयतन – गोले का आयतन

$= 10 \times 10 \times 10 - \frac{4}{3}\pi \times 5^3$

$= 1000 - 523.80$

$= 476.19\text{cm}^3$

डिब्बे में खाली स्थान का प्रतिशत

$= \frac{476.19 \times 100}{1000} = 47.619 \cong 47.62\%$

96. **Ans:(A)**

किसी पाइप द्वारा निकाले गये पानी का आयतन

= अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल × पानी का वेग

$= 10.4\text{cm}^2 \times 54\text{km/h} \times 5\text{min} \times \frac{60}{100}$

$= 10.4 \times 10^{-4}\text{m}^2 \times 54 \times \frac{5}{18}\text{m/sec}$

$\times 5 \times 60\text{sec} \times \frac{60}{100}$

$= 10.4 \times 10^{-4}\text{m}^2 \times 15 \times 5 \times 36$

$= 28080 \times 10^{-4}\text{m}^3$


$= 28080 \times 10^{-4} \times 1000$ लीटर

$\therefore 1\text{m}^3 = 1000$ लीटर

$= 28080 \times 10^{-4} \times 10^3$ लीटर

$= 2808$ लीटर

97. **Ans: (B)**



समबाहु त्रिभुज की ऊँचाई = वर्ग का विकर्ण $\times \frac{1}{3}$

$\frac{\sqrt{3}}{2}a = \sqrt{2}b \times \frac{1}{3} \Rightarrow \frac{a}{b} = \frac{2\sqrt{2}}{3\sqrt{3}}$

$\Rightarrow \frac{\text{समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल}}{\text{वर्ग का क्षेत्रफल}}$

$= \frac{\frac{\sqrt{3}}{4}a^2}{b^2} = \frac{\frac{\sqrt{3}}{4} \times 2\sqrt{2} \times 2\sqrt{2}}{3\sqrt{3} \times 3\sqrt{3}}$

$= 2 : 9\sqrt{3}$

98. **Ans. (A)** :

दोनों वर्गों के क्षेत्रफलों का अनुपात = 1 : 3


भुजाओं का अनुपात = $1 : \sqrt{3}$

वर्ग का परिमाप = 4a

दोनों वर्गों के परिमापों का अनुपात

$= 4 \times 1 : 4 \times \sqrt{3} = 1 : \sqrt{3}$

99. **Ans. (A)**:



माना वर्ग ABCD में,

AP = AQ = CS = CR = am

PB = BS = DQ = DR = b m

प्रश्नानुसार,

कटे भाग का कुल क्षे. = 288m^2

$\frac{1}{2} \times a \times a + \frac{1}{2} \times a \times a + \frac{1}{2} \times b \times b$

$+\frac{1}{2}\times b\times b = a^2 + b^2 = 288$

अत: आयत PQRS में

विकर्ण (PR)

$= \sqrt{PQ^2 + RQ^2} = \sqrt{2\times a^2 + 2\times b^2}$

$= \sqrt{2(a^2 + b^2)} = \sqrt{2\times 288} = \sqrt{576} = 24\text{m}$

100. **Ans.** (B) :

दीवार की लं. = 4.84m = 484cm

दीवार की ऊँ. = 3.1m = 310cm

टाइलों की संख्या = $\frac{484\times310}{22\times10} = 682$

एक टाइल का मूल्य = रु. 1.50

टाइलों का कुल मूल्य = 682 × 1.50

= रु. 1023

101. **Ans. (A)**

आयताकार शीट का क्षे. = ल. × चौ.

= 2.2 × 100 × 2.1 × 100

= 220 × 210

= 46200 वर्ग सेमी

प्रश्नानुसार कन्टेनर का व्यास उसकी ऊँचाई के समान है

अत: ऊँचाई = 14 सेमी तथा व्यास 14 सेमी है तो

त्रिज्या = 7 सेमी

कन्टेनर का क्षे. = कन्टेनर का पृष्ठीय क्षे. + आधार का क्षे.

$2\pi rh + \pi r^2 = 2\times\frac{22}{7}\times7\times14 + \frac{22}{7}\times7\times7$

$= 616 + 154 = 770$ वर्ग सेमी

तो दिए हुए सीट से बनने वाले कन्टेनरों की संख्या = $\frac{46200}{770} = 60$

अत: रु.50 प्रति कन्टेनर के हिसाब से 60 कन्टेनर का निर्माण लागत

= 60 × 50 = रु. 3000

102. **Ans. (B)**

समषट्भुज का परिमाप = 72cm

$6a = 72\text{cm}$

$a = 12\text{cm}$

समषटभुज का क्षेत्रफल = $6\times\frac{\sqrt{3}}{4}a^2$


$= 6\times\frac{\sqrt{3}}{4}\times(12)^2$

$= 6\times\frac{\sqrt{3}}{4}\times144$

$= 6\times36\sqrt{3}$

$= 216\sqrt{3}\text{cm}^2$

103. **Ans: (C)**



AB = BC = CD = AD = 35 m

वर्ग की भुजा = 35m

त्रिज्यखण्ड की त्रिज्या = $\frac{35}{2}$

अत: 4 × त्रिज्यखण्डों की क्षेत्रफल

$= 4\times\frac{\pi r^2\theta}{360^0}(\because \theta = 90^0)$

चारों त्रिज्यखण्ड का क्षेत्रफल = $4\times\frac{22}{7}\times\left(\frac{35}{2}\right)^2\times\frac{90^0}{360^0}$

$= 4\times\frac{22}{7}\times\frac{35}{2}\times\frac{35}{2}\times\frac{1}{4}$

$= \frac{55\times35}{2}$

$= 55\times17.5$

$= 962.5\text{m}^2$

वर्ग का क्षेत्रफल = भुजाँ


$= (35)^2$

$= 1225\text{m}^2$

गायों के चरने से बचा भाग = वर्ग का क्षेत्रफल – चारों त्रिज्यखण्डों का क्षेत्रफल = 1225.0 – 962.5

= 262.5 m^2

104. **Ans: (C)**



पाइथागोरस प्रमेय से,

कर्ण^2 = लम्ब^2 + आधार^2

$(x + 8)^2 = (x + 4)^2 + x^2$

$x^2 + 64 + 16x = x^2 + 16 + 8x + x^2$

$x^2 - 8x - 48 = 0$

$x^2 - 12x + 4x - 48 = 0$

$x(x - 12) + 4(x - 12) = 0$

$(x - 12)(x + 4) = 0$


अत: x = 12, x = – 4 (सम्भव नहीं है)

∴ कर्ण = 12 + 8 = 20 सेमी

105. **Ans:(B)**

माना कि एक समबाहु त्रिभुज ABC है।

जिसका शीर्ष लम्ब AD = 15 cm



∴ समबाहु त्रिभुज की ऊँचाई (h) = $\frac{\sqrt{3}}{2}$a

[जहां AD = h = 15 cm]

$15 = \frac{\sqrt{3}}{2}a$

$a = \frac{30}{\sqrt{3}}$

∴ त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}a^2$ $\left[\text{जहाँ } a = \frac{30}{\sqrt{3}}, a^2 = 300\right]$

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 300 = 75\sqrt{3}\text{cm}^2$

106. **Ans : (A)**

माना समरूप Δ की ऊँचाईयाँ क्रमश: h_1 और h_2 है,

सूत्र – $\frac{(\text{भुजा})_1}{(\text{भुजा})_2} = \frac{h_1}{h_2}$

$\frac{2}{3} = \frac{h_1}{h_2}$


$h_1 : h_2 = 2:3$

107. **Ans :(A)**

माना समकोण Δ की सबसे छोटी भुजा = x मी

समकोण Δ ABC में पाइथागोरस प्रमेय से –

$AC^2 = AB^2 + BC^2$



$\Rightarrow (2x-2)^2 = (x+2)^2 + x^2$

$\Rightarrow 4x^2 + 4 - 8x = x^2 + 4 + 4x + x^2$

$\Rightarrow 2x^2 - 12x = 4 - 4$

$\Rightarrow 2x(x-6) = 0$

यदि $x - 6 = 0 \Rightarrow x = 6$

अतः कर्ण की ल0 $= = 2x - 2 = 2 \times 6 - 2 =$ 10 मी

108. **Ans : (A)**

आयत का परिमाप = 2 (ल. + चौ.) = 2(5 + 4) = 18 सेमी

तथा समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 3 × भुजा = 3a सेमी

प्रश्नानुसार, आयत का परिमाप = समबाहु त्रिभुज का परिमाप

18 = 3 × भुजा = 3a

∴ a = 6

अत: समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 6 \times 6 = 9\sqrt{3}$ सेमी ^{2}

109. **Ans :(A)**

माना आयत की लम्बाई = 4 cm और चौड़ाई = 2 cm

आयत का परिमाप = 2(4 + 2) = 12 cm

∴ समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 3 × भुजा

∴ समबाहु त्रिभुज का परिमाप = आयत का परिमाप

∴ समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 12cm


∴ समबाहु त्रिभुज की भुजा = 4cm

समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{\sqrt{3}}{4}$(भुजा)^2

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times (4)^2 = \frac{\sqrt{3}}{4} \times 16 = 4\sqrt{3}\text{cm}^2$

110. **Ans: (A)**

∴ b = 2 h




समान्तर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = b×h

392 = 2h × h

196 = h^2

h = 14 मीटर

111. **Ans. (D)**



△ ABC से

$AC = \sqrt{16^2 + 12^2}$

$= \sqrt{256 + 144}$

$= \sqrt{400} = 20\text{cm}$

ADC में

$ED = \sqrt{\left(\frac{25}{2}\right)^2 - 10^2}$

$= \sqrt{\frac{625 - 400}{4}}$


$= \sqrt{\frac{225}{4}} = \frac{15}{2}$

ABCD का क्षे. = ΔABC का क्षे. + ΔACD का क्षे.

$= \frac{1}{2}\left(16 \times 12 + \frac{15}{2} \times 20\right)$

$= 16 \times 6 + 15 \times 5 = 96 + 75 = 171\text{cm}^2$

112. Ans (D):



समचतुर्भुज ABCD की भुजा = 16 cm

तथा एक विकर्ण BD = 16cm = d_1

△ AOB में –

$AO = \sqrt{(AB)^2 - (BO)^2}$

$= \sqrt{(16)^2 - (8)^2}$

$= \sqrt{256 - 64}$

$AO = \sqrt{192}$

$AO = 8\sqrt{3}\text{cm}$

दूसरा विकर्ण $(d_2) = 8\sqrt{3} + 8\sqrt{3} = 16\sqrt{3}\text{cm}$

सम चतुर्भुज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2}(d_1 \times d_2)$

$= \frac{1}{2}(16 \times 16\sqrt{3})$

$= 128\sqrt{3}\text{cm}^2$

113. Ans : (C)

∴ वृत्त का क्षेत्रफल = 616 वर्ग मी

$\pi r^2 = 616$

$r^2 = \frac{616 \times 7}{22}, r^2 = 196$

$r = 14$ मी

व्यास 2×14

व्यास 28 मी

114. Ans :(C)

व्यास = 28 सेमी


त्रिज्या = $\frac{\text{व्यास}}{2} = \frac{28}{2} = 14$ सेमी

अर्धवृत्त की परिधि $= \pi r + 2r = r(2 + \pi)$

$= 14\left(2 + \frac{22}{7}\right) = 14 \times \frac{36}{7} = 72$ सेमी

115. Ans : (D)

दी गई त्रिभुज की भुजाएँ एक समकोण Δ का निर्माण करती है। तब



त्रिभुज का क्षेत्रफल (Δ) $= \frac{1}{2} \times 24 \times 7$

$= 84\text{cm}^2$

अर्द्ध परिमाप (s) $= \frac{1}{2}[24 + 25 + 7]$


$= 28$

अत: अन्त:वृत्त की त्रिज्या (r) $= \frac{\Delta}{s} = \frac{84}{28} = 3\text{cm}$

116. Ans : (D)

माना घन के किनारे की लम्बाई = y इकाई

माना वर्ग की भूजा की लम्बाई = x इकाई



तब प्रथम शर्त,

घन के किनारे की लम्बाई का योग = 4 (वर्ग के परिमाप)

12 y = 4(4 x) $\quad 7\left[\because \begin{matrix}\text{घन के किनारे} = 12y \\ \text{वर्ग का परिमाप} = 4x\end{matrix}\right]$

$12y = 16x$

$3y = 4x$

$\boxed{y = \frac{4}{3}x}$ .....(1)

दूसरी शर्त –

$\frac{\text{घन के आयतन का संख्यात्मक मान}}{4}$ = वर्ग का क्षे.

$\frac{y^3}{4} = x^2$

$y^3 = 4x^2$.....(2)

समीकरण (1) से y के मान को समी. (2) में रखने पर,

$\left(\frac{4}{3}x\right)^3 = 4x^2$


$\frac{64}{27}x^3 = 4x^2$

$\frac{16}{27}x = 1$

$\boxed{x = \frac{27}{16}}$

अत: वर्ग की भुजा = 27/16 इकाई

117. Ans. (D)



4a = 32 m 4b = 24

ABCD वर्ग का

a = 8 m b = 6 m

क्षेत्रफल = 64 + 36

$a^2 = 64$ $b^2 = 36$

AB×AB = 100 m^2

$AB = \sqrt{100}$


AB = 10 m

{∴AB = AC}

विकर्ण की लम्बाई (AC) = $\sqrt{2}$a

$= \sqrt{2} \times 10 = 10\sqrt{2}$m

118. Ans : (A)



$(\text{विकर्ण})^2 = (\text{ल.})^2 + (\text{चौ.})^2$

$(AC)^2 = 9^2 + 5^2$

$(AC)^2 = 81 + 25$

$(AC)^2 = 106$

$AC = \sqrt{106}$cm

119. Ans : (B)

माना आयत की लम्बाई = x मी

चौड़ाई = (x – 6) मी

∴ परिमाप = 64 मी

$2(x + x - 6) = 64$

$2x - 6 = 32$

$2x = 38$

$x = 19$

∴ आयत का क्षेत्रफल = $= x \times (x - 6)$


$= 19 \times (19 - 6)$

$= 19 \times 13 = 247$ वर्ग मी

120. Ans : (A)

आयताकार कोठरी के फर्श का विकर्ण = 7.5 फुट

आयताकार कोठरी की छोटी भुजा (चौं.) = 4.5 फुट



∴ आयताकार कोठरी की बड़ी भुजा (लं.)

$= \sqrt{(7.5)^2 - (4.5)^2}$

$= \sqrt{36} = 6$ फुट


∴ कोठरी का क्षे. = ल. × चौ. = $6 \times 4.5 = 27$ फुट ^{2}

121. Ans : (A)

आयत का विकर्ण = $\sqrt{l^2 + b^2}$

$= \sqrt{5^2 + 6^2} = \sqrt{25 + 36} = \sqrt{61}$

122. Ans. (D)



रास्ते का क्षेत्रफल

= EFHG का क्षेत्रफल + IJKL का क्षेत्रफल – MNOP का क्षेत्रफल

$= 72 \times 2 + 2 \times 48 - 2 \times 2$

$= 2(72 + 48) - 4$

$= 2 \times 120 - 4$

$= 236$

अत: मार्ग को बनाने में लगी लागत = 236×150

= रु. 35,400

123. Ans. (D)

माना पहले घन की भुजा = a

पहले घन का आयतन = a^3

दूसरे घन की भुजा = 3a

दूसरे घन का आयतन = $(3a)^3$

$= 27\ a^3$

पहले घन का आयत न दूसरे घन के आयतन का 27 गुना होगा।

124. Ans (D):

लम्बाई = 24 cm, चौड़ाई = 18 cm, ऊँचाई = 16

∴ घनाभ का आयतन = लम्बाई × ऊँचाई × चौड़ाई

$= 24 \times 16 \times 18$

$= 6912\text{cm}^3$

125. Ans : (B)

कपड़े की आवश्यक मात्रा = बॉक्स का सम्पूर्ण पृष्ठ

$= 2(80 \times 60 + 60 \times 40 + 40 \times 80)$

$= 2(4800 + 2400 + 3200) = 2 \times 10400$

$= 20800$ वर्ग सेमी

126. Ans. (C)

वृत्त का क्षेत्रफल $= \pi R^2$

$\therefore \pi R^2 = 1386$

$\frac{22}{7}R^2 = 1386$

$R^2 = \frac{1386 \times 7}{22} = 63 \times 7$

$R = \sqrt{63 \times 7} = 3 \times 7$

$R = 21\text{cm}$

प्रश्नानुसार,

बेलन की त्रिज्या = $21 \times \frac{1}{3} = 7\text{cm}$

बेलन की ऊँचाई $= 7 \times 2 = 14\text{cm}$

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

$= \frac{22}{7} \times 7 \times 7 \times 14 = 2156\text{cm}^3$

127. Ans. (A)

बेलनाकार धातु का व्यास = 14cm

2r = 14cm

r = 7 cm

बेलन को पिघलाकर एक तार का रूप दिया गया तो तार की लम्बाई, = 60 m

तो, तार की लम्बाई, ऊँचाई के रूप में काम करेगा।

h = 60 m = 6000cm

ठोस बेलन का आयतन = तार का आयतन

$\pi r_1^2 h_1 = \pi r_2^2 h_2$

$7 \times 7 \times 15 = r^2 \times 6000$

$r = \sqrt{\frac{7 \times 7}{400}} = \frac{7}{20}\text{cm}$

$r = \frac{7}{20} \times 10\text{mm}$ $\boxed{1\text{cm} = 10\text{mm}}$

अत: व्यास $= 2r = \frac{7}{20} \times 2 = 0.7\text{cm}$

128. Ans : (A)

बेलन का आयतन (V) = 3850 सेमी^{3}

$h = 25$ सेमी

$r = ?$

$V = \pi r^2 h$

$3850 = \frac{22}{7} \times r^2 \times 25$

$r^2 = \frac{3850 \times 7}{22 \times 25} = 49$

$r = 7$ सेमी

129. Ans : (B)

शंकु का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $\pi r(l + r)$

जहाँ r = शंकु की त्रिज्या

l = शंकु की तिर्यक ऊँचाई

प्रश्नानुसार,

कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $\pi \times \frac{r}{2}\left(2l + \frac{r}{2}\right)$

$= \frac{\pi r}{2} \cdot 2\left[l + \left(\frac{r}{4}\right)\right]$

$= \pi r\left[l + \left(\frac{r}{4}\right)\right]$

130. Ans. (A)

दिया है –

डिब्बे की लम्बाई = 4 × 12 = 48 सेमी

डिब्बे की चौड़ाई = 4 × 9 = 36 सेमी

शंकु की संख्या = 12 × 9 = 108

शहद की आयतन = डिब्बे का आयतन – शंकु की संख्या ×शंकु का आयतन

$= 48 \times 36 \times 2 - 108 \times \frac{1}{3} \times \frac{22}{7} \times 2^2 \times 2$

$= 3456 - 905.14$

$= 2550.87$

श्राहद को प्रतिशत = $\frac{2550.857}{3456} \times 100$


$= 73.809\%$

$= 73.81\%$

131. Ans. (A)

प्रश्नानुसार,

ठोस सिलेण्डर का आयतन = पिघलाकर बनाये गये गोले का आयतन



$\pi r^2 h = \frac{4}{3}\pi R^3$

$(6)^2 \times 9 = \frac{4}{3}R^3$

$\frac{36 \times 9 \times 3}{4} = R^3$

$R = \sqrt[3]{9 \times 9 \times 3}$

$R = \sqrt[3]{3 \times 3 \times 3 \times 3 \times 3}$

गोले की त्रिज्या (R) $= 3\sqrt[3]{9}$

132. Ans : (A)

बेलन का आयतन $= \pi r^2 h$

$= \pi \times 6 \times 6 \times 6$

$= 216\pi$

शंकु का आयतन $= \frac{1}{3}\pi r^2 h$

$= \frac{1}{3}\pi \times 8 \times 8 \times 24$

$= 512\pi$

बर्बाद सामग्री $= \frac{(512\pi - 216\pi) \times 100}{512\pi}$

$= \frac{296\pi}{512\pi} \times 100 = \boxed{57.81\%}$

133. Ans : (C)

माना ड्रम की क्षमता x लीटर है।

तब, प्रश्नानुसार,

$0.6x - 38 = 0.125x$

$\Rightarrow 0.6x - 0.125x = 38$

$\Rightarrow 0.475x = 38$

$x = \frac{38}{0.475} = \frac{38 \times 1000}{475}$

x = 80 लीटर

134. Ans. (C)

माना लंबाई = 5x

चौड़ाई = 3x

ऊंचाई = 2x

कमरे का क्षेत्रफल = 2 (ल. + चौ) ×ऊँ

$= 2(5x + 3x) \times 2x$

$= 32x^2$

लम्बाई को दोगुना, चौड़ाई को एक तिहाई और ऊँचाई को आधा करने पर प्राप्त नया क्षे.

$= 2(10x + x) \times x = 22x^2$

पेंटिंग व्यय में प्रतिशत कमी $= \frac{(32x^2 - 22x^2)}{32x^2} \times 100$

$= \frac{10x^2 \times 100}{32x^2} = \frac{500}{16} = 31.25\%$

135. Ans. (D)

माना शंकु की ऊँचाई = h, त्रिज्या = r_1

∴ त्रिज्या $(r_1) = \frac{5}{9}h$

$\therefore h = \frac{9}{5}r_1$

माना गोले की त्रिज्या = r_2

∴ शंकु का आयतन = गोले का आयतन

$\frac{1}{3}\pi r_1^2 h = \frac{4}{3}\pi r_2^3$

$r_1^2 \times \frac{9}{5}r_1 = 4r_2^3$


$\left(\frac{r_1}{r_2}\right)^3 = \frac{20}{9}$

$\frac{r_1}{r_2} = \sqrt[3]{\frac{20 \times 3}{9 \times 3}} = \frac{\sqrt[3]{60}}{3}$

$\therefore r_1 : r_2 = \sqrt[3]{60} : 3$

136. Ans : (A)

माना समबाहु त्रिभुज की भुजा = 8x इकाई



समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \frac{\sqrt{3}}{4} \times (8x)^2$

$= \frac{\sqrt{3}}{4} \times 64x^2 = 16\sqrt{3}x^2$

तीनों छोटे समबाहु त्रिभुजों का क्षेत्रफल

$= 3 \times \frac{\sqrt{3}}{4} \times (2x)^2 = 3\sqrt{3}x^2$


∴ शेष समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल

$= 16\sqrt{3}x^2 - 3\sqrt{3}x^2$

$= 13\sqrt{3}x^2$

∴ अभीष्ट अनुपात $= 3\sqrt{3}x^2 : 13\sqrt{3}x^2 = 3 : 13$

137. Ans (D):



माना तीसरा कोण $\angle A = x$

तब, $\angle B = \angle C = 2x$

∴ त्रिभुज के तीनों कोणों का योग = 180^0

$\angle A + \angle B + \angle C = 180^0$

$x + 2X + 2x = 180^0$

$5x = 180^0$


$x = 36^0$

∴ तीसरी कोण $x = 36^0$

138. Ans: (B)

बड़ा त्रिभुज ABC की भुजा x cm(माना)

Δ APO, ΔBLM तथा ΔCRT का क्षे. बराबर होगा।



प्रत्येक छोटे त्रिभुज की भुजा = 1/3 बड़े त्रिभुज की भुजा


$= \frac{x}{3}\text{cm}$

प्रश्नानुसार अनुपात $= 3 \times \frac{\sqrt{3}}{4}\left(\frac{x}{3}\right)^2 : \frac{\sqrt{3}}{4}(x)^2$

$= \frac{x^2}{3} : x^2$

$= 1:3$

139. Ans: (B)



Δ OEB से

$\tan 30^\circ = \frac{OE}{EB}$

$\frac{1}{\sqrt{3}} = \frac{1}{EB}$

$EB = \sqrt{3}$सेमी

अत: वृत्त के केन्द्र के बिन्दुपथ से बने समबाहु त्रिभुज की भुजा = AB – (EB + DA)

$= AB - 2EB$


$= (6 - 2\sqrt{3})$ सेमी

140. Ans: (A)

सचतुर्भुज ABCD में

विकर्ण AC = x मीटर (माना)

BD = 8 मीटर (दिया है)



$\angle POA = 35^\circ$

94. **Ans : (D)**

माना BD की लम्बाई =x cm



सूत्र-

$(DE)^2 = DB \times DA$

$(8)^2 = x \times (x + 12)$

$\Rightarrow \quad 64 = x^2 + 12x$

$\Rightarrow \quad x^2 + 12x - 64 = 0$

$\Rightarrow \quad x^2 + (16 - 4)x - 64 = 0$

$\Rightarrow \quad x^2 + 16x - 4x - 64 = 0$

$\Rightarrow \quad x(x + 16) - 4(x + 16) = 0$

$\Rightarrow \quad (x + 16)(x - 4) = 0$

$\Rightarrow \quad x = -16$(अमान्य)

$\Rightarrow \quad x = 4\text{cm}.$

अत: $DB = 4\text{cm}$


95. Ans : (D)

चित्र से,

$\angle PAO = \angle PBO = 90°$

$\angle APB = 75°$

∵ PAOB एक चतुर्भुज है



∴ चतुर्भुज के चारों कोणों का योग 360^0 होता है।

∵ PAOB एक चतुर्भुज है-

$\therefore \angle APB + \angle PBO + \angle PAO + \angle AOB = 360°$

$75° + 90° + 90° + \angle AOB = 360°$

$\boxed{\angle AOB = 360° - 255° = 105°}$


96. Ans: (C)

समरूप ΔADE तथा ABC में-

$\frac{\Delta ADE \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}} = \left(\frac{AD}{AB}\right)^2$

$\frac{\Delta ADE \text{ का क्षेत्रफल}}{63} = \left(\frac{AD}{3AD}\right)^2$

ΔADE का क्षेत्रफल = 7 वर्ग यूनिट



इसी प्रकार-

$\Delta AFG \cong \Delta ABC$

$\therefore \frac{\Delta AFG \text{ का क्षेत्रफल}}{\Delta ABC \text{ का क्षेत्रफल}} = \left(\frac{AF}{AB}\right)^2$


$\Rightarrow \frac{\Delta AFG \text{ का क्षेत्रफल}}{63} = \left(\frac{2AD}{3AD}\right)^2$


$\Rightarrow \Delta AFG \text{ का क्षेत्रफल } = \frac{4}{9} \times 63 = 28$ वर्ग यूनिट

$\therefore \Delta DEFG \text{ का क्षेत्रफल } = \Delta AFG - \Delta ADE$

$= 28 - 7 = 21$ वर्ग यूनिट

97. Ans : (C)






∵ $\Delta ABC \sim \Delta DEF$

$\therefore \frac{\Delta ABC \text{ का क्षे.}}{\Delta DEF \text{ का क्षे.}} = \left(\frac{BC}{EF}\right)^2$

$\frac{144}{\Delta DEF \text{ का क्षे.}} = \left(\frac{4}{7}\right)^2$

ΔDEF का क्षेत्रफल $= \frac{144 \times 49}{16} = 441$ वर्ग सेमी.

98. Ans: (C)



थेल्स प्रमेय से,

ΔCGF में

माना EF = x

$\frac{CD}{GD} = \frac{CE}{EF}$

या $\frac{CD}{CE} = \frac{GD}{EF}$ ..... (1)

पुन: ΔCHI में

$\frac{CD}{DH} = \frac{CE}{EI}$

$\frac{CD}{CE} = \frac{DH}{EI}$ ..... (2)

∴ समी.(1) और (2) से,

$\frac{GD}{EF} = \frac{DH}{EI}$

$\frac{6}{x} = \frac{6+4}{x+8}$

$10x = 6x + 48$

$4x = 48$

$x = 12$

$EF = 12$

99. **Ans:(C)**

यदि त्रिभुज के कोण x, 2x तथा 3x है।


तो $x+2x+3x=180^0$

$6x = 180^\circ$

$x = 30^\circ$

∴ सबसे बड़ा कोण $=3x = 3 \times 30 = 90^0$

100. **Ans (D):**



$\angle ABC = 75^\circ$ (सम्मुख कोंण)

$\angle ACB = 40^\circ$ (सम्मुख कोंण)

$\therefore \angle BAC = 180^\circ - (75^\circ + 40^\circ)$

$= 180^\circ - 115^\circ = 65^\circ$

परन्तु $\angle BAC + a = 180^\circ$ (रैखिक युग्म के कोण)

$a = 180^\circ - 65^\circ = 115^\circ$


101. **Ans :(D)**

वर्ग तथा समचर्तुभुज दोनों में सभी चारों भुजाओं की लम्बाई समान होती है। लेकिन वर्ग में प्रत्येक चारों कोनों का कोण समकोण होता है, जबकि समचतुर्भुज आमने-सामने के कोण समान होते हैं।

102. **Ans : (D)**

समलम्ब एक चतुर्भुज है जिसकी समानांतर विपरीत भुजाओं का एक जोड़ा होता है।


AB ∥ DC



103. **Ans : (C)**

एक समलम्ब की घूर्णी समरूपता (1) क्रम है। नोट- किसी आकृति को आंशिक रूप से घुमाने पर यदि घुमाने के बाद भी आकृति पहले जैसा ही दिखती है तो यह गुण घूर्णी समरूपता कहलाता है।

104. **Ans :(C)**



किसी त्रिभुज में दो भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखा तीसरी भुजा के समान्तर व आधी होती है।

DF||BC

तथा $DF = \frac{1}{2}BC$ .....(i)

∴ E, BC का मध्य बिन्दु है

$\therefore BE = \frac{1}{2}BC$ .....(ii)

समी. (i) तथ समी. (ii) से-

D F = B E


∵ DF ∥ BC ⇒ DF ∥ BE

अतः चतुर्भुज BEFD एक समान्तर चतुर्भुज है।

105. **Ans: (C)**

एक समान्तर चतुर्भुज की घूर्णी समरूपता का क्रम 2 है।


106. **Ans (D):**



चित्र में वृत्त A तथा वृत्त B बिन्दु R पर स्पर्श करते है। तब

AR = BR = 4 यूनिट (वृत्त की त्रिज्या है।)
PR तथा QR क्रमश: वृत्त A तथा वृत्त B का व्यास है।
तब, PR = QR = 2AR
PR = QR = 2× 4 = 8 यूनिट
अथात PQ की अधिकतम लम्बाई
= 2 × PR = 2 × 8 = 16 यूनिट


107. **Ans : (A)**
चित्र से,



माना वृत्त की त्रिज्या = r
∴ क्षेत्रफल = πr^2
$= 48\pi = \pi r^2$
$r = \sqrt{48} = 4\sqrt{3}$
वृत्त की त्रिज्या = समबाहु त्रिभुज PQR में लंब OP की लम्बाई


$\Rightarrow 4\sqrt{3} = \frac{\sqrt{3}}{2}a$
$\therefore a = 4 \times 2 = 8$
अत: त्रिभुज की भुजा की लंबाई = 8

108. **Ans : (B)**
∴ वृत्त के केन्द्र पर सभी 6 भागों द्वारा बना कोण $=360^0$



∴ प्रत्येक भाग द्वारा वृत्त के केन्द्र पर
बना कोण $= \frac{360^\circ}{6} = 60^\circ$

109. **Ans : (B)**
वृत्त की सबसे बड़ी जीवा, "व्यास" होती है जो वृत्त के केन्द्र से गुजरती है।



110. **Ans :(C)**
सात भुजाओं वाली आकृति सप्तभुज कहलाती है।

111. **Ans :(C)**
बहुभुज के आन्तरिक कोणों का योग = (n-2) 180 होता है।

112. **Ans : (C)**
बहुभुज के भुजाओं की संख्या $= \frac{360^\circ}{\text{प्रत्येक वाह्य कोण}}$
$= \frac{360}{120} = 3$

113. **Ans: (C)**
बहभुज का प्रत्येक बाह्य कोण $= \frac{360^0}{n}$
$\therefore n = \frac{360^0}{60^\circ} = 6$

114. **Ans : (A)**
समबहुभुज का प्रत्येक आन्तरिक कोण
$= \frac{(2n-4) \times 90^0}{n} = \frac{(2 \times 9 - 4) \times 90^0}{9} = 140^0$

115. **Ans : (C)**
माना भुजाओं की संख्या = n
समबहुभुज के प्रत्येक आंतरिक कोण $= \frac{(2n-4)90^0}{n}$
$150 = \frac{180n - 360}{n}$
$150n = 180n - 360$
$30n = 360^0 \Rightarrow n = 12$

116. **Ans : (B)**
समबहुभुज का प्रत्येक बहिष्कोण $= \frac{360}{n}$
जहाँ n बहभुज के भुजाओं की संख्या है।
अत: $= \frac{360^\circ}{n} = 9^0$
$n = \frac{360^\circ}{9^0} = 40$ भुजाएँ
अत: समबहुभुज के भुजाओं की संख्या n=40 है।

117. **Ans : (C)**
बहुभुज के भुजाओं की संख्या
$= \frac{360^0}{\text{प्रत्येक बाह्य कोण}}$
$= \frac{360^\circ}{72^\circ}$
= 5

118. **Ans : (C)**

बहुभुज में,

$$\text{प्रत्येक बाह्य कोण} = \frac{360^\circ}{\text{भुजाओं की संख्या}}$$

$$\Rightarrow 36^\circ = \frac{360^\circ}{\text{भुजाओं की संख्या}}$$

∴ भुजाओं की संख्या = 10

119. Ans :(C)

बहभुज के भुजाओं की संख्या

$$= \frac{360}{\text{प्रत्येक वाह्य कोण}}$$

$$= \frac{360}{45} = 8$$

120. **Ans: (C)**

$$\text{भुजाओं की संख्या} = \frac{360^\circ}{\text{प्रत्येक बाह्य कोण}}$$

$$= \frac{360^\circ}{40} = 9$$

121. **Ans: (C)**

किसी भी त्रिभुज के भुजाओं की संख्या 3 होती है तथा तीनों अन्त: कोणों का योग 180^0 होता है।

122. **Ans : (B)**

माना एक कोण = x^0

इसका अनुपूरक कोण = $5x^0$

दो अनुपूरक कोणों का योग = 180^0

$x + 5x = 180^\circ$

$6x = 180 \Rightarrow x = 30^\circ$

अभीष्ट कोण $=30^\circ$

123. **Ans : (D)**

माना कोण क्रमश: $4x^0$ तथा $5x^0$ है।

हम जानते हैं कि दो संपूरक कोणों का योग 180^0 होता है।

∴ $4x^\circ + 5x^\circ = 180^\circ$

$9x^\circ = 180^\circ$

$x^\circ = 20^\circ$

∴ बड़ा कोण $(5x^\circ) = 5 \times 20^\circ = 100^\circ$

124. **Ans: (C)**

माना पहला कोण $=13x^0$

दूसरा कोण $=5x^0$

तब $13x^0 + 5x^0 = 180^0$ (पूरक कोण का योग)

$18x^0 = 180^0$, $x^0 = 10^0$

प्रथम कोण $= 13 \times 10^\circ = 130^\circ$

दितीय कोण $= 5 \times 10^\circ = 50^\circ$

अभीष्ट अन्तर $= 130^\circ - 50^\circ = 80^\circ$

125. **Ans: (C)**

$(6y + 70)^\circ + (3y + 47)^\circ = 180^\circ$

$6y^\circ + 70^\circ + 3y^\circ + 47^\circ = 180^\circ$

$9y^\circ + 117^\circ = 180^\circ$

$9y^\circ = 180^\circ - 117^\circ$

$9y^\circ = 63^\circ, y^\circ = 7^\circ$

126. **Ans : (A)**

हम जानते है कि पूरक कोणों का योग 90^0के बराबर होता है।

∴ प्रश्न से,

$(7x + 5)^0 + (x + 5)^\circ = 90^\circ$

$\Rightarrow 7x^\circ + 5^\circ + x^0 + 5^\circ = 90^\circ$

$\Rightarrow 8x^\circ = 90^\circ - 10^\circ$

$8x^\circ = 80^\circ$

$x^\circ = \frac{80^\circ}{8^\circ} = 10^\circ$

127. **Ans: (A)**

माना दोनों पूरक कोण क्रमश: $4x^0$ तथा $5x^0$ हैं।

∴ $4x^0 + 5x^0 = 90^\circ$

$9x^\circ = 90^\circ$

$x^\circ = 10^\circ$

∴ पहला पूरक कोण = 40^0

दूसरा पूरक कोण = 50^0

∴ अभीष्ट अनुपात $=(40)^2:(50)^2$

$=1600: 2500 =16: 25$

128. **Ans: (C)**


$\angle 1 = \angle 4$ (संगत कोण)

$\angle 4 = \angle 6$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\angle 6 = \angle 9$ (संगत कोण)

अत: 1,4,9 कोण समान है।

129. **Ans (D):**




जब 2 सीधी रेखाएं एक दूसरे को प्रतिच्छेदित करती है तो संलग्न कोण पूरक कोण होते है।

130. **Ans:(B)**

एक ही रेखा पर लम्बवत रेखाएँ एक दूसरे के समांतर होती है।

131. **Ans : (A)**



$DE \parallel BC$

$\therefore \Delta ADE \sim \Delta ABC$

$\frac{AD}{AB} = \frac{DE}{BC}$

$\frac{4}{7} = \frac{DE}{BC} (\because AB = AD + DB = 4 + 3 = 7)$

ΔDOE तथा ΔBOC में

$\angle ODE = \angle OCB$ (एकान्तर अन्त: कोण)

$\angle OED = \angle OBC$ (एकान्तर अन्त: कोण)

$\angle DOE = \angle BOC$ (शीर्षाभिमुख कोण)

$\therefore \Delta DOE \sim \Delta COB$

अतः $\frac{DO}{CO} = \frac{DE}{CB}$

$\frac{DO}{CO} = \frac{4}{7}$

या $\frac{CO}{DO} + 1 = \frac{7}{4} + 1$

$\frac{DC}{DO} = \frac{11}{4}$

या $DO : DC = 4 : 11$

132. Ans : (C)


प्रमेय से,

$DE^2 = DB \times DA = 3 \times 12$

$DE^2 = 36$

$DE = 6cm$

133. Ans: (A)



$\because \triangle ABC \sim \Delta PQR$

$\therefore \frac{\Delta ABC \text{ का परिमाप}}{\Delta PQR \text{ का परिमाप}} = \frac{AB}{PQ}$

$\frac{36}{24} = \frac{AB}{10}$

$AB = \frac{360}{24} = 15$

134. Ans : (C)

माना आयत की लंबाई = 4x

तथा आयत की चौड़ाई =3x

∴ आयत का विकर्ण = $\sqrt{(4x)^2 + (3x)^2} = 5x$

∴ लंबाई : विकर्ण = $4x : 5x = 4 : 5$

135. Ans (D):


माना आयताकार प्लाट की चौड़ाई = x मीटर

प्लाट की लम्बाई = (x + 20) मीटर

परिमाप = 2 (लम्बाई + चौड़ाई)

= 2(x + x +20) मीटर

= (4 x + 40) मीटर



प्रश्नानुसार-

(4 x+40) × 26.50=5300

4 x+40=200

4 x=160

x=40 मीटर

प्लाट की लम्बाई =(x+20) मीटर

=(40+20) मीटर = 60 मीटर


136. Ans : (D)

प्रश्नानुसार,

वृत्त की परिधि $2\pi r = 132$

$2 \times \frac{22}{7} \times r = 132$


$r = \frac{132 \times 7}{2 \times 22} = 21$ सेमी.



परिधि $= 2\pi \frac{r\theta}{360} + 2r$

$= \frac{132 \times 135}{360} + 2 \times 21 = 49.5 + 42 = 91.5$ सेमी

137. Ans: (A)



चित्रानुसार,


$\angle AOB = 60^\circ$

$\because \angle A = \angle B = 60^\circ$

अत: ΔOAB समबाहु त्रिभुज होगा।

∵ OA = OB = AB = 8 सेमी.
∵ OA तथा OB वृत्त की त्रिज्याएं हैं।
अत: r=8 सेमी.

138. **Ans: (B)**




स्पर्श रेखा AB की लम्बाई

$AB = \sqrt{(\text{केन्द्रों के बीच की दूरी})^2 - (\text{त्रिज्याओं का अन्तर})^2}$

$= \sqrt{d^2 - (r_1 - r_2)^2}$

139. **Ans. (A)**



चूंकि जीवा पर वृत्त के केन्द्र से डाला गया लम्ब, जीवा को दो बराबर भागों में बाँटता है-

$OA^2 = OC^2 + AC^2$ {जहाँ $AC = 12cm$}

$r^2 = 5^2 + 12^2$

$r^2 = 25 + 144 = 169$

$r = 13cm$

140. **Ans: (C)**

दितीय चतुर्थांश 90^0 से 180^0 के बीच होता है।

$\sin 90^\circ = 1$ $\sin 180^\circ = 0$

इस प्रकार - $0 < \sin\theta < 1$

sin θ का मान 1 से 0 के बीच में होता है।

141. **Ans: (C)**

n भुजाओं वाले सम बहुभुज का प्रत्येक अंत:कोण

$= \frac{(n-2) \times 180}{n}$

$150 = \frac{(n-2) \times 180}{n}$

$150n = 180n - 360$

$30n = 360$

$n = \frac{360}{30} = 12$

अत: यह बहभुज एक दादशभुज होगा

142. **Ans : (B)**

समबहुभुज के आंतरिक कोणों का योग

$= (n-2) \times 180$

अत: स्पष्ट है कि अन्य कथन सत्य है जबकि कथन (4) असत्य है।

143. **Ans : (D)**

माना बहुभुज के भुजाओं की संख्या = n

प्रश्नानुसार,

$\frac{(2n-4) \times 90}{n} - \frac{360^\circ}{n} = 36^\circ$

$180n - 360^\circ - 360^\circ = 36n$

$144n = 720^\circ$

$n = \frac{720}{144}$

अत: भुजाओं की संख्या =5

144. **Ans : (D)**

समबहुभुज के अन्त: कोणों का योग = 2160^0

$(2n-4)90^\circ = 2160^\circ$

$(2n-4) = 24$

$2n = 28$

$n = 14$

अत: बहभुज में 14 भुजाएँ है।

27. (Elementary)

1. आंकड़ों $2, x, 7, 3, y, 9, 6$ का माध्य 6 है जहाँ x और y नियतांक है। यदि x को 3x+1 और y को y+3 द्वारा प्रतिस्थापित किया जाता है, तो माध्य 2 बढ़ जाता है। x का मान ज्ञात करें -

RRB Group-D - 20/09/2022 (Shift-III)

(A) 7 **(B)** 8
(C) 10 **(D)** 5

2. एक समूह में 8 सबसे छोटी संख्याओं का माध्य 17 है जबकि एक साथ लेने पर समूह की सभी, संख्याओं का माध्य 20 है। यदि सबसे छोटी आठ संख्याएं छोड़ने के बाद बची संख्याओं का माध्य 22 है, तो समूह में कुल कितनी संख्याएं है?

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-II)

(A) 20 **(B)** 22
(C) 18 **(D)** 19

3. 21 प्रेक्षणों (सभी भिन्न) का माध्य 40 है। यदि माध्यिका का मान 21 बढ़ा दिया जाए तो प्रेक्षणों का मान बढ़ जाता है, प्रेक्षणों का माध्य होगा:

RRB Group-D - 17/11/2022 (Shift-II)

(A) 50 **(B)** 50.5
(C) 30 **(D)** 45

4. एक समूह की 8 सबसे छोटी संख्याओं का माध्य 12.5 है, जबकि समूह की सभी 14 संख्याओं का माध्य 14 है। 6 सबसे बड़ी संख्याओं का माध्य क्या है?

RRB Group-D -10/10/2018 (Shift-I)

(A) 16.50 **(B)** 16.00
(C) 17.00 **(D)** 15.50

5. संख्याओं के एक समुच्चय का समान्तर माध्य 12 है। संख्याओं के एक अन्य समुच्चय का माध्य 15 है। यदि दोनों समुच्चयों का संयुक्त माध्य 12.5 है, तो दोनों समूहों की आवृत्ति का अनुपात क्या होगा?

RRB Group-D - 24/10/2018 (Shift-II)

(A) 3: 1 **(B)** 5: 1
(C) 3: 2 **(D)** 5: 2

6. 67, 34, 57, 32, 12, 92, 51, 62, 62, 57, 93 और 5 का मध्यिका ज्ञात करें।

RRB Group-D - 06/12/2018 (Shift-III)

(A) 56.5 **(B)** 32
(C) 57 **(D)** 62

7. यदि अवलोकन सेट $x_1, x_2 \ldots \ldots x_{10}$ का माध्य 20 है, तो $x_1 + 4, x_2 + 8 \ldots \ldots x_{10} + 40$ का माध्य है:

RRB Group-D - 15/11/2018 (Shift-I)

(A) 34 **(B)** 32
(C) 42 **(D)** 52

8. एक परीक्षा में, गणित विषय में 36 छात्रों के प्राप्तांकों का माध्य 72.50 था। अंको का पुनर्निरीक्षण करने पर, यह पाया गया कि एक छात्र के अंक गलती से 56 के बजाय 65 लिख गए थे, तो सही माध्य कितना होगा?

RRB Group-D - 12/11/2018 (Shift-III)

(A) 71.50 **(B)** 72.25
(C) 72 **(D)** 73

9. 17 सदस्यों वाले एक समूह का माध्य स्कोर 15 था, जबकि n सदस्यों वाले एक अन्य समूह का माध्य स्कोर 12 था। यदि उनका संयुक्त माध्य 13.7 था, तो n का मान ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D -12/11/2018 (Shift-III)

(A) 12 **(B)** 13
(C) 14 **(D)** 11

10. छह बच्चों का माध्य भार 17.5 kg है। यदि इनमें से पाँच बच्चों के व्यक्तिगत भार क्रमश: 14, 19, 23, 21 और 13 kg हैं, तो छठवें बच्चे का भार ज्ञात करें।

RRB Group-D - 05/11/2018 (Shift-III)

(A) 17 kg **(B)** 15kg
(C) 16kg **(D)** 18kg

11. नीचे दिए हुए आंकड़ों के आधार पर अंकों का माध्य होगा:

अंक	0	1	2	3	4	8
छात्रों की संख्या	6	5	4	3	2	5

RRB Group-D - 23/10/2018 (Shift-III)

(A) 3.3 **(B)** 2.8
(C) 2.5 **(D)** 3.2

12. चार संख्याएँ a, b, c और d इस प्रकार हैं कि a और b का औसत 19.5 है और उनका समग्र औसत 23 है। c और d का औसत होगा-

RRB Group-D - 01/10/2018 (Shift-I)

(A) 26.5 **(B)** 25.5
(C) 24.5 **(D)** 27.5

13. यदि संख्याओं 27+x, 31+x, 89+x, 107+x और 156+ x का माध्य 82 है, तो 130+x, 126+x, 68+x, 50+x और 1+x का माध्य कितना होगा?

RRB Group-D - 23/11/2022 (Shift-II)

(A) 30 **(B)** 75
(C) 50 **(D)** 70

14. यदि श्रंखला $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots\ldots x_n$ का अंकगणितीय माध्य 1 है, तो $\frac{x_1}{k}, \frac{x_2}{k}, \frac{x_3}{k}, \ldots\ldots\ldots \frac{x_n}{k} (k > 0)$ का अंकगणितीय माध्य होगा:

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-I)

(A) $\frac{1}{k}$ **(B)** k
(C) $\frac{2}{k}$ **(D)** $2k$

15. संख्याओं 5, 17, 68, 17, 32, 45, 64, 37, 93, 45, 78, 32, 35 और 45 की माध्यिका ज्ञात करें।

RRB Group-D - 12/11/2018 (Shift-I)

(A) 41 **(B)** 44
(C) 42 **(D)** 43

16. 1 से 55 तक के बीच की अभाज्य संख्याओं की माध्यिका ज्ञात कीजिए?

RRB Group-D - 08/10/2018 (Shift-III)

(A) 22 **(B)** 20
(C) 21 **(D)** 19

17. 12 व्यक्तियों द्वारा स्कोर किये गए प्वाइंट्स- 6, 17, 89, 16, 10, 15, 21, 9, 11, 12 और 16 है। इनकी माध्यिका ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 01/10/2018 (Shift-II)

(A) 11.5 **(B)** 11.6
(C) 10.4 **(D)** 12

18. एक कबड्डी टीम द्वारा कुछ मैचों की एक श्रृंखला में प्राप्त किये गये अंक निम्नलिखित है-
17, 2, 7, 27, 15, 5, 14, 8, 10, 24, 48, 10, 8, 7, 18, 28
टीम द्वारा प्राप्त अंकों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 18/11/2022 (Shift-III)

(A) 11 **(B)** 12
(C) 16 **(D)** 15

19. किसी विद्यालय में कक्षा X की 50 लड़कियों की ऊँचाई के सर्वेक्षण के आँकड़े (cm में) इस प्रकार है:


Length (in cm)	Number of girls
Less than 140 cm	4
Less than 145 cm	11
Less than 150 cm	29
Less than 155 cm	40
Less than 160 cm	46
Less than 165 cm	50

उनकी ऊँचाइयों की माध्यिका ज्ञात करें-

RRB Group-D -30/10/2018 (Shift-II)

(A) 144.03 cm **(B)** 148.89 cm
(C) 145.03 cm **(D)** 149.03 cm

20. निम्न ग्राफ में बंदगोभी की 12 महीनों के मूल्य दर्शाये गए हैं। इनके मूल्यों की माध्यिका क्या है?



RRB Group-D - 17/11/2022 (Shift-III)

(A) 55 **(B)** 40
(C) 50 **(D)** 60

21. 12, 13, 15, 18, x, 28, 18, 12, 6, 8 का माध्य 15 है। आँकड़ों की माध्यिका क्या है?

RRB Group-D - 25/11/2022 (Shift-III)

(A) 14.5 **(B)** 13.5
(C) 14 **(D)** 13

22. फिबोनैकी श्रृंखला के पहले 10 संख्याओं की माध्यिका ज्ञात करें: एक फिबोनैकी संख्या, उस श्रृंखला के पिछले दो संख्याओं का योग है। पहली दो फिबोनैकी संख्याएँ क्रमश: 0 और 1 है।

RRB Group-D - 11/10/2018 (Shift-III)

(A) 4 **(B)** 3
(C) 5 **(D)** 4.5

23. छात्रों के एक समूह द्वारा एक स्थानीय क्षेत्र के 20 घरों पर किए गए एक सर्वेक्षण में घरेलू परिवार के सदस्यों की संख्या से संबंधित निम्नलिखित आवृत्ति सारणी के परिणाम प्राप्त हुए हैं-

household size	Number of families
1-3	7
3-5	9
5-7	2
7-9	1
9-11	1

इन आंकड़ो का बहुलक ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 20/09/2022 (Shift-III)

(A) 3.571 **(B)** 3.444
(C) 3.628 **(D)** 3.286

24. एक गेंदबाज द्वारा 12 क्रिकेट मैच में लिये गये विकेट इस प्रकार हैं:
2, 6, 4, 3, 5, 0, 3, 2, 1, 3, 2, 3
आंकड़ों का बहुलक (मोड) ज्ञात कीजिए।

RRB Group-D - 18/11/2022 (Shift-II)

(A) 4 **(B)** 2
(C) 3 **(D)** 1

25. आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।
25, 45, 58, 87, 45, 54, 65, 12, 25, 59, 42, 60

RRB NTPC - 09/2022 (Shift-I)

(A) 25 **(B)** 45
(C) 45, 54 **(D)** 45, 25

26. बैंक से कर्ज लेने वाले व्यक्तियों की संख्या का विवरण उनके आयु वर्ग के अन्तराल के आधार पर नीचे दिया गया है।

age group	20 - 30	30 - 40	40 - 50	50 - 60	60 - 70
number of persons	37	38	70	42	13

बहुलक ज्ञात करें।

RRB Group-D - 15/11/2018 (Shift-III)

(A) 45.33 **(B)** 44.89
(C) 45.67 **(D)** 45.12

27. नीचे, कक्षा में उपस्थित 100 विद्यार्थियों का विवरण उनकी उपस्थिति (दिन) के आधार पर दिया गया है।

Number of days of attendance	6 - 10	10 - 14	14 - 18	18 - 22	22 - 26
Number of students	9	28	34	18	11

बहुलक ज्ञात करें।

RRB Group-D - 12/11/2018 (Shift-I)

(A) 15.**09** **(B)** 15.01
(C) 14.71 **(D)** 15.04

28. यदि 3, 4, a, b, 10 का माध्य 6 और माध्यिका 5 और a < b है, तो a और b के मान क्रमश:_____ और_____ हैं।

RRB Group-D - 19/11/2022 (Shift-III)

(A) 7, 6 **(B)** 5, 8
(C) 6, 7 **(D)** 8, 5

29. सचिन तेंदुलकर ने दस पारियों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 38, 70, 48, 34, 42, 55, 63, 46, 54, और 44 रन बनाए। माध्य के संदर्भ में औसत विचलन ज्ञात करें।

RRB Group-D - 01/09/2022 (Shift-III)

(A) $\frac{44}{5}$ **(B)** $\frac{43}{5}$
(C) $\frac{41}{5}$ **(D)** $\frac{42}{5}$

30. यदि संख्याओं $1, 1+d, 1+2d \ldots \ldots 1+100d$ का माध्य विचलन 255 है, तो d किसके बराबर है.

RRB Group-D -16/11/2018 (Shift-II)

(A) 20.2 **(B)** 10.1
(C) 20.0 **(D)** 10.5

31. ताश की गड्डी से फेस कार्ड निकालने की संभावना क्या होगी?

RRB Group-D - 12/10/2018 (Shift-I)

(A) $\frac{6}{13}$ **(B)** $\frac{12}{13}$
(C) $\frac{3}{13}$ **(D)** $\frac{3}{26}$

32. ताश के पत्तों की गड़ी से इक्का निकालने की प्रायिकता हो सकती है-

RRB Group-D - 16/10/2018 (Shift-I)

(A) $\frac{12}{13}$ **(B)** $\frac{15}{26}$
(C) $\frac{9}{13}$ **(D)** $\frac{1}{13}$

33. एक बक्से में 100 पेन हैं जिसमें से 8 खराब हैं। एक पेन को बक्से से निकाला जाता है। उसके खराब न होने की प्रायिकता का पता लगाएँ?

RRB Group-D - 29/10/2018 (Shift-III)

(A) 23/25 **(B)** 8/100
(C) 100 8 **(D)** 25/23

34. यदि आंकड़ों के 75% को ऊपरी चतुर्थक दर्शाता है और आंकड़ों के 25% को निम्न चतुर्थक दर्शाता है, तो माध्यक किसे दर्शायेगा?

RRB Group-D - 01/09/2022 (Shift-III)

(A) 20% **(B)** 100%
(C) 50% **(D)** 80%

35. चार संख्याओं का एक समुच्चय है। इन में से तीन सबसे छोटी संख्याओं का माध्य 19 है और तीन सबसे बड़ी संख्याओं का माध्य 23 है। इस समुच्चय सेट का परास क्या होगा?

RRB Group-D - 08/10/2022 (Shift-II)

(A) 18 **(B)** 12
(C) 14 **(D)** 15

36. तीन संख्याओं का माध्य 20 है। इस डाटा सेट का परास 12 है जबकि दो छोटी संख्याओं का अन्तर 3 हैं, बड़ी संख्या है।

RRB Group-D - 28/11/2022 (Shift-II)

(A) 28 **(B)** 25
(C) 27 **(D)** 24

37. तीन संख्याओं का मध्यमान 33 और डेटा की रेंज 29 है। बीच वाली संख्या अन्य दो संख्याओं के योग से 27 कम है। इन तीन संख्याओं में सबसे बड़ी संख्या क्या है?

RRB Group-D - 03/12/2018 (Shift-II)

(A) 46 **(B)** 45
(C) 48 **(D)** 47

38. तीन संख्याओं का माध्य 35 तथा आंकड़ों का परास 24 था। सबसे बड़ी और बीच की संख्या के मध्य अंतर सबसे छोटी और बीच की संख्या के मध्य अंतर से तीन गुना था। इन तीनों संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?

RRB Group-D - 23/10/2018 (Shift-III)

(A) 51 **(B)** 50
(C) 49 **(D)** 52

39. एक थैली में नीले एवं लाल गेंदों की संख्या का अनुपात नियत है। जब लाल गेंदों की संख्या 68 थी तो नीले गेंदों की संख्या 36 थी। नीले गेंदों की संख्या 63 होने पर, थैली में लाल गेंदों की संख्या कितनी होनी चाहिए?

RRB Group-D - 23/11/2022 (Shift-I)

(A) 119 **(B)** 98
(C) 110 **(D)** 102

40. नीचे दिए गए आंकड़ों के बहुलक, माध्यिका और माध्य का लघुत्तम समापवर्त्य ज्ञात कीजिए।
7, 2, 10, 4, 3, 12, 8, 4, 6, 4

RRB Group-D -26/11/2022 (Shift-I)

(A) 30 **(B)** 20
(C) 12 **(D)** 60

41. निम्नलिखित आंकड़ों के लिए (बहुलक × माध्यिका + माध्य) ज्ञात करें।
9, 1, 11, 3, 2, 12, 8, 4, 6, 4

RRB Group-D - 30/10/2018 (Shift-I)

(A) 34 **(B)** 31
(C) 26 **(D)** 29

42. तीन संख्याओं का माध्य 15 और आंकड़ों की रेंज 9 थी। सबसे बड़ी संख्या और मध्य संख्या के बीच का अन्तर मध्य संख्या और सबसे छोटी संख्या के बीच के अंतर का दोगुना था। तीनों संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?

RRB Group-D - 22/10/2018 (Shift-II)

(A) 20 **(B)** 21
(C) 19 **(D)** 22

43. आरोही क्रम में व्यवस्थित चार पूर्णांकों a, b, c और d के समुच्चय का परास 20 है c और a के बीच का अंतर d और b के बीच के अंतर के बराबर है। इन संख्याओं का समांतर माध्य 25 है। निम्नलिखित में से कौन सी संख्या a का मान है?

RRB Group-D - 16/11/2018 (Shift-I)

(A) 13 **(B)** 15
(C) 14 **(D)** 16

44. एक कक्षा के छात्रों द्वारा प्राप्त किये गये अंकों का समान्तर माध्य 58 है। उनमें से 20% द्वारा प्राप्त अंकों का माध्य 60 था और 30% द्वारा प्राप्त अंको का माध्य 40 था। बाकी बचे छात्रों द्वारा प्राप्त अंको का माध्य क्या था?

RRB RPF Constable - 20/01/2019 (Shift-II)

(A) 65 **(B)** 66
(C) 68 **(D)** 70

45. $x, x+3, x+5, x+8, x+9$ प्रेक्षणों का माध्य 9 है। अंतिम तीन प्रेक्षणों का माध्य क्या होगा?

RRB RPF Constable -17/01/2019 (Shift-I)

(A) $\frac{32}{3}$ **(B)** $\frac{31}{3}$
(C) $\frac{35}{3}$ **(D)** $\frac{34}{3}$

46. चूंकि एक छात्र के अंक गलती से 68 की जगह 86 टाइप हो गये थे तो कक्षा का माध्य (mean) 1/2 बढ़ गया था। कुल छात्रों की संख्या कितनी है।

RRB RPF Constable - 19/01/2019 (Shift-II)

(A) 34 **(B)** 36
(C) 38 **(D)** 40

47. यदि पांच प्रेक्षणों $x, x+3, x+4, x+6$ तथा $x+7$ का माध्य 11 है, तो अंतिम तीन प्रेक्षणों का माध्य होगा:

RRB RPF SI - 16/01/2019 (Shift-II)

(A) 12 **(B)** 12.67
(C) 19 **(D)** 13

48. एक परीक्षा में 40 छात्रों द्वारा प्राप्त किये गये अंको का माध्य 72.5 है। बाद में यह पता चला कि गलती से एक छात्र के अंक 84 की जगह 48 लिखे गये थे। सही माध्य ज्ञात करें।

RRB RPF SI - 13/01/2019 (Shift-III)

(A) 71.3 **(B)** 72.4
(C) 77.5 **(D)** 73.4

49. 48 के सभी धनात्मक गुणनखंडों का माध्यिका (median) ज्ञात करें -

RRB RPF SI - 12/01/2019 (Shift-III)

(A) 16 **(B)** 12
(C) 8 **(D)** 7

50. $1, \frac{1}{2}, \frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{1}{4}, 2, \frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{3}{4}$ आंकड़ों की माध्यिका है:

RRB RPF Con 22/01/2019 (Shift-III)

(A) $\frac{1}{4}$ **(B)** $\frac{1}{2}$
(C) $\frac{1}{6}$ **(D)** $\frac{3}{4}$

51. 5, 2, 2, 7, 3 और 8 संख्याओं की माध्यिका है;

RRB RPF Constable - 22/01/2019 (Shift-III)

(A) 3.5 **(B)** 4.5
(C) 4 **(D)** 3

52. दिये गये आंकड़े 3, 12, 4, 6, 8, 5, 4 का बहुलक है-

RRB RPF SI - 06/01/2019 (Shift-II)

(A) 5 **(B)** 8
(C) 4 **(D)** 3

53. एक बंटन का माध्य 24 है और मानक विचलन 6 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB RPF SI - 11/01/2019 (Shift-I)

(A) 50% **(B)** 25%
(C) 100% **(D)** 75%

54. यदि जनसंख्या का मानक विचलन 10 है, तो इसका विचरण गुणांक क्या होगा?

RRB RPF Constable - 25/01/2019 (Shift-I)

(A) 100 **(B)** 30
(C) 5 **(D)** 20

55. {11, 7, 10, 13, 9} का मानक विचलन (Standard deviation) ..... है-

RRB RPF SI - 10/01/2019 (Shift-II)

(A) 1 **(B)** 2
(C) 4 **(D)** 5

56. सतीश ने एक बंद बॉक्स में 5 पीली और 3 नीली गेंदे रखीं। उसका भाई मनीष यादृच्छिक रूप से दो गेंदों को उठा लेता है। एक ही रंग के गेंदों को चुने जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

RRB RPF Constable - 17/01/2019 (Shift-III)

(A) $\frac{15}{28}$ **(B)** $\frac{15}{23}$
(C) $\frac{13}{28}$ **(D)** $\frac{11}{23}$

57. किसी पासे के दो बार फेंके जाने पर आने वाले अंकों का योग 10 होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

RRB RPF SI - 05/01/2019 (Shift-II)

(A) 3 **(B)** 1/36
(C) 1/12 **(D)** 5/36

58. 9, 5, 9, 3, 4, 7, 8, 4, 8, 9, 5, 9 आंकड़ों का परिसर ज्ञात कीजिए।

RRB RPF Constable - 24/01/2019 (Shift-III)

(A) 3 **(B)** 5
(C) 6 **(D)** 4

59. 11, 13, 9, 17, 13, 19, 10, 11 आंकड़ों का परिसर ज्ञात कीजिए।

RRB RPF SI - 12/01/2019 (Shift-II)

(A) 6 **(B)** 10
(C) 11 **(D)** 13

60. यदि 10 संख्याओं का समांतर माध्य (mean) 35 है प्रत्येक में 2 जोड़ दिया जाए तो संख्याओं की नई श्रेणी का माध्य (mean) क्या होगा?

RRB NTPC 10/08/2022Shift: 3

(A) 28 **(B)** 34
(C) 40 **(D)** 37

61. एक कक्षा के 12 छात्रों द्वारा प्राप्त किये गये अंको का माध्य 67.4 है। यदि एक अन्य कक्षा के 15 छात्रों द्वारा प्राप्त किये गये अंकों का माध्य 72.3 है तो दोनों कक्षाओं का संयुक्त माध्य क्या होगा?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 2

(A) 70.12 **(B)** 69.85
(C) 71.23 **(D)** 68.94

62. चार विभिन्न प्रेक्षणों का माध्य 17.5 है, जब एक नया प्रेक्षण जिसका मान 20 है, इसमें जोड़ा जाता है, तब इसका नया माध्य कितना होगा?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 2

(A) 18 **(B)** 17.5
(C) 19 **(D)** 18.5

63. 20 निरीक्षणों का अंकगणितीय माध्य 15.5 है। बाद में यह पाया गया कि एक निरीक्षण गलती से 24 की बजाय 42 पढ़ लिया गया था। तो सही माध्य (mean) का पता लगाएं?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 3

(A) 14 **(B)** 14.4
(C) 14.6 **(D)** 15

64. 22 प्रेक्षणों का माध्य 10 है। दो और प्रेक्षणों को शामिल करने पर नया माध्य 11 हो जाता है। दो नए प्रेक्षणों का माध्य है-

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 1

(A) 19 **(B)** 20
(C) 21 **(D)** 22

65. 8 प्रेक्षणों का माध्य 10 है। इनमें तीन और प्रेक्षण को जोड़ा जाता है और नया माध्य 12 हो जाता है। तीन नये प्रेक्षणों का माध्य है:

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 2

(A) 16 **(B)** 18
(C) 17.33 **(D)** 15

66. $1, \frac{1}{2}, \frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{1}{4}, 2, \frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{3}{4}$ आंकड़ो का माध्य है-

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1

(A) $\frac{15}{18}$ **(B)** $\frac{13}{18}$
(C) $\frac{7}{9}$ **(D)** $\frac{8}{9}$

67. यदि 18, 16, 22, 13, ? आंकड़ों का माध्य 16 है तो '?' का मान ज्ञात करें।

RRB NTPC 06.04.2016 Shift: 1

(A) 9 **(B)** 11
(C) 10 **(D)** 12

68. 9 प्रेक्षणों का माध्य 18 है। चार और प्रेक्षणों को शामिल किया गया और नया माध्य 19 हो जाता है। चार नए प्रेक्षणों का माध्य है-

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 21.25 **(B)** 20.25
(C) 19 **(D)** 22

69. प्रथम 6 अभाज्य संख्याओं का माध्य ज्ञात करें।

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 1

(A) 14/3 **(B)** 3
(C) 41/6 **(D)** 13/2

70. दिए गए निम्नलिखित संख्याओं (आकड़ो) की माध्यिका है-
7, 21, 2, 17, 3, 13, 7, 4, 9, 7, 9

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-3

(A) 4 **(B)** 17
(C) 7 **(D)** 9

71. 9, 0, 2, 8, 5, 3, 5, 4, 1, 5, 2, 7 की माध्यिका ज्ञात करें।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 2

(A) 5 **(B)** 6.5
(C) 4.5 **(D)** 4

72. आरोही क्रम में व्यवस्थित निम्नलिखित नंबरों की माध्यिका 2.5 है। x ज्ञात करें।
0, 0, 1, 1, 2, 2, x, 3, 3, 4, 5, 7

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 2

(A) 2 **(B)** 3
(C) 4 **(D)** 0

73. 25, 23, 26, 29, 31, 39 और 11 की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 1

(A) 25 **(B)** 26
(C) 29 **(D)** 31

74. 55, 53, 59, 56, 61, 69, और 31 संख्याओं की माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 2

(A) 55 **(B)** 56
(C) 59 **(D)** 61

75. संख्याओं के निम्नलिखित सेट की माध्यिका ज्ञात करें।
2, 3, 4, 3, 0, 5, 1, 1, 3, 2

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 3

(A) 0 **(B)** 3
(C) 2.5 **(D)** 2.4

76. यदि नंबर 3, 6, 7, 11, x, 15, 19, 20, 25, 28 आरोही क्रम में है और उनकी माध्यिका 13 है तो x ज्ञात करें?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift : 3

(A) 11 **(B)** 12
(C) 13 **(D)** 14

77. -3, 4, 0, 4, -2, -5, 1, 7, 10, 5 आंकड़ो की माध्यिका (median) है:

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 2 **(B)** 2.5
(C) 2.75 **(D)** 3

78. निम्नलिखित संख्याओं की माध्यिका क्या है?
3, 3, 5, 7, 8, 8, 8, 9, 11, 12, 12

RRB NTPC 19.01.2017 Shift: 3

(A) 9 **(B)** 7
(C) 8 **(D)** 12

79. निम्नलिखित संख्याओं की माध्यिका क्या है?
87, 21, 53, 12, 86, 98, 23, 64, 87, 23, 23, 87, 56, 12, 53

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 3

(A) 53.5 **(B)** 54
(C) 53 **(D)** 56.5

80. निम्नलिखित पदों 32, 12, 23, 17, 28, 25, 43 की माध्यिका निर्धारित की गई थी:
बाद में यह पाया गया कि 29 की जगह गलती से 17 लिखा गया था, अब परिवर्तित माध्यिका क्या होगी?

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 1

(A) 29 **(B)** 17
(C) 23 **(D)** 28

81. आंकड़ों 12, 1, 10, 1, 9, 3, 4, 9, 7, 9 का बहुलक है।

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-1

(A) 9 **(B)** 12
(C) 1 **(D)** 7

82. 32, 34, 35, 36, 35, 34, 33, 35, 33, 31 तथा 37 का बहुलक (mode) क्या है?

RRB NTPC 10/08/2022 Shift : 3

(A) 33 **(B)** 34
(C) 35 **(D)** 32

83. 12, 14, 15, 16, 15, 14, 13, 15, 13, 11 और 17 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 3

(A) 13 **(B)** 14
(C) 15 **(D)** 12

84. 2, 4, 5, 6, 5, 4, 3, 5, 3, 1 और 7 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 3

(A) 3 **(B)** 4
(C) 5 **(D)** 2

85. यदि निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक 52 है, तो x का मान ज्ञात करें।
52, 45, 49, 54, 56, x-3, 56

RRB NTPC 11/08/2022Shift : 2

(A) 52 **(B)** 55
(C) 54 **(D)** 56

86. $1, \frac{1}{2}, \frac{1}{2}, \frac{3}{4}, \frac{1}{4}, 2, \frac{1}{2}, \frac{1}{4}, \frac{2}{4}$ आकड़ों का बहुलक है:

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 3

(A) $\frac{1}{4}$ **(B)** $\frac{1}{2}$
(C) $\frac{3}{4}$ **(D)** 1

87. यदि एक जनसंख्या का मानक विचलन 9.5 है, तो इसका प्रसरण क्या होगा?

RRB NTPC 11/08/2022 Shift : 1

(A) 19 **(B)** 90.25
(C) 81.25 **(D)** 93.25

88. यदि एक जनसंख्या का मानक विचलन (standard deviation) 4.5 है तो इसका प्रसरण (variance) क्या होगा?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 1

(A) 20.25 **(B)** 20
(C) 9 **(D)** 18

89. यदि जनसंख्या का मानक विचलन 11 है, तो जनसंख्या का प्रसरण क्या होगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1

(A) 44 **(B)** 121
(C) 22 **(D)** 33

90. यदि एक वितरण का मानक विचलन 4 है, तो प्रसरण का मान क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 3

(A) 8 **(B)** 9
(C) 16 **(D)** 12

91. 5 में से 4 क्रिकेट खिलाड़ी क्रमश: 13, 9, 5, 11 पारियों खेल चुके हैं। अगर डेटा सेट का माध्य 9 हो तो उस 5वें खिलाड़ी द्वारा खेली गयी पारियों की संख्या कितनी है

RRB NTPC 10/08/2022Shift-1

(A) 9 **(B)** 8
(C) 7 **(D)** 6

92. 8 अवलोकनों का माध्य (mean) 10.5 है। यदि अवलोकनों में से सात अवलोकन 3, 15, 7, 19, 12, 17 और 8 है, तो आठवाँ अवलोकन ज्ञात करें -

RRB NTPC 10/08/2022 Shift: 1

(A) 10 **(B)** 11
(C) 3 **(D)** 12

93. बंटनों का माध्य (mean) 14 है और मानक विचलन 5 है। विचरण गुणांक ज्ञात किजिए।

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-I)

(A) 60.4% **(B)** 27.9%
(C) 35.7% **(D)** 48.3%

94. आँकड़े 3, 10, 10, 4, 7, 10, 5 का माध्य विचलन है-

RRB NTPC 23/07/2022 Shift-1

(A) $\frac{49}{7}$ **(B)** $\frac{19}{7}$
(C) $\frac{50}{7}$ **(D)** $\frac{18}{7}$

95. 10, 11, 12, 9, 8 समुच्चय का मानक विचलन..... है-

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 2

(A) 1 **(B)** $\sqrt{2}$
(C) 2 **(D)** $2\sqrt{2}$

96. यदि एक बंटन का मानक विचलन 6 है तो, उसके प्रसरण (Variance) का क्या मान है?

RRB NTPC 18.01.2017 Shift: 3

(A) 8 **(B)** 24
(C) 36 **(D)** 12

97. एक डाटा सेट का प्रसरण 196 है, तो मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 1

(A) ±14 **(B)** 14
(C) 96 **(D)** 98

98. एक डाटा सेट का प्रसरण (Variance) 121 है, तो डाटा का मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 2

(A) ±11 **(B)** 11
(C) 21 **(D)** 60.5

99. एक डाटा के सेट का प्रसरण (variance) 81 है, तो डाटा का मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 3

(A) ±9 **(B)** 9
(C) 81 **(D)** 40.5

100. एक डाटा के सेट का गुणाक 64 हैं तो मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 1

(A) ±8 **(B)** 8
(C) 14 **(D)** 64

101. एक डाटा सेट का प्रसरण 361 है, तो मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022Shift : 3

(A) ±19 **(B)** 19
(C) 361 **(D)** 180.5

102. एक डेटा सेट का विचरण (variance) 169 है, तो मानक विचलन (standard deviation) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift : 2

(A) ±13 **(B)** 13
(C) 69 **(D)** 845

103. $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots\ldots x_n$, में n प्रेक्षणों का मानक विचलन क्या होगा, आवर्ती क्रमश: $f_1, f_2, f_3 \ldots\ldots\ldots f_x$ और $\bar{x}$ माध्य के साथ दिया गया है;

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 3

(A) $\sqrt{\frac{\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i-\bar{x})}{\sum_{i=1}^{n} f_i}}$ **(B)** $\sqrt{\frac{\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i-\bar{x})^2}{\sum_{i=1}^{n} f_i}}$

(C) $\sqrt{\frac{\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i^2-\bar{x})}{\sum_{i=1}^{n} f_i}}$ **(D)** $\sqrt{\sum_{i=1}^{n} f_i(x_i-\bar{x})}$

104. $\bar{x}$ माध्य वाले $x_1, x_2, x_3, \ldots\ldots\ldots x_n$ में n प्रेक्षणों का मानक विचलन है:

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 3

(A) $\sqrt{\frac{\sum_{1}^{n} (x_i-\bar{x})}{n}}$ **(B)** $\sqrt{\frac{\sum_{1}^{n} (x_i-\bar{x})^2}{n}}$

(C) $\sqrt{\frac{\sum_{1}^{n} (x_i^2-\bar{x})}{n}}$ **(D)** $\sqrt{\frac{\sum_{1}^{n} (x_i-\bar{x})^2}{n}}$

105. यदि एक बॉक्स में 3 सफेद कुशन, 4 लाल कुशन और 5 नीले कुशन रखे हैं, तो एक सफेद या नीले रंग के कुशन के चयन की संभावना क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 2

(A) 2/3 **(B)** 3/4
(C) ¼ **(D)** 1/9

106. जब एक सिक्के को एक बार उछाला जाता है, तो चित आने की संभावना क्या है?

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 1

(A) 1 **(B)** 1/2
(C) 2 **(D)** 0

107. इन आंकड़ों का परास (range) ज्ञात कीजिए।
6, 7, 8, 9, 5, 6, 7, 4, 8, 9, 5, 9

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 1

(A) 2 **(B)** 3
(C) 4 **(D)** 5

108. 2, 1, 2, 3, 4, 5, 7, 3, 5, 2, 4 डेटा की रेंज (range of the data) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 12/08/2022Shift : 2

(A) 5 **(B)** 4
(C) 3 **(D)** 6

109. इन अंकों का रेंज ज्ञात कीजिए।
12, 11, 18, 28, 19, 13, 19, 18

RRB NTPC 30.03.2016 Shift : 2

(A) 11 **(B)** 17
(C) 18 **(D)** 19

110. 2, 4, 5, 6, 8, 18 इन आंकड़ों का प्रसरण 23.33 तो 4, 8, 10, 12, 16, 36 आंकड़ों का प्रसरण होगा-

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1

(A) 11.66 **(B)** 46.66
(C) 93.3333 **(D)** 483

111. 10, 21, 5, 1, 3, 17, 19, 2 की रेंज (range) ज्ञात कीजिये।

RRB NTPC 09.04.2016 Shift: 3

(A) 19 **(B)** 10
(C) 20 **(D)** 17

112. निम्नलिखित जानकारी 60 $\sum x^2 = 18000, \sum x = 960$ के आकार के एक नमूने से संबंधित है, तो प्रसरण है।

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 3

(A) 55 **(B)** 44
(C) 22 **(D)** 16

113. 3, 1, 4, 6, 5, 7, 3, 8, 1, 4 डाटा की रेंज ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift: 1

(A) 3 **(B)** 8
(C) 7 **(D)** 6

114. 3, 4, 5, 3, 6, 3, 4, 5, 3 का माध्य (mean), बहुलक (mode) और माध्यिका (median) ज्ञात करें -

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 1

(A) 4, 4, 4 **(B)** 4, 4, 3
(C) 3, 4, 4 **(D)** 4, 3, 4

115. 9, 5, 8, 9, 9, 7, 8, 9, 8 की माध्यिका (median), बहुलक (mode) और माध्य (mean) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 12/08/2022Shift: 2

(A) 9, 9, 9 **(B)** 9, 8, 9
(C) 8, 9, 8 **(D)** 8, 9, 9

116. 8, 6, 8, 7, 8, 6, 8, 7, 6 अंकों का बहुलक (mode) और माध्यिका (median) है-

RRB NTPC 30.03.2016 Shift: 1

(A) 7 and 8 **(B)** 6 and 7
(C) 8 and 7 **(D)** 6 and 8

117. इन आंकड़ों 1, 9, 5, 4, 2, 1, 9, 9, 2, 1, 9, 1, 2,1 का माध्य (mean) तथा बहुलक (mode) क्या है?

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 3

(A) 4 and 9 **(B)** 5 and 1
(C) 4 and 1 **(D)** 5 and 9

118. एक वितरण का माध्य 13 और मानक विचलन 7 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 11/08/2022 Shift : 1

(A) 50% **(B)** 76.77%
(C) 53.85% **(D)** 38.88%

119. 20 प्रेक्षणों का माध्य (mean) 19 है। एक और प्रेक्षण शामिल किया जाता है और नया माध्य (mean) 20 हो जाता है। 21 वाँ प्रेक्षण है-

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 2

(A) 20 **(B)** 30
(C) 40 **(D)** 42

120. एक बंटन का माध्य (mean) 18 और मानक विचलन (standard deviation) 4.5 है। विचरण गुणांक (coefficient of variation) का मान क्या है?

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 2

(A) 50% **(B)** 25%
(C) 100% **(D)** 75%

121. एक बंटन का माध्य 11 है और मानक विचलन 5 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 11/08/2022 Shift: 2

(A) 45.45% **(B)** 35.35%
(C) 25.25% **(D)** 55.55%

122. एक बंटन का माध्य (mean) 10 और मानक विचलन 5 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift: 2

(A) 50% **(B)** 100%
(C) 150% **(D)** 200%

123. यदि किसी जनसंख्या का मानक विचलन 8 है, तो इसका विचरण क्या होगा?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift: 2

(A) 64 **(B)** 16
(C) 32 **(D)** 24

124. एक वितरण का माध्य 24 और मानक विचलन 8 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 18.04.2016 Shift: 3

(A) 16.66% **(B)** 66.66%
(C) 33.33% **(D)** 100%

125. एक वितरण का माध्य (mean) 20 है और मानक विचलन (standard deviation) 4 है, तो इसका विचरण गुणांक (coefficient variation) का मान क्या होगा?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 1

(A) 10 **(B)** 20
(C) 40 **(D)** 60

126. एक बंटन का माध्य 18 है और मानक विचलन 7 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 2

(A) 50% **(B)** 76.77%
(C) 54.44% **(D)** 38.88%

127. एक बंटन का माध्य 21 है और मानक विचलन 7 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 3

(A) 16.66% **(B)** 66.66%
(C) 33.33% **(D)** 100%

128. 35 परीक्षणो के परिणामों का औसत 21 है। पहले 17 परिणामों का औसत 19 तथा अंतिम 17 का औसत 22 है। 18 वें परीक्षण के परिणाम का मान क्या है?

RRB NTPC 02/02/2021Shift : 2

(A) 42 **(B)** 36
(C) 38 **(D)** 34

129. एक बंटन का माध्य 15 है और मानक विचलन 5 है। विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 16.66% **(B)** 66.66%
(C) 33.33% **(D)** 100%

130. यदि बहुलक का मान 14 है और अंक गणितीय माध्य (arithmetic mean) 5 है, तो माध्यिका का मान है-

RRB NTPC 10.04.2016 Shift: 3

(A) 8 **(B)** 18
(C) 12 **(D)** 14

131. 3, 4, 5, 5, 3, 6,7, 3, 5, 5, 6 का बहुलक (mode) तथा माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 09.04.2016 Shift: 3

(A) 5 and 5 **(B)** 3 and 5
(C) 5 and 4 **(D)** 3 and 4

132. एक डाटा सेट विचरण (प्रसरण) 324 है, तो मानक विचलन ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 11/08/2022Shift: 2

(A) ±18 **(B)** 18
(C) 324 **(D)** 162

133. यदि 12 पुरुषों की ऊँचाईयों का माध्य मान 1.70 मीटर तथा 8 महिलाओं की माध्य ऊँचाई 1.60 मीटर है। तब 8 महिलाओं की कुल लम्बाई का योग (मीटर में) क्या है?

RRB NTPC 19.01.2017 Shift: 1

(A) 12.9 **(B)** 12.8
(C) 12.4 **(D)** 13

134. एक वितरण का माध्य 80 और मानक विचलन 16 है विचरण गुणांक का मान क्या है?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 1

(A) 10% **(B)** 20%
(C) 40% **(D)** 6%

135. यदि जनसंख्या का मानक विचलन 13 है, तो जनसंख्या का विचरण क्या होगा?

RRB NTPC 02/02/2021Shift: 3

(A) 78 **(B)** 39
(C) 26 **(D)** 169

136. 9, 8, 3, 5, 1, 9, 8, 2, 9 की माध्यिका, बहुलक तथा माध्य (median, mode and mean) ज्ञात कीजिए।

RRB NTPC 26.04.2016 Shift: 1

(A) 9, 9, 6 **(B)** 9, 6, 9
(C) 8, 9, 6 **(D)** 8, 5, 6

137. यदि एक बंटन का मानक विचलन 9 हैं, तो विचरण (variance) का मान क्या है?

RRB NTPC 09/05/2022 Shift: 2

(A) 18 **(B)** 27
(C) 81 **(D)** 36

138. 6 छड़ों की लंबाइयों का माध्य 44.2 से.मी. है। उनमें से 5 छड़ों की लंबाइयों का माध्य 46 सेमी है तो छठीं छड़ की लम्बाई (सेमी. में) क्या होगी ?

RRB NTPC 23/07/2022 Shift: 3

(A) 35 **(B)** 35.2
(C) 35.1 **(D)** 35.5

139. 101 स्टील की गेंदो के व्यास (D) की आवृत्ति वितरण निम्नलिखित सूची में दी गई है-

D (mm)	43	44	45	46	47	48
No.	13	15	22	21	16	14

mm में व्यास का माध्य ज्ञात करें-

RRB Paramedical -20/07/2019 (Shift-I)

(A) 45.4 **(B)** 45.5
(C) 45.7 **(D)** 45.6

140. 1.9, 8.4, 3.6, 5.8 की माध्यिका (median) ज्ञात कीजिए

RRB Paramedical -21/07/2019 (Shift-III)

(A) 5.1 **(B)** 4.7
(C) 5.2 **(D)** 5.6

141. 13, 14, 13, 12, 15, 21, 16, 18, 13 का रेंज, बहुलक तथा माध्यिका ज्ञात कीजिए।

RRB Paramedical - 20/07/2018 (Shift-III)

(A) 9, 13, 14 **(B)** 6, 13, 14
(C) 8, 13, 14 **(D)** 5, 13, 14

142. इस आंकड़े में अनुपस्थित बारंबारता 'x' को ज्ञात करें, दिया गया है कि समान्तर माध्य 28 है।

profit %	0 – 10	10 – 20	20 – 30	30 – 40	40 – 50	50 – 60
Number of stores	12	18	27	X	17	6

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-II)

(A) 20 **(B)** 15
(C) 12 **(D)** 24

143. यदि $K, 2K+1, 2K+5, 2K+9$ का माध्य 30 है, तो 'K' का मान ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(A) 15 **(B)** 5
(C) 12 **(D)** 20

144. माध्यिका ज्ञात कीजिए।
$(a+4), (a-3.5), (a-2.5), (a-3), (a-2), (a+2), (a+0.5)$ and $(a-0.5)$

RRB JE - 27/05/2019 (Shift-II)

(A) $a-1.25$ **(B)** $a-2.5$
(C) $a-1.5$ **(D)** $a-0.75$

145. इन आँकड़ों के लिए माध्यिका की गणना कीजिए।

Daily income in rs.	10 - 14	15 - 19	20 - 24	25 - 29	30 - 34	35 - 39
Number of Employees	5	10	15	20	10	5

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-I)

(A) 20 **(B)** 12.33
(C) 26.4 **(D)** 25.13

146. इस बंटन का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Class interval	1 - 10	10 - 20	20 - 30	30 - 40	40 - 50	50 - 60
Frequency	3	16	26	31	16	8

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-I)

(A) 34.5 **(B)** 35
(C) 42 **(D)** 32.5

147. किसी मानों के समूह का मानक विचलन 4.5 है। यदि प्रत्येक मान में K की वृद्धि होती है, तो मानों के नए समूह का प्रसरण (Variance) ज्ञात करें।

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 10.5 **(B)** 20.25
(C) 100.25 **(D)** 4.5

148. 5 मानों का प्रसरण 16 है। यदि प्रत्येक मान दोगुना हो जाए तो नए मान का मानक विचलन (standard deviation) ज्ञात करें।

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 16 **(B)** 4
(C) 10 **(D)** 8

149. 5 मानों का प्रसरण (variance) 36 है। यदि प्रत्येक मान दोगुना हो जाए, तो मानक विचलन (standard deviation) ज्ञात करें।

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

(A) 12 **(B)** 6
(C) 18 **(D)** 10

150. दिए गए नमूना आंकड़ों का मानक विचलन (standard deviation) ज्ञात कीजिए।
6, 12, 9, 7, 8, 4, 3, 12, 15, 4

RRB JE - 26/06/2019 (Shift-I)

(A) 3.80 **(B)** 2
(C) 3.48 **(D)** 4

151. प्रथम 'n' प्राकृतिक संख्याओं का मानक विचलन ज्ञात करें।

RRB JE - 02/06/2019 (Shift-II)

(A) $\sqrt{\frac{n^2-1}{12}}$ **(B)** $\frac{n(2n+1)}{3}$
(C) $\sqrt{\frac{n^2+1}{6}}$ **(D)** $\frac{n(n+1)}{12}$

152. यादृच्छिक रूप से किसी संख्या को चुने जाने पर दो अंको वाली संख्या के अभाज्य संख्या न होने की प्रायिकता क्या है?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

(A) 7/30 **(B)** 23/30
(C) 21/90 **(D)** 67 /90

153. जब पासे का एक जोड़ा फेंका जाता है, तो संख्याओं का योग विषम होने की प्रायिकता क्या है?

RRB JE - 29/05/2019 (Shift-II)

(A) 1 **(B)** 0.25
(C) 0.4 **(D)** 0.5

154. एक शूटिंग प्रतियोगिता में, एक लक्ष्य को भेदने की प्रायिकता A के लिए 1/2, B के लिए 2/3 और C के लिए 3/4 है। यदि वे एक साथ लक्ष्य को भेदने के लिए गोली चलाते है तो उनमें से किसी एक के लक्ष्य भेदने की प्रायिकता क्या है?

RRB JE - 28/05/2019 (Shift-I)

(A) 1 6 **(B)** 3/8
(C) 2/3 **(D)** 1/4

155. एक काला, एक लाल और एक हरे रंग के पासे एक साथ फेंके जाते हैं। तीन संख्याओं का योग ≥ 17 होने की प्रायिकता क्या है?

RRB JE - 30/05/2019 (Shift-III)

(A) 7/216 **(B)** 5/216
(C) 1/54 **(D)** 1/36

156. मानों के एक समुच्चय का प्रसरण (variance) $X_1\, X_2, \ldots . X_n$, निम्नलिखित में से किस सूत्र द्वारा दिया गया है?

RRB JE - 01/06/2019 (Shift-II)

(A) $\frac{\sum x^2}{n} - \left(\frac{\sum x}{n}\right)^2$ **(B)** $\left(\frac{\sum x}{n}\right)^2 - \frac{\sum x^2}{n}$
(C) $\left(\frac{\sum x}{n}\right)^2$ **(D)** $\frac{\sum x^2}{n} - \frac{\sum x}{n}$

157. पहले 7 अभाज्य सख्यांओं का परास (range) ज्ञात कीजिए।

RRB JE - 27/06/2019 (Shift-III)

(A) 15 **(B)** 8.3
(C) 9 **(D)** 17

Solution

1. **Ans: (D)**

माध्य $= \frac{\text{अंकों का योग}}{\text{अंकों की संख्या}}$

$6 = \frac{2+x+7+3+y+9+6}{7}$

$x + y + 27 = 42$

$x + y = 42 - 27$

$x + y = 15 \ldots\ldots\ldots\ldots (i)$

प्रश्नानुसार,

$\frac{27+3x+1+y+3}{7} = 8$

$31 + 3x + y = 56$

$3x + y = 56 - 31$

$3x + y = 25$.....(ii)

समी. (i) और समी. (ii) से -

$x = 5$

2. **Ans. (A):**

माना समूह में कुल संख्याएं = x

प्रश्नानुसार-

$8 \times 17 + (x - 8)22 = x \times 20$

$136 + 22x - 176 = 20x$

$-40 + 22x = 20x$

$2x = 40$

$x = 20$

समूह में कुल संख्या =20

3. **Ans: (A)**

21 प्रेक्षणों का कुल योग = 21 × 40=840

माध्यिका का मान 21 बढ़ा दिया जाये तो प्रेक्षणों का मान बढ़ जाता है।

प्रेक्षणों का बढ़ा मान = (21-11) × 21=210

प्रेक्षणों का माध्य = $\frac{\text{कुल माध्य + बढ़ा मान}}{21}$

$= \frac{840+210}{21} = 50$

4. **Ans: (B)**

समूह की आठ सबसे छोटी संख्याओं का माध्य = 12.5

सबसे छोटी आठों संख्याओं का योग

$= 8 \times 12.5 = 100$

सभी 14 संख्याओं का माध्य = 14

14 संख्याओं का योग $= 14 \times 14 = 196$

6 सबसे बड़ी संख्याओं का योग $= 196 - 100 = 96$

6 सबसे बड़ी संख्याओं का माध्य $= \frac{96}{6} = 16$

अत: अभीष्ट माध्य $= 16$

5. **Ans: (B)**

माना संख्याओं के प्रथम समुच्चय में पदों की संख्या (आवृत्ति) =n_1

तथा संख्याओं के द्वितीय समुच्चय में पदों की संख्या (आवृत्ति) = n_2

प्रश्नानुसार-

$\Rightarrow 12 \times n_1 + 15 \times n_2 = (n_1 + n_2) \times 12.5$

$\Rightarrow 12n_1 + 15n_2 = 12.5n_1 + 12.5n_2$

$\Rightarrow 15n_2 - 12.5n_2 = 12.5n_1 - 12n_1$

$\Rightarrow 2.5n_2 = .5n_1 \Rightarrow \frac{n_1}{n_2} = \frac{5}{1}$

अत: दोनों समूहों के आवृत्ति का अनुपात = 5: 1

6. **Ans: (C)**

दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में लिखने पर

$5, 12, 32, 34, 51, \boxed{57}, \boxed{57}, 62, 62, 67, 92, 93$

कुल संख्याएं (n) = 12 सम

मध्यिका $= \left[\frac{\left(\frac{n}{2}\right) \text{वाँ पद} + \left(\frac{n}{2}+1\right) \text{वाँ पद}}{2}\right]$

$= \left[\frac{6 \text{ वाँ पद} + 7 \text{ वाँ पद}}{2}\right]$

$= \left[\frac{57+57}{2}\right] = \frac{114}{2} = 57$

7. **Ans: (C)**

$\frac{x_1 + x_2 + x_3 + ---- x_{10}}{10} = 20$

$x_1 + x_2 + x_3 + \cdots - x_{10} = 200$ .....(i)

तब, माध्य = $\frac{(x_1+4)+(x_2+8)+(x_3+12)+----(x_{10}+40)}{10}$

$= \frac{x_1+x_2+x_3+---x_{10}+4+8+12+---40}{10}$

$= \frac{200+5(4+40)}{10}$ (समी. (i) से)

$= \frac{200+220}{10} = \frac{420}{10} = 42$

8. **Ans: (B)** सही माध्य $= \frac{36 \times 72.50 + (56-65)}{36}$

$= \frac{2610-9}{36} = \frac{2601}{36} = 72.25$

9. **Ans: (B)**

17 सदस्यों का कुल स्कोर = 17 ×15 = 255

n सदस्यों का कुल स्कोर = 12n

प्रश्नानुसार,

$\frac{255+12n}{17+n} = 13.7$

$13.7n + 232.9 = 255 + 12n$

$13.7n - 12n = 255 - 232.9$

$1.7n = 22.1$

$n = 13$

10. **Ans: (B)**

माना छठे बच्चे का भार x kg है

$\therefore 17.5 = \frac{14+19+23+21+13+x}{6}$

$105.0 = 90 + x$

$x = 15$

अत: छठे बच्चे का भार = 15 kg

11. **Ans: (B)**

अंक (x)	0	1	2	3	4	7	
छात्रों की सं.	6	5	4	3	2	5	$\sum f = 25$
fx	0	5	8	9	8	40	$\sum fx = 70$

माध्य $= \frac{\sum fx}{\sum f}$

$= \frac{70}{25} = 2.8$

12. **Ans: (A)**

चार संख्याएँ a, b, c, d है जिनका औसत 23 है।

सभी संख्याओं का योग $= 4 \times 23 = 92$

a और b का योग $= 2 \times 19.5 = 39.0$

c और d का योग = 4 संख्याओं का योग -2 संख्याओं का योग

= 92 - 39

c और d का योग = 53

c और d का औसत $= \frac{53}{2}$

c और d का औसत $= 26.5$

13. **Ans: (B)**

माध्य $= \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$

$\Rightarrow \frac{27+x+31+x+89+x+107+x+156+x}{5} = 82$

$\Rightarrow 410 + 5x = 410$

$\Rightarrow 5x = 410 - 410$

$\Rightarrow 5x = 0$

$x = \frac{0}{5} = 0$

पुनः

$\frac{130+x+126+x+68+x+50+x+1+x}{5}$ ($x = 0$ रखने पर)

$= \frac{130+126+68+50+1}{5}$

$= \frac{375}{5} = 75$

अभीष्ट माध्य =75

14. **Ans: (A)**

माध्य $= \frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$

$1 = \frac{x_1+x_2+x_3+\cdots\cdots-x_n}{n} - - - - - (I)$

अतः

माध्य $= \frac{\left(\frac{x_1}{k}+\frac{x_2}{k}+----\frac{x_n}{k}\right)}{n}$

माध्य $= \frac{1}{k}\frac{(x_1+x_2+x_3+---x_n)}{n}$

माध्य $= \frac{1}{k}\{\because$ समी. (I) से

15. **Ans: (A)**

संख्याओं को आरोही क्रम में लिखने पर-

5, 17, 17, 32, 32, 35, 37, 45, 45, 45, 64, 68, 78, 93

पदों की संख्या =14 (सम)

माध्यिका $= \frac{1}{2}\left[\frac{n}{2}\right.$ वाँ पद $+ \left(\frac{n}{2}+1\right)$ वाँ पद $\left.\right]$

$= \frac{1}{2}($7 वाँ पद $+ 8$ वाँ पद

$= \frac{1}{2}[37 + 45]$

$= \frac{82}{2} = 41$

16. **Ans: (C)**

